भाद्रपद शुक्ल पक्ष एकादशी 08:41 उपरांत द्वादशी विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शनिवार, 14 सितंबर 2024

वर्ष 5, अंक 299, पृष्ठ 16

2 राज्य, 6 संस्करण

मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



चांद के साथ मिनी मून भी होगा पृथ्वी का हमसफर 16

नवंबर में आएगी कार्तिक की फिल्म भूल भुलैया 3 15

# राजस्व विभाग में खाली पदों पर भर्तियां जल्द, योगी का ऐलान

## कार्यदक्षता बढ़ाने के लिए मुख्यमंत्री का बड़ा निर्णय, चार पहिया से चलेंगे नायब तहसीलदार

- प्रदेश में लेखपाल, राजस्व निरीक्षक और नायब तहसीलदार हजारों पद हैं खाली

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लेखपाल, राजस्व निरीक्षक और नायब तहसीलदार के साथ-साथ लिपिकीय संवर्ग के सभी रिक्त पदों पर नियुक्ति के लिए तत्काल प्रक्रिया प्रारंभ करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक जैसे पदों के लिए जहां पदोन्नति लंबित है, वहां तत्काल प्रक्रिया पूरी होगी।

मुख्यमंत्री ने शुक्रवार को एक उच्चस्तरीय बैठक में राजस्व विभाग के कामकाज और उपलब्ध मानव संसाधन की समीक्षा करते हुए कहा कि राजस्व विभाग और राजस्व परिषद में काम के बदलते स्वरूप और अधिकता को देखते हुए दक्ष युवाओं की तैनाती की जानी चाहिए। उन्होंने कहा है कि राजस्व विभाग सीधे तौर पर आम आदमी से जुड़ा हुआ है। आय, जाति और निवास प्रमाण पत्रों से लेकर पैमाइश, नामांकन, घरौनी, खतौनी, सर्वे, पट्टा सहित ढेरों महत्वपूर्ण प्रकरणों का समयबद्ध निस्तारण हो सके, इसके लिए न केवल विभाग के रिक्त पदों पर नई नियुक्ति की आवश्यकता है, बल्कि आवश्यकतानुसार नवीन पदों का सृजन किया जाए।

यही नहीं, उन्होंने राजस्व परिषद के अंतर्गत बन्दोबस्त आयुक्त (ग्रामीण) बन्दोबस्त आयुक्त (नगरीय) तथा निदेशक प्रशिक्षण का नवीन पद सृजित करने की भी जरूरत बताई। कहा कि नवीनतम तकनीकों को अपनाने के लिए तहसील, जिला, मंडल और राजस्व परिषद में आईटी में दक्ष लोगों की तैनाती की जानी चाहिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आम जनता के कार्यों में राजस्व विभाग के कार्मिकों को प्रायः फील्ड विजिट करना पड़ता है। ऐसे में यह उचित होगा कि लेखपालों और राजस्व निरीक्षकों को वाहन भत्ता दिया जाना चाहिए। इसी तरह नायब तहसीलदार की कार्यक्षमता में बढ़ोतरी के लिए उन्हें चार पहिया वाहन की उपलब्धता कराई जाए। साथ ही, जीपीएस से संबंधित कार्यों के बेहतर संपादन के लिए लेखपालों और राजस्व निरीक्षकों को नए टैबलेट भी उपलब्ध कराए जाएं।



मुख्यमंत्री राजस्व विभाग के पुनर्गठन के संबंध में प्रस्तुतीकरण की समीक्षा करते हुए।

### समयबद्धता के साथ मेरिट पर हो निस्तारण

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि आम जन से जुड़े कार्यों को समयबद्धता के साथ मेरिट के आधार पर निस्तारित किया जाए, अनावश्यक कहीं भी कोई प्रकरण लंबित न रहे। राजस्व कार्मिकों के प्रशिक्षण पर जोर देते हुए मुख्यमंत्री ने राजा टोडरमल सर्वेक्षण भूलेख प्रशिक्षण संस्थान, हरदोई में आधारभूत अवसंरचना को और बेहतर करने के निर्देश भी दिए। मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद विभाग स्तर पर प्रस्ताव तैयार कर अग्रेतर कार्यवाही की जाएगी। बैठक में मुख्य सचिव, अध्यक्ष राजस्व परिषद, प्रमुख सचिव राजस्व सहित अनेक वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति रही।

# किश्तवाड़ में मुठभेड़, सेना के दो जवान शहीद

## दो घायल, सुरक्षाबलों ने जैश-ए-मोहम्मद के तीन आतंकियों को घेरा

जम्मू, एजेंसी

कश्मीर के किश्तवाड़ जिले के छतरू इलाके में शुक्रवार को सुरक्षा बलों और आतंकियों के बीच हुई मुठभेड़ में दो जवान शहीद हो गए और दो अन्य घायल हो गए। शहीद जवानों की पहचान व्हाइट नाइट कॉर्प्स के नायब सूबेदार विपिन कुमार और सिपाही अरविंद सिंह के रूप में हुई है।

सेना ने कहा कि सुरक्षाबलों ने पिंगनल दुगड्डा के जंगलों में छिपे तीन से चार आतंकवादियों को घेर रखा है। मुठभेड़ अभी भी जारी है। सेना के मुताबिक, छत्तरू बेल्ट के नैदघाम इलाके में जैश-ए-मोहम्मद के आतंकवादियों की मौजूदगी की खुफिया सूचना मिलने के बाद सुरक्षाबलों ने तलाशी अभियान शुरू किया था। तभी मुठभेड़ हुई। विशेष सूचना के आधार पर सुरक्षा बलों ने छतरू क्षेत्र के नैदघाम इलाके में घेराबंदी और तलाशी अभियान शुरू किया। इस दौरान सुरक्षा बलों के जवान जब एक निश्चित इलाके की ओर बढ़ रहे थे, तो वहां छिपे हुए आतंकियों ने उन पर गोलियां चलाईं। इसके बाद सुरक्षा बलों के जवानों ने जवाबी कार्रवाई में गोलियां चलाईं। इस दौरान दो जवान शहीद हो गए और दो घायल हो गए। व्हाइट नाइट कोर के जनरल-ऑफिसर-कमांडिंग और सभी रैंक के अधिकारियों ने बहादुरों के सर्वोच्च बलिदान को सलाम करते हुए पीड़ित परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है।

### पुंछ में जेकेजीएफ का आतंकी सहयोगी के साथ गिरफ्तार

**जम्मू।** सुरक्षा बलों ने जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में जम्मू-कश्मीर गजनवी फोर्स (जेकेजीएफ) के एक आतंकी सहयोगी को विस्फोटक और गोला-बारूद के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक, गुरुवार शाम पोथा बाईपास पर सीआरपीएफ के साथ पुलिस और सेना का संयुक्त नाका लगाया गया था और तलाशी के दौरान सुरक्षाकर्मियों ने सुरनकोट की ओर से एक व्यक्ति को संदिग्ध रूप से आते हुए देखा। प्रवक्ता ने कहा कि सुरक्षा बलों को देखकर उसने भागने की कोशिश की, लेकिन सतर्क बलों ने उसे पकड़ लिया।

## हवा में मार करने वाली मिसाइल का एक और सफल परीक्षण

**बालासोर।** भारत ने शुक्रवार को ओडिशा तट पर चांदीपुर स्थित एकीकृत परीक्षण रेंज (आईटीआर) से लगातार दूसरे दिन 'वर्टिकल लॉन्च शॉर्ट रेंज सरफेस टू एयर मिसाइल' का सफलतापूर्वक परीक्षण किया। डीआरडीओ के एक बयान में इस बात की पुष्टि की गई कि 12 और 13 सितंबर को हुए दोनों परीक्षण सफल रहे। बयान के अनुसार, दोनों परीक्षणों में मिसाइल ने 'सी स्किमिंग' हवाई लक्ष्य का अनुसरण करते हुए उच्च गति एवं कम ऊंचाई वाले लक्ष्य को सफलतापूर्वक भेद दिया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सफल परीक्षण के बाद कहा कि आधुनिक प्रौद्योगिकियों से युक्त यह मिसाइल सशस्त्र बलों को तकनीकी मजबूती प्रदान करेगी।

# पीलीभीत में भी हुआ 59 करोड़ रुपये का घोटाला

कार्यालय संवाददाता, बरेली

### भूमि अधिग्रहण

- 10 दिनों से जांच कर रही मंडलीय कमेटी ने मंडलायुक्त को सौंपी रिपोर्ट

**अमृत विचार :** बरेली-सितारगंज हाईवे को फोरलेन बनाने के लिए किए भूमि अधिग्रहण में पीलीभीत में 58.91 करोड़ का घोटाला किया गया। 10 दिनों से मामले की जांच कर रही मंडलीय कमेटी ने गुरुवार को मंडलायुक्त सौम्या अग्रवाल को रिपोर्ट सौंप दी। घोटाले में एनएचएआई और पीडब्ल्यूडी को दोषी ठहराया गया है। जांच रिपोर्ट शासन को भेज दी गई है।

71 किलोमीटर लंबे बरेली से सितारगंज हाईवे को फोरलेन बनाने के लिए भूमि अधिग्रहण में एनएचएआई की जांच में 50 करोड़ की धांधली पकड़ी गई थी। कमिश्नर सौम्या अग्रवाल ने पीलीभीत में हुई धांधली की जांच के लिए मंडलीय कमेटी गठित की थी। अपर आयुक्त प्रशासन प्रीति जायसवाल की अध्यक्षता में पांच सदस्यीय कमेटी ने 3 सितंबर को जांच शुरू की थी। जांच रिपोर्ट के मुताबिक, स्ट्रक्चर के मूल्यांकन में हेराफेरी और कृषि योग्य जमीन को अकृषक दर्शाकर राजस्व को क्षति पहुंचाई गई है। जांच टीम ने पाया कि 19 बाहरी व्यक्तियों ने एनएचएआई के अधिकारियों की साठगांठ से प्रस्तावित मार्ग पर जमीनें खरीदकर कई गुना मुआवजा हड़पा है।

## प्याज पर न्यूनतम निर्यात मूल्य हटाया

**नई दिल्ली।** सरकार ने शुक्रवार को प्याज निर्यात के लिए न्यूनतम मूल्य सीमा को समाप्त कर दिया। इस पहल का मकसद किसानों की आय बढ़ाना है। सरकार ने पहले न्यूनतम निर्यात मूल्य (एमईपी) 550 डॉलर प्रति टन तय किया था। इसका मतलब था कि किसान इस दर से कम पर अपनी उपज विदेशों में नहीं बेच सकते थे।

डीजीएफटी ने शुक्रवार को जारी अधिसूचना के जरिये तत्काल प्रभाव से एमईपी को हटा दिया। यह कदम महाराष्ट्र में विधानसभा चुनावों से पहले उठाया गया है, जो प्याज का प्रमुख उत्पादक राज्य है। केंद्र सरकार के इस कदम से प्याज के निर्यात को बढ़ावा देने में मदद मिलेगी।




### एक नजर

#### मंकीपॉक्स के टीके को डब्ल्यूएचओ की मंजूरी

**जिनेवा।** विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने एमपॉक्स के उपचार के लिए टीके के इस्तेमाल को मंजूरी दे दी है। उसने इसे अफ्रीका और अन्य स्थानों पर इस बीमारी का मुकाबला करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। टीके को मंजूरी दिए जाने का मतलब है कि जीएवीआई वैक्सीन एलायंस और यूनिसेफ जैसे दानकर्ता इसे खरीद सकते हैं, लेकिन आपूर्ति सीमित है, क्योंकि केवल एक ही निर्माता है।

#### टाइटलर के खिलाफ हत्या के आरोप तय

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने 1984 के सिख विरोधी दंगों के 40 साल बाद दिल्ली के पुल बंगश इलाके में तीन लोगों की हत्या से जुड़े एक मामले में शुक्रवार को कांग्रेस नेता जगदीश टाइटलर के खिलाफ आरोप तय किए। टाइटलर ने गुनाहों को कबूल नहीं किया, जिसके बाद विशेष न्यायाधीश राकेश स्याल ने उन पर मुकदमा चलाए जाने का निर्देश दिया। सीबीआई ने 20 मई, 2023 को मामले में टाइटलर के खिलाफ आरोपपत्र दायर किया था।

# केजरीवाल 156 दिन बाद तिहाड़ से रिहा

- आबकारी नीति मामले में सुप्रीम कोर्ट ने दी जमानत

नई दिल्ली, एजेंसी

आबकारी नीति घोटाला मामले में कैद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट ने जमानत दे दी। इसके कुछ घंटे बाद शाम को वह 156 दिनों बाद तिहाड़ जेल से बाहर आए।

न्यायमूर्ति सूर्य कांत और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की खंडपीठ ने आबकारी नीति घोटाले से संबंधित सीबीआई के मुकदमे में केजरीवाल को एकमत से जमानत तो दे दी, लेकिन अलग-अलग फैसले लिखे। जेल से बाहर निकलने के बाद रोडशो के दौरान केजरीवाल ने उपस्थित कार्यकर्ताओं और समर्थकों को संबोधित करते हुए कहा कि मैं उन लोगों का शुक्रिया अदा करना चाहता हूं, जिन्होंने मेरी रिहाई के लिए प्रार्थना की। सीबीआई ने 26 जून को आप संयोजक को गिरफ्तार किया था। उन्होंने भ्रष्टाचार के मामले में अपनी गिरफ्तारी को बरकरार रखने के दिल्ली हाईकोर्ट के 5 अगस्त के आदेश को शीर्ष अदालत में चुनौती दी थी।



जेल से छूटने के बाद समर्थकों का अभिवादन करते केजरीवाल।

### मुख्यमंत्री कार्यालय जाने और फाइलों पर हस्ताक्षर करने पर रोक

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को जमानत देते हुए कई शर्तें लगाईं और कहा कि वह अपने कार्यालय नहीं जा सकते और उससे संबंधित फाइलों पर उन्हें हस्ताक्षर की इजाजत नहीं होगी। शीर्ष अदालत ने केजरीवाल को 10 लाख रुपये के निजी मुचलके और समान राशि के दो जमानतदारों के मुचलके के अलावा और भी कई शर्तें लगाईं।

# केंद्र ने पोर्ट ब्लेयर का नाम बदला अब कहलाएगा श्री विजयपुरम

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को घोषणा की कि केंद्रशासित प्रदेश अंडमान निकोबार द्वीपसमूह की राजधानी पोर्ट ब्लेयर का नाम बदलकर श्री विजयपुरम कर दिया गया है। शाह ने यह भी कहा कि यह निर्णय देश को औपनिवेशिक प्रतीकों से मुक्त करने के लिए लिया गया है, क्योंकि अंडमान निकोबार द्वीप समूह का देश के स्वतंत्रता संग्राम और इतिहास में अद्वितीय स्थान है।

शाह ने 'एक्स' पर लिखा कि देश को गुलामी के सभी प्रतीकों से मुक्ति दिलाने के प्रधानमंत्री के संकल्प से प्रेरित होकर आज गृह मंत्रालय ने पोर्ट ब्लेयर का नाम श्री विजयपुरम करने का निर्णय लिया है। शाह ने कहा कि श्री विजयपुरम नाम हमारे स्वाधीनता के संघर्ष और इसमें अंडमान निकोबार के योगदान को दर्शाता है।



- गृहमंत्री शाह बोले- यह गुलामी के प्रतीकों से मुक्ति

## मंडी में मस्जिद की दो अवैध मंजिलें तोड़ने का आदेश

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के मंडी में मस्जिद की दो अवैध मंजिलें 30 दिन में गिरानी होंगी। नगर निगम आयुक्त एचएस राणा की कोर्ट ने शुक्रवार को यह फैसला उस वक्त सुनाया, जब हिंदू संगठन से जुड़े लोग प्रदर्शन कर रहे थे। मंडी के डीसी अपूर्व देवगन ने कहा कि जेल रोड पर बनी मस्जिद मामले में एमसी आयुक्त कोर्ट का फैसला आया है। मुस्लिम पक्ष 30 दिनों के अंदर अपील कर सकेगा। बाहरी राज्यों से आने वाले विशेष समुदाय के लोगों पर भी निगरानी रखी जा रही है। जो अवैध निर्माण हुआ है, कुछ इन्होंने खुद हटा दिया है।

**रणनीति** मुख्यमंत्री योगी ने भाजपा के रणनीतिकारों के साथ बनाई सुशासन की खास रणनीति, जनहित पर फोकस

# योजनाओं की जांच करेंगे प्रभारी मंत्री, कार्रवाई शीर्ष आईएएस

धीरेंद्र सिंह, लखनऊ

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भाजपा के रणनीतिकारों के साथ मिलकर सुशासन की खास रणनीति बनाई है। प्रभारी मंत्री अब प्रशासन और पार्टी की बैठकों व आयोजनों में शोभा बढ़ाने तक सीमित नहीं रहेंगे, बल्कि जिले में केंद्र व राज्य सरकार की सभी परियोजनाओं, कल्याणकारी कार्यक्रमों, विभागों व संस्थाओं की स्थलीय जांच और समीक्षा भी करेंगे। भ्रष्टाचार, अनियमितता और कार्यों में लापरवाही मिलने पर उनकी रिपोर्ट आते ही शासन से एसीएस, प्रमुख सचिव, सचिव समेत शीर्ष आईएएस अधिकारियों की टीम कार्रवाई करने मौके पर जाएगी।

मुख्यमंत्री ने यूं ही प्रभारी मंत्रियों में फेरबदल करते बड़ी जिम्मेदारी नहीं सौंपी है। उनकी नजर 10 सीटों पर होने वाले उप चुनाव समेत 2027 में विधानसभा चुनाव के लिए अभी से माहौल बनाने पर है। सपा प्रमुख अखिलेश यादव, बसपा प्रमुख मायावती और कांग्रेस नेता राहुल गांधी समेत समूचा विरोधी खेमा इधर लगातार तमाम विभागों में बगैर पैसे दिए काम न होने का मुद्दा गरमाता रहा है। मुख्यमंत्री ने दोनों उप मुख्यमंत्री और 51 मंत्रियों के साथ खुद को भी फील्ड में उतारने की नई पहल की है। हर जिले में संगठन के शीर्ष स्तर से लेकर बूथ तक के कार्यकर्ताओं को रात्रि विश्राम और निरीक्षण के दौरान पूरा सहयोग करना है। कार्यकर्ताओं को जिलों-तहसीलों, थानों, ब्लाकों, स्कूल-कॉलेजों, अस्पतालों आदि में अफसरशाही से लेकर कर्मचारी तक पर कड़ी नजर के साथ गोपनीय जानकारी भी देनी होगी, ताकि प्रभारी मंत्री अपने दौरे में केंद्र और राज्य सरकार की सभी विकास परियोजनाओं से लेकर योजनाओं और विभागों में काम-काज का भौतिक सत्यापन करते वक्त अनियमितता और दोषियों को चिह्नित करने से न चूकें।



### प्रभारी मंत्रियों का जल्द तय होगा जिलों में कार्यक्रम

जिलों में प्रभारी मंत्रियों के कार्यक्रम जल्द तय होंगे। पहले चरण में 17 सितंबर को प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर स्वच्छता अभियान में सभी को जिले में नेतृत्व करना है। रात्रि विश्राम के साथ औचक निरीक्षण करके कार्रवाई की रिपोर्ट भी मंत्री दे सकते हैं, लेकिन प्रभावी अभियान इसके बाद अगले चरण में और जोर पकड़ेगा।



## एक नजर

### कृषक सम्मेलन में भाग लेने वियतनाम रवाना हुए कौशल मिश्रा

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** कांट क्षेत्र के गांव गंगानगर निवासी प्रगतिशील



किसान कौशल मिश्रा खेती-किसानी के संबंध में वियतनाम में होने वाले कृषक सम्मेलन में भाग लेने रवाना हो गए। 12 देशों के लगभग 200 गन्ना वैज्ञानिक प्रतिभाग करेंगे। कौशल मिश्रा पिछले करीब 27 वर्षों से गन्ने के साथ सहफसली खेती करके कम लागत में अधिक उत्पादन पर काम कर रहे हैं। उन्होंने परंपरागत खेती से अलग वैज्ञानिक व नवीन तकनीकी की खेती करने पर जोर दिया, जिसका सार्थक परिणाम भी सामने आया है। मिश्रा ने बताया कि वह थाईलैंड, नेपाल, कजाकिस्तान आदि देशों में हुए कृषक सम्मेलनों में सहभागिता कर चुके हैं। इसी कड़ी में उन्हें 14 से 19 सितंबर तक वियतनाम में होने वाले किसान सम्मेलन में प्रतिभाग करने का मौका मिला है। बताया कि भारत से वह किसान के रूप में अकेले ऐसे व्यक्ति हैं, जिन्हें आमंत्रण मिला है। वह शुक्रवार को वियनताम यात्रा के लिए रवाना हो गए हैं।

### विशेष अदालत में 125 वाद निपटाए, लोक अदालत आज

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार आपराधिक वादों के निस्तारण के लिए 11 से 13 सितंबर तक विशेष लोक अदालत का आयोजन किया गया। प्राधिकरण के जिला सचिव पीयूष तिवारी ने बताया कि 11 सितंबर को 23 वादों का निस्तारण किया गया। इसी तरह 12 सितंबर को 47 और 13 सितंबर को 55 वादों समेत कुल 125 वादों का निस्तारण किया गया। न्यायिक अधिकारी पीयूष तिवारी ने बताया कि 14 सितंबर को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन जनपद न्यायालय में किया जाएगा। समस्त राजस्व, चकबंदी, उपभोक्ता फोरम न्यायालयों में लघु फौजदारी, शमनीय फौजदारी, सिविल आदि वाद, दुकान व वाणिज्यिक प्रतिष्ठान अधिनियम चालान, धारा-34 पुलिस एक्ट चालान, मोटर वाहन दुर्घटना प्रतिकर वाद, धारा 138 एनआई एक्ट, उत्तराधिकार वाद, चकबंदी, स्टांप, राजस्व, श्रम अधिनियिम, दाखिल- खरिज, एआरटीओ चालान, ट्रैफिक चालान, बांट तथा माप चालान, चलचित्र अधिकनयम, नगर पालिका, टाउन एरिया, बैंकिंग, आबकारी एक्ट, जुआ अधिनियम समेत सभी प्रकार के वादों का निस्तारण सुलह-समझौते के आधार पर किया जाएगा।

### संस्कृत व्याकरण पीयूषम पुस्तक का विमोचन आज

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** अग्निज उपमन्यु की पुस्तक संस्कृत व्याकरण पीयूषम का विमोचन आज शाम छह बजे किया जाएगा। कार्यक्रम आयोजक साहित्यकार डॉ. प्रशांत अग्निहोत्री ने बताया कर विमोचन समारोह का आयोजन हनुमतधाम स्थित स्वामी विवेकानंद सार्वजनिक पुस्तकालय में किया जाएगा। समारोह के मुख्य अतिथि वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना और विशिष्ट अतिथि एसएस कालेज के संस्कृत विभाग की पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ. रंजना प्रियदर्शिनी होंगी और कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ शिक्षाविद आचार्य नित्यानंद मुद्गल करेंगे।



महानगर में निकाली गई विसर्जन यात्रा में नाचते-गाते जाते भक्त। ● अमृत विचार



दिलाजाक जलालनगर में गणपति विसर्जन यात्रा में मटकी फोड़ते युवा। ● अमृत विचार

# विसर्जन यात्राओं में गूंजे गणपति बप्पा मोरया के जयघोष

## ढोल बाजे और डीजे पर थिरकते श्रद्धालुओं ने खेली अबीर-गुलाल से होली

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** गणेश महोत्सव में अब गणपति बप्पा के मूर्तियों का विसर्जन शुरू हो गया है। जिन श्रद्धालुओं ने मनौती के रूप में आठ दिन की स्थापना घरों में की थी, उन्होंने शुक्रवार को गाजे-बाजे के साथ अबीर-गुलाल से होली खेलते हुए और ढोल बाजे पर नाचते-झूमते आराध्य देव गजानन का नदियों में विसर्जन किया। विसर्जन यात्राओं में बड़ी संख्या में महिलाएं, युवतियां और बच्चे भी शामिल रहे।

शुक्रवार को दिलाजाक जलालनगर बजरिया से विपिन राठौर के यहां स्थापित गणपति बप्पा की मूर्ति का विसर्जन धूमधाम से किया गया। मोहल्ले के युवाओं ने गणपति बप्पा के भजनों पर झूमते और मस्ती करते हुए बाजार में मुख्य मार्ग पर बांधी गईं रंगों से भरी मटकियां फोड़कर जय-जयकार की।

चौपहिया ठेले को सजाकर उसमें गणपति बप्पा विराजमान कर अखंड ज्योति रखी गई। ढोल बाजे और डीजे के साथ विसर्जन यात्रा खन्नौत नदी के घाट पर पहुंची, जहां गजानन की आरती कर पूरी श्रद्धा के साथ विसर्जित कर दिया गया। विपिन राठौर, बृजेश कुमार, वीरेंद्र राठौर, आरव, वंश, बबलू, अतुल, बाबूराम, राकेश, सुरजीत, अरविंद, सुनील, विजय, रिंकी,



आवास विकास कॉलोनी से निकलती विसर्जन यात्रा। ● अमृत विचार

अलका, पिंकी, सोनी, माधुरी, संध्या, उन्नति, तान्या आदि शामिल श्रद्धालु शामिल रहे। इसी क्रम में आवास विकास कॉलोनी से नवनीत सक्सेना के आवास पर स्थापित गणपति बप्पा की विसर्जन यात्रा धूमधाम से निकाली गई। विसर्जन यात्रा में शामिल महिलाएं-पुरुष अबीर-गुलाल से होली खेलते और ढोल बाजे पर मस्ती करते हुए खन्नौत घाट पर पहुंचे, जहां गणपति बप्पा का श्रद्धा और उल्लास के साथ विसर्जन किया गया।

मोलगोदाम श्री दुर्गा मंदिर में स्थापित गणपति बप्पा को भी शुक्रवार को विधि-विधान से विसर्जित कर दिया गया। सैकड़ों महिलाएं, पुरुष और युवा विसर्जन यात्रा में शामिल हुए। अबीर-गुलाल उड़ाते और डीजे की धुन पर थिरकते श्रद्धालुओं ने जमकर मस्ती की। राहगीरों को प्रसाद भी बांटा गया।



विसर्जन शोभायात्रा में गणपति बप्पा का आशीष लेती महिलाएं। ● अमृत विचार



मठिया के महाराजा का आशीष लेते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

### रावण वध लीला का किया मंचन

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** चारखंभा मार्ग स्थित शर्मा जी के डेरा में विराजे मठिया के महाराजा के दरबार में गुरुवार रात लक्ष्मण-मेघनाद युद्ध और रावण वध लीला का मंचन किया गया। नव चेतना कला परिषद के कलाकारों द्वारा खेली जा रही लीला मंचन देखने के लिए बड़ी संख्या में दर्शक जुटे। लोगों ने गणपति बप्पा के दर्शन कर मोदक का भोग लगाया और आशीष लिया। इस मौके पर पार्षद सुधीर गुप्ता, रेनू कपुर, अनीता शर्मा, अरु शर्मा, वैशाली कौर, सुचित किशोर सेठ, पवन अग्रवाल, नेहा अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, चिराग गुप्ता, अरुण रस्तोगी, मनोज शर्मा आदि का सहयोग रहा।

### बच्चों ने आर्ट पेपर पर उकेरे गजानन



शाहजहांपुर, अमृत विचार : महाराष्ट्र मराठा मंडल की ओर से खिरनीबाग धर्मशाला में मनाए जा रहे श्री गणेश महोत्सव गणपति बप्पा के दर्शन के लिए श्रद्धालु उमड़ रहे हैं। आचार्य हरकेश शुक्ला शाहजहांपुर के महाराजा का पूजन कार्य में जुटे हुए हैं। इस अवसर पर गुरुवार देर रात भगवान गणेश की चित्रकला प्रतियोगिता कराई गई, जिसमें बच्चों ने आर्ट पेपर पर गणेश जी के चित्र बनाकर पुरस्कार जीते। जाह्नवी मिश्रा ने प्रथम, अंशिका गुप्ता ने द्वितीय, श्रेया ने तृतीय पुरस्कार प्राप्त किया। अन्य लगभग 50 बच्चों को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। आदर्श दिव्यांग कल्याण संस्थान के प्रदेश सचिव नीरज वाजपेयी एवं मराठा समिति के सुदामा शिंदे, अर्जुन सूर्यवंशी, अनिल कदम ने बच्चों को पुरस्कृत किया। मंडप में 14 सितंबर को सुबह नौ बजे हवन पूजन और दोपहर 12 बजे भंडारा होगा। अक्षय कदम, आशीष गुप्ता, पिंटू, हर्षित गुप्ता, योगेश कदम, नंदा सूर्यवंशी, वंदना कदम, साधना शिंदे आदि का सहयोग रहा।

### फूलों से सजे वाहन में विराजे बप्पा



अल्हागंज, अमृत विचार : कस्बे के मोहल्ला साहूकारा के मंदिर में ऋद्धि-सिद्धि के दाता गणेश जी की स्थापित मूर्ति का शुक्रवार को गणपति बप्पा मोरया अगले बरस तू जल्दी आ के आह्वान के साथ गंगा जी में विसर्जन कर दिया गया। मंत्रोच्चारण के साथ गणेश भगवान को फूलों से सजाए गए वाहन पर विराजमान कराया गया, फिर एक दूसरे के गुलाल लगाया। कस्बे में कई प्रमुख जगहों पर गणेश जी की शोभायात्रा निकाली गई। नेतृत्व भाजपा जिला महामंत्री अनिल गुप्ता उनकी पत्नी नगर पंचायत की पूर्व चेयरमैन व ब्रज प्रांत की महामंत्री चंद्रेश गुप्ता, वर्तमान चेयरमैन शिवानी वर्मा, उदित गुप्ता, युग गुप्ता ने किया। भारी भीड़ के साथ गणेश प्रतिमा का विसर्जन गंगा जी में कर दिया गया।



मालगोदाम दुर्गा मंदिर से निकाली जा रही विसर्जन शोभायात्रा में भक्त। ● अमृत विचार

# पहले से हो रहे कार्यक्रमों की ही मिलेगी अनुमति



रोजा थाने में हुई बैठक में मौजूद अधिकारी। ● अमृत विचार

संवाददाता, रोजा

- रोजा थाने में पीस कमेटी की बैठक में बोलें एसडीएम

**अमृत विचार :** थाने में शुक्रवार को पीस कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। एसडीएम सदर ज्ञानेंद्र नाथ, सीओ सदर प्रयांक जैन ने मौजूद नागरिकों से वार्ता करते हुए गणेश विसर्जन और बारावफात के जुलूस के संबंध में जानकारी की। इस दौरान नवागत सीओ सदर ने कहा कि किसी भी असुविधा के लिए बेहिचक मेरे सीयूजी नंबर पर संपर्क कर समस्या से अवगत करा सकते हैं।

अधिकारियों ने बैठक में मौजूद सभी लोगों से बारावफात के जुलूस व गणेश विसर्जन के संबंध में विस्तृत रूप से जानकारी करते हुए कहा कि अगर किसी प्रकार की कोई समस्या हो तो बेहिचक बताएं, जिससे उसका समाधान समय रहते किया जा सके। थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों में निकलने वाले जुलूस के संबंध में भी प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार से जानकारी की। बैठक के दौरान उप जिलाधिकारी सदर ज्ञानेंद्र नाथ ने कहा कि जो कार्यक्रम पूर्व से होते आ रहे हैं उन्हें करने की अनुमति प्रदान की जाएगी। किसी भी प्रकार की कोई नई परंपरा नहीं डाली जाएगी। सभी कार्यक्रम करने वाले आयोजन कार्यक्रम की अनुमति अवश्य ले लें। उसके पश्चात ही कार्यक्रम को सकुशल कराएं। बैठक में एसडीएम सदर ज्ञानेंद्र नाथ, सीओ सदर प्रियांक जैन, पार्षद पति अरुण सिंह, अजय कुमार गुप्ता, शमीम खां, प्रभारी निरीक्षक रोजा राजीव कुमार, प्रभारी निरीक्षक क्राइम गंगा सिंह, मंडी चौकी इंचार्ज वेदपाल सिंह पुंडीर, सुभाष चौराहा चौकी इंचार्ज राजेश कुमार, प्रांजल यादव समेत क्षेत्र के नागरिक उपस्थित रहे।

### नई परंपरा न डालें और न ही दें भड़काऊ भाषण

**कांट।** कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अश्वनी कुमार सिंह व सीओ सदर प्रयांक जैन, एसडीएम सदर ज्ञानेन्द्र नाथ ने बारावफात) व गणेश चतुर्थी के मद्देनजर धर्मगुरुओं व नगर के संभ्रांत लोगों के साथ पीस कमेटी की बैठककी। जिसमें 16 सितंबर को बारावफात के जुलूस को लेकर दिशा निर्देश जारी किए गए। सीओ सदर प्रियांक जैन ने कहा कि जिस तरह से बारावफात का जुलूस होता आ रहा है वैसे ही जुलूस को निकाला जाएगा। कोई भी नई परंपरा नहीं डाली जाएगी। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अश्वनी कुमार सिंह ने कहा कि अगर किसी प्रकार की कोई समस्या हो तो बताएं, हम उस समस्या का समाधान करेंगे। वहीं जामा मस्जिद के मुताबल्ली शहजाद अहमद खां ने सीओ सदर, एसडीएम सदर ज्ञानेन्द्र नाथ को जुलूस ए मोहम्मदी के जुलूस का शेड्यूल बताया। इस मौके पर मौलाना रिजवान रजा, शहजाद अहमद खां, मौलाना नूर शाहिद रजा, मौलाना बशीरुद्दीन, हाफिज़ उबैस रजा, हाफिज सरताज रजा, मौलाना सोहेल, राजदीप शर्मा,लालजीत राठौर,विमल वाजपेयी,मोईद खां,यासीन आदि बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### कांग्रेस नेता के भाई के निधन पर प्रियंका ने जताया शोक

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** अल्पसंख्यक कांग्रेस के प्रदेश महासचिव डॉ. फरीद अली खान के बड़े भाई फरहद अली खान के निधन हो जाने की सूचना पर कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी का शोक संदेश लेकर शुक्रवार शाम अल्पसंख्यक कांग्रेस के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अशफाक उल्ला खां, प्रदेश उपाध्यक्ष अनवर अनीस व कांग्रेस जिलाध्यक्ष रजनीश गुप्ता किला स्थित उनके आवास पर पहुंचे और शोक पत्र सौंप कर दुःख साझा किया। इस मौके पर कांग्रेस प्रदेश सचिव अनूप वर्मा, महानगर अध्यक्ष पवन सिंह, अल्प संख्यक कांग्रेस जिलाध्यक्ष सईद अंसारी, महानगर अध्यक्ष तस्दीक अंसारी, प्रदेश सचिव जाने आलम, फुरकान अहमद कुरैशी, रफी उल हसन, फरमान खान, नीरज अवस्थी, ताहिर अली, मेंहदी हसन सहित तमाम मोहल्लावासी मौजूद रहे।

## जयदेव जयदेव... जय मंगल मूर्ति



मूर्ति विसर्जन को ले जाते भक्त। ● अमृत विचार

संवाददाता, खुटार

**अमृत विचार :** नगर के मोहल्ला नारायनपुर में सभासद पूनम मिश्र के आवास पर गणेश चतुर्थी से श्री गणेश उत्सव चल रहा था। पंडित भरत लाल ने मंत्रों के साथ हवन पूजन किया गया। उसके उपरांत गणपति बप्पा की मूर्ति को लखीमपुर खीरी के पलिया कस्बा के पास शारदा नदी में विसर्जन लेकर चले तो भक्त डोल नगाड़ों की धुन पर नाचते झूमते रहे। साथ ही रंग गुलाल उड़ाते रहे। इसके अलावा गणपति बप्पा मोरया, अगले वर्ष तू जल्दी आ, जयदेव जयदेव जय मंगल मूर्ति के जयकारों से नगर भक्तिमय हो गया।

श्री गणेश उत्सव के आयोजक उपेंद्र मिश्र ने बताया कि शनिवार को भंडारा का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान अनूप मिश्रा, सुरेंद्र मिश्र, अनुज मिश्र, अचल पांडेय, राजेश सर्राफ, राहुल मिश्र उर्फ वीरु, उत्तम मिश्र, देवू , आनंद मिश्र राजा आदि भक्तों का सहयोग रहा।

जानकारी | एसएस कॉलेज के भौतिक विज्ञान विभाग की ओर से ऑनलाइन व्याख्यान का आयोजन

# ब्रह्मांड का पांच प्रतिशत ही परिचित, बाकी अपरिचित

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- अहमदाबाद के प्रोफेसर पार्थ कोनार ने की विस्तार से चर्चा
- विद्यार्थियों ने प्रश्न पूछकर जिज्ञासाओं को शांत किया

**अमृत विचार :** स्वामी शुकदेवानंद महाविद्यालय के भौतिक विज्ञान विभाग के तत्वावधान में ऑनलाइन अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भौतिकी अनुसंधान प्रयोगशाला, अहमदाबाद के प्रोफेसर पार्थ कोनार ने कहा कि ब्रह्मांड में 70 प्रतिशत अदृश्य ऊर्जा एवं 25 प्रतिशत अदृश्य पदार्थ मौजूद है। हम ब्रह्मांड के पांच प्रतिशत हिस्से से ही परिचित हैं, बाकी 95 फीसदी भाग से अपरिचित हैं।



प्रोफेसर पार्थ कोनार।

प्रोफेसर कोनार ने कहा कि जिस पांच प्रतिशत हिस्से हम सभी परिचित हैं, उसमें विकिरण, विभिन्न रासायनिक तत्व, तारे, हाइड्रोजन व हीलियम जैसी गैसें आती हैं। सूक्ष्म से वृहद स्तर तक ब्रह्मांड के अवयवों की खोज विषयक व्याख्यान में प्रोफेसर कोनार ने बताया कि काफी समय पहले यह माना जाता था कि ब्रह्मांड केवल पांच तत्वों से निर्मित है। ये पांच तत्व हैं- पृथ्वी, अग्नि, जल, वायु एवं आकाश है, लेकिन जैसे-जैसे शोध की प्रगति होती गई, वैसे-वैसे हम इन पांच महाभूतों से अवपरमाण्विक कणों एवं उनकी भी आधारभूत संरचना से परिचित होते गए। उन्होंने प्रकृति में पाए जाने वाले सभी मूल बलों, उनकी आपेक्षिक प्रबलता, परास एवं अनुप्रयोगों से परिचित कराते हुए बताया कि प्रकृति में गुरुत्वाकर्षण बल ही सबसे ज्यादा प्रभावी बल है। उन्होंने बताया कि प्रत्येक कण का एक प्रतिकण होता है। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने ब्रह्मांड से संबंधित प्रश्न पूछकर जिज्ञासाओं को शांत किया। विभागाध्यक्ष शिशिर शुक्ला के मार्गदर्शन में चले व्याख्यान में राजनंदन सिंह राजपूत, सत्येंद्र कुमार सिंह, प्रशांत शर्मा, अवनीश चौहान, तुषार आदि का सहयोग रहा।



एसएस कॉलेज में प्रोफेसर कोनार को सुनते भौतिक विज्ञान के छात्र।

### शुरुआत में एक अति सूक्ष्म बिंदु के रूप में केंद्रित था ब्रह्मांड

ब्रह्मांड शुरुआत में एक अति सूक्ष्म बिंदु के रूप में केंद्रित था। महाविस्फोट के साथ इसमें बहुत तेजी से प्रसार हुआ। धीरे-धीरे क्वार्क एवं हैड्रॉन जैसे मूल कण बने एवं उसके बाद हाइड्रोजन जैसी गैसें व धीरे-धीरे तारों एवं गैलेक्सियों का निर्माण हुआ। वर्तमान में ब्रह्मांड त्वरित प्रसार की ओर अग्रसर है।

# उपायुक्त उद्योग ने बताईं उद्योग प्रोत्साहन नीतियां

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** जेसीआई के वार्षिक कार्यक्रम जेसी सप्ताह के अंतर्गत होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों के पांचवें दिन शुक्रवार को खिरनीबाग स्थित व्यापार मंडल कार्यालय में ओनली अबाउट बिजनेस कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें जिला उद्योग केंद्र के प्रभारी अनुराग यादव व नेडा के अधिकारी उपस्थित रहे।

जिला उद्योग केंद्र के प्रभारी उपायुक्त उद्योग अनुराग यादव ने सरकार की ओर से नवीन उद्योगों को लगाने के लिए प्रोत्साहन संबंधी नीतियों के बारे में बताया। उससे मिलने वाली रियायतों सहित सब्सिडियों के बारे में बताया कि कैसे अगर कोई उद्योग खोलना चाहता है तो उसकी क्या प्रक्रिया है और उसे सरकार से क्या सहायता मिल सकती है। उसके बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। नोएडा से आए सूर्य घर योजना के अधिकारी ने भारत व उत्तर प्रदेश की सोलर रूफ टॉप प्रोत्साहन योजना के बारे में बताया कि इसमें कैसे अपने घर के लिए हर व्यक्ति सोलर रूफटॉप लगा सकता है और उसमें प्रति किलो वाट कितनी सब्सिडी का प्रावधान है। इस बारे में विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराई। व्यापार उद्योग एवं सूर्य घर योजना संबंधी कार्यशाला में शुक्रवार को अध्यक्ष अभिषेक जायसवाल ने सबका आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर जेसीआई के सप्ताह निदेशक सचिन बाथम, प्रोग्राम डायरेक्टर सचिन अग्रवाल व मयंक गर्ग, अंकित खंडेलवाल, रितेश खंडेलवाल, अमित शर्मा आदि उपस्थित रहे।





उपायुक्त उद्योग अनुराग यादव का स्वागत करते आयोजक। ● अमृत विचार

- खिरनीबाग स्थित व्यापार मंडल कार्यालय में ओनली अबाउट बिजनेस कार्यक्रम का आयोजन






दिल्ली- लखनऊ फोरलेन किनारे टूटा बिजली का पोल। ● अमृत विचार



नवादा इंदेपुर क्षेत्र में टूटा बिजली का खंभा। ● अमृत विचार



बिजली लाइन की मरम्मत करते कर्मचारी। ● अमृत विचार

# तेज हवा और बारिश से सैकड़ों पोल टूटे, अंधेरे में डूबा आधा शहर

## महानगर में जगह-जगह हुए फॉल्ट, बिजली-पानी को तरसे वाशिंदे, इन्वर्टर ठप तो हांफने लगे जनरेटर

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- चौक समेत शहर के विभिन्न हिस्सों में शुक्रवार देर शाम तक नहीं आई बिजली
- गुरुवार रात आठ बजे से शुक्रवार सुबह 10 बजे तक दर्ज की गई 78 एमएम बारिश

**अमृत विचार :** जिले में दो दिन की बारिश और आंधी से भारी तबाही हुई। सबसे ज्यादा नुकसान बिजली विभाग को हुआ है। महानगर सहित जिले के विभिन्न हिस्सों में सैकड़ों बिजली के पोल, तार और केबिल टूट गईं। जिससे गुरुवार रात लगभग आधे जिले की बिजली ठप हो गई। महानगर का एक हिस्सा भी अंधेरे में डूब गया। बिजली लाइनें तेज हवा और बारिश नहीं झेल पाईं और जगह-जगह फॉल्ट हो गए। फॉल्ट भी ऐसे हुए कि बिजली विभाग दिन भर हांफता रहा, लेकिन सही नहीं कर पाया। खेतों में खड़ी धान और गन्ने की फसल बिछ गई। जिससे भारी नुकसान हुआ।

गुरुवार सुबह से देर रात तक रुक-रुक कर जमकर बारिश हुई। देर रात लगभग आधे शहर की बिजली गुल हो गई, जो शुक्रवार देर शाम तक पूरी तरह से ठीक नहीं की जा सकी। चौक समेत विभिन्न मोहल्लों में दिन भर लोग बिजली और पानी के लिए तरसते रहे, लेकिन बिजली नहीं मिल सकी। रात में ही इंवर्टर ठप हो गए। जिले में गुरुवार रात आठ बजे से शुक्रवार सुबह 10 बजे तक 78 एमएम बारिश दर्ज की गई। 33 और 11 केवी लाइन क्षतिग्रस्त होने से गुरुवार शाम से पूरे शहर की बिजली गुल हो गई थी। हजारों लोगों को रात अंधेरे में काटनी पड़ी। शुक्रवार सुबह से लेकर दोपहर तक कुछ क्षेत्रों में बिजली सप्लाई सुचारू कर दी गई, लेकिन ज्यादातर क्षेत्रों में बाधित रही। इससे लोगों को ज्यादा दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। मौसम विभाग की ओर से बारिश व तेज हवा का रेड अलर्ट जारी किया गया था।

### धान और गन्ने को पहुंचा नुकसान

तेज हवा और लगातार बारिश के कारण धान और गन्ने को बड़ा नुकसान पहुंचा है। 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चल रही हवाओं ने गन्ने की फसल गिरा दी है। जहां पर धान की फसल काटने योग्य हो गई है, वहां बड़ा नुकसान हुआ है। धान गिरने से दाना काला पड़ जाने की आशंका है। कृषि विशेषज्ञों ने किसानों को खेत से पानी निकालने की सलाह दी है।

### अब्दुल्लागंज में दर्जनों पेड़ टूटे

महानगर में नवादा इंदेपुर और अब्दुल्लागंज में गुरुवार शाम आई आंधी में सैकड़ों पेड़, बिजली के पोल टूट गए। जिससे पूरे क्षेत्र की बिजली गुल हो गई। स्थानीय पार्षद मनीष कुमार गुप्ता, जेई सतीश सक्सेना और व्यापारी बृजेश कुमार ने बताया कि बवंडर के चलते क्षेत्र में दर्जनों पेड़ टूट गए हैं। जबकि पूरे क्षेत्र की बिजली सप्लाई ठप हो गई। लाइनों की मरम्मत कर बिजली सप्लाई सुचारु कराने का प्रयास किया जा रहा है।



नवादा इंदेपुर में उखड़ा पेड़ छांटता कर्मचारी। ● अमृत विचार

### 24 डिग्री सेल्सियस हुआ पारा, मिली राहत

एक ओर बारिश और तेज हवाओं के चलते लोगों को भारी परेशानी उठानी पड़ी वहीं, पारा गिरने के चलते गर्मी से राहत मिली। न्यूनतम तापमान 24 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया।

### खोदी गई सड़कों पर कीचड़ ने किया परेशान

शुक्रवार सुबह पानी न भर पाने के कारण लोगों को रोजमर्रा के कार्य करने में दिक्कत हुई। सीवर लाइन डालने के लिए खोदी गई सड़कों पर कीचड़ होने के कारण लोगों को निकलने में परेशानी उठानी पड़ी। सड़कें कई स्थानों पर धंस गई है, जिन पर ईंट-बजरी भर दी गई है। वाहनों के गुजरने पर ये उछलकर राहगीरों को लग रही है।

विभाग की ओर से लगातार फाल्ट दूर कर बिजली सुचारू करने का प्रयास किया जा रहा है। इसके बाद भी अभी तक कुछ स्थानों पर बिजली सुचारू नहीं की जा सकी है। लाइनों की मरम्मत में हमारे अधिकारी और कर्मचारी दिन रात जुटे हुए हैं। - जेपी वर्मा, अधीक्षण अभियंता।

## तालाब में आया मगरमच्छ ग्रामीणों में हड़कंप

**खुदागंज, अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव दतौनिया के एक तालाब में मगरमच्छ देखे जाने से ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। ग्रामीणों ने बताया कि दो दिन से लगातार हुई बारिश की वजह से खेतों में और तालाब में पानी भर गया। रात में किसी समय मगरमच्छ गर्रा नदी से निकलकर तालाब में आ गया। शुक्रवार सुबह जब लोग खेतों की तरफ गए, तब उन्हें तालाब में मगरमच्छ तैरता हुआ दिखाई दिया। उन लोगों ने गांव पहुंचकर मगरमच्छ की तालाब में मौजूदगी की सूचना दी। इसके बाद से गांव के लोगों में हड़कंप की स्थिति है। छोटे-छोटे बच्चों को तालाब की तरफ जाने से मना कर दिया गया है। वहीं सूचना वन विभाग के अधिकारियों को दी गई है। ग्रामीणों ने मगरमच्छ पकड़वाए जाने की मांग की है।

# आंधी-बारिश का कहर...खेतों में बिछी गन्ना, धान की फसल



रुजहां में आंधी व पानी से गिरी गन्ने की फसल। ● अमृत विचार

संवाददाता, खुटार

- बुधवार से शुरू हुई बारिश से गांवों स्कूलों के रास्तों पर जलभराव

**अमृत विचार :** मौसम के खराब होने के बाद काले बादल छा गए और हल्की बूंदाबांदी, तेज बारिश के साथ ही आंधी ने अपना कहर बरपाया। इससे खेतों में तैयार होने के कगार पर खड़ी गन्ना, धान की फसल गिर गई। इससे किसानों को काफी क्षति पहुंची है। खेतों में लबालब पानी भरने से फसलें डूब गई है।

खुटार के गांव रुजहां खुर्द, रुजहां कलां, बनकटा, सरेली, सलनहा, नरौठा, सिंहपुर, सिहुरा, सीतापुर, सहारू सहित आदि गांव के साथ ही खुटार नगर किनारे खेतों में हवा और बारिश से फसल तबाह हो गई है। उधर, नगर के कई मोहल्लों, स्कूलों और गेंहुआ के साथ कई गांव में रास्तों पर जलभराव की स्थिति हो गई है। जहां से निकलना काफी मुश्किल है। हालात यह है कि गांव में गंदगी पहले से जमा है और अब बारिश से गंदगी रास्तों पर बह रही है। लोगों ने बताया कि गांव धनसिंहपुर और प्रीतमपुर, बरगदिया, प्रसादपुर, चठिया और इटौआ के साथ ही ऐसे कई गांव में सफाईकर्मी नहीं पहुंच रहे हैं। जहां घरों से निकलने वाला पानी रास्तों पर बह रहा है। यही हालत खुटार के गुरुद्वारा के पास हाईवे पर जलभराव का संकट है। जहां आसपास में रहने वाले को काफी दिक्कत होती है। अधिकारियों को अवगत कराया गया। इसके बावजूद ध्यान देने की जरूरत नहीं समझी गई।

**किसानों को सता रही चिंता, कैसे चुकता होगा ऋण :** किसानों ने बताया कि धान, गन्ना की फसल तैयार हो चुकी है। धान की बालियों में दाना पड़ चुका था और एक माह के अंदर फसल की कटाई शुरू जाती। वहीं, गन्ना की फसल भी तैयार होने के कगार पर है लेकिन बारिश व हवा ने फसलों को नुकसान पहुंचा दिया है। साहूकारों और पेस्टीसाइड की दुकानों से लिए उधार को फसल कटने के बाद चुकाने का वादा किया था। लेकिन ऐसा रहा तो किसानों के सामने संकट खड़ा हो जाएगा।



तेज बारिश से तिकुनियां गुरुद्वारे के पास हाईवे पर जलभराव। ● अमृत विचार

### साढ़े पंद्रह घंटे बाद बिजली सप्लाई हो पाई शुरू

बारिश और आंधी से कई जगह बिजली लाइनों में फॉल्ट आ गया। अधिकारियों ने कर्मचारियों को भेजकर बिजली लाइन सही कराई गई। इसके अलावा नगर के विद्युत उपकेंद्र पर पानी भर गया था और मेन सप्लाई में फॉल्ट आने के बाद लोगों के घरों में बिजली से चलने वाले उपकरण पूरी से डिस्चार्ज हो गए। जिससे तमाम दिक्कतें झेलनी पड़ी। लोगों ने कहा कि बृहस्पतिवार रात 12 बजे से सप्लाई बंद हो गई थी। करीब साढ़े पंद्रह घंटे बाद शुक्रवार दोपहर ढाई बजे बिजली सप्लाई शुरू हो पाई है। जिससे लोगों को राहत मिली। इसके अलावा शुक्रवार को हल्की बूंदाबांदी और काले बादल छाए रहे।

### आंधी और बारिश से नीम का पेड़ गिरा

आंधी और बारिश से नगर के मोहल्ला देवस्थान निवासी अवनीश मिश्र के मकान के पास गुरुवार रात को नीम का पेड़ रास्ते में गिर गया।



आंधी से गिरा नीम का पेड़।



बजरिया में खेत में बिछी धान की फसल। ● अमृत विचार

# पाकड़ का पेड़ गिरा, तीन मकान क्षतिग्रस्त

संवाददाता, रौसर कोठी

- एक सितंबर को वन अधिकारी को पत्र भेजकर की थी पेड़ कटवाए जाने की मांग
- राजस्व टीम ने मुआयना कर दिया मदद का आश्वासन, लोगों ने जताई नाराजगी

**अमृत विचार :** तेज हवा और बारिश के दौरान पाकड़ का भारी पेड़ गिर गया। जिसमें तीन मकान क्षतिग्रस्त हो गए। सूचना पर राजस्व, वन विभाग की टीम ने मौका मुआयना कर पीड़ित परिवारों को मदद का आश्वासन दिया। इस घटना को लेकर नागरिकों ने जिम्मेदार अधिकारियों से नाराजगी जताई है, क्योंकि गिरने की स्थिति में खड़े पेड़ को हटवाए जाने की शिकायत पर अधिकारियों ने ध्यान नहीं दिया था।

रामचंद्र मिशन क्षेत्र के गढ़ी गाड़ीपुरा निवासी मुन्ना के मकान के पास एक बड़ा पाकड़ का पेड़ खड़ा था जो काफी समय से गिरने की स्थिति में था। मोहल्ले के लोगों ने एक सितंबर को जिला वन अधिकारी को पत्र भेजकर पेड़ को कटवाकर हटवाए जाने की मांग की थी, मोहल्ले के पार्षद ने भी अधिकारियों से पेड़ हटवाए जाने के लिए कहा लेकिन अधिकारियों ने इस ओर ध्यान नहीं दिया। बृहस्पतिवार से शुरू हुई बारिश पूरी रात होती रही और तेज हवा भी चलती रही। इस वजह से पाकड़ का पेड़ गिर गया। जिसकी चपेट में आकर मुन्ना, शमशाद, हनीफ का मकान क्षतिग्रस्त हो गया। मकान की दीवारे गिर गईं। जिससे तीनों का काफी नुकसान हो गया। सूचना पर लेखपाल, तहसीलदार, एसडीएम सदर सहित नगर निगम व वन विभाग की टीम पहुंची और मौका मुआयना किया।



गिरा पेड़ और क्षतिग्रस्त मकान की दीवारें। ● अमृत विचार



खुटार के मोहल्ला बजरिया में घरों तक पहुंचा बरसात का पानी। ● अमृत विचार

# बारिश से फसलों को नुकसान...चिंता में डूबे किसान

संवाददाता, पुवायां

**अमृत विचार :** लगातार तीन दिन से हो रही बारिश और तेज हवाओं से फसलों को बहुत नुकसान हुआ। धान व गन्ना की फसल गिर गई।

इलाके में तीन दिन से लगातार बारिश हो रही है और तेज हवाएं चल रही है। इस बारिश और हवाओं से धान और गन्ना की फसलों को भारी नुकसान हुआ है। जिससे किसान बहुत परेशान है। क्षेत्र के किसानों ने प्रशासनिक अधिकारियों से नुकसान का मुआवजा दिए जाने की मांग की है।

**जलालाबाद।** क्षेत्र में बुधवार से रुक-रुक के तेज हवा के साथ हो रही बारिश में जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया। बारिश और हवा से किसानों की धान, बाजरा और तिल की फसल को भारी नुकसान हुआ है। वहीं बिजली लाइन में फॉल्ट से लाइट गुल हो गई। गुरुवार शाम से गई बिजली शुक्रवार शाम तक चालू नहीं हो पाई। धान की फसल गिर कर बिछौना बन गई है, जिससे किसानों के चेहरे पर चिंता की लकीरें दिखाई देने लगी हैं। उनकी लागत खाद, पानी, बीज की मेहनत पर पानी फिर गया है और कर्ज में डूब गए हैं। गांव मढिया, गोसाई याकूबपुर ,नगरिया बुजुर्ग, रामसागर, श्याम पाल, नरेश धान फसल गिरने से बेहद चिंतित और निराश दिखाई दे रहे हैं। किसानों ने बताया क्षेत्र में करीब 40 हजार हेक्टेयर में धान की फसल होती है। फसल के लिए कई किसान केसीसी ऋण लेते हैं। इस दौरान शाखा प्रबंधक किसानों के खाते से फसल बीमा के रुपये काट लेते हैं लेकिन बाद में सर्वे न होने के चलते उनकी भरपाई नहीं हो पाती। इससे किसान पर दोहरी मार पड़ती है। यदि यही हालात रहे तो धान की फसल बचाना मुश्किल हो जाएगा।



बारिश से खेत में गिरी धान की फसल। ● अमृत विचार

### परौर में भी बेपटरी हुई बिजली व्यवस्था

शाहजहांपुर। परौर परोर क्षेत्र में बिजली व्यवस्था बेपटरी हो गई है। 24 घंटे से बिजली के दर्शन नहीं हुए हैं, जिससे बिजली चलित उपकरण ठप हैं। बिजली उपभोक्ता राजीव सिंह चौहान, अवधेश प्रजापति, राजीव प्रजापति, जान मोहम्मद खान, गुड्डू खान, संजीव कुमार कश्यप आदि ने बिजली व्यवस्था सही करने की अवर अभियंता से मांग की है। वहीं इस संबंध में कलान के अवर अभियंता राम सुरेश ने बताया कि बरसात के कारण बिजली का सिस्टम खराब हो गया था, जिसे ठीक कराकर बिजली व्यवस्था सुचारू की जाएगी।

## गर्रा, खन्नौत, रामगंगा गंगा का जलस्तर बढ़ने की संभावना

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** नदियों के जलस्तर बढ़ने को लेकर एडीएम वित्त को शारदा नहर खंड बाढ़ नियंत्रण कक्ष से प्रभारी अधिकारी ने पत्र लिखकर बताया कि वर्तमान में उत्तराखंड और पीलीभीत में हो रही भारी बारिश के कारण नदियों में पानी छोड़ा जा रहा है।

पीलीभीत में स्थित दियूनी बैराज से 13 सितंबर को देवहा नदी में 38966 क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। जो जनपद की गर्रा नदी में आगामी 3 दिन में पहुंचने की संभावना है, जिससे गर्रा नदी में जलस्तर 3 मीटर तक बढ़ सकता है। उन्होंने बताया कि पीलीभीत के कैचमेंट में भारी वर्षा के कारण 3 दिवस में खन्नौत नदी में जलस्तर भी 2 मीटर तक बढ़ने की संभावना है। इसके लिए नदियों के निकटवर्ती क्षेत्रों में अलर्ट एवं सघन निगरानी की जाए। जिससे जन हानि होने से बचा जा सके।

साथ ही गंगा नदी में 15 सेंटीमीटर, रामगंगा नदी में 1 फिट जलस्तर बढ़ने की संभावना बाढ़ नियंत्रण कक्ष की ओर से बताई गई है।

### चकपरमाली में रसोई घर की दीवारें गिरी

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** तेज हवा और बारिश के दौरान कच्चे मकान की रसोई की दीवारें गिर गईं। गनीमत रही कि कुछ देर पहले चाय बनाने पहुंची लड़की बाहर निकल आई, जिससे वह बच गई। चकपरमाली निवासी विजय कुमार ने बताया कि शुक्रवार सुबह करीब सात बजे बेटी प्रीति चाय बनाने रसोई घर गई, तो मिट्टी के बड़े-बड़े टुकड़े गिरने लगे, वह घबराकर बाहर निकल आई। उसके शोर मचाने पर अन्य लोग पहुंचे। देखते ही देखते कच्ची दीवारें गिर गईं। विजय ने बताया मकान कच्चा बना हुआ है। खाना बनाने के लिए मिट्टी का रसोई घर बना था, जिसके ऊपर टीन सेट पड़ा हुआ था। लगातार हो रही रुक-रुक कर बारिश से रसोई की कच्ची दीवारें अचानक से गिर गईं।



बरसात के दौरान गिरी कच्ची मिट्टी की दीवार। ● अमृत विचार



बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर





डॉ. रजनी कांत साहू
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant- MAX HOSPITAL, DELHI
दिमाग एवं रीढ़ रोग विशेषज्ञ
समय
प्रातः- 11 बजे से 3 बजे तक
सायं- 7 बजे से 9 बजे तक
सुविधायें
- सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन।
- रीढ़ की हड्डी की चोट का इलाज व ऑपरेशन।
- ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हेमरेज का ऑपरेशन।
- दूरबीन विधि द्वारा हाइड्रोसिफेलस (दिमाग में पानी भरना) का इलाज व ऑपरेशन।
- सिर दर्द (माईग्रेन) व मिर्गी के दौरे का ईलाज।
- दिमाग के फोड़े का इलाज व ऑपरेशन।
- गर्दन (सर्वाईकल) व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क का ईलाज व ऑपरेशन।
- रीढ़ की नस का ट्यूमर (स्पाइनल ट्यूमर) का ऑपरेशन।
- बच्चों के पीठ की गांठ का ऑपरेशन।
- अत्याधुनिक माइक्रोस्कोप द्वारा ईलाज।

बरेली न्यूरो एण्ड स्पाइन सेन्टर
427, डिवाइन अस्पताल के सामने, के.के. अस्पताल रोड, राजेन्द्र नगर, बरेली
पर्चा लगाने के लिए सम्पर्क करें- 7417389433, 7017678157



हर दर्द का इलाज करते हैं



डॉ. रूप किशोर
समय प्रातः 10 से दोपहर 3 बजे तक
गठिया



फालिज
जोड़ों एवं नसों का दर्द
झनझनाहट
सुन्नपन
फातिमा हॉस्पिटल
जगतपुर रोड, बरेली
9267043010


### पहले रुकती थीं डाउन व अप लाइन की 16 ट्रेनें, अब पंजाब मेल समेत कई ट्रेनों का बंद किया गया स्टॉपेज

# दिक्कत: लॉकडाउन खत्म होने के बाद भी रोजा में नहीं रुकीं दस ट्रेनें

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर /रोजा

**अमृत विचार :** रोजा रेलवे स्टेशन पर कोरोना काल से पहले डाउन व अप लाइन की 16 ट्रेनों का स्टॉपेज था। लॉकडाउन लगने पर इन ट्रेनों का स्टॉपेज बंद कर दिया गया था। अब छह ट्रेनों का स्टॉपेज कर दिया गया है लेकिन पंजाब मेल समेत दस ट्रेनें नहीं रुकने से लोगों को ट्रेन पकड़ने के लिए शाहजहांपुर रेलवे स्टेशन से आना पड़ता है। रेलवे यूनियन और क्षेत्र के नागरिकों ने कई बार मांग की इन ट्रेनों का पुनः स्टॉपेज किया जाए।

रोजा जंक्शन रेलवे स्टेशन पर छह प्लेटफार्म है। यहां पर लोडिंग व अनलोडिंग का काम होता है। जिसमें अनलोडिंग में मंडल में रोजा रेलवे स्टेशन प्रथम स्थान है। स्टेशन से रेलवे कॉलोनी, रिलायंस कॉलोनी और करीब 60 गांव जुड़े है। यहां के आस-पास के लोग ट्रेन पकड़ने के लिए रोजा रेलवे स्टेशन पर आते है। कोरोना काल से पहले यहां पर डाउन व अप लाइन की बरेली-मुगलसराय एक्सप्रेस, बरेली-प्रयाग एक्सप्रेस, वाराणसी-हरिद्वार जनता एक्सप्रेस, हावड़ा-अमृतसर पंजाब मेल, हावड़ा-देहरादून एक्सप्रेस, हावड़ा-काठगोदाम एक्सप्रेस, सियालदहा एक्सप्रेस, सत्याग्रह एक्सप्रेस का स्टॉपेज था। इन ट्रेनों के स्टॉपेज से रोजा क्षेत्र के आस-पास के लोगों को ट्रेन पकड़ने में काफी सहूलियत थी। शाहजहांपुर के स्टेशन नहीं आना पड़ता था। कोरोना काल में 23 मार्च 2020 को लॉकडाउन लगने पर रोजा स्टेशन पर इन ट्रेनों का स्टॉपेज बंद कर दिया गया था। लॉकडाउन खत्म होने के बाद डाउन व अप लाइन की कांट गोदाम एक्सप्रेस, सियालदहा एक्सप्रेस और सत्याग्रह एक्सप्रेस का पुनः स्टॉपेज कर दिया गया था



रोजा जक्शन। ● अमृत विचार

- ट्रेनों के रुकने से बढ़ेगी आय
- डीआरएम को दिया जा चुका है ज्ञापन

#### ...इन ट्रेनों को पकड़ने रोजा से छह किमी दूर आते हैं यात्री

बरेली-वाराणसी एक्सप्रेस, बरेली-प्रयाग एक्सप्रेस, जनता एक्सप्रेस, पंजाब मेल और दून एक्सप्रेस का पुन: स्टॉपेज नहीं किया गया। डाउन व अप लाइन की ट्रेनें रन थ्रू निकल जाती है। इन ट्रेनों के स्टॉपेज न होने से रोजा रेलवे कॉलोनी, रिलायंस कॉलोनी और आस-पास के गांव वालों को काफी दिक्कत हो रही है। जबकि सीतापुर और बालामऊ पैसेंजर का स्टॉपेज है। इन ट्रेनों को पकड़ने के लिए रोजा से छह किमी दूर शाहजहांपुर रेलवे स्टेशन पर आना पड़ता है। रेलवे की यूनियन ने डीआरएम व जीएम और क्षेत्र के लोगों ने सांसद से मांग कर चुके है कि इन ट्रेनों का पुन: स्टापेज किया जाए। ट्रेनों का स्टॉपेज न होने से क्षेत्र के लोगों में आक्रोश है।



नार्दन रेलवे यूनियन के शाखा सचिव शिवम सक्सेना ने बताया कि पहले पंजाब मेल, दून एक्सप्रेस, जनता एक्सप्रेस, मुगलसराय एक्सप्रेस का रोजा स्टेशन पर स्टॉपेज था। इन ट्रेनों का पुन: स्टॉपेज न होने से लोगों को शाहजहांपुर ट्रेन पकड़ने के लिए आना पड़ता है। डीआरएम और जीएम को कई बार ट्रेन के स्टॉपेज के लिए ज्ञापन दिया जा चुका है। जनहित की दृष्टि से इन ट्रेनों का स्टॉपेज जरूरी है।



उत्तर रेलवे मजदूर यूनियन के शाखा सचिव राकेश कुमार ने बताया कि दून एक्सप्रेस, मुगलसराय एक्सप्रेस, जनता एक्सप्रेस, पंजाब मेल, वाराणसी-बरेली एक्सप्रेस का स्टापेज रोजा स्टेशन पर जरूरी है। पुन: स्टॉपेज के लिए डीआरएम के माध्यम से जीएम को ज्ञापन दिया जा चुका है। ट्रेन के स्टॉपेज होने से रेल की आय बढ़ेगी और लोगों को सहूलियत होगी। शाहजहांपुर स्टेशन की दौड़ नहीं लगानी पड़ेगी।

### बंद मकान में चोरी की सूचना पर पहुंची पुलिस

**पुवायां, अमृत विचार :** लगभग तीन माह से बंद मकान में चोरी की सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की।

जेवां रोड बाईपास के पास शिवा तिवारी पुत्र नरेंद्र तिवारी का मकान है। वह शिवा नगर के मोहल्ला छावनी लखा में रहते हैं। शिवा तिवारी ने फोन कर पुलिस को जानकारी देते हुए बताया कि जेवां रोड पर बना मकान काफी दिनों से बंद पड़ा था। शुक्रवार को जब वहां पहुंचे तो देखा तो सामान बिखरा पड़ा था। बिखरा समान देख कर पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की। शिवा तिवारी के अनुसार एक स्टील के बॉक्स में एक जोड़ी झाला, पायल, मंगलसूत्र का सोने का पेंडिल चोरी हो गया। प्रभारी निरीक्षक हरपाल सिंह बालियान ने बताया की चोरी की सूचना मिली थी जिसके बाद पुलिस ने जांच पड़ताल की है। तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

# नेपाल जा रही बस पलटी, चालक सहित 11 घायल

### खुटार से गोला जाने वाले रोड पर जंगल में शुक्रवार सुबह ट्रक से बचने के प्रयास में अनियंत्रित हुई बस

संवाददाता, खुटार

**अमृत विचार :** पंजाब से नेपाल जा रही यात्रियों से भरी प्राइवेट बस गोला रोड पर शुक्रवार सुबह करीब छह बजे सड़क किनारे पलट गई। बस पलटने के दौरान चीख पुकार मच गई। हादसे में चालक सहित 11 यात्री घायल हो गए और 29 यात्री बाल-बाल बच गए। हादसे के बाद आसपड़ोस में मौजूद लोगों और पुलिसकर्मियों ने बस में सवार घायलों को बाहर निकाला। साथ ही एंबुलेंस से घायलों को गोला सीएचसी ले जाया गया। जहां उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। उधर, चालक की सूचना पर यात्रियों को दूसरी बस से नेपाल छोड़ दिया गया।

गुरुवार को पंजाब के लुधियाना से लुधियाना ट्रैवल्स की एक बस करीब 40 सवारियों को भरकर बढ़नी नेपाल बॉर्डर जाने को निकली थी। बस में महिलाएं, बच्चें और पुरुष थे। बस को नेपाल निवासी इंदर चला रहा था। बस शुक्रवार सुबह करीब छह बजे खुटार क्षेत्र में सीमावर्ती लखीमपुर खीरी के कस्बा मैलानी क्षेत्र में गोला रोड पर जंगल में पहुंची, जहां तेज हवा और बारिश की वजह से एक पेड़ टूटा हुआ पड़ा था। उसने पेड़ बचाने के लिए बस को एक साइड में किया, तभी सामने तेज रफ्तार ट्रक आ गया, जिससे बचने के प्रयास में बस अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे खाई में पलट गई। इससे बस में सवार यात्रियों में चीख पुकार मच गई। सुबह-सुबह वाहनों की आवाजाही कम थी, इसलिए काफी देर तक लोग बस में ही चीख पुकार मचाते रहे और जो लोग बाल-बाल बच गए थे, या मामूली चोटिल थे, वह पहले खुद जैसे-तैसे बस से बाहर निकले और इसके बाद बस में फंसे लोगों को निकालना शुरू कर दिया। कुछ लोग सड़क किनारे आकर खड़े हो गए, तब फिर कुछ राहगीर रुके और घायल लोगों को बस से निकालने में मदद की और फिर बस पलटने की सूचना मैलानी चौकी पुलिस को दी, तब पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और बस में फंसे यात्रियों को लोगों की मदद से बाहर निकालवाया। हादसे के बाद काफी भीड़ जमा हो गई। पुलिस की सूचना पर पहुंची 108 सेवा एंबुलेंस मौके पर पहुंच गई। जिससे घायल बस चालक इंद्र कुमार के साथ ही करीब 11 घायलों को गोला के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जबकि अन्य यात्री बाल-बाल बच गए। घायलों का उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। इसके बाद बस के स्वामी को इस घटना की सूचना दी गई। जिस पर दूसरी बस भेजकर यात्रियों को बढ़नी बार्डर नेपाल भिजवा दिया गया।



सड़क किनारे पलटी प्राइवेट बस। ● अमृत विचार



दुर्घटना के बाद सड़क किनारे खड़े कुछ यात्री। ● अमृत विचार

- टूटे पेड़ से बचने के लिए बस को साइड में किया, तभी सामने आ गया था तेज रफ्तार ट्रक
- पंजाब के लुधियाना से लौट रहे थे नेपाली यात्री, घायलों को खीरी अस्पताल में कराया भर्ती

> मामला खीरी का था। खीरी पुलिस द्वारा घायलों को गोला सरकारी अस्पताल भेजा गया है।
> **- संजय कुमार** थानाध्यक्ष खुटार

#### ई-रिक्शा से गिरकर चालक की मौत

**जलालाबाद।** गांव मनोरथपुर चौक निवासी विनोद पुत्र राम प्रसाद गांव से ई-रिक्शा लेकर जलालाबाद आया था। वह एक आरा मशीन से लकड़ी ढुलाई का काम करता था। शुक्रवार दोपहर वह सरैया मोड पर श्री जी धर्म कांटा के पीछे ई-रिक्शा से अचानक नीचे गिर गया। जब आसपास के लोगों ने उसे देखा तो परिजनों को सूचना दी। परिजन उसको लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। विनोद की मौत से पत्नी सुमंगला के अलावा मृतक के परिवार के अन्य लोगों का रो रो कर बुरा हाल है।


Lifelines OF BAREILLY — MEDICAL — अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582

ADITYA आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
उपलब्ध सुविधायें
60000 से अधिक आँखों के ऑपरेशन का अनुभव
बिना सुई बिना टांका आधुनिक से आधुनिक लैंस प्रत्यारोपण की सुविधा उपलब्ध
आयुष्मान कार्ड द्वारा निःशुल्क सर्जरी की सुविधा उपलब्ध है।
बी-स्कैन द्वारा पर्दे की जाँच उपलब्ध
आ.सी.टी.मशीन से रेटीना एवं ग्लोकॉम की जाँच उपलब्ध
8077344353
समय प्रातः 10 से 4 बजे तक एवं सायं 6 से 8 बजे तक
डॉ. आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS, DNB MNAMS
CATARACT, REFRACTIVE & GLAUCOMA SURGEON
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाई पास, बरेली

डॉ. प्रेम गंगवार
B.H.M.S. (Homeo Cafe Gwalior)
वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक
मो. 8859517808
सैक्स रोग, शीघ्रपतन, नामर्दी, त्वचा, गुर्दे, कैंसर, जोड़, नस, थायराइड व महिलाओं का बांझपन
होम्योपैथिक से जुड़ी समस्या व दवाईयों के लिये निःशुल्क सम्पर्क करें।
आधुनिक जर्मन दवाईयों द्वारा कुशल डाक्टर के मार्गदर्शन में इलाज
10 वर्षो का अनुभव प्रेम जर्मन होम्योपैथिक
रूहेलखण्ड यूनिवर्सिटी के सामने, पीलीभीत बाईपास, एच.के. टावर, बरेली

PRIME HOSPITAL प्राइम हॉस्पिटल एण्ड ट्रामा सेन्टर
नरियावल बाजार के सामने, बिथरीचैनपुर रोड, नरियावल, बरेली
• मेडिसिन विभाग • सर्जरी विभाग • स्त्री एवं प्रसूति विभाग
• मानसिक रोग विभाग • हड्डी रोग विभाग
• न्यूरो विभाग • बाल रोग विभाग
24 घण्टे इमरजेन्सी सुविधा उपलब्ध
डॉ. मिनहाज अली खान एम.डी.
7302532226, 9758044442

डॉ. गयास अहमद
MBBS, DCH, DNB (Paediatric) NEW DELHI
नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ
भू.पू. चिकित्सक सर गंगाराम अस्पताल, नई दिल्ली
NEW BORN AND CHILD CARE CLINIC
1. मुंशी नगर गेट, डेलापीर मण्डी, पीलीभीत रोड, बरेली
समय - प्रातः 9 बजे से 12 बजे तक, शाम 4 बजे से 8 बजे तक
सुविधायें :- • वेन्टीलेटर/BIPAP/CPAP युक्त NICU/PICU की सुविधा, • प्रीमेच्योर बच्चों के लिए सफेक्टेन्ट एवं विशेष देखभाल की सुविधा, • नवजात निमोनिया व जन्मजात दौरे पड़ने का इलाज, • पीलिया का इलाज, • दिमागी बुखार, • मलेरिया, डेंगू, टायफाइड का इलाज
HELP LINE - 7017920279, 8920198518


# ड्राइवर के सोने के बाद चोरी करते थे डीजल, चार पकड़े

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** कटरा पुलिस ने ट्रकों से डीजल चुराने वाले गिरोह का खुलासा कर दिया। चार चोरों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 80 लीटर डीजल, दो बाइक, दो तमंचे व कारतूस बरामद किए है। पकड़े गए चोर मेरठ और मुजफ्फरनगर के रहने वाले है। पुलिस ने चारों अभियुक्तों का चालान कर दिया है।

कटरा थाना प्रभारी गौरव त्यागी को गुरुवार की देर रात सूचना मिली कि ट्रकों से डीजल चुराने वाला गिरोह इंदरपुर मार्ग पर खड़ा है। पुलिस ने घेराबंदी कर चार युवकों को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए अभियुक्त शमशाद निवासी गोवियान सिवाल थाना जानी, मेरठ, आमिर निवासी जौला थाना बुढ़ान, मुजफ्फरनगर, अकरम निवासी जौला थाना बुढ़ान, मुजफ्फरनगर व हासिम निवासी सिवाल खास थाना जानी, मेरठ है। पुलिस ने उनके कब्जे से 80 लीटर चोरी का डीजल पिपिया, दो बाइक और जामा तलाशी में दो तमंचे व दो कारतूस बरामद किए है। अभियुक्त शमशाद पर पहले से तीन, आमिर पर दो और हाशिम पर दो मुकदमें विभिन्न धाराओं में दर्ज है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर चालान कर दिया। टीम में उप निरीक्षक इतेश तोमर, विशाल, अनुज चौधरी, मुख्य आरक्षी सतीश कुमार, सिपाही योगेंद्र सिंह, आशीष कुमार, अंकित नेहरा, अक्षय कुमार, शुभम सिंह थे।



पुलिस की गिरफ्त में आरोपी।

- पकड़े गए आरोपियों से 80 लीटर डीजल, बाइक बरामद
- मेरठ और मुजफ्फरनगर के रहने वाले हैं अभियुक्त

#### पेचकस से तोड़ देते थे डीजल की टंकी का ढक्कन

पूछताछ के दौरान अभियुक्तों ने बताया कि रात में खड़े ट्रक के चालक व हेल्पर सो जाते थे। पेचकस की सहायता से डीजल की टंकी का ढक्कन तोड़ देते है। मशीन से पाइप को अंदर डालकर डीजल प्लास्टिक की केन में भरकर चुरा लेते है। चुराया गया डीजल हापुड़ में रज्जू के हाथ बेच देते थे। अभियुक्तों ने बताया कि 12 सितंबर की रात में कटरा हाईवे पर एक ट्रक खड़ा था और करीब 70 लीटर डीजल चोरी कर लिया था। डीजल चुराकर छोटी नहर के किनारे झाड़ियों में छिपा देते थे। किसी कारणवश डीजल खरीदने वाला रज्जू नहीं आ पाया था।

### दो पक्षों में मारपीट, महिला समेत तीन घायल

**कलान, अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव हरजू नगला निवासी मोहनलाल जाटव एवं सतपाल यादव के खेत पड़ोस में हैं। मोहनलाल ने अपने खेत की पैमाइश राजस्व विभाग द्वारा कराई थी और उसने खेत में बुनियाद भी कर ली, उधर सत्यपाल यादव भी अपने खेत की बुनियाद भरनी शुरू कर दी। शुक्रवार को दोनों पक्ष में मेड़ के विवाद को लेकर कहासुनी होने लगी और लाठी डंडा चलने लगे। जिसकी चपेट में आकर एक पक्ष के सत्यपाल यादव दूसरे पक्ष के मोहनलाल जाटव, उसकी पत्नी कुसमा घायल हो गई। मामले की जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया गया।

### करंट से बैल और भैंस की मौत

**कांट, अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव महमदपुर आजमाबाद निवासी सर्वेश मिश्रा ने कोतवाली पर प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि गांव में बिजली का तार टूट गया था, जिसकी सूचना पावर हाउस पर लाइनमैन को दे दी। सप्लाई काट दी गई गई थी। कुछ समय बाद वह बैल लेकर निकल रहा था, ठीक उसी समय दोबारा लाइट चालू कर दी गई। जिसके चलते उसका बैल करंट की चपेट में आने से मर गया। किसान ने प्रार्थना पत्र देकर बैल का मुआवजा दिलाए जाने व बिजली विभाग के कर्मचारियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। वहीं, पुवायां के नाहिल निवासी कृष्ण कुमार वाजपेई ने बताया कि गुरुवार बिजली के खंभे में करंट आने से उसकी भैंस चपेट में आ गई, जिससे उसकी मृत्यु हो गई। कृष्ण कुमार ने अधिकारियों पर लापरवाही का आरोप लगाया है।

### सड़क किनारे बैठे बछड़े को ट्रक ने कुचला

**खुटार, अमृत विचार :** नगर के मोहल्ला रायटोला निवासी अतुल शर्मा ने बताया कि वह हिंदू युवा संगठन का खुटार ब्लॉक का अध्यक्ष है। शुक्रवार को रात करीब सात बजे वह अपने साथी रोहित शुक्ला, राज सिंह, नीरज सोनी, महेश मिश्र राजन सिंह के साथ घर जा रहा था। गोला बाईपास मार्ग पर गुलराहनाथ मंदिर मोड़ के पास एक गाय अपने बछड़े के साथ सड़क किनारे बैठी थी। तभी एक ट्रक ने बछड़े को कुचल दिया। जिससे मौत हो गई ।जबकि चालक ट्रक लेकर भागने लगा। घटना के समय मौजूद अतुल ने साथियों के साथ ट्रक चालक को पकड़ लिया । चालक ने अपना नाम मनोज बताया है। इसके बाद पुलिस को सूचना देकर चालक को पकड़वा दिया गया। पुलिस ने बछड़े का पोस्टमार्टम करा उसे दफनवा दिया है। इस मामले में पुलिस को तहरीर दी गई है। उधर, पुलिस ट्रक चालक से पूछताछ कर रही है।

# तार का ड्रम चोरी मामले में रिपोर्ट दर्ज, चार पकड़े

संवाददाता, खुटार

**अमृत विचार:** गांव मैनिया में सात सितंबर को तार का ड्रम चोरी हो जाने के मामले में शुक्रवार को पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली। नामजद चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है

कस्बा पुवायां के मोहल्ला आजादनगर निवासी अचल वर्मा ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उनके ताऊ के बेटे शिवम पुत्र महेश चंद्र की शिवम कॉरपोरेशन नाम की फर्म है। जिसका अथॉरिटी लेटर उनके पास है। वह इस फॉर्म को चलाते हैं। इस फर्म से खुटार के मोहनपुर गांव से पुनौती खुर्द तक बिजली की लाइन बिछाने का कार्य किया जा रहा है। करीब 20 दिन पूर्व लाइन बिछाने के लिए साढ़े सात किलोमीटर लंबे तार का एक ड्रम उन्हें यूनिवर्सल कंपनी से मिला था। जिसे ग्राम मैनिया में रिंकू किराना स्टोर के सामने रखवा दिया था। सात सितंबर को दोपहर तीन बजे उस ड्रम को कस्बा पुवायां के मोहल्ला गांधीनगर निवासी आशीष मिश्रा पुत्र राजकुमार मिश्रा, आजादनगर निवासी आनंद पुत्र धर्मेंद्र कुमार, गांव बिलसडी बुजुर्ग निवासी रोहित पुत्र निलेश व रंजीत अपने कुछ अन्य साथियों के साथ मिलकर चोरी कर ले गए थे। अचल तार के ड्रम को काफी तलाश करते रहे लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। इसके बाद उन्होंने पुलिस को चार लोगों के खिलाफ नामजद तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर चार नामजद और कुछ अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। शुक्रवार को पुलिस ने चारों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस का कहना है कि शनिवार को आरोपियों को जेल भेजा जाएगा।

- सात सितंबर को गांव मैनिया में किराने की दुकान के बाहर रखा ड्रम हो गया था चोरी

> पीड़ित की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया है। पकड़े गए आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। पूछताछ के बाद आरोपियों को जेल भेजा जाएगा।
> **- संजय कुमार**, थानाध्यक्ष, खुटार

## एक नजर

### नाबालिग से दुष्कर्म में अभियुक्त को 20 वर्ष कारावास की सजा

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** नाबालिग से दुष्कर्म के मुकदमे की सुनवाई के दौरान कोर्ट ने दोष सिद्ध होने पर एक अभियुक्त को 20 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा और 20 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। हरदोई के थाना शाहबाद के गांव काला गोड़ा निवासी रोहित पुत्र हरद्वारी के खिलाफ वर्ष 2021 में नाबालिग से दुष्कर्म किए जाने का मामला जैतीपुर थाने में दर्ज किया गया था। पुलिस ने विवेचना कर आरोप पत्र न्यायालय भेज दिया था। इस क्रम में मॉनिटरिंग सेल व थाना जैतीपुर पुलिस और अभियोजन विभाग द्वारा समन्वय स्थापित करके समयबद्ध रूप से न्यायालय एडीजे-43 में साक्षियों को साक्ष्य कराकर प्रभावी पैरवी की। मुकदमा चलने के दौरान गवाहों के बयान और शासकीय अधिवक्ता के तर्कों को सुनने के बाद दोष सिद्ध पाए जाने पर आरोपी रोहित को 20 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा और 20 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है।

### गोली मारकर किया घायल

**कांट।** कांट क्षेत्र के गांव हट्टीपुर कुर्रिया निवासी वेद प्रकाश मिश्रा( 60 ) शुक्रवार की शाम साढ़े छह बजे स्कूटी से कांट से अपने गांव वापस जा रहे थे। रास्ते में जिन्दो वाली पुलिया के निकट बाइक पर सवार दो युवकों ने वेद प्रकाश के गोली मार दी। गोली मारने के बाद दोनों युवक बाइक से भाग गए। घायल के हाथ की कोहनी में गोली लगी है। पुलिस ने जानकारी कर घायल को मेडिकल कॉलेज भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक अश्वनी कुमार ने बताया कि तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# कोलाघाट पुल: लोड टेस्ट को टीम ने संभाला मोर्चा

## इंजीनियर बोले, किया जा रहा सेटअप, टीम ने शुरू किया काम, 10 दिन बंद रहेगा आवागमन

संवाददाता, मिर्जापुर

**अमृत विचार :** कोलाघाट पुल के लोड टेस्ट की तैयारियां शुरू हो गई हैं। जांच टीम के कर्मियों ने मौके पर पहुंचकर पिलर चेकअप शुरू कर दिया है। वहीं पुलिस प्रशासन द्वारा ग्रामीणों को जागरूक कर रास्ता बंद होने की जानकारी दी जा रही है।

क्षेत्रीय लोगों के आंदोलन के बाद आखिरकार प्रशासन द्वारा लोड टेस्ट कराने की तैयारियां शुरू हो गई हैं। शनिवार से लोड टेस्ट शुरू होगा। शुक्रवार एसकॉम बिल्डकॉम प्राइवेट लिमिटेड के कर्मचारी पहुंच गए हैं। शुक्रवार को पहुंची टीम में छह लोग शामिल रहे। टीम की अगुवाई कर रहे इंजीनियर अश्विनी कुमार ने बताया कि लोड टेस्ट के लिए पूरा सेट अप लगा रहे हैं। टीम द्वारा पिलर की ग्रेवटिंग का काम शुरू कर दिया गया है। शनिवार से पुल से पूरी तरह से आवागमन प्रतिबन्धित रहेगा। इसके लिए मिर्जापुर थाना प्रभारी योगेन्द्र कुमार द्वारा माइक से क्षेत्र में एनाउंस कर 10 दिन के लिए रास्ता बंद होने की जानकारी दी जा रही। पुल से पैदल व दो पहिया वाहनों का आवागमन पूरी तरह से बंद रहेगा। क्षेत्र के लोग आवश्यक कार्य से राजेपुर अल्हागंज होते हुए जलालाबाद तथा जिला मुख्यालय जा सकते हैं। वहीं आसपास के ग्रामीणों ने बताया कि इस पुल पर पूरी तरह से आवागमन बंद हो जाने से जलालाबाद स्कूल-कॉलेजों में रोजाना पढ़ने के लिए आने जाने वाले छात्रों की पढ़ाई प्रभावित होगी। प्रशासन द्वारा फिलहाल नदी मार्ग द्वारा नाव से आवागमन जारी रखने की कोई व्यवस्था नही की गई है। कोर्ट कचहरी के काम से जाने वालो के लिए राजेपुर अल्हांगज होते हुए रोडवेज बस की व्यवस्था नहीं होने से ग्रामीण परेशान हैं।



कोलाघाट पुल पर भार सहने की क्षमता की जांच करते कर्मचारी। ● अमृत विचार



पुल पर तकनीकी पक्षों को देखते इंजीनियर। ● अमृत विचार

### अनुमति मिलने पर चलेगी नाव

तहसीलदार मोहम्मद अजहर अंसारी ने बताया कि क्षेत्रीय लोगों की मांग पर नदी में नाव द्वारा आवागमन जारी रखने के लिए जिला स्तरीय अधिकारियों को पत्र भेजा है। अनुमति मिलने पर नाव से आवागमन शुरू करा दिया जाएगा।




एसडीएम उत्सव आनंद को ज्ञापन देते सपा कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

### बेरीकेडिंग लगाकर रोके जाएंगे वाहन

मिर्जापुर थाना प्रभारी योगेंद्र कुमार ने बताया कि मिर्जापुर की तरफ से जाने वाले दो पहिया वाहन चालकों व पैदल यात्रियों को जरियनपुर नखासा तिराहा और पुल से पहले लगे पत्थरों के पास बैरीकेडिंग लगाकर रोका जाएगा।

### सपाइयों ने की मोटर बोट चलाए जाने की मांग, सौंपा ज्ञापन

**जलालाबाद, अमृत विचार :** क्षेत्र के रामगंगा नदी पर बने कोलाघाट पुल को लोड टेस्टिंग के लिए 14 से 23 सितंबर तक बंद किए जाने के दौरान नदी में मोटर बोट चलाए जाने की मांग की गई है। इसके लिए शुक्रवार को सपा कार्यकर्ताओं ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। लोड टेस्टिंग के दौरान पुल पर आवागमन पूर्णतया बंद रहेगा और लोगों को फर्रुखाबाद की सीमा से होकर 80 किलोमीटर दूरी तय करके जलालाबाद आना होगा। जिसके लिए सपा कार्यकर्ताओं ने एसडीएम उत्सव आनंद को ज्ञापन देकर मांग की कि पैदल एवं साइकिल यात्रियों के लिए नदी में तब तक मोटर बोट की सुविधा उपलब्ध कराई जाए। जिस पर एसडीएम ने मोटर बोट उपलब्ध कराए जाने का आश्वासन दिया है। ज्ञापन देने वालों में अध्यक्ष सूरजपाल सिंह यादव , संजीव गुप्ता, जिला पंचायत सदस्य रामदास राठौर, मुनेंद्र पाल सिंह, राजकुमार कश्यप, तस्लीम अंसारी, विवेक यादव आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# कोतवाली में वीडियो बनाने पर महिला और सिपाही की भिड़ंत

संवाददाता, पुवायां

● सिपाही ने महिला के खिलाफ दी तहरीर, तो मांगने लगी माफी

**अमृत विचार:** शिकायत लेकर कोतवाली आई महिला ने सिपाही का वीडियो बनाना शुरू कर दिया। जब सिपाही ने वीडियो बनाने से मना किया और मोबाइल लेने का प्रयास किया तो महिला सिपाही के ऊपर हमलावर हो गई। सिपाही ने अपना मेडिकल भी कराया।

क्षेत्र के गंगसरा गांव की रहने वाली एक महिला पुवायां में रहकर अपने बच्चों को पढ़ाती है। उसका ससुराल वालों से विवाद चल रहा था। ससुराल पक्ष वालों के खिलाफ तहरीर देने के बाद कोतवाली के सिपाही गौरव और महिला दरोगा मंजू चौधरी ने दोनों पक्षों को सोमवार को कोतवाली बुलाया। महिला कोतवाली पहुंची और इसी दौरान सिपाही गौरव अपना कागजी काम कर रहा था। महिला कोतवाली आई और सिपाही का वीडियो बनाने लगी। जब सिपाही ने महिला को वीडियो बनाने से मना कर दिया, तो वह अक्रामक हो गई और अभद्रता करने लगी। सिपाही ने जब महिला से मोबाइल लेने का प्रयास किया, तो महिला के नाखून सिपाही के हाथों में लग गए। इसके बाद सिपाही ने अपना मेडिकल कराया और महिला के खिलाफ तहरीर दी। महिला ने अपने आप को फंसता देखा तो सिपाही की खुशामद करने लगी और हाथ जोड़ने के बाद कहा हमसे गलती हो गई और मामले को निपटा लिया। वहीं महिला द्वारा ससुराल पक्ष के खिलाफ दी गई तहरीर के मामले में भी दोनों पक्षों का पुलिस ने समझौता कर दिया और महिला अपने घर चली गई।

> गंगसरा की एक महिला कोतवाली आई थी और उसका सिपाही से कुछ विवाद हुआ था महिला ने अपनी गलती स्वीकार ली और माफी मांगने के बाद सिपाही और महिला के बीच में मामला खत्म हो गया।
> **-हरपाल सिंह बालियान**, कोतवाल

### युवती से छेड़छाड़, रिपोर्ट दर्ज

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** जैतीपुर क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने बताया कि उसने अपनी 25 वर्षीया पुत्री की शादी बरेली में की थी। वह मायके आयी हुई थी। 8 सितंबर को शाम उसकी पुत्री बग्गर में जानवरों के लिए भूसा लेने के लिए गई। गांव के अरब सिंह ने उसे गलत नियत से पकड़ लिया और एकांत की ओर खींचकर ले गया। आरोप है कि उसकी पुत्री के साथ छेड़छाड़ की। पुत्री के शोर मचाने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

**गुमशुदा बच्चा परिवार के सुपुर्द: शाहजहांपुर।** जलालाबाद प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार राय ने बताया कि शुक्रवार को दो बजे 5 साल का बच्चा बारह पत्थर के पास अकेला खड़ा रो रहा था। उप निरीक्षक सचिन भारती बच्चे को थाना ले आए और पूछताछ की। बच्चा कुछ बता नहीं पा रहा था। पुलिस ने बच्चे का फोटो मोबाइल पर फेसबुक पर डाला। कुछ समय बाद उसके माता-पिता तलाश करते हुए पहुंच गए। बच्चा अपने माता-पिता को देखकर रोता हुआ पैरों पर लिपट गया। पुलिस ने बच्चे को माता पिता के सुपुर्द कर दिया।






# स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता थीम पर चलेगा अभियान

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

● डीएम की अध्यक्षता में हुई जिला स्वच्छता समिति ग्रामीण की बैठक
● बीडीओ गांव में जाकर प्रधानों से मिलकर कराएंगे सफाई कार्य

**अमृत विचार:** पंचायतीराज विभाग की ओर से इस बार स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता थीम पर विशेष सफाई अभियान चलाया जाएगा। बीडीओ गांवों में जाकर ग्राम प्रधानों के साथ बैठक कर साफ-सफाई की रणनीति बनाएंगे और गांव में सफाई कराएंगे। शुक्रवार को कलेक्ट्रेट में बैठक के दौरान डीएम उमेश प्रताप सिंह ने इसके लिए निर्देश जारी किए।

जिलाधिकारी ने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण फेस दो के अंतर्गत शासन के निर्देशों का अनुपालन किया जाए। खंड विकास अधिकारियों को निर्देश दिए कि आरसी सेंटर, कूड़ा उठाने वाले ई-रिक्शा, कूड़ा उठाने के लिए यूसेज चार्जेस आदि स्वच्छता के कार्यों को सक्रिय करने के लिए प्रत्येक सप्ताह खंड विकास अधिकारी गांवों में जाकर ग्राम प्रधानों के साथ मीटिंग कर स्वच्छता संबंधी कार्यों को कराना सुनिश्चित करें। संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि पखवाड़े का आयोजन निर्धारित तिथियां के अनुसार किया जाए ।इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी डॉ. अपराजिता सिंह, जिला पंचायती राज अधिकारी घनश्याम सागर, जिला विद्यालय निरीक्षक हरिवंश कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी दिव्या गुप्ता आदि रहे।

### स्वच्छता से संबंधित प्रतियोगिताओं का करें आयोजन

जिलाधिकारी ने स्वच्छता ही सेवा ( स्वभाव स्वच्छता- संस्कार स्वच्छता ) की थीम पर 17 सितंबर से दो अक्टूबर 2024 तक चलाए जाने वाले स्वच्छता अभियान को सफल बनाने के दृष्टिगत जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि इस पखवाड़े के माध्यम से स्वच्छता के लिए आम नागरिकों, समुदायों, स्वैच्छिक संगठनों की सहभागिता सुनिश्चित की जाए। जन-जागरुकता, स्वच्छता शपथ, स्वच्छता से संबंधित प्रतियोगिताएं इत्यादि विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाए। सफाई कर्मी अपने ड्यूटी स्थल पर पहुंचकर समय से साफ-सफाई करना सुनिश्चित करें।

## बेहतर नेतृत्व देकर शिक्षा व्यवस्था में लाएं सुधार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



जिला टास्क फोर्स समिति की बैठक लेते डीएम उमेश प्रताप सिंह।

● कहा- निरीक्षण बढ़ाकर तीन दिन में भेजें रिपोर्ट, मिशन कायाकल्प के कार्य शीघ्र पूरे कराएं

**अमृत विचार :** कलेक्ट्रेट सभागार में शुक्रवार को बेसिक शिक्षा विभाग की जिला टास्क फोर्स समिति की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीएम उमेश प्रताप सिंह की ने खंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह विद्यालयों का निरीक्षण बढ़ाकर, शिक्षा की गुणवत्ता, बच्चों की उपस्थिति, मध्यान्ह भोजन, फल वितरण, साफ सफाई सहित अन्य कार्यों में सुधार करते हुए तीन दिन के अंदर रिपोर्ट प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें। साथ ही बेहतर नेतृत्व देकर शिक्षा व्यवस्था में सुधार लाएं।

बैठक में डीएम ने कड़ा रुख अपनाते हुए बीईओ को निर्देश दिए कि वह मिशन कायाकल्प के अंतर्गत विद्यालयों में शेष कार्य पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। साथ ही सभी खंड शिक्षा अधिकारी बेहतर नेतृत्व देकर शिक्षा व्यवस्था में सुधार लाएं। स्कूलों में बच्चों को बेहतर शिक्षा व्यवस्था उपलब्ध कराई जाए। एमडीएम योजनांतर्गत बच्चों को गुणवत्ता पूर्ण भोजन उपलब्ध कराए, इसमें किसी भी स्तर पर शिथिलता न बरती जाए। डीएम ने कहा कि जिला स्तरीय अधिकारी विद्यालयों का नियमित निरीक्षण करते रहें। निरीक्षण में शिक्षा की गुणवत्ता के साथ बच्चों के लिए मिलने वाली सभी आवश्यक मूलभूत सुविधाएं की उपलब्धता पर भी ध्यान दिया जाए।

उन्होंने मिशन कायाकल्प, निपुण विद्यालय बनाए जाने, जर्जर भवन का ध्वस्तीकारण सहित अन्य बिंदुओं पर समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में सीडीओ डॉ. अपराजिता सिंह, एडीएम प्रशासन संजय कुमार पांडेय, डीआईओएस हरिवंश कुमार, बीएसए दिव्या गुप्ता सहित अन्य विभागीय अधिकारी और खंड शिक्षा अधिकारी मौजूद रहे।

### हर गांव में पांच-पांच स्वच्छता यूथ का करें चयन

निर्देश दिए कि हर गांव में पांच-पांच स्वच्छता यूथ चयनित करें जो स्वच्छता के कार्यों में जागरूक व संचालन में सहयोग करें। जनपद में ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन इकाई संचालित रहें। स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के अंतर्गत व्यक्तिगत शौचालय के निर्माण, एसबीएम आदि विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की और आवश्यक दिशा निर्देश दिए।






### सचिव और ठेकेदार पर सरकारी धन का बंदरबांट करने का आरोप

**पुवायां, अमृत विचार :** उमरसंडा गांव की प्रधान ने तत्कालीन सचिव और ठेकेदार पर सरकारी धन के बंदरबांट करने का आरोप लगा तहरीर देकर कार्रवाई किए जाने की मांग की। विकासखंड पुवायां के गांव उमरसंडा की प्रधान चेतना कुमारी ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि कुछ दिन पूर्व तत्कालीन सचिव ने एक फर्म को पांच-छह लाख का भुगतान किया। आरोप यह कि सरकारी धनराशि को सचिव व ठेकेदार ने मिलकर बांट लिया। इस भुगतान के सापेक्ष ठेकेदार ने कोई भी सामग्री ग्राम सभा को उपलब्ध नहीं कराई। प्रधान ने जब सचिव व ठेकेदार से सामग्री उपलब्ध कराए जाने को कहा तो दोनों ने इंकार करते हुए शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी भी दी। प्रधान ने पुलिस को तहरीर देकर तत्कालीन सचिव व ठेकेदार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई किए जाने की मांग की। इस बाबत कोतवाल हरिपाल सिंह बालियान ने बताया कि इस मामले की जांच की जा रही है, जांच के बाद उचित कार्रवाई की जाएगी। इस संबंध में बीडीओ संजय यादव ने कहा कि मामले में जांच टीम गठित की गई है। सचिव का स्थानांतरण हो चुका है और अब तक की जानकारी से पता चला कि ग्राम प्रधान का डोंगल भी इसी ठेकेदार के पास है। सरकारी धनराशि निकाले जाने की शिकायत जिला मुख्यालय पर की गई थी, जिसके बाद इस मामले में जांच टीम गठित कर दी गई है।

### रास्ते के विवाद में रिपोर्ट दर्ज होने के बाद दोनों पक्षों में बढ़ा तनाव

**मकसूदापुर, अमृत विचार :** धर्मापुर में रास्ते के विवाद को लेकर दो पक्ष आमने-सामने हैं। दोनों ने एक दूसरे पर जानलेवा हमले की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई है, लेकिन रिपोर्ट दर्ज होने के बाद दोनों पक्षों में तनाव चरम पर है। गांव धर्मापुर के दिनेश कुमार आदि का पक्ष दीवार हटाकर रास्ता खुलवाने के प्रयास में जुटा है, वहीं दूसरी ओर विशंभर दयाल का पक्ष रास्ते से लगे खेत से रास्ता बनवाए जाने की कोशिश कर रहा है। जिसे लेकर लंबे समय से दोनों पक्ष कई बार आमने-सामने आ चुके हैं, लेकिन अभी तक पुलिस की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई थी। मंगलवार को दोनों पक्ष एक दूसरे के सामने आ गये, दोनों ओर से मारपीट हुई और फायरिंग का भी आरोप लगाया गया। प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार ने बताया कि घटना के संबंध में साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं। दोषियों के विरुद्ध जल्द कार्रवाई की जाएगी।

# आक्रोशित लोगों ने गर्रा पुल पर लगाया जाम

हाय बिजली...

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



पुलिस से बिजली विभाग के प्रति आक्रोश जताते बिजली उपभोक्ता। ● अमृत विचार



जाम लगाने के लिए रोड पर सीढ़ी लगाते लोग। ● अमृत विचार

● अब्दुल्लागंज फीडर से 30 घंटे बाद भी नहीं मिली आपूर्ति, जेई से नोकझोंक,वाहनों की लगी कतार

**अमृत विचार :** शहर में अब्दुल्लागंज फीडर से 30 घंटे बीत जाने के बाद भी कई मोहल्लों में लाइट नहीं आई है। आक्रोशित उपभोक्ताओं ने गर्रा पुल पर जाम लगा दिया। इस दौरान बिजली विभाग के अधिकारियों के विरुद्ध जमकर नारेबाजी की। उपभोक्ताओं की बिजली विभाग के एसडीओ से जमकर नोकझोंक हुई। गर्रा पुल पर दोनों तरफ जाम लग गया।

गुरुवार की दोपहर एक बजे शहर की विद्युत आपूर्ति ठप हो गई। पूरी रात शहर अंधकार में डूब गया। शुक्रवार दोपहर एक बजे कुछ मोहल्लों में लाइट आ गई लेकिन गर्रा फाटक पर स्थित अब्दुल्लागंज फीडर की लाइट 30 घंटे बीत जाने के बाद नहीं आई। इस फीडर से मोहम्मद जई, हुंडाल खेल, चौक, चार खंभा समेत करीब एक दर्जन मोहल्ले जुड़े है। आक्रोशित उपभोक्ताओं ने शाम चार बजे गर्रा फाटक पर जाम लगा दिया। इस दौरान सड़क पर लोग बैठ गए। उपभोक्ताओं ने बिजली विभाग के अधिकारियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। दोनों तरफ वाहनों की कतार लग गयी। प्रभारी निरीक्षक राजीव तोमर सिपाहियों के साथ जाम स्थल पर पहुंचे और उपभोक्ताओं को समझाने का प्रयास किया। उन्होंने अधिकारियों को जानकारी दी। सीओ सदर, नगर मजिस्ट्रेट मौके पर पहुंचे और उपभोक्ताओं को समझाने का प्रयास किया। उपभोक्ताओं ने कहा कि 30 घंटे हो गए और अभी तक लाइट नहीं आई। घरों में एक बूंद पानी नहीं है। पानी पीने के लिए लोग तरस रहे है। अधिकारियों के आवास पर लाइट आ रही है। डीएम कंपाउन्ड में लाइट खराब होती तो तुरंत ठीक हो जाती है। बिजली विभाग के अधिकारी फोन बंद कर लेते है या फिर फोन नहीं उठाते है। उपभोक्ताओं ने कहा कि जब बिजली विभाग का अधिकारी नहीं आएगा, जाम नहीं खुलेगा। अब्दुल्लागंज फीडर के जेई पहुंचे। उपभोक्ताओं की उनसे नोकझोंक हुई। जेई ने बताया कि कई खंभे टूट गए थे और नए खंभे लगाए जा रहे है। लोगों ने कहा कि पानी के लिए कम से कम सुबह एक घंटे लाइट देनी चाहिए। अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि एक घंटे में लाइट आ जाएगी। इस आश्वासन पर जाम खत्म हुआ।

### वाहनों को किया गया डायवर्ट

गर्रा पुल पर जाम लगाने के बाद वाहनों के रूट को डायवर्जन कर दिया गया। वाहनों को केरूगंज चौराहे से पक्के पुल की तरफ और बरेली मोड़ से हाईवे पर हरदोई बाईपास की तरफ वाहनों का डायवर्जन किया गया। इधर गर्रा पुल पर स्थित अब्दुल्ला गंज फीडर पर कर्मचारी कार्यालय में ताला बंद करके भाग गए थे। कर्मचारियों विद्युत केंद्र को भी घेर लिया था।

मानसिक रोग, सैक्स रोग, नशा उन्मूलन विशेषज्ञ



डॉ. (प्रो.) राकेश यदुवंशी
Neuropsychiatrist
M.B.B.S., M.D., F.I.P.S., M.I.A.C.A.M.
(के.जी.एम.यू. लखनऊ)
भूतपूर्व मनोचिकित्सक, रुहेलखण्ड मेडिकल कॉलेज, बरेली

मिलने का समय
सोमवार-बुधवार
पूर्वान्ह 11 से 3 बजे तक
गुरुवार-शनिवार
दोपहर 2 बजे से 6 बजे तक

- हिस्टीरिया, मिर्गी
- सिर दर्द, माइग्रेन
- डिप्रेशन, घबराहट
- सिज़ोफ्रेनिया, उन्माद
- नशे की आदत
- डिमोशिया
- याददाश्त कम होना
- बच्चों में चंचलता
- पागलपन बुदबुदाना
- बिस्तर गीला करना
- बेवजह शक करना
- नींद न आना

दिमाग की जाँच (E.E.G.) की सुविधा उपलब्ध है।



संवेदना क्लीनिक
100 फिटा रोड, बरेली।
Mob. 08126922960
Clinic : 7409944400



सैक्स रोगी मिलें
सैक्स रोगों का एकमात्र स्थायी समाधान



डॉ. रफीक
समय-रोजाना प्रातः 9 बजे से सायं 5 बजे तक (रविवार अवकाश)
बड़ी बिहार, निकट डेलापीर मण्डी, बरेली। मो. 9319929913

नामर्दी Impotance, नसों की कमजोरी, संभोग से घबराहट, उत्तेजना की कमी, स्त्रियों में सैक्स की इच्छा न होना, मानसिक तनाव आदि के लिए नि:संकोच मिलें।

ताकत, जोश, रुकावट और वैवाहिक जीवन का आनन्द उठाएं।
- शीघ्र पतन (Premature Ejaculation)
- धात रोग (Spermatorrhoea)
- स्वप्न दोष (Night Fall)
- वीर्य का पतलापन बगैरा का इलाज विशेष प्रकार की भस्मों, माजून, तिलों द्वारा किया जाता है।
- निल शुक्राणु (Azoospermia)
- शुक्राणुओं की कमी (Oligospermia)
- बांझपन (Sterility)
- सफेद पानी (Leucorrhoea)
- पेट में दर्द (Pelvic Pain)
- बार-बार गर्भपात होना

35 वर्षों का अनुभवी
आयुर्वेदिका, यूनानी इलाज कराएं, जीवन में खुशियां लाएं।

ALA Herbal
ताकत, जोश, रुकावट का स्थायी समाधान
कैप्सूल मैनसूल (काम्बो पैक)




धात, शीघ्रपतन, नपुंसकता के सम्पूर्ण समाधान के लिए इस पैक में तीन प्रकार के कैप्सूल है। तीनों तरह के एक-एक कैप्सूल दूध के साथ खाने से हर प्रकार की कमजोरी ठीक हो जाती है। यह शुक्राणुओं की कमी को दूर करता है। इम्युनिटी पावर को बढ़ाता है। Stress, Depression में लाभ करता है।
यह पूर्णतयः हर्बल है, इसका कोई साइड इफैक्ट नहीं है
Flipkart, Amazon पर उपलब्ध है।
Helpline No. 8439818102 7451039913
स्टॉकिस्ट
आरोग्य सदन बरेली
9837007202


## गबन करने पर समूह की दो अध्यक्ष पर रिपोर्ट दर्ज

**बदायूं, अमृत विचार :** स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के 33 लाख 48 हजार 536 रुपये के गबन करने के आरोपी में पुलिस ने समूह की अध्यक्ष पिंकी मलिक और सुनीता देवी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। आरोप है कि उन्होंने बैंक कर्मचारियों की मदद से यह धनराशि अपने खाते में स्थानांतरित करा ली और खाते से निकाल ली। म्याऊं के बीडीओ मनीष वर्मा की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करके जांच शुरू कर दी है। जिला पंचायत सदस्य जाकिर हुसैन उर्फ बबलू ने डीएम निधि श्रीवास्तव से शिकायत करके बताया था कि विकास क्षेत्र म्याऊं में संचालित स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने संचालन में रुपयों का गबन किया है। डीएम ने डीआरडीए के परियोजना निदेशक बलराम कुमार से मामले की जांच कराने में पता चला कि लक्ष्मी महिला ग्राम संगठन समूह की अध्यक्ष सुनीता देवी और ओम सांई समूह की अध्यक्ष पिंकी मलिक ने समूह के संचालन में मिली धनराशि बैंक के कर्मचारियों से मिलीभगत करते अपने खाते में स्थानांतरित करा ली है। जांच आख्या मिलने के बाद डीएम ने आरोपी महिलाओं के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने और रिकवरी करने का आदेश दिया।

# 48 घंटे बारिश : जनजीवन अस्त व्यस्त

## घरों में कैद होकर रह गए लोग, जरूरी काम से निकले बाहर, दुकानें भी रहीं बंद

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** 11 सितंबर की सुबह से लगातार हो रही बारिश से आम जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। लोग घरों में कैद होकर रह गए हैं। स्कूल कॉलेज सब बंद पड़े हैं। बाजार में दुकानें तक नहीं खुल पा रही हैं। 13 सितंबर सुबह तक 176 मिमी बारिश दर्ज हुई है। जलभराव से शहर के ज्यादातर इलाकों में जलभराव हो गया है। इससे लोगों को आवागमन में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

48 घंटे से हो रही बारिश ने दिनचर्या प्रभावित कर दी है। शुक्रवार की सुबह लोग अपने रोजमर्रा के कामों के लिए नहीं निकल पाए तो परेशान रहे। अधिकांश छोटे कारखाने, दुकानें, स्टाल, ढाबा, स्कूल बंद रहे। दफ्तरों में काम करने वाले लोग भीगते हुए पहुंचे। बारिश की वजह से शहर के बाजार, मोहल्लों की गलियों जलभराव हो गया। कई नये इलाकों में भी जलभराव हो गया। हालांकि दोपहर के समय आधा घंटे के लिए मौसम साफ हो गया और धूप भी खिली, लेकिन इसके बाद फिर से काले बादल छा गए और बरसात शुरू हो गई। यह क्रम देर शाम तक जारी रहा। शुक्रवार को अधिकतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 23 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया है। आंदोलन कारियों के हौसले बारिश में कम नहीं हुए। उनका आदोलन चलता रहा। वाल्मिकी समाज और आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का प्रदर्शन तीसरे दिन भी जारी रहा। बारिश से कई जगह कच्ची दीवारें भी गिरी गत दिनों गिरी के मलबे में दब कर युवक की गुरुवार को मौत हो गई

**खेतों में भरा पानीरः** लगातार बारिश जारी रहने से फसलों को काफी नुकसान पहुंचा है। जिले में बारिश व तेज हवा से धान और गन्ने की फसलें बिछ गईं। बारिश से बाजरा, उड़द, तिल समेत अन्य फसलों को भी नुकसान पहुंचा है। किसानों का कहना है कि धान, उड़द और बाजरा की फसलों में बरसात का पानी भर गया है। दलहनी फसलों को अधिक नुकसान हुआ है।



शहर की मधुवन कॉलोनी में जलभराव । ● अमृत विचार

### किसान तीन दिनों में दे दें फसल नुकसान की सूचना

वर्षा के कारण खरीफ की विभिन्न फसलों में हानि होने तथा उपज में कमी होने की सम्भावना कृषि विभाग ने जताई है। उप कृषि निदेशक मनोज कुमार ने किसानों से अपील की है। जिन किसानों की फसलों को नुकसान पहुंचा है। उसकी जानकारी वह 72 घंटे के अंदर नामित बीमा कंपनी को दें। कृषि विभाग ने फसल नुकसान के लिए टोल फ्री 14447 नंबर जारी किया है। जिस पर किसान सूचना दे सकते हैं। जिससे फसलों का सर्वेक्षण कराने के बाद नुकसान की भरपाई की जा सके। इसकी सुविधा किसान उठाएं।

### लोगों के घर में घुसा पानी

रात भर बारिश का दौर जारी रहा। जिसकी वजह से शहर के निचले इलाकों में दुकानों और घरों में पानी घुस गया। गांधी ग्राउंड, सुभाष चौक, आर्य समाज चौक, नई सराय, पटियाली सराय और लोची नगला में आदि इलाकों में दुकानों और घरों में पानी घुस गया। सुबह के समय लोग घरों और दुकानों से पानी निकालते हुए दिखाई दिए। बारिश की वजह से बाजार प्रभावित हो गया है। बाजार में अधिकांश दुकानें बंद रहीं। जो दुकानें खुली थीं। उन पर ग्राहकों का टोटा रहा।



बारिश और तेज हवा से खेतों में खड़ी फसल भी प्रभावित हो गई।

# गंगा उफनाने लगीं, दो गांवों में भरा पानी

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

अमृत विचार : पहाड़ों पर हो रही मूसलाधार बारिश ने मैदानी इलाकों में एक बार फिर धड़कने बढ़ा दी हैं। गंगा में छोड़ा जा रहा पानी अब तटवर्ती इलाकों में ग्रामीणों को मुसीबत बनता जा रहा है। सड़क से गांवों को जोड़ने वाले संपर्क मार्गो पर पानी भर गया है जिससे आवागमन बंद हो गया है। कछला गंगा का जलस्तर कम होने के बाद अब तेजी से ऊपर बढ़ रहा है।

शुक्रवार को नरौरा से 77 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा गया। जबकि एक दिन पहले भी इतना ही पानी डिस्चार्ज किया गया। नरौरा से छोड़ा जा रहा पानी गंगा में अब तबाही मचाता हुआ आगे बढ़ रहा है। दो दिन से बढ़ रहे पानी के कारण कछला गंगा का जलस्तर आज खतरे के निशान से 32 सेमी ऊपर पहुंच गया। गंगा में पानी तेजी के साथ बढ़ रहा है। बाढ़ खंड की मानें तो अगले 24 घंटे में गंगा में एक लाख से अधिक क्युसेक पानी छोड़े जाने की संभावना है। यदि एक लाख पानी फिर आता है तो उसहैत दातागंज हजरतपुर, सहसवान इलाके में ग्रामीणों को परेशानी होना तय माना जा रहा है।

शुक्रवार को उसहैत के जटा और प्रेमी नगला गांव को जाने वाले संपर्क मार्ग पर पानी भर गया जिससे यह दोनो रोड बंद हो गये। ग्रामीणों को सड़क तक आने के लिए एक बार फिर नाव और ट्रैक्टर का सहारा लेना पड़ रहा है। जटा गांव तक पानी पहुंच चुका है। खेत खलिहान में पानी दो से तीन फुट तक भर जाने से धान की फसल पानी में डूब गयी है। कई अन्य फसलें पूरी तरह नष्ट हो चुकी हैं। ग्रामीणों ने आशंका जताई है कि यदि पानी दो दिन तक इतना ही आता रहा तो बाढ़ का खतरा बढ़ जाएगा। बेहटी, कमलू नगला, भुंडी, पथरामई, जटा, कमलैयापूर, कदम नगला, दलनगला में जलस्तर बढ़ने से लोगों की धड़कने बढने लगी हैं। ललोमई निवासी अभिषेक, सहदेव यादव, मुखबिर सिंह, अमरपाल सतपाल, समेत दर्जनो लोगों की गंगा का जलस्तर बढने से बाजरा की फसल नष्ट हो चुकी है। इन्ही गांवों में पिछले वर्ष भी फसले, जमीने, गंगा में बह गयी थीं। प्रेमी नगला और जटा में बारिश के पानी से और टूटी सड़कों से ग्रामीण परेशान, हैं।

रामगंगा में गंगा का जलस्तर 159,48 मीटर पहुंच गया है। इससे दातागंज और हजरतपुर इलाके में एक बार फिर मुश्किलें बढ़ गयी हैं। यहां नाव चलने लगी है। पानी बढ़ने से दातागंज तहसील प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता करने के निर्देश दिए हैं।



प्रेमी नगला में भरा बारिश का पानी। ● अमृत विचार

> अगले दो दिन पानी और बढ़ सकता है। संभावना है कि चौबीस घंटे के अंदर नरौरा से एक लाख से अधिक क्यूसेक पानी छोड़ा जाए जिससे तटवर्ती इलाकों में बाढ़ जैसे हालात बन सकते हैं।
> **-नेशपाल**, सहायक अभियंता, बाढ़ खंड

### महावा नदी भी बढ़ी

सहसवान क्षेत्र की महावा नदी ने एक बार फिर अपना आकार बढ़ाना शुरू कर दिया है जिससे बांध के अंदर बसे गांवों को बाढ़ का खतरा पैदा हो गया है। खादी नगला में पानी पहुंच चुका है। बाढ़ के संभावित खतरे को देखते हुए सहसवान तहसील प्रशासन भी चौकन्ना हो गया है। तहसील प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था दुरूस्त रखने के निर्देश दिए हैं।



बांध से टकराता हुआ गंगा का पानी। ● अमृत विचार

## परिषदीय विद्यालयों में 18 से शुरू होंगी सत्र परीक्षा

**बदायूं, अमृत विचारः** परिषदीय स्कूलों में एक बार फिर से तीन साल बाद सत्र परीक्षाएं शुरू हो रही हैं। सत्र परीक्षाएं 18 सितंबर से शुरू हो रही हैं। जो कि 24 अक्टूबर तक जारी रहेंगी। विद्यालय स्तर पर प्रश्न पत्र कर परीक्षा कराई जाएगी। परीक्षा के बाद निर्धारित तिथि को अभिभावकों को विद्यालय में आमंत्रित कर बच्चों की प्रगति भी साझा करनी होगी। सत्र परीक्षा कराने को लेकर बीएसए ने खंड शिक्षा अधिकारियों और शिक्षकों को निर्देश जारी किए हैं।

जिले में 2155 परिषदीय स्कूल संचालित हैं। इन स्कूलों में 3.42 लाख से अधिक बच्चे पंजीकृत हैं। इन स्कूलों में एक बार फिर से सत्र परीक्षा शुरू हो रही है। जो कि कोरोना के दौरान बंद कर दी गई थी। परिषदीय स्कूलों में दो बार परीक्षा कराने के बाद उनका दो बार ही मूल्यांकन हो पा रहा था। बेसिक शिक्षा विभाग अब फिर से दोनों सत्रीय परीक्षाएं कराएगा। इस प्रकार से अब परिषदीय स्कूलों के छात्रों का साल भर में चार बार मूल्यांकन होगा। परीक्षाएं 18 सितंबर से शुरु हो रही हैं।

# हरी सब्जियों के बढ़े दाम, धनिया हुआ गायब

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचारः** तीन दिनों से बारिश का क्रम जारी है। जनपद में हर तरफ बारिश हो रही है। इससे खेत-खलिहानों में बारिश का पानी जम गया है। खेतों में पानी जमने से भिंडी, कद्दू, बैंगन, तोरई, लौकी, परवल आदि फसलें प्रभावित हो गई हैं। इस वजह से बाजार में हरी सब्जी की आवक काफी कम हो गई। भारी बारिश की वजह से छह सड़का स्थित सब्जी मंडी में सब्जियों की आवक न होने से अधिकांश दुकानें बंद रहीं। जो खुली थीं। उन पर सब्जियों की मात्रा कम दिखाई दी। बारिश से शुक्रवार को मंडी में बंद गोभी से लेकर भिंडी, शिमला मिर्च, बींस, हरी मिर्च के दाम में प्रति किलो 5 से 15 रुपये की बढ़ोतरी हुई है। जबकि पिछले हफ्ते कुछ सब्जियों के दाम गिरे थे। लेकिन मंडी में सब्जियों की आवक न होने से दाम में फिर से बढ़ोतरी हो गई है।

मंडी में अरबी 60 रुपये किलो, लौकी, तोरई 50 रुपये, भिंडी 40 रुपये, बैंगन 40 रुपये, आलू 35 रुपये, नींबू 150, हरी मिर्च 60-50, लहसुन 400 रुपये, अदरक 150-200 रुपये किलो पर पहुंच गया है। जिसमें धनिया, पालक गायब हो चुका है। धनिया और पालक दुकानों पर दिखाई नही दिया।



सब्जी मंडी में ग्राहकों के इंतजार में बैठा दुकानदार, गिने चुने लोग कर रहे खरीदारी



जर्जर दशा में रजिस्ट्री कार्यालय।

### बारिश में टपकने लगा रजिस्ट्री कार्यालय

**सहसवान, अमृत विचार :** अंग्रेजी शासन काल में बना रजिस्ट्री ऑफिस भारी बारिश में टपकने लगा है। रजिस्ट्री ऑफिस के अंदर कर्मचारियों ने जगह-जगह बाल्टियां लेकर पानी को बाहर फेंका । रजिस्ट्री ऑफिस टपकने से रजिस्ट्री करने आए लोगों को भी भारी परेशानी की सामना करना पड़ा। कार्यालय टपकने से रिकॉर्ड के खराब होने की संभावना बनी हुई है।

### करंट से भैंस की मौत

**मुजरिया अमृत विचारः** खेत पर भैंस बांधने को के जाते वक्त सड़क किनारे लगे बिजली के खंभे से करंट उतर आया। जिसकी चपेट में आकर भैंस की मौत हो गई। भैंस स्वामी ने पुलिस को तहरीर देकर विद्युत विभाग के खिलाफ कार्रवाई के लिए मांग की है।

# दरोगा ने की अभद्रता वकीलों ने सौंपा ज्ञापन



एसडीएम को ज्ञापन देते अधिवक्ता। ● अमृत विचार

संवाददाता, बिल्सी

**अमृत विचार :** तहसील बार एसोसिएशन की आपात बैठक अध्यक्ष ग्रीशचन्द्र की अध्यक्षता में सभागार में आयोजित की गई। जिसमें बार एसोसिएशन के सदस्य अधिवक्ता भुवनेश्वर पाल के साथ ग्रामीण बैंक की शाखा सैदपुर के गेट पर एसआई आकाश तोमर व होमगार्ड महिपाल के द्वारा किये अभद्र व्यवहार की घोर निंदा की गयी। बाद में एसएसपी को संबोधित एक ज्ञापन एसडीएम प्रवर्धन शर्मा को सौंपा गया। जिसमें दोषी एसआई और होमगार्ड के खिलाफ कठोर कार्रवाई किए जाने की मांग की गई। बार अध्यक्ष ने बताया कि अधिवक्ता भुवनेश्वर पाल अपने बैंक सम्बन्धित कार्य से प्रथम यूपी ग्रामीण बैंक गए थे, तभी थाना वजीरगंज में तैनात एसआई व होमगार्ड ने बैंक की दैनिक चेकिंग के दौरान वहां उपस्थित लोगों व अधिवक्ता के साथ धक्का मुक्की की, तथा गाली गलौच भी की, जब अधिवक्ता ने उक्त दरोगा को बताया कि वह अधिवक्ता है। । इसके बाद पुनः दुर्व्यवहार करने लगा। बार एसोसिएशन इस पर रोष व्याप्त किया और दरोगा और होमगार्ड के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। इस मौके पर एसोसिएशन के मुकेश कुमार सिंह, मंजू सिंह यादव, मुनीश कुमार, डीपी सिंह, सतीश चंद्र, सोमपाल, रामप्रकाश श्रीवास्तव, अनिल कुमार, रामनाथ आदि सदस्य मौजूद रहे।

# बारिश में गिरी छत, ननिहाल में रह रहे युवक की मौत

## गुरुवार रात थाना उघैती क्षेत्र के गांव सराह बघौली में हुआ हादसा, अस्पताल में था भर्ती

संवाददाता, उघैती

**अमृत विचार :** दो दिन से रुक-रुककर हो रही बारिश का कहर जारी है। जगह-जगह कच्चे मकानों की दीवार और छत गिरने के मामले सामने आए हैं। गुरुवार रात थाना उघैती क्षेत्र के गांव सराह बघौली में छत गिर गई। मलबा के नीचे दबकर ननिहाल में रहा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन उसे इलाज के लिए चंदौसी के अस्पताल ले गए। जहां इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई। परिजनों ने गांव के पास शव का अंतिम संस्कार कर दिया।

थाना उघैती क्षेत्र के गांव मेवली निवासी प्रदीप शाक्य (22) पुत्र भूपशंकर शाक्य के माता-पिता दिल्ली में रहकर काम करते थे। वह लगभग 8 साल की उम्र से अपने मामा राम बहादुर के घर गांव सराह बघौली में रह रहे थे। प्रदीप शाक्य बीए करने के बाद बिल्सी से कंप्यूटर की कोचिंग कर रहे थे। गुरुवार रात वह कमरे में सोए थे जबकि परिवार के अन्य लोग कमरे के बाहर बरामदे में सोए थे। रात में बारिश हो रही थी। इसी दौरान लगभग साढ़े नौ बजे कमरे की छत अचानक गिर गई। प्रदीप शाक्य मलबा के नीचे दब गए। तेज आवाज होने पर परिजन जागे। मौके पर चीख पुकार मच गई। मलबा हटाकर प्रदीप शाक्य को बाहर निकाला। परिजन युवक को चंदौसी के अस्पताल ले गए। जहां युवक का इलाज चल रहा था लेकिन देर रात युवक ने दम तोड़ दिया। परिजन शव गांव ले आए। प्रदीप के परिजनों को सूचना दी। परिजन दिल्ली से गांव सराह बघौली पहुंचे। शुक्रवार दोपहर लगभग चार बजे अंतिम संस्कार किया गया। मौत के बाद परिजनों में चीत्कार मचा हुआ है।



बारिश के दौरान गिरी छत का मलबा। ● अमृत विचार



युवक की मौत के बाद विलाप करतीं परिजन। ● अमृत विचार



मृतक प्रदीप शाक्य।

# बरसात में ढह गई मकानों की छतें, दादी और पोता घायल

संवाददाता, इस्लामनगर

- दो स्थानों पर गिरी मकान की छतें, सोते रह गए लोग

**अमृत विचार:** दो दिनों हो रही लगातार बारिश अब लोगों के लिए परेशानी का सबब बनती जा रही है। बारिश की वजह से दो स्थानों पर मकानों छतें गिर गईं। स्थान पर छत गिरने से दादी और पोता घायल हो गए। वहीं दूसरी घटना में लोग बाल बाल बच गए। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

शुक्रवार की सुबह करीब 4 बजे गांव ढेरियन निवासी हरद्वारी पुत्र राजाराम के मकान की छत अचानक भरभराकर गिर पड़ी। मलबे में हरद्वारी की पत्नी जगवती 50 वर्ष और उनका पोता प्रभात 8 वर्ष पुत्र राकेश दब गया। जगवती के गंभीर चोटें आई है और प्रभात का पैर टूट गया है। घायलों को एंबुलेंस द्वारा रुदायन सीएचसी भेजा गया। जहां से गंभीर हालत में जिला अस्पताल भेजा गया। ग्रामीणों ने बताया कि लगातार हो रही बारिश के पानी से लोगों की छत टपकने लगी है। इधर व्यौर कासिमाबाद में भी शुक्रवार सुबह में माया पत्नी रफीक के मकान की कच्ची छत अचानक भरभरा कर गिर गई है। जिससे वह बल बल गई। माया की छत जब गिरी तो वह उसी मकान के अंदर सो रही थी। गांव वालों ने बताया की दोनों जगह लेखपाल द्वारा मुआयना नहीं किया गया है।

## रेलवे स्टेशन के पास पेड़ गिरा, दो घायल

तेज हवा के साथ हो रही बारिश की वजह से गुरुवार रात रेलवे स्टेशन से ओवरब्रिज जाने वाले मार्ग पर पाकड़ का एक पेड़ गिर गया। वहां से गुजर रहे शहर के आवास विकास कॉलोनी निवासी रमेश और ओवरब्रिज के नीचे रहने वाले आकाश के ऊपर टहनियां गिरीं। दोनों को मामूली चोटें आईं। पेड़ से बचकर गुजरने में लोगों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ा।



## मरीजों को नहीं होगी परेशानी, एलएमडी प्लांट से मिलेगी ऑक्सीजन

**बदायूं,अमृत विचार :** राजकीय मेडिकल कालेज में ऑक्सीजन अब एलएमडी प्लॉट द्वारा दी जाएगी। शुक्रवार को कॉलेज के प्राचार्य डा. एनसी प्रजापति ने कहा कि एलएमडी प्लांट चालू होने से अब बार बार ऑक्सीजन सिलेंडर मंगाने उनका रख रखाव व उन्हें बदलने से छुटकारा मिल जाएगा। एह एलएमडी प्लांट केंद्र व राज्य सरकार के प्रयास से स्थापित किया गया है। अब तक मरीजों को दी जाने वाली ऑक्सीजन बाहर से मंगानी पड़ती थी। लेकिन अब प्लांट के लगने से एक बड़ी समस्या खत्म हो गयी है। यह प्लांट 20 केएल का है। इस प्लांट को चालू कराने में सीएमएस डा. अरुण कुमार, डा. ज्ञानेन्द्र कुमार, एवं डॉ. मिथलेश कुमार का योगदान रहा

## युवक का सिर फोड़ा

**बदायूं,अमृत विचार :** पुरानी रंजिश में दो लोगों ने एक युवक के साथ मारपीट की। फावड़ा मारकर उसका सिर फोड़ दिया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करके जांच शुरू कर दी है। थाना कादरचौक क्षेत्र के गांव सिसईया नगला निवासी गंगाराम पुत्र धर्मपाल ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि गांव में कुछ लोगों से उनकी पुरानी रंजिश चल रही है। जिसको लेकर 9 सितंबर की रात लगभग 10 बजे गांव मोहम्मद नगर गौटिया निवासी दीपक पुत्र वीरपाल, उनके गांव के तोताराम पुत्र रामपाल और उनके भाई गीतम से गाली-गलौज करने लगे। गीतम ने गाली देने का विरोध किया तो आरापे है कि उन लोगों ने गीतम के सिर पर फावड़ा मार दिया।

KESHLATA INTERNATIONAL SCHOOL
NAVADIYA JHADA, BISALPUR ROAD BAREILLY 243006
REQUIRED TRAINED
EXPERIENCED & QUALIFIED STAFF
AS PER C.B.S.E. NORMS FOR THE
SESSION 2024-25
P.G.T. and T.G.T. FOR ALL SUBJECTS
LAB ASSISTANTS -2 RECEPTIONIST - 1
*Candidates must be fluent in written and spoken English.*
*Kindly share your resume on the following mail ID klisbly@gmail.com*
PRINCIPAL

# प्रसव के बाद बिगड़ी तबीयत इलाज के दौरान महिला की मौत

- सहसवान के निजी अस्पताल में हुआ था महिला का प्रसव,
- हालत बिगड़ने पर मेडिकल कॉलेज में कराया था भर्ती

**बदायूं,अमृत विचार :** निजी अस्पताल में प्रसव के बाद एक महिला की तबीयत ज्यादा बिगड़ गई। परिजनों ने महिला को राजकीय मेडकिल कॉलेज में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई। मौत के बाद परिवार में कोहराम मच गया। कॉलेज स्टाफ की सूचना पर पुलिस पहुंची। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों ने निजी अस्पताल के चिकित्सक पर लापरवाही करने का आरोप लगाया है।

कोतवाली सहसवान क्षेत्र कस्बा के मोहल्ला शहबाजपुर निवासी आयशा (30) को 11 सितंबर को प्रसव पीड़ा हुई थी। महिला का पति उसे नगर के निजी अस्पताल ले गया था। चिकित्सक ने महिला को भर्ती कर लिया। शाम को महिला का ऑपरेशन हुआ। उसने एक स्वस्थ्य बच्चे को जन्म दिया। परिवार में खुशी थी लेकिन कुछ ही देर के बाद महिला की तबीयत बिगड़ गई। चिकित्सक से कहा तो बोला कि जल्द आराम मिल जाएगा लेकिन काफी देर तक आराम नहीं मिला तो चिकित्सक ने महिला को मेडिकल कालेज रेफर किया जहां इलाज के दौरान गुरुवार देर शाम महिला की मौत हो गई। । परिजनों ने चिकित्सक पर लापरवाही का आरोप लगाया है।

# लड़के का मिला कंकाल, लापता किशोर के परिजनों ने की पहचान

संवाददाता, कादरचौक

- पांच दिन पहले लापता हो गया था इंटरमीडिएट का छात्र
- शुक्रवार को मिला शव, हाथ का कलावा देखकर की शिनाख्त

**अमृत विचार :** थाना कादरचौक क्षेत्र के गांव लभारी के पास जंगल में लड़के का कंकाल मिला। पांच दिन से लापता एक किशोर के परिजन मौके पर पहुंचे। हाथ पर बंधा कलावा देखकर उसकी शिनाख्त लापता किशोर के रूप में हुई। परिजनों ने युवक के दोस्त पर हत्या करके शव फेंकने का आरोप लगाया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। कंकाल होने की वजह से लड़के पैर की हड्डी सुरक्षित रखी गई है। पुलिस डीएनए टेस्ट कराएगी।

कादरचौक क्षेत्र के गांव लभारी निवासी महावीर का बेटा गोपाल श्रीवास्तव (17) सोमवार को घर से लापता हो गया था। कालसेन बाबा इंटर कालेज में इंटर में पढ़ रहा था। काफी तलाश करने के बाद भी उसका पता नहीं चल सका था। शुक्रवार को ग्रामीणों ने पुलिस को गांव लभारी के पास नगला मार्ग पर मंदिर के पास जंगल में किसी का शव होने की सूचना दी। थानाध्यक्ष उदयवीर सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। वहां एक लड़के का कंकाल पड़ा मिला। सिर्फ हड्डियां ही थीं। सूचना मिलने पर गोपाल श्रीवास्तव के परिजन मौके पर पहुंचे। कंकाल के हाथ पर कलावा बंधा था। जिसे देखकर परिजनों ने गोपाल श्रीवास्तव के रूप में शिनाख्त की। परिजनों ने बताया कि गांव निवासी एक युवक गोपाल का दोस्त है। जो सोमवार को उसे घर से बुलाकर ले गया था।



मृतक गोपाल श्रीवास्तव।



कंकाल मिलने के बाद मौके पर जमा लोगों की भीड़। ● अमृत विचार

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने , पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

## वाल्मीकि समाज का धरना प्रदर्शन बारिश में भी रहा जारी

**इस्लामनगर,अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का अधिकारियों को सख्त निर्देश हैं, की सरकारी भूमि पर कब्जा करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। लेकिन तहसील बिल्सी क्षेत्र के इस्लामनगर में पिछले चार माह से भू माफियाओं ने वाल्मीकि समाज के शमशान घाट पर कब्जा कर रखा है। जिससे वाल्मीकि समाज के लोगों में आक्रोश है। शमशान पर किए गए कब्जे के विरोध में वाल्मीकि समाज के सैकड़ों लोग बरसात के बीच तीन दिन से धरना प्रदर्शन कर रहे हैं धरना प्रदर्शन तीसरे दिन शुक्रवार को भी बारिश में जारी रहा।

# लाखों रुपये लेकर माइक्रो लोन संचालक फरार

संवाददाता, सहसवान

- लोन की फाइल तैयार करने के 6320 रुपये वसूलता था

**अमृत विचार :** माइक्रो लोन करने के नाम पर लोगों से लाखों रुपए की ठगी कर नटवरलाल फरार हो गया। पीड़ितो की तहरीर पर पुलिस ठगी करने वाले नटवरलालों को तलाश कर रही है। यह लोग लोगों को 50 हजार से लेकर पांच लाख तक लोन दिलाने के नाम पर फाइल तैयार करने के लिए 6230 रुपये वसूलते थे। 15 से 20 दिनों के अंदर लाखों रुपये एकत्रित होने के बाद कंपनी का संचालन फरार हो गया।

नाधा में नटवरलालों ने एक किराये के मकान में माइक्रो लोन के नाम से फाइनेंस कंपनी खोली थी। मकान मालिक के लड़के को भी धोखाधड़ी में शामिल कर लिया था।

फाइनेंस कंपनी सभी तरह के लोन दिलाने का झांसा देकर लोगों से फाइल तैयार करने के नाम पर मकान मालिक लड़के के मोबाइल नंबर से उसके बैंक खाते में 6320 रुपये डलवाते थे। यह लोग 50 हजार से लेकर 5 लाख तक का होम लोन कराने की गारंटी देते थे। लोन स्वीकृत होने पर दो प्रतिशत ब्याज देने की बात कहकर उन्होंने अपनाधंधा शुरु किया और 15 से 20 दिनों के अंदर इन लोगों का नेटवर्क पूरे क्षेत्र में फैल गया। सैकड़ों झांसे में आए और फाइल बनवाने के नाम पर तय राशि जमा करते रहे। एक माह का समय पूरा होने से पूर्व ही यह लोग रातों-रात रफूचक्कर हो गए। उनका मोबाइल भी स्विच ऑफ हो गया। कई दिनों तक कंपनी का ऑफिस न खुलने पर लोगों को ठगे होने का एहसास होने लगा। मकान मालिक का लड़का भी यह सुनकर हक्का बक्का रह गया और वह फरार हो गया। ठगी के शिकार वीरेश, कल्याण और सोमवीर ने तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है।




वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
कैम्पस : वरूण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एण्ड रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
एन.एच.-24, बन्थरा, शाहजहाँपुर, उत्तर प्रदेश-242307

| कोर्स | अवधि | योग्यता |
| --- | --- | --- |
| एम.एस.सी. मेडिकल एनाटॉमी | 3 वर्ष | अभ्यर्थी को तीन वर्ष का स्नातक कार्यक्रम बीएससी उत्तीर्ण होना चाहिए, जिसमें 50% अंक प्राप्त हों (एससी/एसटी के लिए 45%) और जैविक विज्ञान एक विषय के रूप में हो या एमबीबीएस, बीडीएस, बीएएमएस, बीएचएमएस, बीपीटी, बी.फार्मा, बीएमएलटी, बीएमआरआईटी, बीएससी नर्सिंग में किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से उत्तीर्ण होना चाहिए। |
| एम.एस.सी. मेडिकल बायोकेमिस्ट्री | 3 वर्ष | |
| एम.एस.सी. फिजियोलॉजी | 3 वर्ष | |
| एम.एस.सी. मेडिकल माइक्रोबायोलॉजी | 3 वर्ष | |
| एम.एस.सी. फार्माकोलॉजी | 3 वर्ष | |
| बी.एस.सी. फोरेन्सीक साइंस | 3 वर्ष | पात्रता: 10+2 (पी.सी.एम./पी.सी.बी0) |

फैकल्टी ऑफ कॉमर्स एण्ड मैनेजमेंट

| कोर्स | अवधि | योग्यता |
| --- | --- | --- |
| एम.एच.ए. (मास्टर ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन) | 2 वर्ष | किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वद्यिालय से न्यूनतम 50% अंकों के साथ स्नातक की डिग्री पूरी की हो, अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवारों के लिए 45% अंक प्राप्त किए हों। |
| एम.पी.एच. (मास्टर इन पब्लिक हेल्थ) | 2 वर्ष | |

For Online Registration : www.vau.in, Contact No. 05842297879
E-mail : admission @vau.edu.in, info@vau.edu.in.
प्रवेश हेतु संपर्क करें
डॉ. अनिल पाल (डिप्टी रजिस्ट्रार) मो. 9956248504
डॉ. अमित सिंह (डिप्टी मेडिकल सपरिटेन्डेन्ट) मो. 7521001987

# बिजली घरों में भरा पानी, तीन दिन से सप्लाई ठप

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- ढाक वाली जियारत के बिजली घर से नहीं मिली सप्लाई
- चौदह गांवों के लोग परेशान छाया रहा अंधेरा

**अमृत विचार :** जिले भर में तीन दिन से बिजली आपूर्ति बाधित है। कस्बों में भी बिजली ने रूला दिया है। बिजली की अघोषित कटौती से करीब नौ लाख लोग प्रभावित हुए हैं। लेकिन विभाग कोई जवाब देने को तैयार नही है।

बुधवार की देर शाम से बारिश शुरू हो गयी। रात आठ बजे से बिजली आपूर्ति भी ठप हो गयी। शहर में 80 प्रतिशत लोग बुधवार की रात को अंधेरे में रहे। अगले दिन गुरूवार को दो बजे सप्लाई शुरू हुई तो मात्र दो घंटे चली। उसके बाद सप्लाई ठप हो गयी। शहर के मधुवन कॉलोनी, न्यू आदर्श नगर, सिविल लाइन, इंदिरा चौक, रजी चौक, गद्दी चौक, सुभाष चौक, पनबड़िया, शहबाजपुर, पथिक चौक, बजरंग नगर, मीराजी की चौकी, टिकट गंज साहूकारा सहित आधा शहर बिजली गुल होने से परेशान रहा। जबकि कुछ हिस्सों में सप्लाई चालू रही। उधर देहात क्षेत्र में ढाक बाली जियारत स्थित बिजली घर से सप्लाई ठप रही जिससे मण्डी समिति का पूरा इलाका अंधेरे में डूबा रहा। रसूलपुर, सिमरिया, सूरजपुर, उदमई, कुतरई, उपरैला सहित चौदह गांवों में बिजली गुल है। फर्रुखाबाद रोड के गांव इस्लामगंज, जगत, नैथू, जखेली, गुरूगांव, सखानू सहित इस इलाके के करीब बीस गांव अंधेरे में हैं। उसावा उसहैत, दलेल नगर, ललोमई, सहित कई गांवों में तीसरे दिन भी बिजली गुल है।

## 36 घंटे से बिजली आपूर्ति ठप, अप्रिय घटना का भय

**ओरछी ।** थाना फैजगंज बेहटा क्षेत्र के दर्जन भर गांव में बिजली कटौती के चलते हाहाकार मचा हुआ है। घरों में समरसेबल होने की वजह से पानी की किल्लत होने लगी है। ग्रामीणों का कहना है कि रात को अंधेरे में अप्रिय घटनाएं होने का भय बना हुआ है। पुलिस भी रोड पर गश्त नही कर रही है।

### उझानी में बिजली घर में भरा पानी

**उझानी ,अमृत विचार :** तेज बारिश के बाद बिजली घर में पानी भरने और उससे होने वाले खतरे से बचाव के लिए विभाग ने बिजली आपूर्ति बंद कर दी है। तेज हवा और बारिश से बुधवार रात से कस्बे में बिजली आपूर्ति ठप है।

### भाकियू बोली बिजली संकट से किसान भी परेशान

भारतीय किसान यूनियन के मंडल प्रवक्ता राजेश कुमार सक्सेना ने बताया कि जिले भर में नौ से दस लाख लोग बिजली संकट झेल रहे हैं तीन दिन से कई इलाकों में बिजली नही है। गांवों में किसानों के घर भी उजाला नहीं हो रहा। शहर व कस्बों में बिजली एक एक घंटे को मिल रही है। बारिश के कारण गर्मी से तो राहत है लेकिन मोबाइल चार्ज नही हो रहे हैं। कोई काम नहीं हो रहा है।

> बारिश के कारण कुछ बिजली घरों में पानी भर जाने से सप्लाई रोक दी जाती है। लेकिन अधिकांश इलाकों में सप्लाई चालू है। बारिश होने से खतरा बना रहता है। शहरों में जहां अंडर ग्राउंड लाइन बिछी हैं वहां सप्लाई रोकी गयी है। यदि आज शाम तक मौसम साफ हो जाता है तो सप्लाई सुचारू कर दी जाएगी। किसी को परेशानी नही होगी।
>
> -अखिलेश कुमार, अधीक्षण अभियंता

### चार दिन से टूटा पड़ा है 11 हजार की लाइन का खंभा

**दबतोरी अमृत विचार :** ग्राम पंचायत लक्ष्मीपुर के निकट 11 हजार की लाइन का खंभा कई दिनो से टूटा पड़ा है। खंभे की चपेट में आने से एक पेड़ भी टूट गया है। खंभा टूटने से पूरे इलाके की बिजली सप्लाई चार दिन से ठप है। ग्राम पंचायत लक्ष्मीपुर के निकट 11 हजार की लाइन का एक खंभा चार दिन पूर्व टूट गया था। खंभा एक पेड़ पर गिरा जिससे पेड़ भी टूट कर गिर गया। खंभा जमीन पर पड़ा है लाइन के तार भी टूट गये हैं जिससे इस इलाके की बिजली सप्लाई ठप है। बिजली से चलने वाले उद्योग बंद है। मोबाइल चार्ज नहीं हो रहे।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

सूचना
मैं मानसी सिंह पत्नी अर्पित सिंह निवासी ग्राम कुम्भी थाना मोहम्मदी जिला खीरी मेरी तबीयत आये दिन खराब रहती है लखनऊ से इलाज चल रहा है मेरा भाई गुड्डू उर्फ लीलाधर तथा पिता जगदीश निवासी ढुसरू थाना व जिला खीरी मेरे ससुराली जनों से बैर मानते हैं आये दिन झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देते रहते हैं ऐसी स्थिति में यदि प्रार्थिनी को कुछ हो जाता है तो इसका दोषी मेरे ससुरालीजनो को न ठहराया जाए।

सूचना
मेरा हाई स्कूल वर्ष 1981 अनुक्रमांक नंबर 247084 का अंकपत्र व प्रमाण पत्र वास्तव में खो गए है। **ऋषिपाल सिंह पुत्र हेतराम सिंह निवासी ग्राम उड़ला मझरा थाथरमई पोस्ट खंडहर जिला शाहजहांपुर।**

सूचना
सूचित किया जाता है कि प्रार्थिनी के पिता ज्ञान सिंह पुत्र करम सिंह निवासी मौहल्ला मेवात मीरगंज बरेली की चल व अचल सम्पत्ति को अन्य समुदाय के लोगों द्वारा फर्जी तरीके से दाननामा कराकर कब्जा करना चाहते हैं इसलिए कोई भी व्यक्ति यदि सरदार ज्ञान सिंह पुत्र करम सिंह निवासी मौहल्ला मेवात मीरगंज बरेली से कोई बैनामा, इकरारनामा कराता है तो वह स्वयं उत्तरदायी होगा। **श्रीमती वीरेन्द्र कौर पुत्री सरदार ज्ञान सिंह निवासी हाल 515 प्रेमनगर परगना तहसील व जिला बरेली।**

सूचना
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने तहेरे भाई विक्की गुप्ता पुत्र स्व. रामदीन गुप्ता व उसकी पत्नी नीलम निवासीगण ग्राम महमूदपुर थाना आंवला जिला बरेली को इनके गलत आचरण व दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरा व मेरे परिवार से कोई वास्ता नहीं होगा। **छोटे लाल गुप्ता पुत्र स्व. श्याम लाल गुप्ता निवासी 95 कुंवरपुर निकट सिटी थाना किला जिला बरेली। मो. 7906076771**

आवश्यकता है
रेस्टोरेंट में कार्य करने वाले कुशल कुक, हेल्पर, वेटर आदि समस्त स्टाफ की
सत्कार रेस्टोरेंट
जनकपुरी गुरूद्वारा के सामने, राजेंद्र नगर, बरेली।
मो. 9761740132, 9258547098

सूचना
मैं प्रार्थी रामेन्द्र कुमार गुप्ता पुत्र स्व. श्री भगवान दास गुप्ता निवासी मोहल्ला साहूकारा खुदागंज तहसील तिलहर जिला शाहजहांपुर का मूल दस्तावेज तौशीह मियाद पुस्तक संख्या 1 खंड संख्या 4029 के पृष्ठ 33 से 42 क्रम 3949 जो कि दिनांक 14.05.2010 रजिस्ट्रीकृत किया गया था तिलहर से खुदागंज आते समय दिनांक 28.08.2024 को कहीं गिर गया है। किसी भी व्यक्ति को कागज मिले तो सूचित करें: 9793018264

जमीन की आवश्यकता है
आकांक्षा एन्क्लेव में 400 वर्ग मीटर जमीन चाहिए।
मुंशीनगर के पास, सीएआरआई गेट के सामने, बरेली
9927548888

वैधानिक सूचना :- समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

# गणपति बप्पा मोरया के उद्घोष के साथ किया मूर्तियों का विसर्जन

## श्रीगणेश महोत्सव में कथा विश्राम के बाद देर रात तक चली रासलीला, विसर्जन यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं ने उड़ाया अबीर गुलाल

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** गणेश महोत्सव का शुक्रवार को समापन हो गया। महोत्सव के आखिरी दिन शहर से लेकर कछला गंगा घाट तक गणपति विसर्जन यात्रा निकाली गई। भगवान गणेश की प्रतिमाओं के साथ गुलाल उड़ाते हुए नाचते-गाते निकले। ढोल नगाड़ों के साथ श्रद्धालु गणपति बप्पा मोरया..अगले बरस तो तू जल्दी आ का जयघोष करते हुए निकले। विसर्जन यात्रा के चलते कछला मार्ग पर दोपहर के बाद शाम तक जाम की स्थिति बनी रही। व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी जगह-जगह मुस्तैद रहे।

भोला धाम में आठ सितंबर से मनाए जा रहे गणेश महोत्सव का शुक्रवार को समापन हो गया। हवन पूजन के बाद भगवान गणेश को 11 हजार लड्डूओं का भोग लगाया गया। इसके बाद विर्सजन यात्रा का शुभारंभ किया गया। विर्सजन यात्रा विभिन्न स्थानों से निकली। जिसमें श्रद्धालु नाचते-गाते हुए निकले। हर कोई गणपति की भक्ति की में लीन रहा। रिमझिम बरसात के बीच श्रद्धालु भगवान गणेश की स्तुति करते हुए मस्ती में झूम रहे थे। देर शाम कछला में गणेश प्रतिमाओं का भू विसर्जन किया।

शोभा यात्रा में श्री गणेश सेवा मंडल के वीरेंद्र वार्ष्णेय, सुनील गुप्ता, राहुल राठौर, सुनील वार्ष्णेय, केशव नाथ वैश्य, विकास सपरा, संतोष गुप्ता, मनोज गुप्ता, राकेश गुलाटी, चंद्र प्रकाश गुप्ता, रामेश्वर दयाल, मनोज वैश्य, लक्ष्मी साहू, रोहित गुप्ता सहित पूर्व नगर पालिका परिषद की पूर्व अध्यक्ष दीपमाला गोयल, सीमा राठौर, इन्दू सक्सेना, कृष्णा कश्यप, सरोज यादव आदि ।

**ब्रज के कलाकारों ने मचाई धूम :** भोला धाम में चल रहे गणेश उत्सव के दौरान समापन पर वृंदावन से आये कलाकारों द्वारा भगवान श्री कृष्ण एवं राधा रानी की महारास लीला रचाई गई। उनके द्वारा मयूर नृत्य, लट्ठमार होली, फूलों की होली खेलकर कलाकारों ने भगवान कृष्ण की बाल लीलाओं का सुंदर चित्रण किया। **बंद रही बिजली सप्लाई :** दो दिनों से बारिश की वजह से पोल में करंट आने की संभावना बनी रहती है। शुक्रवार को गणेश उत्सव के बाद विसर्जन यात्रा निकाली गई। सुरक्षा के लिहाज से विसर्जन यात्रा वाले मार्ग पर बिजली सप्लाई को बंद कर दिया गया।



गणेश महोत्सव समापन के कार्यक्रम में मौजूद श्रद्धालु। ● अमृत विचार



गणेश महोत्सव समापन पर विसर्जन को ले जाते भगवान गणेश की प्रतिमा ।

- **कछला गंगा घाट पर पहुंचकर भगवान गणेश की प्रतिमाओं का किया विसर्जन, नदी तट पर पर झूमे भक्त, श्रद्धा से विसर्जित की प्रतिमा**



गणेश महोत्सव समापन पर रासलीला करते ब्रज के कलाकार ।



कछला गंगा घाट पर भगवान गणेश की प्रतिमा विसर्जित करते श्रद्धालु।

### नौ दिवसीय पूजन के बाद गणपति बप्पा का किया विसर्जन



**ककराला, अमृत विचार :** कस्बे में नौ दिवस पूर्व गणपति बप्पा की शोभायात्रा निकाली गई। तत्पश्चात भव्य पंडाल में स्थापित कर पूजन किया गया। पहला दरबार कस्बे के शिव भोले धाम मोहल्ला पटिया व दूसरी प्रतिमा हनुमान मंदिर पर स्थापित की गई। प्रत्येक दिन मंदिरों पर कीर्तन मंडली ने भजनों से प्रथम पूज्य गणेश की स्तुति और वंदना की। शुक्रवार को नौ दिन पूर्ण होने पर प्रतिमाओं का गाजे बाजे के साथ गंगा घाट पर विसर्जन किया गया। भोले धाम पर स्थापित गणेश प्रतिमा को श्री भोले बाबा युवा कांवर समिति ककराला ने अटेना घाट स्थित श्री नारायण घाट पर विसर्जन किया। तत्पश्चात भक्तों हेतु विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। हनुमान मंदिर की गणपति प्रतिमा को कछला स्थित गंगा घाट पर विसर्जित कर भंडारा कराया गया। इस अवसर पर विक्रम गोस्वामी, केशव शर्मा, होरीलाल कश्यप, डॉ. मुनालाल राठौर, अनमोल शर्मा, मनोज शर्मा, दीपक गुप्ता, व्योम, अशोक गुप्ता, विजेंद्र सागर, विक्की गुप्ता आदि भक्तजनों ने पुण्य लाभ कमाया।

### धूमधाम से निकली गजानन की विसर्जन यात्रा



**उसहैत, अमृत विचार :** सप्ताह भर चले उत्सव के बाद शुक्रवार को भगवान गणेश की विसर्जन यात्रा धूमधाम से निकाली गई। शहर के रिलायंस टावर के पास लगे पंडाल में श्रद्धालुओं ने भगवान गणेश की प्रतिमा का श्रृंगार कर लड्डुओं का भोग लगाया। उसके बाद आरती उतारी गई। इसके बाद विसर्जन यात्रा का शुभारंभ हुआ। विसर्जन यात्रा मुख्य बाजार, मुराबान, जाटवान, मोहल्ला होते अटेना गंगा घाट पहुंची। जहां विधि विधान से पूजन करने के बाद प्रतिमा का विसर्जन किया गया। इस मौके पर पवन मिश्रा, अंकुर गुप्ता, चमन गुप्ता, भुवनेश गुप्ता, शोभित भारद्वाज, सुधांशु सक्सेना, प्रणव गुप्ता, राहुल भारद्वाज, शिव प्रसाद, विक्की भारद्वाज, करन राठौर, अभय गुप्ता, शिवम देवल, स्वयं भारद्वाज, हनी गुप्ता शामिल रहे।

## एक नजर

### जिला स्तरीय जूनियर वर्ग की प्रतियोगिताएं 23 से

**बदायूं, अमृत विचार :** बहेड़ी स्थित स्पोर्टस स्टेडियम में जूनियर वर्ग की विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन 23 सितंबर से होगा। बालक और बालिका वर्ग के बीच होने वाली प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करने के लिए खिलाड़ियों को पंजीकरण करना होगा। क्रीड़ा अधिकारी अमित रिछारिया ने बताया कि पंदीन दयाल उपाध्याय जन्म शताब्दी के अवसर पर जिला स्तरीय जूनियर वर्ग (18 वर्ष से कम आयु वर्ग में) बालक/बालिका प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इनमें तीरंदाजी, भारोत्तोलन, लॉनटेनिस आदि प्रतियोगिताएं शामिल हैं। विभिन्न दिवसों में होने वाली प्रतियोगिता के लिए तिथियां निर्धारित कर दी गई हैं। प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करने के लिए खिलाड़ियों को पंजीकरण कराना आवश्यक है। कहा कि प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले खिलाड़ी अपना आधार कार्ड, बैंक की पासबुक/खाता संख्या, आईएफएससी कोड नंबर को साथ लेकर स्टेडियम पहुंचे। जहां उनका पंजीकरण किया जाएगा।

### निर्धारित दर पर उर्वरक उपलब्ध कराने के निर्देश

**बदायूं, अमृत विचार :** जिलाधिकारी निधि श्रीवास्तव ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट वाजपेयी सभागार में रासायनिक उर्वरक को लेकर समीक्षा की। अधिकारियों को किसानों के लिए निर्धारित दर पर रासायनिक उर्वरक उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। कहा कि अधिकारी क्षेत्र में भ्रमणशील रहे, ताकि किसानों को उर्वरक की कोई कमी न हो। एआर कोऑपरेटिव महेंद्र सिंह ने कहा कि जनपद में 132 सोसाइटी हैं। सभी पर उर्वरक की दर पेंट कर दी गई है। सचिवों के सोसाइटी में बैठने के दिन भी निर्धारित कर दिए गए हैं। इफको की रैक आने पर आवंटन बाद वितरण कराया जाता है। को ऑपरेटिव सोसाइटी द्वारा इफको डीएपी, इफको यूरिया, इफको एनपीके, इफको नैनो यूरिया व इफको नैनो डीएपी का वितरण निर्धारित दर पर किसानों को किया जाता है।

## शव नहीं जला तो उपनिरीक्षक बोले डीजल डालकर जला दो

- **लावारिस शव के अंतिम संस्कार के दौरान सामने आया आसफपुर चौकी पुलिस का अमानवीय चेहरा**

**आसफपुर, अमृत विचार :** अंतिम संस्कार के समय शव को सम्मान से जलाया जाता है लेकिन आसफपुर चौकी पुलिस ने एक मृत व्यक्ति के साथ सारी मानवता ताक पर रखकर उसकी लाश को डीजल से जला देने का हुक्म सुना दिया।

बुधवार रात आसफपुर रेलवे स्टेशन के पास एक एक भिखारी की मौत हो गई थी। स्थानीय पुलिस को सूचना दी तो पुलिस ने शव को सीएचसी आसफपुर स्थित मोर्चरी में ले जाकर रखवा दिया। मृतक के शव के पास मिले सामान से उसकी पहचान जिला बुलंदशहर निवासी विजेंद्र के रूप में हुई। उसके साथ एक महिला भी रहती थी। जिसने अपना नाम किरण बताया था। गुरुवार सुबह से रात तक पुलिस ने न तो शव का पंचनामा कराया और ना ही उसे पोस्टमार्टम के लिए भेजा बल्कि शव को ग्राम प्रधान शिवजीत के सुपुर्द कर उसका अंतिम संस्कार कराने को बोल दिया। प्रधान शिवजीत गुरुवार देर रात अंतिम संस्कार के लिए शव श्मशान घाट लेकर गए। बारिश से लकड़ी और उपले भीग गए तो प्रधान ने एक उपनिरीक्षक को फोन किया। फोन पर उपनिरीक्षक ने प्रधान को डीजल डालकर लाश जला देने का फरमान सुना दिया। इस अटपटे हुक्म से ग्राम प्रधान परेशान हो गए। हुक्म की तामील हो पाती इससे पहले अचानक पुलिस चौकी से पुलिसकर्मी पहुंचे और पोस्टमार्टम कराने की बात कहकर शव ले गए। चौकी प्रभारी भूप सिंह ने बताया कि इस मामले की जानकारी नहीं है। अगर किसी ने डीजल डालकर शव जलाने की बात कही है तो यह गलत है। जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी।

# बढ़ी वन्यजीव की घटनाएं डीएम ने जारी की गाइड लाइन

- **जिनके घरों के दरवाजे कमजोर हों उनके दरवाजे ठीक कराएं**

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** बढ़ती वन्यजीवों की घटनाओं को रोकने के लिए जिलाधिकारी निधि श्रीवास्तव ने गाइड लाइन जारी की है। उन्होंने ग्रामीणों को घरों के अंदर या छतों पर सोने के लिए अपील की है। साथ ही पुलिस विभाग, वन विभाग, राजस्व विभाग, ग्राम पंचायत विभाग, कृषि विभाग, सिंचाई विभाग को समन्वय स्थापित कर घटनाओं को रोकने के आदेश दिए हैं।

डीएम ने विभागों के अधिकारियों से कहा है कि वन्य जीवों द्वारा किए जा रहे हमलों के समस्या को लेकर स्थानीय जनप्रतिनिधियों, गणमान्य व्यक्तियों एवं समाजसेवी संस्थाओं के साथ संवाद स्थापित करें। अधिकारियों से कहा कि वह ग्रामीणों को रात में घर के अन्दर अथवा छत पर सोने हेतु प्रेरित करें। ताकि रात में किसी वन्य जीव द्वारा किसी अप्रिय घटना की अंजाम न दिया जा सके। जिलाधिकारी ने अफसरों से यह भी कहा कि यदि किसी घर में दरवाजे कमजोर हों या न हों तो उनकी व्यवस्था तत्काल कराते हुए सुरक्षा प्रदान की जाए।

डीएम ने वन्य जीव प्रभावित क्षेत्रों में रात्रि के पुलिस कर्मी, वन कर्मी, बाघ मित्र पीआरडी जवान, राजस्व कर्मी, ग्राम सचिव, पंचायत सहायक, महिला मंगल दल, युवक मंगल दल आदि शामिल कर संयुक्त पेट्रोलिंग की जाए। यदि किसी परिवार में वन्य जीव के हमले के कारण कोई अप्रिय घटना घटित होती हो तो तत्काल मौके पर पहुंचकर पीड़ित परिवार से संवेदना व्यक्त की जाए। उन्होंने कहा कि घायल व्यक्तियों का मुफ्त इलाज कराया जाए। तथा सरकार द्वारा निर्धारित अनुग्रह धनराशि शीघ्र उपलब्ध कराने की व्यवस्था की जाए। डीएम ने कहा कि ग्रामीण इलाकों में हाई मास्ट एलईडी लाइट, स्ट्रीट लाइट तथा सार्वजनिक स्थान पर उचित प्रकाश व्यवस्था स्थापित की जाए।

### ग़ज़ल गायक ओसामा खान नियाजी का इंतकाल



**बदायूं, अमृत विचार :** सहसवान घराने के ग़ज़ल सम्राट ओसामा खान नियाजी का गुरुवार को रामपुर में आकस्मिक निधन हो गया। जिससे संगीत प्रेमियों और सहसवान घराने में शोक की लहर है। उस्ताद तालिब सुल्तानी म्यूजिक एकेडमी के सभी सदस्यों ने उनके निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया इस मौके पर आमिर सुल्तानी, सलिम रियाज़, शाहबाज हुसैन, नदीम चौधरी, सरवर अली, ज़ुबैर आरिफ, डॉ. सलमान कुतुब, आदिल हुसैन, राहुल गुप्ता, सैयद सरवर अली, गुड्डू अली आदि मौजूद रहे।

### बारिश में भी धरने पर डटी रहीं आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां

**बदायूं, अमृत विचार :** आंगनबाड़ी श्रमिक संघ द्वारा एजुकेटर व्यवस्था के विरोध में 11वें दिन भी भारी बरसात में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने छाता लगाकर नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। क्रमिक अनशन पर आंगनवाड़ी लगातार सातवें दिन भी बैठीं। शुक्रवार को गीता रानी शर्मा, पूनम मौर्य, उषा देवी, सुखदेवी, महारानी आदि शामिल रहीं। मिथिलेश कुमारी ममता भदोरिया सुधा उपाध्याय मालती देवी, संध्या, ममता, माया, आदि रहीं।

# गन्ना सट्टा प्रदर्शन मेले में नहीं पहुंचे किसान, स्टाल रहे खाली

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** शहर के गन्ना दफ्तर गन्ना समिति पर शुरू हुए सट्टा प्रदर्शन मेले में उद्घाटन के दूसरे दिन किसान नहीं पहुंचे, जिससे विभाग द्वारा लगाए गए स्टॉल सूने पड़े रहे। सट्टा प्रदर्शन मेले में किसानों की विभिन्न समस्याओं का निस्तारण किया जाता है, और किसानों को गन्ना फसल के बारे में नई जानकारी दी जाती है।

गन्ना समिति पर चल रहे सट्टा प्रदर्शन मेले का उद्घाटन गुरुवार को जिला गन्ना अधिकारी अशर्फी लाल ने फीता काटकर किया इसके बाद उन्होंने विभिन्न स्टॉलों का निरीक्षण किया। शुक्रवार को सट्टा प्रदर्शनी मेले में विभाग द्वारा स्टॉल तो लगाए गए गन्ना किसान नहीं पहुंचे जिससे स्टॉल सूने पड़े रहे। सट्टा प्रदर्शनी मेले में किसानों को शरदकालीन गन्ने की बुवाई का तरीका बताया जाता है।

जिला गन्ना अधिकारी अशफीलाल ने कहा कि सट्टा प्रदर्शन मेले में किसान शामिल हो रहे हैं। विभाग की ओर से किसानों की सुविधा के लिए विभिन्न प्रकार के स्टॉल लगाए गए हैं यदि किसी गन्ना किसान का नाम समिति में शामिल नही है तो उसका नाम शामिल किया जा रहा है। गन्ना किसानों को गन्ने में लगने वाली बीमारियों के बारे में बताया जा रहा है जिससे गन्ना किसान अपनी फसल को बचा सकें।किसानों को नई सट्टा नीति के बारे में अवगत कराया जा रहा है।सट्टा प्रदर्शन मेला 22 सितम्बर तक चलेगा।



सट्टा प्रदर्शन मेले में सूने पड़े स्टॉल। ● अमृत विचार

- **किसानों की समस्याएं हल करने को हर साल लगता है मेला।**

### बारिश का रहा असर

सट्टा प्रदर्शन मेले में बारिश का असर दिख रहा है। बारिश के कारण दूर किसान मेले में नहीं पहुंच पा रहे हैं। गन्ना किसानों को लगाए गए स्टालों पर विभाग के कर्मचारी अपना काम निपटा रहे हैं। मेले की शुक्रवार को विभाग को एक भी बड़ा अधिकारी नहीं पहुंचा। चाय नाश्ता के बाद कर्मचारी इधर उधर घूमते नजर आए।

## सार-संक्षेप

### रिक्शा चालक के मकान की गिरी छत



**ओरछी, अमृत विचार :** लगातार बारिश होने से जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है, जगह-जगह जलभराव होने से लोगों को परेशानी हो रही है। मकानों की छत टपकने लगे हैं। कुछ जगहों पर मकान धराशाई हो गए हैं। थाना फैजगंज बेहटा क्षेत्र के गांव सिसरका में गुरुवार की रात को बारिश हो रही थी। गांव के फरिश खान व उनकी पत्नी खुशनसीब व पुत्र अमीर बेड पर एक कमरे में सो रहे थे तभी अचानक कमरे की छत भरभरा कर गिर गयी। तेज आवाज के साथ कमरे की छत गिरी तो परिजनों में अफरा तफरी मच गयी। चीख पुकार होने पर मोहल्ले के लोग मौके पर एकत्रित हो गए। दरवाजा तोड़कर सभी को बाहर निकाला, हल्की-फुल्की चोट लगने के बाद सभी सुरक्षित थे। गनीमत रही वेड की वजह से बाल बाल बच गए। लेकिन कमरे की छत गिरने से लाखों रुपये का घरेलू सामान क्षतिग्रस्त हो गया। फरिश खानई रिक्शा चालक है। रहने के लिए एक ही कमरा था जो बरसात में गिर गया अब रहने के लिए छत नहीं है।

### भगवान राम के स्मरण से दूर हो जाते हैं सारे दुःख



**बिल्सी, अमृत विचार :** कछला रोड स्थित श्री माहेश्वरी भवन में चल रही श्रीराम कथा के चौथे दिन कथावाचक अयोध्यादास रामायणी ने कहा कि भगवान राम का भावपूर्वक स्मरण करने से जीव के दुःख दूर हो जाते हैं। कथावाचक श्रीराम कथा में अहिल्या उद्धार और जनकपुर पुष्प वाटिका के भ्रमण की कथा को श्रद्धालुओं को श्रवण करा रहे थे। ऋषि विश्वामित्र के मुख से धनुष यज्ञ की चर्चा सुनकर भगवान श्रीराम मुनिवर के साथ चल दिए। उन्होंने रास्ते में एक आश्रम देखा। जहां जीव जंतु नहीं थे। प्रभु श्रीराम ने एक पत्थर की शिला देखी। ऋषि विश्वामित्र ने ऋषि गौतम की पत्नी अहिल्या के पत्थर होने की कथा प्रभु राम को सुनाई। गौतम ऋषि के श्राप से अहिल्या पत्थर की हो गई थीं। कहा कि यह पत्थर की शिला प्रभु श्रीराम के चरण रज का स्पर्श चाहती है। कहा कि दशरथ ज्ञान तथा सीता भक्ति है, जहां भक्ति होती है वहीं भगवान निवास करते हैं। इस मौके पर गजरौला से आए अशोक कुमार राय, विनोद तिवारी, एसपी सिंह, नरेंद्र गरल, लोकेश वार्ष्णेय, सत्यपाल गुप्ता, दिनेश बाबू वाष्र्णेय, शिव ओम, दुर्गेश बाबू, आशीष वशिष्ठ, संजीव कुमार, मनोज कुमार आदि मौजूद रहे।

### हेल्थ कर्मियों पर कार्रवाई के लिए सीएम से लगाई गुहार

**बिल्सी, अमृत विचार :** गुधनी निवासी मनीष कुमार ने मुख्यमंत्री को भेजे शिकायती पत्र में कहा कि छह सितंबर को उनकी पत्नी हिमांशी को प्रसव पीड़ा होने पर गांव पर तैनात आशा डिलीवरी के लिए बिल्सी सीएचसी लेकर आई। वहां मौजूद नर्स ने परिवार के लोगों से दस हजार रुपए की मांग रखी। नर्स से कहा भी गया कि वह इलाज शुरु करे पैसे के इंतजाम करते हैं लेकिन नर्स प्रसव कराने आगे नहीं बढ़ी। पत्नी दर्द से कराहती रही। लोगों के समझाने और पति द्वारा पैसे का इंतजाम करने को बताने के बाद नर्स ने प्रसव कराना शुरु किया लेकिन समय से इलाज नहीं मिलने और नर्स द्वारा लापरवाही बरतने से गर्भवती की मौत हो गई। पीड़ित ने मुख्यमंत्री से सीएचसी के दोषी स्वास्थ्य कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

### शांति व सौहार्द से त्योहार मनाने के लिए की अपील



**बदायूं, अमृत विचार :** ईद-ए-मिलाद-उल-नबी (बारावफात) के त्यौहार के दृष्टिगत पीस कमेटी की बैठक कलेक्ट्रेट में हुई। जिसमें डीएम निधि श्रीवास्तव व एसएसपी बृजेश कुमार सिंह ने गणमान्य लोगों से की शांतिपूर्ण व सौहार्द के वातावरण में त्योहार मनाने के लिए अपील की। साथ ही अधिकारियों को निर्देश दिए कि त्योहार के दौरान कोई नई परंपरा न पडे। डीएम ने संबंधित विभागीय अधिकारी को त्योहार पर साफ-सफाई, प्रकाश, यातायात, विद्युत तथा जल व्यवस्था को सुनिश्चित करने के लिए निर्देश दिए। अधिकारियों से जुलूस के रूट का भी मुआयना करने के लिए कहा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश सिंह ने कहा कि जनपद में करीब 112 स्थानों पर बारावफात के दृष्टिगत जुलूस निकल जाएंगे। कहा कि जनपद में पिछले 05 वर्षों से भी अधिक समय से कोई घटना त्योहारों के दौरान नहीं हुई है। यह कायम रहना चाहिए।

# हाईवे पर छुट्टा गोवंश का आतंक

संवाददाता, ओरछी



हाईवे पर लड़ रहे सांड़। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** सड़कों पर घूम रहे छुट्टा गौवंश हादसे का कारण बनते जा रहे हैं। हाइवे पर दर्जनों की संख्या में घूम रहे छुट्टा गौवंश आपस में लड़ते हैं जिससे यातायात देर तक वाधित रहता है।

विकासखंड आसफपुर क्षेत्र के कस्बा ओरछी चौराहा स्थित एमएफ हाईवे पर छुट्टा गौवंशों का झुंड हर समय घूमता रहता है। सांड आपस में लड़ते हैं। इनके लड़ने से रोड पर दोनो ओर वाहन रूक जाते हैं। शुक्रवार को गोवंश का झुंड रोड पर आ गया। गोवंश के झुंड में शामिल सांड आपस में लड़ने लगे, जिससे रोड पर दोनों ओर वाहन चालक रुक गए। वाहन चालक काफी देर तक उनके हटने का इंतजार करते रहे, मगर सांड काफी देर तक लड़ते रहे। परेशान होकर कस्बे के कुछ लोगों ने लाठी डंडा लेकर उन्हें हटाया। दुकानदारों का कहना है कि यदि आपस में लड़ते हुए सांड को हटाया तो वह हिंसक हो जाते हैं और लोगों पर हमला कर देते हैं। सांडों को हटाने के बाद रोड पर यातायात शुरू हो सका।

### संजीव कुमार बने जवाहरपुरी पुलिस चौकी इंचार्ज

**बदायूं, अमृत विचार :** अपराध नियंत्रण के लिए पुलिस के कार्यक्षेत्र में बदलाव का क्रम जारी है। एसएसपी ने पांच उपनिरीक्षक और एक सिपाही के कार्यक्षेत्र बदले हैं। पुलिस लाइन के उपनिरीक्षक संजीव कुमार को जवाहरपुरी पुलिस चौकी का प्रभारी बनाया गया है। योगेंद्र मलिक को थाना अलापुर, संजय तोमर को मूसाझाग, विनोद कुमार शर्मा को बिनावर, थाना बिनावर के सुमेर सिंह को थाना दातागंज में तैनात किया गया है। इनके अलावा पुलिस लाइन के सिपाही जितेश कुमार विष्ट को दातागंज सीओ के गोपनीय कार्यालय भेजा गया है।

## सीसीटीवी कैमरों की फुटेज में दिखे चोर

**उघैती, अमृत विचार :** थाना उघैती क्षेत्र में बाइक की डिग्गी में रखे 4.95 लाख रुपये की चोरी मामले में पुलिस की तीन टीमें जांच कर रही हैं। टीम ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज चेक की है। जिसमें दो बाइक पर तीन चोर नजर आए हैं। चेहरे स्पष्ट हो गए हैं।

गांव उघैती गर्वी के प्रधान पति मुनेंद्र सिंह उर्फ बाबू सिंह का भतीजा यगुवीर सिंह बैंक से 4 लाख 95 हजार रुपये निकालकर वापस आ रहा था। उन्होंने एक थैले में रुपये रखे फिर अपनी बाइक की डिग्गी में रख दिए थे। किसी ने उनका रुपये रखा बैग चोरी कर लिया था। पुलिस की तीन टीमें जांच कर रही हैं। सीसीटीवी कैमरों की फुटेज में बाइक सवार चोर नजर आए हैं। बाइक पर पीछे बैठा युवक थैला पकड़ा है। वह लोग बिल्सी मार्ग पर जा रहे हैं। जिसके बाद उन्होंने उघैती में बाइक बदली। दूसरे सीसीटीवी कैमरे में वह दूसरी बाइक से जाते नजर आ रहे हैं। बताया जा रहा है कि चोरी की घटना में तीन चोर शामिल होंगे।

# मध्य प्रदेश से बोल रहा हूं, तेरे भाई को मारकर जमीन में दबा दूंगा

- **14 जुलाई को दावत खाने के लिए बाइक से गया था छात्र हुआ लापता बाद में आया किसी का फोन**
- **परिजन की तहरीर पर पुलिस ने दर्ज की थी गुमशुदगी, लिखी गई एफआईआर**

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** दावत खाने घर से गया हाईस्कूल का छात्र लापता हो गया। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज की लेकिन छात्र की तलाश नहीं की। परिजनों ने आइजी से शिकायत की। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करके छात्र की तलाश शुरू की है लेकिन उसका कहीं पता नहीं चला है। इसी दौरान छात्र के भाई के पास किसी का फोन आया। कहा कि वह मध्य प्रदेश से बोल रहा है। उसके भाई को मारकर जमीन में दबा देगा। जिसके बाद से वह नंबर बंद हो गया है। परिजन परेशान हैं।

कोतवाली दातागंज क्षेत्र के गांव पापड़ हमजापुर निवासी नन्हें लाल पुत्र बेनीराम ने आइजी को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उनका छोटा भाई आकाश प्रजापति 14 जुलाई को एक रिश्तेदारी में दावत में जाने को बाइक से निकला था। इसके बाद वह नहीं लौटा है। परिजनों ने रिश्तेदारी में जानकारी की तो पता चला कि छात्र वहां नहीं पहुंचा है। परिजनों ने आकाश को फोन किया उसका मोबाइल नंबर बंद आया। उन्होंने दातागंज पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने अगले दिन छात्र की गुमशुदगी दर्ज की थी। उसी दिन रात लगभग साढ़े आठ बजे नन्हें लाल के पास फोन आया कि वह मध्य प्रदेश राज्य के जिला पन्ना से बोल रहा है। आकाश उनके पास है। उसे घर में बंद करके रखा है। उसे मारकर जमीन में दबा देंगे। जिसके बाद वह नंबर भी बंद जा रहा है। पुलिस ने अज्ञात पर हत्या करने के मकसद से अपहरण करने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज करके छात्र की तलाश शुरू कर दी है। दातागंज कोतवाल अरिहंत कुमार सिद्धार्थ ने बताया कि लापता की जानकारी मध्य प्रदेश में होने की मिली है। उसकी तलाश की जा रही है।

**आज का मौसम**

आसमान में बादल छाए रहेंगे। बारिश की संभावना

31° अधिकतम तापमान | 24° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 05.32 | सूर्यास्त 07.11

**जिले में आज**

- गंजडुंडवारा कस्बे में समाजवादी पार्टी के नगर अध्यक्ष के आवास पर बैठक शाम चार बजे से।
- श्री सूरजपाल सिंह आईटीआई कॉलेज बरकुला में रोजगार मेला सुबह दस बजे से।
- पटियाली के गोपाल मंदिर पर गणेश महोत्सव कार्यक्रम शाम सात बजे से।
- सोरों वराह घाट पर महाआरती का आयोजन शाम सात बजे से।

**एक नजर**

### कासगंज के साथ हो रहा सौतेला व्यवहार

कासगंज। महिला कांग्रेस कमेटी की जिला अध्यक्ष दिव्या शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी ने कासगंज के साथ रूखा व्यवहार किया है। उन्होंने किसानों की आय और उपज में वृद्धि के लिए 28 जिलों को चुना है, जिसमे कासगंज का नाम नहीं है। यह अफसोस और चिंता का विषय है। कहा कि विश्व बैंक के पोषण से समर्थित 500 मिलियन डॉलर लगभग 4 हज़ार करोड़ रुपए की इस महत्वाकांक्षी परियोजना का उद्देश्य राज्य की उत्पादत्ता को बढ़ाना है।

### पुस्तक वितरण कल

कासगंज। राष्ट्रीय जागरुक जन समिति के तत्वाधान में रविवार दोपहर 12:15 बजे पुस्तक वितरण कार्यक्रम होगा। गंजडुंडवारा कॉलेज में होने वाले कार्यक्रम का उद्घाटन पीएसी एटा के कमांडेड आदित्य प्रकाश वर्मा करेंगे। मुख्य अथिति पटियाली एसडीएम, विशिष्ठ व्यापारी दीपक गुप्ता, डा.पूजा वाष्र्णेय रहेंगी। आयोजक राहुल गुप्ता ने जानकारी दी।

# मुसीबत बन गई बारिश, रेल ट्रैक को खतरा, सड़क यातायात बाधित

## नहरों-नदियों में उफान, टूटी रेल ट्रैक दीवार की चटटान, कॉशन देकर निकाली गई ट्रेनें, सड़कों पर रूट डायवर्ट कर निकाले वाहन



लगातार बारिश के बाद उफनाती गंगा। ● अमृत विचार



कुछ देर बारिश थमी तो बाजार में निकल पड़े लोग। ● अमृत विचार



गांव नदरई के अंडरपास में भरे पानी से निकलते वाहन। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार:** बारिश का कहर जारी है। नहर और नदियों में उफान है। काली नदी बेकाबू हो रही है। नदी का पानी दायरे से बाहर बहने लगा। रेल ट्रैक की कच्ची दीवार की चट्टान टूट गई, पक्की दीवार धंस गई। हालांकि कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ। डीआरएम एवं रेलवे के अन्य अधिकारियों ने मौके पर पहुंच कर निरीक्षण किया है और मरम्मत कार्य कराया। जलभराव के चलते सड़क यातायात भी बाधित है।

पहाडों और मैंदानी क्षेत्रों में तीन दिन से बारिश हो रही है। जिससे नहर और नदियों में पानी बढ़ता जा रहा है। कछला नदी का बढ़ता जलस्तर नगला खंगार, नगला दल सहित अन्य क्षेत्रों में मुसीबत बढाए हुए है। अधिकारी जलस्तर पर नजर बनाए हुए हैं। गंगा का पानी गांवों की आबादी में घुसने को आतुर है। इधर गंगा के अलावा काली नदी भी उफान पर है। कासगंज-मथुरा रेल ट्रैक पर कच्ची मिटटी की दीवार ढह गई। पक्की दीवार भी धंस गई है। जिससे रेल यातायात प्रभावित हो गया। इज्जत नगर रेल मंडल की डीआरएम रेखा यादव के अलावा अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे। इंजीनियर विभाग की टीम भी बुलाई गई और काम कराया गया। फिलहाल कासगंज-मथुरा रेलवे ट्रैक पर सावधानी का संकेतक रेलवे ने लगा दिया है। ट्रेनों को धीमी गति से निकाला जा रहा है। शुक्रवार को ट्रेन और मा गाड़ियां धीमी गति से निकाली गईं। लगभग आधा दर्जन ट्रेनें आंशिक प्रभावित हुईं। जलभराव से सड़क यातायात भी बाधित हुआ है। नदरई अंडरपास में पानी भर जाने से वाहनों को निकालने में चालकों को भारी दिक्कत उठानी पड़ी। वाहनों को दूसरे मार्गों से निकाला गया।

### बाजार हुए प्रभावित

बारिश के चलते बाजार प्रभावित रहे। जल भराव से कुछ क्षेत्रों में दुकानें नहीं खुलीं। जहां दुकाने खुली, वहां ग्राहक नहीं पहुंचे। व्यापारी दुकनों में बैठे ग्राहकों का इंतजार करते रहे। कुछ देर के लिए पानी हलका हुआ तो लोग निकल पड़े। बारिश शुरू होते ही फिर घरों में पहुंच गए।

### 24 घंटे में हुई 114 मिलीमीटर बारिश

बुधवार से गुरुवार तक जिले में 133.33 मिलीमीटर बारिश हुई थी, वहीं गुरुवार से शुक्रवार तक 114 मिलीमीटर बारिश हुई है, जो अति वर्षा है। प्रशासन ने लोगों को सतर्कता बरतने की सलाह दी है।

### दीवार ढहने से ग्रामीण की मौत

कासगंज। पटियाली क्षेत्र के गांव श्री नगला में गुरुवार को दीवार ढहने से चाचा-भतीजे की मौत हो गई थी जबकि तीन लोग घायल हो गए थे। उपचार के दौरान रामदास ने भी दम तोड़ दिया है। एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत के बाद परिवार में कोहराम है। राजस्व विभाग की टीम मौके पर पहुंची। मृतक आश्रित को दैवीय आपदा से मुआवजा देने की बात कही गई।

> गंगा नदी का जलस्तर बढ़ गया है। अभी हरिद्वार से छोड़े गए पानी से जलस्तर और बढ़ने की संभावना है, फिलहाल कोई खतरा नहीं है। टीमें नजर बनाए हुए हैं।
> **-खूबसिंह, उपखंड अधिकारी सिंचाई बंद।**

> मथुरा ट्रैक पर मिट्टी धंसने और दीवार क्षतिग्रस्त होने की जानकारी मिलने पर मंडल रेल प्रबंधक और अन्य रेल अधिकारियों ने हाल जाना है। अधीनस्थों को आवश्यक निर्देश दिए हैं।
> **-राजेंद्र सिंह, पीआरओ, इज्जत नगर रेल मंडल।**



रेलवे ट्रैक का निरीक्षण करने पहुंचे अधिकारी। ● अमृत विचार

### गंगा में छोड़ा गया पानी

- 124775 क्यूसेक पानी हरिद्वारा बैराज से छोडा गया।
- 73534 क्यूसेक पानी बिजनौर बैराज से छोडा गया।
- 77233 क्यूसेक पानी नरौरा बैराज से छोड़ा गया।
- 163.40 मीटर कछला पुल पर गुरुवार को था जलस्तर
- 163.55 मीटर कछला पुल पर शुक्रवार को हुआ जलस्तर।

### आंकडे की नजर से

- 150 मीटर रेल सुरक्षा दीवार हुई क्षतिग्रस्त
- 1200 से अधिक क्यूसेक पानी है काली नदी में



नदरई अंडरपास से पानी निकालते रेलवे कर्मचारी। ● अमृत विचार

### बाधित रहा कासगंज-एटा मार्ग, दूसरे रास्ते तलाशे

- **नदरई के अंडर पास में जलभराव के कारण दूसरे दिन भी नहीं हुआ आवागमन**
- **रेलवे की टीम जलनिकासी के इंतजाम में जुटी, पुलिस ने संभाली यातायात व्यवस्था**

कासगंज,अमृत विचार : बारिश का कहर लोगों पर मुसीबत बन कर टूटा है। यातायात बाधित है। कासगंज, एटा, आगरा मार्ग दूसरे दिन भी बाधित रहा। रेलवे की टीम पानी निकासी में जुटी रही दूसरी तरफ यातायात पुलिस रूट डायवर्ट कर यातायात व्यवस्था बनाने में जुटी रही है। अति वर्षा होने के कारण निर्माणाधीन रेलवे के नदरई अंडर पास पर जलभराव हो गया है। यहां से वाहन नहीं निकल पा रहे हैं। यह मार्ग एटा, आगरा और कासगंज को जोड़ता है, लेकिन जलभराव से वाहनों का आवागमन थम गया। राहगीर परेशान है। यातायात पुलिस व्यवस्था संभालने में जुटी रही। रूट डायवर्ट कर दिए गए। छोटे बडे वाहनों को अमरपुर घाट होते हुए कासगंज-मिरहची के रास्ते निकाला गया। अमांपुर रोड नो एंट्री पर यातायात पुलिस कर्मी मुस्तैद रहे। कुछ वाहनों को मारहरा होकर निकाला गया। रेलवे के ठेकेदार ने जल निकासी के लिए पंपसेट लगाए, लेकिन बरसते मेघों ने आसानी से जल निकासी नहीं होने दी। समस्या विकराल रूप लेती हुई देखी।

# बरसात में खंभों को छूने से बचें, मवेशियों को भी न बांधें

संवाददाता, अमांपुर

- **विद्युत विभाग के एसडीओ ने लोगों से किया आह्वान**
- **बरसात में खंभों में करंट उतरने की बनी रहती है संभावना**

**अमृत विचार:** बिजली विभाग ने बारिश में करंट से होने वाले हादसों को रोकने के लिए सावधानियां बरतने के दिशा-निर्देश जारी किए हैं। एसडीओ गौरव शर्मा ने आमजन से बारिश के मौसम में विद्युत उपकरणों से दूर रहने व निर्धारित दूरी बनाए रखने का आह्वान किया है। बिजली के खंभे को छूने से बचें और न ही अपने मवेशियों को बिजली के पोल से बांधें।

कहा कि बिजली लाइनों के नीचे कोई भी कार्यक्रम आयोजित न करें। भवनों का निर्माण करते समय बिजली लाइनों से उचित दूरी बनाए रखें। मेड़ पर यदि बिजली का खंभा लगा है तो खेत की जुताई करते समय उचित दूरी रखें। बारिश के मौसम में खंभे पर तेज स्पार्क हो रहा हो और आसपास पानी भरा हुआ है तो उस रास्ते से या पानी में जाने से बचें। बिजली के तार किसी पेड़ से छूकर गुजर रहे हों तो किसी भी स्थिति में उस पर चढ़ने का प्रयास न करें। बारिश की वजह से कोई लाइन ढीली पड़ गई हो या सड़क के ऊपर से नीचे हो तो तुरंत अपने फीडर इंचार्ज लाइनमैन, जेई या फिर सब स्टेशन पर सूचना दें ताकि समय रहते इसकी मरम्मत की जा सके। जेई रामजीत राम ने कहा कि अपने घर में भी उपकरण अच्छी क्वालिटी के ही उपयोग करें और बिजली फिटिंग के दौरान अर्थिंग की व्यवस्था जरूर करवाएं ताकि लोड के कम या ज्यादा होने पर कोई नुकसान न हो सके। इस दौरान मुकेश बाबू, आशू यादव, सर्वेश कुमार, नाजिम, विनोद कुमार, राहुल आदि मौजूद रहे।

# पालिका और सिंचाई विभाग को डीएम ने लगाई फटकार

**कासगंज,अमृत विचार:** डीएम मेधा रूपम और सदर विधायक देवेंद्र राजपूत ने शुक्रवार को भिटोना बिजली घर और आस पास के क्षेत्र का निरीक्षण किया। यहां गंदगी देखकर डीएम का पारा चढ़ गया। उन्होंने सिंचाई विभाग और पालिका के अधिकारियों को कड़ी चेतावनी दी। जिलाधिकारी ने नगर पालिका परिषद द्वारा डाले जा रहे कूडे.को देखकर नाराजगी व्यक्त करते हुये सफाई करने के निर्देश दिये। मेडिकल वेस्टेज पड़े होने पर आस-पास के अस्पताल संचालकों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। भिटोना बिजली घर के जल भराव की समस्या के स्थायी समाधान निकालने के लिये एक टेक्निकल टीम गठित की। जिलाधिकारी ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनकर अधिकारियों को निर्देश दिये। उपजिलाधिकारी, तहसीलदार और बिजली विभाग के सम्बंधित अधिकारी रहे।

# ढर्रे पर नहीं लौटी बिजली आपूर्ति, पानी को तरस गए लोग

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार:** बारिश से बिगडी विद्युत व्यवस्था सही नहीं हो पा रही है। चारों ओर पानी ही पानी दिखाई दे रहा है। विद्युत उपकेंद्रो में जलभराव है। शहर से गांव तक आपूर्ति देने वाले भिटोना विद्युत केंद्र परिसर में दूसरे दिन भी पानी भरा रहा। 28 घंटे बाद आपूर्ति व्यवस्थित हुई, तब लोगों ने राहत की सांस ली। भिटोना विद्युत उपकेंद्र से शहर और गांवों के लगभग आधा दर्जन से अधिक फीडर को आपूर्ति दी जाती है। जिसमें लगभग 400 गांव और कस्बे शामिल हैं, लेकिन इस उपकेंद्र में पानी भर जाने के कारण आपूर्ति पूरी तरह बाधित हो गई।

कडी मशक्कत के बाद कुछ क्षेत्रों की आपूर्ति सुचारू की गई, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में पूरी तरह विद्युत आपूर्ति लडखडाई रही। अधिशासी अभियंता सतेंद्र गंगवार, सदर एसडीएम संजीव कुमार आपूर्ति सुचारू करने के लिए प्रयास करते रहे। वहीं दिन भर विद्युत संसाधन दुरुस्त करने की कवायद जारी रही। विद्युत उपकेंद्र में भरे पानी को निकालने के लिए अग्नि शमन विभाग और नगर निकायों के संसाधनों का सहारा लिया गया है।



भिटोना विद्युत उपकेंद्र में भरा बारिश का पानी। ● अमृत विचार



विद्युत उपकेंद्र से पानी निकलवाते एसडीएम और अधिशासी अभियंता। ● अमृत विचार

- **भिटोना बिजली घर से दूसरे दिन भी पानी निकालने की कोशिश होती रही**
- **प्रशासन और विद्युत निगम के अधिकारी आपूर्ति के लिए करते रहे मशक्कत**

> विद्युत आपूर्ति व्यवस्थित कराई गई है। जहां भी अव्यवस्था है वहां समाधान के लिए राजस्व और विद्युत निगम की टीमें लगाई गई हैं।
> **-राकेश पटेल, एडीएम।**

### तलाशे गए पानी निकासी के रास्ते

एसडीएम संजीव कुमार, विद्युत निगम के अधिशासी अभियंता सतेंद्र गंगवार पानी निकासी के लिए वैकल्पिक रास्ते तलाशते रहे। भिटोना उपकेंद्र के समीप गांव जखारुद्रपुर के रास्ते पर पानी निकालने की संभावना तलाशी गई। प्रशासन इस समस्या का स्थाई साधन तलाशने में जुटा है।



विद्युत उपकेंद्र में भरा पानी निकालता अग्निशमन वाहन।

# कछला गंगा घाट पर किया गणेश मूर्तियों का विसर्जन

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- **बैंड बाजों के साथ धूमधाम से निकाली गई गणेश विसर्जन यात्रा**

**अमृत विचार:** भगवान गणेश की विसर्जन यात्रा शुक्रवार को धूम धाम के साथ निकाली गई। भक्तों ने अगले बरस जल्दी आने की प्रार्थना के साथ कछला गंगा घाट पर मूतिर्यों का विसर्जन किया। माहौल पूरी तरह गणेशमय हो गया।

गणेश विसर्जन यात्रा में भगवान गणेश की झांकी के साथ शोभा यात्रा आरंभ हुई। अबीर, गुलाल की होली खेलते सैकड़ों युवा, बच्चे, महिलाए,बुजुर्ग शोभायात्रा के साक्षी बने। राधाकष्ण के स्वरूपों द्वारा किए गए नृत्य ने सभी को अभिभूत कर दिया। जगह जगह गणेश भगवान का स्वागत किया गया। पंडाल शुरु होकर नगर भ्रमण करते हुए कछला गंगा घाट पहुंची। जहां पूरे विधिविधान से श्रद्धालुओं ने मूतियों का विसर्जन किया।



भगवान गणेश की मूर्ति को विसर्जन के लिए ले जाते श्रद्धालु ● अमृत विचार

# लखनऊ जा रही एक्सप्रेस का इंजन फेल, दूसरा इंजन जोड़ा

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार:** कासगंज से लखनऊ जा रही एक्सप्रेस का इंजन शाम 4:20 बजे रेलवे स्टेशन दरियावगंज के फेल हो गया। यात्री परेशान रहे।

काफी देर बाद यात्रियों को पता चला कि तकनीकी खामी के कारण इंजन फेल होने से ट्रेन रुकी हुई है। लगभग 45 मिनट के बाद फर्रुखाबाद से दूसरा इंजन मंगाया गया और उसके बाद ट्रेन को कानपुर की ओर भेजा गया। हांलांकि, इससे कोई और ट्रेन प्रभावित नहीं हुई। इज्जत नगर रेल मंडल के पीआरओ राजेंद्र सिंह ने बताया कि समय रहते इंजन को बदल दिया गया था और ट्रेन गंतव्य की ओर रवाना हो गई।

# बारिश से दुर्दशा देखने के लिए ट्रैक्टर से गईं डीएम



सोरों के गांव गंगागढ़ में ट्रैक्टर पर सवार होकर निरीक्षण करतीं डीएम मेधा रूपम।

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- **गांव गंगागढ़ का देखा हाल, अन्य गांव भी बेहाल**

**अमृत विचार:** बारिश से ग्रामीण क्षेत्रों की दुर्दशा हो रही है। जब डीएम को गांव के लोगों की शिकायत मिली, तो वे बारिश के बीच ट्रैक्टर से गांव का हाल जनाने पहुंच गईं। गंगागढ में डीएम ने समस्या समाधान के निर्देश विकास विभाग और पंचायत राज विभाग को दिए। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि कहीं लापरवाही हुई तो संबंधित की जवाबदेही तय होगी।

शुक्रवार को जनसुनवाई के दौरान डीएम मेधा रूपम को सोरों विकास खंड क्षेत्र के गांव गंगागढ की दुर्दशा से अवगत कराया। उन्होंने डीएम को बताया कि गांव में राह निकलना दूभर हो गया है। जगह जगह जलभराव है। इस पर डीएम स्वंय गांव का हाल जनाने के लिए निकल पड़ी। गांव पहुंचते ही उन्होंने अपनी सरकारी गाडी रुकवा कर ट्रैक्टर से निरीक्षण करने का निर्णय लिया। जिससे वे सही स्थिति जान सके। ग्रामीणों ने डीएम को बताया कि समस्या काफी बड गई है। डीएम ने तत्काल जिम्मेदारों को निर्देश दिए कि इस समस्या से स्थाई समाधान किया जाए।

### गांव रामपुर में भी बिगड़े हालात

कासगंज विकास खंड क्षेत्र के गांव रामपुर में भी हालत बदतर दिखाई दिए। यहां जलभराव हो गया। गांव की ओर जाने वाले मुख्य मार्ग पानी भर गया। ग्रामीणों में खासा आक्रोश दिखाई दिया।

# आसमान से बरसी मुसीबत, खेतों में बिछ गए धान और बाजरा

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- **किसानों की चिंताएं बढ़ीं, लगातार तीसरे दिन भी होती रही बारिश**

**अमृत विचार:** बारिश मुसीबत बन गई है। भले ही गर्मी से राहत मिली हो, लेकिन आफत बरकरार है। शहर से लेकर गांवों तक पानी ही पानी है। फसलें प्रभावित हो रही हैं। धान,बाजरा,मक्का खेतों में बिछ गए। अन्य फसलों में काफी नुकसान देखने को मिला है। किसान खेतों में भरे पानी निकालने की जुगत करते दिखाई दिए।

बुधवार सुबह से शुरु हुई बारिश थमने का नाम नहीं ले रही है। गुरुवार को लॉकडाउन जैसी स्थिति बन गई। शुक्रवार को भी जन जीवन पूरी तरह से पटरी पर नहीं लौटा। लोग परेशान दिखाई दिए। बाजारों में सन्नाटा पसरा रहा। कई क्षेत्रों में बाजार बंद रहे। हालांकि कुछ दुकानें खुली थीं, लेकिन वहां खरीददारी के लिए लोग नहीं पहुंचे।व्यापारी पर हाथ पर हाथ रखे बैठे रहे। उन्हें ग्राहको के पहुंचने का इंतजार रहा।



बारिश के चलते खेतों में बिछी बाजरा की फसल। ● अमृत विचार



अति वर्षा के कारण खेतों में गिरी धान की फसल। ● अमृत विचार

### छटे बादल तो चमके सूरज

शुक्रवार की सुबह लगभग दस बजे से बादल चंद पलों के लिए छट गए। इस बीच सूर्य भी चमक उठा, लेकिन थोडी ही देर में काली घटा छा गई सूर्य विलुप्त हो गए। हलकी धूप निकलने से लोगों को लगा कि शायद अब राहत मिलेंगी, हालांकि ऐसा कुछ हुआ नहीं।



> अति वर्षा से फसलें खराब होने लगी हैं। पानी खेतों में भर गया है। यदि इसी तरह बारिश होती रही, तो लागात निकालना भी मुश्किल हो जाएगा। **-महेश कुमार, किसान**



> जब बारिश शुरू हुई, तो लगा कि फसलों को राहत मिलेंगी, लेकिन जब बारिश रिकॉर्ड तोड़ने लगी तो फसलें बर्बादी की कगार पर पहुंच गईं।
> **-कमल सिंह किसान।**

नारुन्तुदः स्यान्न नृशंसवादी न हीनतः परमभ्याददीत।
ययास्य वाचा पर उद्विजेत न तां वदेदुषतीं पापलोक्याम् ॥

दूसरे के मर्म को चोट न पहुंचाए, चुभने वाली बातें न बोले, घटिया तरीके से दूसरे को वश में न करे, दूसरे को उद्विग्न करने एवं ताप पहुंचाने वाली, पापी जनों के आचरण वाली बोली न बोले।

## संपादकीय

# बुजुर्गों की सुध

हाल में केंद्र सरकार ने बुजुर्गों की स्वास्थ्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना में महत्वपूर्ण प्रावधान जोड़ा है। सरकार ने योजना का विस्तार करते हुए सत्तर वर्ष या उससे अधिक उम्र के बुजुर्गों को पांच लाख रुपए तक के स्वास्थ्य बीमा के दायरे में लाने को मंजूरी प्रदान की है। इस योजना के तहत देश के छह करोड़ से ज्यादा वरिष्ठ नागरिकों और 4.5 करोड़ परिवारों को लाभ मिलने का अनुमान है। अच्छी बात यह भी है कि इस बीमा के लिए आय से संबंधित कोई शर्त नहीं रखी गई है। जिन परिवारों को पहले से इस बीमा योजना का लाभ मिल रहा है, उनके बुजुर्गों को पांच लाख रुपये की अतिरिक्त बीमा सुरक्षा मिलेगी, जिसे उन्हें परिवार के अन्य सदस्यों के साथ साझा नहीं करना पड़ेगा। यहीं नहीं योजना में यह भी प्रावधान किया गया है कि जिन वरिष्ठ नागरिकों को केंद्र सरकार की अन्य बीमा योजनाओं का लाभ पहले से मिल रहा है, उनके पास यह विकल्प होगा कि वे पुरानी बीमा के साथ बने रहें या आयुष्मान भारत योजना का लाभ उठाएं। साथ ही जिन लोगों के पास निजी कंपनियों की बीमा पॉलिसी है या राज्य के कर्मियों के लिए लागू योजनाओं के तहत स्वास्थ्य बीमा सुरक्षा मिली हुई है,उन्हें आयुष्मान भारत योजना का लाभ भी मिलेगा।

सरकार का यह कदम अत्यंत ही सराहनीय और स्वागत योग्य है। इसलिए, और भी सराहनीय है, क्योंकि समाज में ऐसे मामले अक्सर देखे जाते हैं, जिसमें किसी बुजुर्ग को बीमारी में उचित इलाज सिर्फ इसलिए नहीं मिल पाता, क्योंकि उनके पास इलाज के लिए जरूरी खर्च का पैसा नहीं होता। ऐसी स्थिति में या तो उन्हें किसी से ऋण लेकर अपना उपचार कराना पड़ता है या दूसरों पर आश्रित रहना पड़ता है। ऐसे में उचित इलाज न मिल पाने की वजह से उनकी सेहत और खराब होती चली जाती है या इलाज के अभाव में उनकी मृत्यु हो जाती है। गौरतलब है कि निजी बीमा कंपनियां बुजुर्गों से अधिक प्रीमियम वसूलती हैं। संतानों के दुर्व्यवहार के मामले नियमित रूप से सामने आते रहते हैं, जबकि इसके संबंध में पहले से ही कानून है। राज्य सरकारें जो वृद्धावस्था पेंशन देती हैं, उस मामूली रकम के लिए बुजुर्गों को दफ्तरों और बैंकों के चक्कर काटने पड़ते हैं। बुजुर्ग अपराध के भी आसान शिकार होते हैं। अध्ययन में खुलासा भी हो चुका है कि अधिकतर बीमार बुजुर्ग अस्पताल पहुंचने से पहले दम तोड़ देते हैं। इस गंभीर स्थिति में आर्थिक एवं स्वास्थ्य चुनौती का सामना करने में इस बीमा योजना से बड़ी मदद मिलेगी। निश्चित रूप से बीमा योजना का विस्तार एक सराहनीय निर्णय है।

# पाकिस्तान में कैसे लौटती हिन्दी



विवेक शुक्ला
वरिष्ठ पत्रकार

पाकिस्तान के पंजाब प्रांत की सांस्कृतिक राजधानी लाहौर में 1947 तक कई हिन्दी प्रकाशन सक्रिय थे। इनमें राजपाल एंड संस खास था। हिन्दी के प्रसार-प्रचार के लिए कई संस्थाएं जुझारू प्रतिबद्धता के साथ जुटी हुई थीं।



सिंध सूबे में हिन्दुओं की ठीक-ठाक आबादी भी है। इनमें हिन्दू धर्म ग्रंथों को हिन्दी में पढ़ने की लालसा रहती है। पाकिस्तान के हिन्दू नौजवानों में अपने धर्म ग्रंथों को हिन्दी में पढ़ने की चाहत बढ़ रही है। चंदर कुमार पाकिस्तान के सिंध से संबंध रखते हैं। अब दुबई में रहते हैं। एक अंतर्राष्ट्रीय एनजीओ में काम करते हैं। वे बता रहे थे कि हमें हिन्दी अपने बुजुर्गों से सीखने को मिल रही है। अब हम हिन्दी अपनी अगली पीढ़ी को पढ़ाने की स्थिति में हैं। सिंध और कराची मे रहने वाले हिन्दू, सिंधी के माध्यम से हिन्दी का अध्ययन कर रहे हैं। पाकिस्तान में कम से कम मिडिल क्लास से संबंध रखने वाले हिन्दू तो हिन्दी सीखते ही हैं। हालांकि पाकिस्तान के हिन्दुओं की मातृभाषा हिन्दी नहीं है, पर वे हिन्दी से भावनात्मक रूप से जुड़ते हैं।

पाकिस्तान के दुनिया के मानचित्र में 14 अगस्त, 1947 को आते ही हिन्दी शत्रु की जुबान हो गई। वहां हिन्दी को सरकारी स्तर पर नफरत से देखा जाने लगा। हिन्दी के प्रकाशन बंद होने लगे। निश्चित रूप से उस दौर में पंजाब में उर्दू और पंजाबी का वर्चस्व था,पर हिन्दी ने अपने लिए जगह बनाई हुई थी। हिन्दी पढ़ी-लिखी जा रही थी। लाहौर से 'आर्य गजट' और 'प्रकाश' तथा अमर भारत नाम से हिन्दी के अखबार प्रकाशित हो रहे थे। बंटवारे के बाद स्कूल-कॉलेज में हिन्दी की कक्षाएं लगनी समाप्त हो गई। वरना पंजाब की राजधानी लाहौर के गवर्नमेंट कॉलेज, फोरमेन क्रिश्चन कॉलेज, खालसा कॉलेज, दयाल सिंह कॉलेज, डीएवी वगैरह में हिन्दी की स्नातकोत्तर स्तर तक की पढ़ाई की व्यवस्था थी।

इसी तरह से पंजाब के एक दूसरे खास शहर रावलपिंडी में डीएवी कॉलेज तथा गॉर्डन कॉलेज में भी हिन्दी पढ़ी-पढ़ाई जा रही थी। रावलपिंडी में रहकर बलराज साहनी,भीष्म साहनी तथा हिन्दी फिल्मों के बेहतरीन गीतकार आनंद बख्शी ने हिन्दी जानी-समझी थी। रावलपिंडी में मार्च,1947 में हुए भयावह सांप्रदायिक दंगों की पृष्ठभूमि पर भीष्म साहनी ने अपना कालजयी उपन्यास 'तमस' लिखा था। इसके साथ ही पाकिस्तान के हिन्दुओं में हिन्दी को जानने की लालसा बढ़ रही है। वे हिन्दी इंटरनेट और अन्य माध्यमों से सीख भी रहे हैं।

पाकिस्तान के पंजाब प्रांत की सांस्कृतिक राजधानी लाहौर में 1947 तक कई हिन्दी प्रकाशन सक्रिय थे। इनमें राजपाल एंड संस खास था। हिन्दी के प्रसार-प्रचार के लिए कई संस्थाएं जुझारू प्रतिबद्धता के साथजुटी हुई थीं। यशपाल, भीष्म साहनी, कृष्णा सोबती, कृष्णा सोबती, देवेन्द्र सत्यार्थी, उपेन्द्र नाथ अश्क, नरेन्द्र कोहली समेत दर्जनों हिन्दी के लेखक देश के बंटवारे से पहले मौजूदा पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के स्कूलों-कॉलेजों में हिन्दी सीख चुके थे या उन्होंने अपना रचनाकर्म शुरू कर दिया था। हिन्दी की पढ़ाई पंजाब के बड़े शहरों के अलावा डेरा इस्माइल खान जैसे छोटे शहरों में भी हो रही थी। डेरा इस्माइल खान को अब खैबर पख्तूनख्वा सूबा कहा जाता है। दिल्ली यूनिवर्सिटी में हिन्दी पढ़ाते रहे प्रो. डॉ. हरीश खन्ना कहते हैं कि उनकी मां डेरा इस्माइल खान से थीं। वह हिन्दी अच्छी जानती थीं, उन्होंने वहां ही हिन्दी सीखी थी।

इस बीच, पाकिस्तान से आए हिन्दी के रचनाकारों की भाषा में उर्दू तथा पंजाबी का मिश्रण होता है। इन्होंने 'किंतु-परंतु' के स्थान पर 'अगर-मगर' लिखने से परहेज नहीं किया। सिंध सूबे की राजधानी कराची,बलूचिस्तान और पाकिस्तान के शेष भागों में भी हिन्दी पढ़ी-लिखी जा रही थी। हिन्दू परिवारों की महिलाएं तो हिन्दी का अध्ययन घर में रहकर ही कर लेती थीं,लेकिन पाकिस्तान बनने के साथ ही अन्य स्थानों पर भी हिन्दी पढ़ने-लिखने की सुविधाएं खत्म हो गईं।

फिर लौटती हिन्दी-हालांकि पाकिस्तान में हिन्दी को पढ़ने-पढ़ाने के सारे रास्ते बंद कर दिए गए,पर वह फिर भी अपने लिए जगह बना रही है। हिन्दी फिल्मों और भारतीय टीवी सीरियलों के चलते दर्जनों हिन्दी के शब्द आम पाकिस्तानी की आम बोल-चाल में शामिल हो गए हैं। अब पाकिस्तानियों की जुबान में आप 'जन्मतिथि','भूमि' 'विवाद', 'अटूट', 'विश्वास', 'आशीर्वाद','चर्चा','पत्नी', 'शांति' जैसे शब्द सुन सकते हैं। इसकी एक वजह ये भी समझ आ रही है कि खाड़ी के देशों में लाखों भारतीय-पाकिस्तानी एक साथ काम कर रहे हैं। दोनों के आपसी सौहार्दपूर्ण रिश्तों के चलते दोनों एक-दूसरे की जुबान सीख रहे हैं। दुबई, अबूधाबू, रियाद, शारजहां जैसे शहरों में हजारों पाकिस्तानी काम कर रहे हैं। भारतीय कारोबारियों की कंपनियों,होटलों,रेस्तरां वगैरह में। इसके चलते वे हिन्दी के अनेक शब्द सीख लेते हैं।

सिंध सूबे में हिन्दुओं की ठीक-ठाक आबादी भी है। इनमें हिन्दू धर्म ग्रंथों को हिन्दी में पढ़ने की लालसा रहती है। पाकिस्तान के हिन्दू नौजवानों में अपने धर्म ग्रंथों को हिन्दी में पढ़ने की चाहत बढ़ रही है। चंदर कुमार पाकिस्तान के सिंध से संबंध रखते हैं। अब दुबई में रहते हैं। एक अंतर्राष्ट्रीय एनजीओ में काम करते हैं। वे बता रहे थे कि हमें हिन्दी अपने बुजुर्गों से सीखने को मिल रही है। अब हम हिन्दी अपनी अगली पीढ़ी को पढ़ाने की स्थिति में हैं। सिंध और कराची मे रहने वाले हिन्दू,सिंधी के माध्यम से हिन्दी का अध्ययन कर रहे हैं। पाकिस्तान में कम से कम मिडिल क्लास से संबंध रखने वाले हिन्दू तो हिन्दी सीखते ही हैं। हालांकि पाकिस्तान के हिन्दुओं की मातृभाषा हिन्दी नहीं है,पर वे हिन्दी से भावनात्मक रूप से जुड़ते हैं। इस बीच पिछले कुछ वर्षो से इस्लामाबाद स्थित नेशनल यूनिवर्सिटी आफ मॉडर्न लैंगवेज्ज (एनयूएमएल) में हिन्दी की कक्षाएं शुरू हुई हैं। एनयूएमएल के हिन्दी विभाग में पांच टीचर हैं। इधर हिन्दी में डिप्लोमा कोर्स से लेकर पीएचडी तक करने की सुविधा है, लेकिन इधर गिनती के ही छात्र दाखिला लेते हैं। एनयूएमएल में हिन्दी के साथ-साथ पाकिस्तान में बोली जानी बहुत सी अन्य भाषाओं के अध्यापन की व्यवस्था है। यहां पर हिन्दी पढ़ा रही हैं, वो महिलाएं जो विवाह से पहले भारत में रहती थीं। ये विवाह के बाद पाकिस्तान चली गईं। यहां से चीनी और अरब देशों के राजनयिक हिन्दी सीखते हैं। एनयूएमएल की हिन्दी विभाग की प्रमुख डॉ. नसीमा खातून हैं। उन्होंने नेपाल की त्रिभुवन यूनिवर्सिटी से हिन्दी साहित्य में पीएचडी की है। वह आगरा यूनिवर्सिटी में पढ़ी हैं। उनके अलावा इस विभाग में शाहिना जफर भी हैं। वह मेरठ यूनिवर्सिटी की छात्रा रही हैं। इसी क्रम में नसीम रियाज भी हैं। वह पटना यूनिवर्सिटी एमए हैं।

कई साल पहले राजधानी में पाकिस्तान के एक राजनयिक ने बताया था कि चूंकि हिन्दी हमारे पड़ोसी मुल्क भारत की अहम भाषा है, इसलिए उनका देश इसकी अनदेखी नहीं कर सकता। आप कह सकते हैं कि पाकिस्तान में हिन्दी को एक-दो जगहों में पढ़ाया जा रहा है।

## प्रसंगवश

# शिक्षा में मातृभाषा

स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात अनवरत चर्चा का विषय रहा है कि देश में शिक्षा का माध्यम मातृभाषा होना भाषा सिद्धांतों के अनुसार वैज्ञानिक एवं व्यावहारिक है,जिसकी वकालत समय-समय पर शिक्षाविद् और शैक्षिक चिंतक करते आए हैं और स्वतंत्र भारत की शिक्षा नीतियों ने भी इसी ओर निर्देशित किया है, लेकिन अंग्रेजों की रही शासन पद्धति, रग-रग में लार्ड मैकाले के प्रभाव तथा स्वतंत्र भारत के राष्ट्र संचालकों की दृढ़ इच्छा शक्ति के अभाव से शिक्षा में मातृभाषा की स्थिति आज तक सुदृढ़ नहीं हो पाई अब आशा बलवती हुई है।

भारत में मातृभाषा के माध्यम से शिक्षा का माध्यम विषय देश में स्वतंत्रता काल से ही चला आ रहा है और नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के साथ देश के अमृत काल के अवसर पर भी चला ही हुआ है। भाषा में आत्मनिर्भरता भारत का एक बड़ा मुद्दा है,जिसको हल करने का प्रयास एनईपी 2020 के द्वारा किया जा रहा है,जिसने पूरे देश में बच्चों के अधिगम स्तर को बेहतर करने, वैज्ञानिक-तार्किक सोच विकसित करने, अध्ययन काल में मौलिकता एवं रचनात्मकता को विकसित करने, राष्ट्रीय एवं सांस्कृतिक अस्मिता की अभिव्यक्ति करने के लिए प्राथमिक शिक्षा अनिवार्य रूप से स्वभाषा/मातृभाषा में दिए जाने का प्रावधान किया है। संभव होने पर माध्यमिक एवं उच्च शिक्षा क्षेत्र में भी मातृभाषा के क्रियान्वयन पर सुझाव दिया है,जो भारतीय संविधान की मूल भावना के अनुरूप ही है। नीति ने प्रावधान किया कि हम स्व-मातृभाषा के व्यवहार में गर्व अनुभव करें। यद्यपि देशी-विदेशी भाषाओं में भी ज्ञान एवं सत्साहित्य का भंडार है और अंतर्राष्ट्रीय मंचों में अधिकतर अंग्रेजी का व्यवहार होने से भाषा रूप में उसको सीखने में अच्छाई है।



डॉ. हेमंत कुमार जोशी
नैनीताल

वस्तुतः भाषा भिन्न-भिन्न विषयों को पढ़ने एवं संवाद अभिव्यक्ति के साथ उस क्षेत्र-समुदाय-राष्ट्र-धर्म-संस्कार-संस्कृति-शास्त्र-ज्ञानादि की भी परिचायिका तथा अवबोधिका होती है। साथ ही स्वाभिमान और गौरव की प्रतीक भी होती है। भाषा के माध्यम से ही हमको उक्त विषयों को गहन रूप से समझने में सहायता मिलती है तथा व्यक्ति अपनी जड़ों के साथ जुड़ा रहता है। भारत वर्ष प्राचीन काल से ही सनातन ज्ञान परंपरा का केन्द्र रहा है। अपनी पाश्चात्य ज्ञान-संस्कृति को थोपने के उद्देश्य से विदेशी दासता के दौर में भारतीय सनातन ज्ञान परंपरा एवं गुरुकुल शिक्षा प्रणाली को अनेक रूपों में नष्ट करने के प्रयास होते रहे। ब्रिटिश राज में मैकाले की शिक्षा नीतियों ने भारतीय शिक्षा व्यवस्था का सबसे अधिक नुकसान किया। राष्ट्रीय गौरव, राष्ट्रीय भावना, वीर संत परंपरा, राष्ट्र के प्रति त्याग, दर्शन, सेवाभाव, नैतिकता और जीवन मूल्य जैसी विभिन्न महत्वपूर्ण राष्ट्रोपयोगी बातें शिक्षा से अलग कर दी गई,जिसका परिणाम भारत आजादी के 75 वर्ष पूरे करने पर भी भुगत रहा है और उसके दुष्परिणाम दिखाई दे रहे हैं कि नई शिक्षा नीति से कुछ आशा की किरणें गत वर्षों उद्दीप्त हुई हैं,लेकिन क्रियान्वयन के लिए दृढ़ इच्छा शक्ति अपेक्षित है।

संविधान की मूल भावना के साथ ही महात्मा गांधी, रवीन्द्र नाथ टैगोर, मदन मोहन मालवीय, गोपाल कृष्ण गोखले, डॉ.राधाकृष्णन, अटल बिहारी वाजपेयी, वर्तमान राष्ट्रपति/प्रधानमंत्री द्रौपदी मुर्मु एवं नरेन्द्र मोदी जैसे राजनैतिक-शैक्षिक चिंतकों से लेकर सी.वी.रमन,जगदीश चन्द्र बसु, प्रफुल्ल चन्द्र रॉय, डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम जैसे मूर्धन्य तथा सम्मानित वैज्ञानिकों और देश के प्रसिद्ध शिक्षाविदों, भाषाविदों एवं मनोवैज्ञानिकों ने मातृभाषा में शिक्षण को व्यावहारिक तथा वैज्ञानिक बताया है और अपनी लिखित पुस्तकों तथा शैक्षिक मंचों में जगह-जगह शिक्षा में मातृभाषा के महत्व को वर्णित किया है। यहां तक कि वर्तमान नई शिक्षा नीति 2020 के अध्यक्ष, महान अंतरिक्ष वैज्ञानिक डॉ. के.कस्तूरीरंगन ने भी प्रत्येक मंच में प्राथमिक शिक्षा मातृभाषा में ही दिए जाने पर बल दिया है।

नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति को केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकारों के द्वारा भारत में समान एवं सर्वसुलभ शिक्षा दिलाने, सरकारी विद्यालय-महाविद्यालयों के उन्नयन,भारतीय विविधता सहित संस्कृति-संस्कारों का संरक्षण, राष्ट्रभक्ति का अभिवर्धन, मातृभाषाओं सहित हिन्दी-संस्कृत के प्रचार-प्रसार करने, शिक्षण का माध्यम मातृभाषा करने, अंग्रेजी सहित वैदेशिक भाषाओं में जानकारी बढ़ाते हुए बहुभाषी बनाने, वैदेशिक दासता से मुक्ति दिलाने, कक्षा 6 से ही विषयों की आजादी एवं कौशलात्मक शिक्षा को बढ़ावा देकर प्रत्येक भावी नागरिक को आत्मनिर्भर बनाए जाने के उद्देश्य से अविलंब पूर्णतः लागू करना चाहिए, जो केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकारों की प्राथमिकता में होना चाहिए।

# विश्व फलक पर हिन्दी



प्रो. मीना यादव
हिंदी विभाग, बरेली कॉलेज बरेली

हिन्दी को बढ़ावा देने के लिए यह आवश्यक है इसे रोजगार की भाषा बनाया जाए अर्थात हिन्दी से रोजगार प्राप्त करने की प्रक्रिया को प्रोत्साहित किया जाए।

77 वर्षों की आजादी के बाद भी भारत में हिन्दी राजभाषा है,पर इसे राष्ट्रभाषा का दर्जा प्राप्त नहीं हुआ है। ऐसे में हिन्दी को विश्व भाषा की कल्पना कहीं मुंगेरीलाल के हसीन सपनों जैसा तो नहीं है, बिल्कुल नहीं। देश विदेश के सभी हिन्दी प्रेमियों, साहित्यकारों, भारत की केंद्र सरकार, राज्य सरकारों, इस दिशा में कार्य कर रहे सभी स्वयंसेवी संगठनों, शिक्षण संस्थानों, शिक्षकों, छात्र-छात्राओं और अन्य सभी बुद्धिजीवियों को इस दिशा में मिलकर लक्ष्य प्राप्ति तक सामूहिक प्रयास करना होगा।

हिन्दी को विश्व भाषा बनाने हेतु निम्न तथ्यों पर अवश्य विचार किया जा सकता है-केंद्र सरकार और राज्य सरकारों के प्रयास, केंद्र सरकार के संस्थानों जैसे रेलवे, एयरपोर्ट अथॉरिटी, बैंक में हिन्दी में कार्यों को अनिवार्य किया जाए। वहीं शिक्षण संस्थानों जैसे केंद्रीय विश्वविद्यालय, केंद्रीय विद्यालय, देशभर में संचालित नवोदय विद्यालयों में हिन्दी विषय को अनिवार्य बनाया जाए। उत्तर से दक्षिण, पूरब से पश्चिम सभी राजमार्गों, रेलवे स्टेशनों, बैंकों, आम सूचना पट्टिकाओं को स्थानीय भाषा के साथ-साथ हिन्दी की देवनागरी लिपि में भी तैयार कराया जाए। केंद्र सरकार और राज्य सरकारों से निर्गत शासनादेशों को हिन्दी में अवश्य निर्गत किया जाए। प्रत्येक विभाग की वार्षिक प्रगति आख्या एक पत्रिका के रूप में हिन्दी में प्रकाशित की जाए।

हिन्दी को बढ़ावा देने के लिए यह आवश्यक है कि इसे रोजगार की भाषा बनाया जाए अर्थात हिन्दी से रोजगार प्राप्त करने की प्रक्रिया को प्रोत्साहित किया जाए। संचार क्रांति के साथ-साथ भाषा में भी परिवर्तन दिखाई दे रहा है। विशेष रूप से हिन्दी भाषा का स्वरूप भी बदला है। हिन्दी के क्षेत्र में भी विस्तार हुआ है। सूचना और प्रौद्योगिकी के प्रचार प्रसार ने हिन्दी का भी प्रचार-प्रसार किया है और रोजगार के नए-नए अवसर प्रदान किए हैं।

यदि प्रौद्योगिकी का माध्यम भी हिन्दी बनाया जाए तो जनसाधारण तक हिन्दी की पहुंच और अधिक बढ़ेगी फलस्वरूप दैनिक क्रियाकलापों में भी सूचना और प्रौद्योगिकी का उपयोग कर रोजगार व हिन्दी के प्रचार को बढ़ाया जा सकता है। आज रोजगार के संदर्भ में सूचना और प्रौद्योगिकी तथा हिन्दी एक दूसरे के पूरक बने हुए हैं। इन दोनों के संयुक्त प्रयोग से हिन्दी का क्षेत्र अधिक व्यापक होगा। आकाशवाणी अर्थात संचार का श्रव्य माध्यम, जिसमें लगभग 100 व्यक्तियों को रोजगार प्राप्त होता है, उद्घोषक आकाशवाणी केंद्र का सर्वाधिक ख्याति वाला पद है। स्थानीय स्तर पर अनेक कार्यक्रम आयोजित कर स्थानीय लोगों को रोजगार उपलब्ध कराया जा सकता है। साथ ही अधिक से अधिक जनसंख्या तक हिन्दी भाषा को पहुंचाया जा सकता है। संचार के दृश्य माध्यम के रूप में टेलीविजन, फिल्म इंडस्ट्री, वीडियो अत्यंत महत्वपूर्ण माध्यम हैं, जिनमें श्रव्य अर्थात ध्वनि तरंगों का भी समायोजन किया जाता है। साथ ही विज्ञापन जगत का अपना असीम कारोबार है,जिससे लाखों लोगों को रोजगार तो प्राप्त होता ही है तथा उत्पादों और हिन्दी का प्रचार-प्रसार भी भली-भांति होता है।

हिन्दी और गैर हिन्दी राज्यों में अंतर्राज्यीय गतिविधियों जैसे सांस्कृतिक और खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने से गैर हिन्दी राज्यों में हिन्दी का प्रचार-प्रसार होगा और दोनों राज्यों की सांस्कृतिक परंपराओं का भी आदान-प्रदान होगा। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अंतर्गत त्रिभाषा फार्मूले का क्रियान्वयन भी गैर हिन्दी राज्यों में हिन्दी को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेगा और गैर हिन्दी राज्यों में भी हिन्दी के पद सृजित होंगे और रोजगार बढ़ेगा।

अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर हिन्दी का प्रचार-प्रसार कई प्रकार से किया जा सकता है यथा-विदेशों में भारतीय दूतावासों द्वारा विभिन्न शिक्षण संस्थानों, औद्योगिक इकाइयों तथा सार्वजनिक स्थानों पर हिन्दी में कार्यक्रम आयोजित किए जाएं और प्रतियोगिताओं के आधार पर पुरस्कार प्रदान कर वहां के नागरिकों को प्रोत्साहित किया जाए। भारत आने के लिए उन्हें वीजा देने की प्रक्रिया को सरल बनाया जाए। अवर न्यायालयों से लेकर उच्च न्यायालयों और सर्वोच्च न्यायालय में न्यायिक प्रक्रिया एवं निर्णय प्रायः अंग्रेजी में होते हैं। इन न्यायालयों में यदि हिन्दी भाषा का प्रयोग किया जाए तो आम नागरिकों को (विशेष रूप से हिन्दी भाषी क्षेत्रों में) सुविधा तो होगी ही साथ ही हिन्दी का प्रसार क्षेत्र भी विस्तारित होगा।

## सोशल फोरम

# मंदिर निर्माण

अंततः यह मंदिर भी इन्हीं मनोविकारों का शिकार होगा। लोगों को लड़ने का एक नया रास्ता खुल जाएगा। कुछ लोग रात में मंदिर में सोएंगे। पहले भी सोते थे।

मंदिर निर्माण की अगुवाई करने वाले धार्मिक व्यक्तियों को चाहिए कि वे अपने पैसे लगाकर उसका निर्माण कर लें। अगर उनके पास पैसे नहीं हैं तो जमीन का कुछ टुकड़ा बेचकर इस धार्मिक कृत्य का संपादन कर पुण्य के भागी बनें, लेकिन ऐसा न कर वे गरीबों से पैसे वसूलकर बेचारे को सता रहे हैं। या फिर ऐसे लोगों से ले रहे हैं, जिनकी आस्था इस तरह के धर्म में नहीं है।



मटुक नाथ चौधरी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

यह धर्म तो नहीं ही है, सामाजिकता भी नहीं है, क्योंकि इसके निर्माण के लिए उन लोगों ने उनसे बात नहीं की, जिनसे उन्हें पैसे चाहिए, जिनसे उनकी बात हुई है और सहमति प्राप्त हुई है,उन्हीं से पैसा मांगना उचित है और उन्हें देना भी चाहिए। घर-घर लड़ाई-झगड़ा, ईर्ष्या-द्वेष और वैमनस्य है। इसी के बीच मंदिर का निर्माण हो रहा है। अंततः यह मंदिर भी इन्हीं मनोविकारों का शिकार होगा। लोगों को लड़ने का एक नया रास्ता खुल जाएगा। कुछ लोग रात में मंदिर में सोएंगे। पहले भी सोते थे। भगवान के सारे आभूषण चुरा लिए गए। उन लोगों के विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं हो सकी। मैं धार्मिक और सामाजिक उन व्यक्तियों को कहूंगा, जो घर-घर आपसी प्रेम स्थापित करने के लिए घूमेंगे, न कि चंदा वसूलने के लिए। जहां प्रेम होगा,वहीं भगवान बसेंगे। भगवान मंदिर में नहीं रहते, शुद्ध हृदय में रहते हैं।

संत तुलसीदास ने भी ऐसा ही लिखा है- जिन्ह कें कपट दंभ नहिं माया। तिन्ह के हृदय बसहु रघुराया।। हृदय शुद्ध कैसे हो, इस पर कोई विचार नहीं, कोई गोष्ठी नहीं, कोई सत्संग नहीं, कोई ध्यान नहीं। इन चीजों के अभाव में कैसा मंदिर बनेगा जी? वैसा ही बनेगा, जैसा बन रहा है। जब आपस में प्रेम होगा और लोग मंदिर की जरूरत समझेंगे तो उल्लास से भर-भरकर कर, भूखे रह-रहकर जो भी पास में होगा उछाल देंगे। उस मंदिर की खुशबू कुछ और होगी। -फेसबुक वॉल से

# बदला लेने का अमोघ अस्त्र



महेश चंद्र द्विवेदी
सेवानिवृत्त आईपीएस, लखनऊ

पश्चिमी देशों के लोग भारतीयों के गणित एवं विज्ञान में तेज दिमाग का लोहा मानते हैं। अगर इन पश्चिमवासियों को भारत के ग्रामीणों की बदला-विशेषज्ञ योग्यता का ज्ञान हो जाए तो वे हमारे इस गुण के भी कायल हो जाएं। इस विशेष योग्यता का अधिकतम उपयोग करने में हमारे देश के वकीलों और पुलिस वालों का पूरा योगदान रहता है, परंतु गांव के मुखियाओं, प्रधानों, नेताओं और पटवारियों में किसी की भी भूमिका को नजर अंदाज करना उनके साथ सरासर नाइंसाफी होगी।

"साले पर ठोंक दो हरिजन एक्ट- अपने आप दिमाग दुरुस्त हो जाएगा।"- यह कोई फिल्मी डायलॉग नहीं है वरन हमारे ग्रामों में अपने दुश्मन की ऐसी-तैसी करवाने हेतु धड़ल्ले से प्रयोग होने वाली प्रक्रिया का बयान है। इस हेतु अनुसूचित जाति-जनजाति अधिनियम के अतिरिक्त दहेज अधिनियम, बाल संरक्षण अधिनियम या किसी भी आपराधिक घटना में अभियुक्त के रूप में फर्जी नामजदगी करा देने की प्रक्रिया का उपयोग होता है। कानून के इस दुरुपयोग का कारण यह है कि हमारी न्यायिक प्रक्रिया में फर्जी अपराध लिखा देने वाले अथवा किसी निर्दोष को अभियुक्त के रूप में नामजद कर देने वाले को दंडित कर पाना लगभग असंभव है। यह सिद्ध कर पाना अत्यंत दुरूह होता है कि एफआईआर लिखाते समय वादी का इरादा निर्दोष व्यक्ति को फंसाना था। मेरे 38 वर्ष के सेवाकाल में इस अपराध में केवल एक व्यक्ति दंडित हुआ था और उसे भी केवल एक दिन सायंकाल तक कचहरी में रखा गया था।

पश्चिमी देशों के लोग भारतीयों के गणित एवं विज्ञान में तेज दिमाग का लोहा मानते हैं। अगर इन पश्चिम वासियों को भारत के ग्रामीणों की बदला-विशेषज्ञ योग्यता का ज्ञान हो जाए, तो वे हमारे इस गुण के भी कायल हो जाएं। इस विशेष योज्ञता का अधिकतम उपयोग करने में हमारे देश के वकीलों और पुलिस वालों का पूरा योगदान रहता है,परंतु गांव के मुखियाओं, प्रधानों, नेताओं और पटवारियों में किसी की भी भूमिका को नजर अंदाज करना उनके साथ सरासर नाइंसाफी होगी। गांव में होने वाली हत्या,मारपीट,डकैती, बहुओं द्वारा आत्महत्या, अनुसूचित जाति वालों से अन्यों की लड़ाई आदि घटनाएं ऊपर लिखे अग्रणी व्यक्तियों को मनपसंद खुराफात में पड़ने का मानसिक आह्लाद एवं शत्रु से बदला लेने का स्वयंभू अवसर प्रदान करते हैं।

ऐसी कोई घटना घटित होने पर अधिकांश ग्रामीणों को इस बात की चिंता कम होती है कि घायल व्यक्ति का इलाज कैसे कराया जाए अथवा अपराध करने वालों को दंडित कैसे कराया जाए, वरन इसकी अधिक होती है कि अपने दुश्मनों को कैसे अभियुक्त नामजद कराया जाए। यह भी देखा गया है कि अपराध के शिकार व्यक्ति के घर वालों और हितैषियों की गांठ से चाहे घायल के इलाज के लिए पैसे न निकलें, परंतु वे शत्रुओं को अभियुक्त नामित करवाने के 'पुण्य कार्य' में थानेदार व मुंशी को घूस देने में कतई कोताही नहीं करते हैं। मुझे याद है कि मेरे बचपन में मेरे गांव के एक घर के सपूतों ने अपनी दादी का गला इस हेतु घोंट दिया था कि दुश्मनों को हत्या के केस में फंसाया जा सके।

निर्दोष व्यक्ति को एफआईआर में नामजद कर दिए जाने के इतने मानसिक, प्रशासनिक, सामाजिक एवं आर्थिक लाभ हैं,जिनको गिनाया जा सकना आसान काम नहीं है। मैं समझता हूं की जिस मस्तिष्क ने निर्दोषों को नामजद अभियुक्त बनाने की इस प्रक्रिया को ईजाद किया होगा,उस मस्तिष्क को सुरक्षित रखकर उस पर गंभीर जेनेटिक शोध किया जाता,तो अभी तक मनोविज्ञान की अनेक दुरूह समस्याओं का हल मिल चुका होता।

# डाकखाने में भी चार्ज हो सकेगा ईवी

देश में ज्यों-ज्यों इलेक्ट्रिक (ईवी) वाहनों का प्रयोग बढ़ रहा है,त्यों-त्यों उनके चार्जिंग की समस्या भी सामने आ रही है। हाल के एक वित्तीय अखबार ने प्रमुखता से इस खबर को छापा है कि देश में अब डाकखाने में ईवी चार्जिंग के लिए व्यवस्था की जा रही है। इसके लिए थंडर प्लस ने भारतीय डाक सेवा के साथ मिलकर करार किया है। यह कंपनी ज्यादातर डाक घरों में और सार्वजनिक परिसरों में ईवी चार्जिंग के उपकरण लगाएगी। तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद में सैनिकपुरी डाकखाने में इसकी शुरुआत भी हो चुकी है। ईवी चार्ज करने वाली कंपनी थंडर प्लस ने भारतीय डाक सेवा के साथ मिल कर यह चार्जिंग स्टेशन लगाया है।



संजीव मेहरोत्रा
बरेली

थंडर प्लस और भारतीय डाकघर की यह जुगलबंदी मील का बड़ा पत्थर साबित हो सकती है। ईवी चार्जिंग का ढांचा बनाने वाली और चार्जिंग पॉइंट चलाने वाली अग्रणी कंपनी थंडर प्लस हैदराबाद, बेगलुरु, दिल्ली, चेन्नई समेत देश के 65 से ज्यादा स्थानों पर 2000 से ज्यादा चार्जिंग पॉइंट लगा चुकी है। हैदराबाद का सैनिकपुरी डाक खाना देश का अपनी तरह का पहला ईवी चार्जिंग स्टेशन है,जो हरित ऊर्जा का पहला पड़ाव होगा। थंडर प्लस कंपनी का कहना है कि इस व्यवस्था से इलेक्ट्रिक गाड़ियों को आसानी से चार्ज किया जा सकेगा और कई शहरों में चार्जिंग ढांचा भी तैयार किया जा सकेगा।

दिलचस्प है कि भारतीय डाक ने 19 वीं सदी के आखिर में चिट्ठियों से आगे कदम बढ़ाना शुरू किया था। यह विभाग मनी आर्डर,डाक बचत खाते, बीमा पॉलिसी बेचने के साथ-साथ आधार अपडेशन आदि का भी काम कर रहा है और खासकर देहात में वित्तीय व्यवस्था का जरूरी हिस्सा बन गया है। अब ईवी चार्जिंग भी उसी तरह सफल होगा और विभाग को इससे अच्छी कमाई भी होगी,क्योंकि बहुत सी जगह पर डाकखाने प्रमुख इलाकों में और लंबी चौड़ी जगह पर बने हुए है। उम्मीद है कि यह सभी के लिए फायदे की बात होगी।

## एक नजर

### शिकायत पर रूखा जवाब देते हैं अधिकारी

**जलेसर।** जलेसर में पिछले तीन दिनों से 24 घंटे में 4 घंटे विद्युत सप्लाई मिल जाए तो बहुत है। अधिकारी बहुत रूखा जवाब देते हैं। भारतीय किसान यूनियन भानू के जिला अध्यक्ष पंकज ठाकुर, व्यापारी नेता मनोज बजरंगी, कपिल गुप्ता, विशन वार्ष्णेय, गौरव वार्ष्णेय, बीएल कुशवाह आदि ने विद्युत विभाग के उच्च अधिकारियों से मांग की है कि विद्युत समस्या का निराकरण करें अन्यथा आंदोलन के लिए मजबूर होना पड़ेगा।

### मत्स्य पालन हेतु 27 को पट्टे होंगे आवंटित

**जलेसर।** उप जिलाधिकारी विपिन कुमार मोरल की विज्ञप्ति के अनुसार ग्राम पंचायत चिरगवा खानपुर सिमराऊ नगला सुखदेव रोहिना मिर्जापुर पोड्री मकसूदपुर मैं मत्स्य पालन हेतु पट्टू 10 वर्ष के लिए पट्टों का आवंटन किया जाएगा। व्यक्ति खसरा खतौनी जाति आय प्रमाण पत्र आधार कार्ड प्रार्थना पत्र के साथ 27 सितंबर को प्रातः 11 बजे तहसील सभा कक्ष में मौजूद रहे। तहसील सभागार में तहसीलदार की अध्यक्षता में पट्टे आवंटित किए जाएंगे।

### फंदे पर लटका मिला महिला का शव

**अमांपुर :** महिला का शव फंदे पर लटका मिला। इससे परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। 27 वर्ष सपना पत्नी प्रदीप निवासी गांव भुजपुरा सहावर रोड पर प्यारे सिंह के मकान में किराए पर रहती थी। उसका शव कमरे में फंदे पर लटका मिला। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक चंचल सिरोही ने बताया कि पुलिस ने परिजनों से घटना को लेकर पूछताछ की हे। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# बारिश ढाने लगी कहर...मकानों की छतें-दीवारें गिरीं, सड़क कटी

## मलबे में दबकर तीन भैंस मरीं, एक महिला घायल, प्राथमिक विद्यालय की छत गिरी

संवाददाता,एटा



भारी बारिश के चलते गिरा मकान। ● अमृत विचार



मकान के नीचे दबी भैंसों को निकालते ग्रामीण। ● अमृत विचार



बारिश में कटी सड़क पर खड़े ग्रामीण। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** लगातार हो रही बारिश में मकान की छत गिरने से एक महिला गंभीर रूप घायल हो गई। इधर निधौलीकलां में प्राथमिक विद्यालय की छत गिर गई। बच्चे होते तो बड़ा हादसा हो जाता। वहीं अन्य स्थानों पर हुए बारिश केहादसों में तीन भैंस मर गईं और घरेलू सामान व परचून एवं चाय का सामान आदि दबकर नष्ट हो गया।

निधौलीकलां कस्बा के मोहल्ला झंती निवासी महारानी (60) पत्नी मुरारीलाल घर में खाना बना रही थीं तभी अचानक मकान भरभराकर गिर पड़ा। मलबे में दबी महिला को मौके पर पहुंचे परिजनों और ग्रामीणों द्वारा बाहर निकाला गया। उसको मेडिकल कालेज में भर्ती कराया। डाक्टर ने हालत नाजुक देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया है। दूसरी ओर मारहरा थाना क्षेत्र के ग्राम नौजरपुर में तेज बारिश के कारण सड़क कट गई। ग्रामीणों का निकलने का रास्ता बंद हो गया है।बताया गया कि ग्रामीणों द्वारा कई बार प्रधान से पानी निकासी के लिए कहा गया, लेकिन कोई सुनवाई नहीं की।

इधर भारी बारिश के चलते कस्बा पिलुआ में किसान पप्पू पुत्र डालचन्द्र के मकान की छत गिर गई। जिसके नीचे बंधी भैंसें दब गईं। चीखपुकार सुन आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। कड़ी मशक्कत के बाद दो भैंसों को सकुशल बाहर निकाल लिया, जबकि तीन भैंसों की मौत हो गई। पप्पू ने बताया कि तीनों भैंसों की कीमत 2 लाख रुपए से अधिक थी। सामान भी नष्ट हो गया। पिलुआ थाना पुलिस और राजस्व विभाग की टीम मौके पर पहुंची। घटनास्थल का निरीक्षण किया है।

ब्लॉक निधौलीकलां क्षेत्र के रुस्तमगढ़ गांव में बने प्राथमिक विद्यालय की बारिश के चलते छत भरभरा कर गिर पड़ी। वह तो अच्छा रहा कि प्रशासन की तरफ से स्कूलों की छुट्टी कर दी गई। इसलिए बड़ा हादसा टल गया। पुलिस और राजस्व टीम ने निरीक्षण कर रिपोर्ट प्रेषित की है।



घायल महिला अस्पताल में भर्ती।

### पुरानी इमारत ढही,दुकान का सामान नष्ट



लगातार हो रही बारिश के चलते कोतवाली नगर क्षेत्र के अन्तर्गत बली मुहम्मद चौराहा स्थित वर्षों पुरानी बनी बिल्डिंग ढह गई। बिल्डिंग के नीचे चाय और परचून की दुकान चलाने वाले सुनील कुमार बाल बाल बच गया। मलबे में दबकर साईकिलें, दुकान का सामान व अन्य दुकानदारों का सामान भी दबकर चकनाचूर हो गया। घटना की सूचना पर कोतवाली नगर पुलिस और नगरपालिका कर्मचारी पहुंच गए और निरीक्षण किया।

## ढही दीवारें, दबकर महिला समेत तीन की मौत

संवाददाता,एटा

**अमृत विचार:** तीन दिन से लगातार हो रही बारिश में गिरे मकान और दीवारें ढहने लगी हैं। रिजोर क्षेत्र में एक महिला, कोतवाली देहात क्षेत्र में एक युवक और नयागांव थाना क्षेत्र में एक बच्चे की मौत हो गई, जबकि एक बच्ची घायल हुई है। परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

रिजोर थाना क्षेत्र के ग्राम भरतौली निवासी गंगाश्री (80) पत्नी स्व. रामप्रकाश की दीवार के नीचे दबकर मौत हो गई। बताया गया है कि गंगाश्री घर के पास ही टिनशेड में रहती थी। शुक्रवार को सुबह बारिश के कारण दीवार ढह गई, दबकर उनकी मौत हो गई। पुलिस और राजस्व विभाग की टीम ने निरीक्षण कर शव को पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया। दूसरी ओर कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम हिम्मतपुर नासिरपुर में तेज बारिश के कारण सीढ़ियों से गिरकर जितेन्द्र कुमार (40) पुत्र स्व. छोटेलाल की मौत हो गई। चाचा रामेश्वर ने बताया कि गुरुवार की रात 9 बजे बारिश हो रही थी। मकान की सीढियों पर फिसलन हो चुकी थी। इसी दौरान भतीजा सीढ़ियों से चढ़कर छत पर जा रहा था तभी उसका पैर फिसल गया और वह सीढियों से नीचे आ गिरा।



मृतका गंगाश्री।

उसकी मौत हो गई। इसके अलावा लगातार हो रही बारिश में नयागांव थाना क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम सिकंदरपुर निवासी नीलेश कुमार का कच्चा मकान भरभरा कर गिर गया।नीलेश का 5 वर्षीय पुत्र गोलू और बेटी राधा मकान के अंदर थी। जोकि मकान गिरने से दब गई। हादसा होते ही परिजनों के अलावा ग्रामीण बचाव कार्य में जुट गए। जब तक बच्चों को निकालकर अस्पताल भिजवाया गया तब तक गोलू की मौत हो गई।

राधा का उपचार चल रहा है। इसके अलावा जैथरा ब्लॉक के गांव बरना निवासी विश्नु पाण्डेय ने बताया कि लगातार हो रही बारिश के कारण शुक्रवार को उनका मकान भरभरा कर गिर पड़ा। मकान के अंदर रखा हजारों का सामान दबकर नष्ट हो गया। परिजनों के अनुसार राजस्व विभाग और पुलिस को सूचना दी गई, लेकिन नहीं पुलिस पहुंची।

## कार की टक्कर से बाइक सवार महिला की मौत

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार:** बाइक सवार दंपती को कार ने टक्कर मार दी। दोनों गंभीर घायल हो गए। जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद महिला को मृत घोषित कर दिया। पति का उपच९ार किया जा रहा है।

मथुरा-बरेली हाइवे पर सोरों कोतवाली क्षेत्र जियो पेट्रोल पंप के निकट कासगंज की ओर से जा रही बोलेरो ने गांव प्रहलादपुर निवासी रवि कुमार पुत्र शांतिलाल की बाइक में टक्कर मार दी। बाइक पर उनकी पत्नी गीता भी थीं। रवि अपनी पत्नी को दवा दिलाने के लिए कासगंज आ रहे थे। टक्कर लगने से दोनों गंभीर घायल हो गए। गोरहा चौकी पुलिस ने दोनों घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने गीता को मृत घोषित कर दिया, जबकि उसके पति का उपचार जारी है। मृतका के चार बच्चे हैं। सोरों कोतवाली प्रभारी भोजराज अवस्थी ने बताया बोलेरो गाड़ी की नंबर प्लेट पुलिस को मिल गई है, जो मौके पर गिर गई थी। तहरीर मिलते ही मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी फिलहाल बोलेरो कर की तलाश जारी है।



महिला की मौत के बाद जिला अस्पताल में विलाप करते परिजन। ● अमृत विचार

- पति को गंभीर हालत में जिला अस्पताल में कराया भर्ती
- सोरों के गांव प्रहलादपुर से कासगंज आ रहे थे दवा लेने

## 127 वाहनों का चालान कर 1.63 लाख रुपए वसूले

**एटा,अमृत विचार:** यातायात पुलिस द्वारा अभियान चला कर यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर 127 वाहनों का चालान कर दिया। इस दौरान पुलिस द्वारा 1,63,000 रुपये का सम्मन शुल्क वसूला है। एसएसपी श्याम नारायण सिंह के निर्देशन में यातायात पुलिस द्वारा यातायात जागरुकता हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत 13 सितंबर को चैकिंग के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने ड्रिंक एंड ड्राइव, तीन सवारी, बिना हेलमेट, काली फिल्म तथा नाबालिग बच्चों द्वारा वाहन चलाने पर 127 वाहनों के चालान कर 1,63,000 रुपये सम्मन शुल्क वसूला गया। साथ ही लोगों से यातायात नियमों का पालन करने की अपील की गई।

## लूट के बाद की थी ग्रामीण की हत्या, दो गिरफ्तार

संवाददाता,जलेसरर

**अमृत विचार:** जलेसर के गांव नगला मितनन को जाने वाले रास्ते पर 26 अगस्त को मिले अज्ञात व्यक्ति के शव की शिनाख्त हो गई है। ग्रामीण की हत्या लटपाट के बाद की गई। उसे शादी का झांसा देकर बुलाया गया था।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्याम नारायण सिंह ने बताया कि शव की शिनाख्त विजेन्द्र सिंह पुत्र भूपसिंह निवासी गांव राजनगर थाना हसायन, हाथरस के रूप में हुई। उनकी पुत्री गेसू ने तहरीर दी। इसके अनुसार खुशबू पत्नी सुरेश चन्द्र निवासी बरामई थाना हाथरस जंक्शन और बाइस्तवा एवं दो अन्य महिलाओं के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। जलेसर पुलिस, जनपदीय एंटी व्हीकल थेफ्ट तथा सर्विलांस टीम द्वारा मृतक के मोबाइल की सीडीआर आदि के अवलोकन से प्रकाश में आए जतिन पुत्र नीरज कुमार सिंह, कन्हैया पुत्र चोखे सिंह निवासी ग्राम राजनगर थाना हसायन जनपद हाथरस को गांव खेरिया के पास से गिरफ्तार कर लिया। आरोपितों के कब्जे से एक सोने की चेन, 3160 रुपए, दो मोबाइल फोन बरामद किए गए है। आरोपितों की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त आला कत्ल लोहे का नल का पाइप व खून से सनी चादर ग्राम वाहनपुर के पास खेत से बरामद की गई हैं।आरोपितों ने बताया कि विजेन्द्र सिंह की पत्नी का देहांत हो गया था। आरोपितों ने विजेन्द्र सिंह की दूसरी शादी कराने का झांसा देकर 25 अगस्त को फोन करके महोखास थाना हाथरस जंक्शन जनपद हाथरस बुलाया। उसके बाद ग्राम वाहनपुर के करीब बिजली घर जाने वाली सड़क पर नल के पाइप से प्रहार कर उसकी हत्या कर दी और सोने की चेन, 5500 रुपये और मोबाइल लूट लिया।

इसके बाद आरोपितों ने मृतक की मोटर साइकिल को घटनास्थल ग्राम वाहनपुर से ले जाकर हाथरस जंक्शन के पास चाबी लगाकर मृतक का हेलमेट उसमें लगाकर वहीं छोड़ दिया। वहां से आरोपित अपनी मोटर साइकिल से पुनः घटनास्थल पर आए और शव को चादर में लपेट कर नगला मितन बंबा के पास थाना जलेसर एटा में फेंक दिया।



पुलिस हिरासत में हत्यारोपी और घटना की जानकारी देते एसएसपी श्याम नारायण सिंह।

- शादी का झांसा देकर बुलाया था, बाद में कर दी हत्या

## बीआरसी भवन की छत टपकी पन्नी डालकर रोका पानी

संवाददाता,एटा

**अमृत विचार:** सरकारी निर्माण कार्यों में किस तरह से लापरवाही बरती जा रही है इसका अंदाजा एटा के अलीगंज मे स्थित बीआरसी भवन को देखकर लगाया जा सकता है। दीवारों में सीलन आ गई है। छत टपक रही है। पानी को रोकने के लिए कमरों में पन्नियां लगाई गई हैं। दस्तावेज खराब होने का खतरा बना हुआ है।

जानकारी के अनुसार बीआरसी भवन मे वर्तमान में कार्य न कराए जाने के चलते जर्जर हो चुका है। भवन की छत से बारिश का पानी लगातार टपक रहा है। इसके बाद भी इसकी मरम्मत नहीं की जा रही है। छत से टपक रहे पानी के बीच कर्मचारी काम न करने के लिए मजबूर हैं। कंप्यूटर, एलइडी, दस्तावेज खराब होने का भय बना हुआ है। छत पर जगह-जगह दरारें आ गई है। बीआरसी भवन में टपक रहे पानी से बचने कोए अधिकारियों ने कंप्यूटरों व दस्तावेजों पर पन्नी लगवा दी हैं। दीवारों में शीलन के कारण करंट फैलने का खतरा भी बना हुआ है। खंड शिक्षाधिकारी मुकेश कुमार ने बताया कि छत व दीवारों में आ रही सीलन को दिखवाया जाएगा और जल्द से जल्द बीआरसी भवन की मरम्मत कराई जाएगी जिससे असुविधा का सामना न करना पड़े।

- निर्माण कार्य की खुली पोल, दस्तावेज खराब होने का खतरा

## सड़क हादसे में घायल सुरक्षा गार्ड की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत

संवाददाता,अवागढ़

**अमृत विचार :** मार्ग दुर्घटना में घायल सुरक्षा गार्ड की उपचार के दौरान मौत हो गई।

थाना क्षेत्र के ग्राम नरौरा निवासी कालीचरन ने बताया कि उनका पुत्र अशोक कुमार (42) अवागढ़ पब्लिक स्कूल में सुरक्षा गार्ड के पद पर नौकरी करता था। वह 12 अगस्त की सायं 6 बजे स्कूल से बिक्की पर सवार होकर घर आ रहा था। गांव नगला लोधा के समीप कार संख्या-यूपी-82-एएल-6177 के चालक ने लापरवाही से चलाते हुए अशोक को टक्कर मार दी। जिससे अशोक गंभीर रूप से घायल हो गया।

उसको उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। डाक्टर ने प्राथमिक उपचार देने के पश्चात हालत नाजुक देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया। गुरुवार की देर रात अशोक की मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया।

- अवागढ़ पब्लिक स्कूल में सुरक्षा गार्ड के पद पर था अशोक



मृतक अशोक।

### ट्रैक्टर की चपेट में आकर बालक घायल

**एटा, अमृत विचार :** कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के ग्राम अमरगोजिया निवासी गौरव (10) पुत्र विनोद कुमार को गांव में ही ट्रैक्टर चालक द्वारा ट्रैक्टर को लापरवाही से बैक करते हुए टक्कर मार दी।घायल बालक को उपचार के लिए मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया। डाक्टर ने प्राथमिक उपचार देने के पश्चात हालत नाजुक देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया। पीड़ित परिजनों ने आरोपित चालक के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है।

### बिजली लाइन की जांच करने की मांग

**जलेसर, अमृत विचार :** भाकियू भानु ने चार सूत्रीय ज्ञापन जलेसर के उप जिलाधिकारी विपिन कुमार मोरल को मितावली आगरा से जलेसर तक आ रही विद्युत लाइन में व्याप्त भ्रष्टाचार के विरोध में सौंपा। राम मोहन ने बताया कि मितावली से जलेसर के लिए आ रही विद्युत लाइन में भ्रष्टाचार हो रहा है। किसानों की अनुमति के बिना जबरदस्ती उनके खेतों में विद्युत टावर खड़े किए जा रहे हैं। मुआवजा सुविधा शुल्क के सहारे जहां 5 लाख दिया जा रहा है।सुविधा शुल्क न मिलने की दशा में नाम मात्र का मुआवजा दिया जा रहा है। उक्त लाइन में मात्र 65 से 70 पोल में लाइन बनाई जा सकती थी लेकिन भ्रष्टाचार के चलते 104 पोल लग गए हैं जिसकी जांच कराई जाए। ज्ञापन देने वालों में राम मोहन शर्मा, रघु दीक्षित, सौरभ कुमार, सुनहरी लाल, नैना देवी, अमर सिंह, दलबीर सिंह, रामवीर सिंह, प्रेमपाल सिंह, महेंद्र मिश्रा आदि मौजूद थे।

## लोन के नाम पर वसूली, बैंक मैनेजर सहित पांच पर रिपोर्ट

संवाददाता, सोरों जी

**अमृत विचार:** जालसाजी के तमाम तरीके सामने आ रहे हैं। एक पीडित ने लोन के नाम पर ठगी की शिकायत पुलिस से की है।पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच शुरु की है। बैंक मैनेजर सहित पांच पर आरोप है कि लगभग 50 हजार रुपए की ठगी कर ली गई।

भारतीय स्टेट बैंक शाखा सोरों में डेयरी मुद्रा लोन के लाभार्थी अड्डूपुर निवासी संजीव कुमार ने थाना सोरों में प्राथमिकी दर्ज कराई। इसमें शाखा प्रबंधक वीरेन्द्र ठाकुर , ग्राहक सेवा केन्द्र संचालक रजनेश यादव, ग्राम प्रधान उदयवीर, मीरा देवी पत्नी उदयवीर एवम अड्डूपुर निवासी कलक्टर को आरोपी बनाया गया है। शिकायतकर्ता संजीव का आरोप है कि उक्त सभी ने पांच लाख के डेयरी मुद्रा लोन में उसे एक भी भैंस मिलने दी न ही एक भी रुपया। सभी लोग पैसे को डकार गए।आरोपियों ने क्षेत्र के अन्य दो दर्जन से अधिक किसानों को भी शिकार बनाया। जांच उपनिरीक्षक विकासचंद्र शर्मा को सौंपी गई है। इंस्पेक्टर भोजराज अवस्थी ने बताया कि एफआईआर दर्ज कर मामले में जांच की जा रही है। जांच में जो भी तथ्य प्रकाश में आएंगे उसी के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

- लोन स्वीकृत करने के बाद दूसरों के खातों में धनराशि भेजने का आरोप

## मोहिनी हत्याकांड: दावों में सिमटी जांच

कार्यालय संवाददाता, कासगंजः

**अमृत विचार:** महिला अधिवक्ता मोहिनी तोमर की हत्या की जांच ठंडे बस्ते में जाती दिखाई दे रही है। पुलिस अभी किसी नतीजे पर नहीं पहुंच सकी है। जल्द ही जांच पूरी करने और खुलासे का दावा किया जा रहा है। इस बीच अधिवक्ता के पति ने जान को खतरा बता शस्त्र लाइसेंस की मांग की है।

तीन सितंबर को लापता हुई महिला अधिवक्ता मोहिनी का शव 28 घंटे बाद रजपुरा गांव के समीप नहर में मिला था। चंदन हत्याकांड के आरोपी अधिवक्ता मुनाजिर रफी, मुख्तार अब्बास के पैरवी कर्ता अधिवक्ता केशव मिश्रा के साथ मुस्तफा कामिल और उनके बेटों पर एफआईआर कराई गई। सभी आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद भी पुलिस घटना का खुलासा नहीं कर सकी। इस बीच पोस्टमार्टम रिपोर्ट ने शव मोहिनी का ही है इस पर आशंका पैदा कर दी। शव की सही शिनाख्त के लिए डीएनए जांच के दावे किए जा रहे थे, लेकिन यह प्रक्रिया भी अभी ठप है। धीरे-धीरे अधिवक्ता के परिवार की सुरक्षा भी कम होने लगी है। अधिवक्ता के पति बृजतेंद्र तोमर ने अपनी और अपने परिवार की जान का खतरा बताकर स्थाई सुरक्षा और शस्त्र लाइसेंस की मांग की है।

### चर्चाओं में हत्याकांड

मोहिनी की हत्या क्यों और कैसे की गई। इसका खुलासा नहीं हो पा रहा है। पुलिस जल्द खुलासे का दावा कर रही है। इस बीच चर्चाओं का बाजार गर्म है। कोई जमीनी विवाद तो कोई पेशेवर रंजिश को हत्या का कारण मान रहा है। इस बीच पडोसी जिला एटा के भी कुछ लोगों के नाम लिए जा रहे हैं। हालांकि पुलिस ने अभी कुछ स्पष्ट नहीं किया है। कासगंज और एटा के कुछ लोग पुलिस ने हिरासत में लिए हैं।

मामले की जांच की जा रही है। पुलिस सफलता की ओर है। जल्द घटना का खुलासा हो जाएगा। डीएनए जांच विवेचना का एक हिस्सा है। जरूरत पडने पर डीएनए होगा। - **राजेश भारती, एएसपी।**

- अधिवक्ता के पति ने खतरा बताकर मांगा शस्त्र लाइसेंस

## नगर पालिका में भ्रष्टाचार मामले में अभिलेखों की जांच पूरी

**जलेसरअमृत विचार:** नगर पालिका परिषद मेंभ्रष्टाचार के संबंध में लोकायुक्त की गठित कमेटी के द्वारा अभिलेखीय एवं स्थलीय जांच कार्य पूर्ण किया जा चुका है। उप जिलाधिकारी विपिन कुमार मोरल ने बताया कि उनकी अध्यक्षता में तीन सदस्य टीम ने अभिलेखों की जांच पूर्ण कर ली है। शिकायतों के संबंध में स्थलीय निरीक्षण भी किया गया है। अब पालिका प्रशासन से शिकायतों के संबंध में रिपोर्ट मांगी गई है। जो बिल वाउचर लगे हैं उनकी भी जांच कराई जाएगी। रिपोर्ट लोकायुक्त को भेजी जाएगी। सनद रहे कि महावीरगंज के पवन तिवारी ने लोकायुक्त से भ्रष्टाचार की शिकायत की थी।

## शिक्षा के क्षेत्र में स्वामी बृह्मानंद का बड़ा योगदान

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार:** मालवीय स्वामी बृह्मानंद लोधी के परिनिर्वाण दिवस पर श्रद्धांजलि दी गई। वक्ताओं ने उनके जीवन पर प्रकाश डालकर उनको याद किया। उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

शिक्षा के सागर बुंदेलखंड के मालवीय स्वामी बृह्मानंद लोधी के परिनिर्वाण दिवस पर हिम्मतपुर सई के एमएल पब्लिक स्कूल में श्रृद्धांजलि सभा आयोजित की गई। डा.चंद्र शेखर शास्त्री ने कहा कि स्वामी ब्रमानंद ने शिक्षा के क्षेत्र में अभूतपूर्व काम किया है। देश के अति पिछड़े क्षेत्र में आजादी के बाद महाविद्यालय की स्थापना की। अखिल भारतीय लोधी महासभा के जिलाध्यक्ष मुनेश राजपूत ने कहा कि स्वामी जी बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे। शिक्षा से लेकर राजनीति तक हर क्षेत्र में अविस्मरणीय काम किये। सड़क से लेकर संसद तक गांव और गरीब की लडाई लडने का काम किया था।

लक्ष्य की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वर्षा लोधी, देवदत्त आचार्य, प्रदेश अध्यक्ष नरेश बाबू लोधी, संजय राजपूत, बृजेश गौरी, यतेंद्र राजपूत प्रधान, राजेंद्र सिंह जिला पीटीआई, मनीष लोधी, नबाब सिंह लोधी, विनोद कुमार, नरेन्द्र राजपूत, नरेन्द्र मगन, विजेंद्र कुमार राजपूत, मनोज कुमार, हरिशंकर शास्त्री, अरविंद कुमार सिंह, प्रदीप कुमार पांडेय, हरी सिंह आदि मौजूद रहे।



मालवीय स्वामी बृह्मानंद लोधी के परिनिर्वाण दिवस पर श्रद्धांजलि देते लोधी समाज के लोग। ● अमृत विचार

- मालवीय स्वामी बृह्मानंद लोधी के परिनिर्वाण दिवस पर दी गई श्रद्धांजलि

# दिल्ली-लखनऊ के लोगों ने संगठित होकर खरीदी थीं जमीनें

## जांच रिपोर्ट में पुष्टिः बरेली-सितारगंज हाईवे परियोजना में घोटाला योजनाबद्ध

बरेली कार्यालय

- जांच में परियोजना में धांधलेबाजी करने वाले अलग-अलग शहरों के 19 लोगों के नाम उजागर
- दिल्ली, लखनऊ, नोएडा, उत्तराखंड, बरेली, लखीमपुर के लोगों ने जमीनें खरीद हड़पा मुआवजा

**अमृत विचार :** बरेली-सितारगंज हाईवे को फोरलेन बनाने की परियोजना में घोटाला रणनीति के तहत किया गया। दिल्ली-लखनऊ के लोगों ने संगठित होकर घोटाला करने को जमीनें खरीदी थीं। जांच कमेटी की रिपोर्ट से इसका खुलासा हुआ है। पहले से हाईवे के प्रस्तावित एलाइन्मेन्ट की जानकारी लीक कराने की आशंका पर जांच कमेटी की रिपोर्ट ने मुहर लगा दी है।

समिति की रिपोर्ट में एलाइन्मेन्ट की जानकारी पहले से होने की वजह से जमीनें खरीदकर कई गुना ज्यादा मुआवजा हड़पने वाले 19 लोगों के नाम उजागर हुए हैं। इनमें रामपुर की तहसील बिलासपुर के चंदेला निवासी धर्मवीर मित्तल पुत्र रामकुमार मित्तल, पूर्वी दिल्ली के डी 325 आनंद बिहार शकरपुर बरामद निवासी सुनील नोसरिया, उत्तराखंड के ऊधमसिंह नगर किच्छा के वार्ड संख्या 5 बलवंत कॉलोनी निवासी राजेश कुमार, सुरेंद्र कुमार पुत्रगण भगवानदास, किच्छा के राम किशोर पुत्र हेतराम निवासी वार्ड संख्या 6, रुद्रपुर के रम्पुरा देहात के खुशी इन्क्लेव निवासी रमन फुटेला पुत्र मदनलाल, उत्तराखंड के सिंघल वार्ड संख्या 7 निवासी मनीषा सिंघल पत्नी प्रशांक सिंघल, ऊधमसिंह नगर के किच्छा के सजैना निवासी अंकुर पपनेजा पुत्र कश्मीरी लाल, अलीगंज, लखनऊ के सेक्टर-ई एचआईजी निवासी साधना सिंह पत्नी हिमांशु कुमार, अलीगंज के सेक्टर ई निवासी हिमांशु कुमार पुत्र विजय प्रताप सिंह, नोएडा के सेक्टर 137 -1बी-603, एक्जोटिका फैसको निवासी मनीष सिंघल पुत्र विजय कुमार सिंघल, किच्छा के वार्ड संख्या 5 बलवंत कॉलोनी निवासी बबिता रानी पत्नी राजेश, यहीं की निवासी सीमा रानी पत्नी सुरेन्द्र कुमार, रुद्रपुर के 34 ओमैक्स रिवेरा निवासी नवीन खेड़ा. पुत्र इन्द्रसेन, किच्छा तहसील के वार्ड संख्या 6 की राजकुमारी पत्नी रामकिशोर, लखीमपुर खीरी जिले के पलिया तहसील के प्रतापनगर निवासी कमलजीत कौर पत्नी डॉ. मनविन्दर पाल, किच्छा तहसील निवासी उमा गंगवार पत्नी वीरपाल, वीरपाल पुत्र इन्द्रपाल, किच्छा के ही पंजाबी मोहल्ले के वार्ड नंबर 11 निवासी पीयूष टंडन पुत्र प्रकाश टंडन, बरेली के सिद्धार्थनगर के बी-1 फ्लोरा नर्सरी निवासी रामेश्वर दयाल गंगवार पुत्र उम्मेधराय, रुद्रपुर के फजलपुर महरोला निवासी राजेंद्र प्रसाद बंसल पुत्र सेवाराम बंसल शामिल हैं।

### कमेटी ने माना...संगठित रूप से योजना बनाकर हड़पे करोड़ों रुपये

कमेटी की जांच रिपोर्ट में बताया गया कि इन लोगों ने परियोजना में आने वाले गाटा नंबरों के उन्हीं भागों का बैनामा कराया, जिन्हें हाईवे के लिए अधिग्रहीत किया जाना था। कमेटी ने रिपोर्ट में आश्चर्य जताया कि अधिग्रहण में आने वाले गाटों और दिशा के बारे में किसी को कैसे जानकारी हो सकती है। बिना जानकारी के कोई कैसे वही खसरा खरीद सकता है, जिसमें परियोजना में आने वाली भूमि का अधिग्रहण प्रस्तावित हो। क्योंकि प्रस्तावित गाटा संख्या की जानकारी आम लोगों को नहीं होती है। कमेटी ने रिपोर्ट में स्पष्ट किया कि, इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि इन लोगों ने एक समान उद्देश्य से हितबद्ध होकर संगठित रूप से योजना बनाकर अपने लाभ के लिए राजस्व को क्षति पहुंचाई।

### थ्री स्मॉल ए के बाद जमीन खरीदने वाला कोई भी व्यक्ति स्थानीय निवासी नहीं

जांच रिपोर्ट में सूचीबद्ध किए प्रकरणों की छानबीन में कमेटी ने पाया कि धारा-3(a) के फौरन बाद बाहर से आने वालों ने जमीनें खरीद लीं। सभी मामलों में कोई भी खरीदार स्थानीय नहीं है। जमीन क्रय करने के समय किसी भी प्रकार के निर्माण का जिक्र विक्रय-विलेखों में नहीं किया गया है। एनएचएआई की एजेंसी एसए इन्फ्रा स्ट्रक्चर कन्सल्टेन्ट प्रा.लि, लोक निर्माण विभाग प्रांतीय खंड पीलीभीत की मिलीभगत से परिसम्पत्तियों का अधिक मूल्यांकन कराया गया। अधिक मुआवजे के लिए ही धारा-80 की कार्रवाई भी कराई।

### फैक्ट्री लगने और नौकरी का झांसा देकर दलाल ने किसानों को जमीनें बेचने के लिए बरगलाया

थ्री स्मॉल ए की कार्रवाई के जमीनों को खरीदने के लिए बाहर से आए लोगों ने दलालों का सहारा लिया। कमेटी की जांच में पाया गया कि पीलीभीत जिले का रहने वाले रमेश गुप्ता नाम के दलाल ने काश्तकारों को जमीन पर फैक्ट्री आदि लगाने का झांसा देकर नौकरी मिलने का लालच दिया। दलाल की लुभावनी बातों में आकर लोगों ने अपनी जमीनें बेंच दीं। कृषि जमीन को आकृषक कराकर अधिक मूल्यांकन से मुआवजा हड़पा गया। कमेटी की ओर से कई लोगों के बयान में भी इस बात की पुष्टि हुई है कि मुआवजा लेने के बाद स्ट्रक्चर को इसलिए ध्वस्त कर मलबा हटा दिया, जिससे बाद में कोई आरोप न लगे।

### इन गांवों में हुए अधिग्रहण की जांच की गई

**बरेली।** कमिश्नर सौम्या अग्रवाल की ओर से अपर आयुक्त प्रशासन प्रीति जायसवाल की अध्यक्षता में गठित नगर आयुक्त शाहजहांपुर बिपिन कुमार मिश्र, बरेली विकास प्राधिकरण के सचिव योगेन्द्र कुमार, उप महानिरीक्षक स्टाम्प एवं निबंधन शंभूनाथ यादव, शाहजहांपुर के तिलहर तहसीलदार जय प्रकाश यादव की कमेटी ने 10 दिन में बरेली-पीलीभीत-सितारगंज में पैकेज-1 में पीलीभीत के कुकरी खेड़ा, विलई पसियापुर, उगनपुर, हंडा, देवीपुरा, शाही समेत छह और पैकेज-2 में पीलीभीत के बढेपुरा, हुसैननगर, मुड़लिया गौसू, धुंधरी, कल्यानपुर चक्रतीर्थ, बल्लिया, दबका, विलहरा माफी, भौनी, कैचूटांडा, माधौपुर, मुड़लिया इलाहीबक्श, लाहौरगंज, भौना, भैसहा, अमरिया, हेतमडांडी, सरदार नगर, बारात बोज, सहगवां नगरिया, कटमती समेत 21 गांवों में हुए भूमि अधिग्रहण के मामलों की जांच की।

### 50 लाख से अधिक भुगतान के 20 मामले मिले

**बरेली।** दोनों पैकेजों में शामिल 27 गांवों में 735 गाटों में 3457 काश्तकारों की भूमि और परिसम्पत्तियों का अधिग्रहण किया गया है। कमेटी ने रिपोर्ट में कहा कि सीमित समय में सभी गाटों का सत्यापन करना मुमकिन नहीं था। ऐसे में 50 लाख से मुआवजे के भुगतान वाले गाटों से जुड़े मामलों की जांच की। 50 लाख से अधिक भुगतान के 20 मामले नौ गांवों में पाए गए हैं, जिनमें स्थलीय निरीक्षण भी किया गया। जांच में पाया गया कि गाटा संख्या-84, 86, 125, 32, 206, 41, 211, 213 में धारा 80 की कार्रवाई 3(a) के नोटिफिकेशन के प्रकाशन की तारीख के बाद और 3(A) के नोटिफिकेशन प्रकाशन की तिथि से पहले के हैं।

### भूमि को आकृषि करा 18.50 करोड़ का लिया मुआवजा

**बरेली।** अकृषक भूमि को मुआवजे का भुगतान किए जाने से करीब 18 .50 करोड़ का ज्यादा वित्तीय भार परियोजना पर पड़ा। रिपोर्ट में कहा गया कि अगर कृषि दर से भुगतान होता तो 18 .50 करोड़ की धनराशि का व्यय नहीं होता। उगनपुर में गाटा संख्या 78, अमरिया में 84, 86, 230, हुसैन नगर में 145, 146, 185, सरदार नगर में 32, मुड़लिया गौसू में 41, भैसहा 211 गाटा संख्या है, जिनमें अभिलेखों में निर्माण नहीं दर्ज है, जबकि भू-स्वामियों को परिसम्पत्तियों का भुगतान किया गया है।

## मारपीट में अधिवक्ता की मौत, ससुरालियों पर रिपोर्ट दर्ज

**आगरा, अमृत विचारः** मारपीट में में महिला वकील की मौत हो गई। भाई ने उसके जेठ, पति के चाचा और ताऊ पर पीटकर हत्या करने का आरोप लगाया है। पुलिस जांच कर रही है।

अमरपुरा निवासी मनोज कुमार की पत्नी शालिनी राजपूत अधिवक्ता हैं। उनके घर में सबमर्सिबल पंप के चेंबर को लेकर विवाद हो गया। मनोज के भाई, चाचा और ताऊ ने मारपीट कर दी। आरोप है कि वकील के सिर पर सब्बल से प्रहार कर दिया। परिजन अस्पताल ले गए जहां उनकी मौत हो गई। मारपीट में घायल मनोज का अस्पताल में इलाज चल रहा है। अधिवक्ता के भाई ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

## श्मशान में भूत प्रेत भगाने के नाम पर तांत्रिक ने महिला को पीटा, वीडियो वायरल

**बबराला, अमृत विचार :** श्मशान का वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें तांत्रिक भूत-प्रेत भगाने के नाम पर एक महिला को बाल पकड़ कर पीट रहा है । पुलिस तांत्रिक के खिलाफ कार्रवाई के लिए सक्रिय हो गई है।

वायरल वीडियो में दिख रहा है कि मानसिक रूप से बीमार महिला पर भूत प्रेत की बाधा बताकर तांत्रिक थप्पड़ों से उसे पीट रहा है। महिला के साथ उसके परिजन भी हैं। महिला कहां की रहने वाली है, इसका पता नहीं चल सका है। वीडियो के आधार पर पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। यह वीडियो गुरुवार रात का बताया जा रहा है। कहा जा रहा है कि तांत्रिक प्रत्येक गुरुवार की रात में भूत प्रेत भगाने की क्रिया करता है। अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी) अनुकृति शर्मा ने आरोपी तांत्रिक की धरपकड़ के लिए पुलिस की टीम लगाई हैं। उन्होंने कहा कि मामला गंभीर है। आरोपियों की तलाश कर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। वहीं दूसरे वीडियो में कथित तांत्रिक का साथी भूत प्रेत का इलाज गारंटी के साथ करने का दावा कर रहा है।

## गुटखा खाने से मना किया तो पति की नाक फोड़ी

**बरेली, अमृत विचार :** गुटखा खाने से रोकने पर पत्नी ने पति पर पत्थर फेंके जिससे उसकी नाक फूट गई। उसने बचाने आए सास-ससुर को भी पीटा। पति की शिकायत पर थाना सीबीगंज पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। गांव बंडिया निवासी असीम ने बताया कि उनकी पत्नी शमा गुटखा खाती है और जहां मन करता है वहीं थूक देती है। इससे दीवारें और आंगन का फर्श लाल हो जाता है। मना करने पर भी वह नहीं मानती है। उन्होंने 10 सितंबर को पत्नी को समझाने का प्रयास किया तो शमा ने पथराव कर दिया, जिससे उसकी नाक फूट गई और वह लहूलुहान होकर गिर गए।

# डॉ. विजय पर 25 हजार का इनाम घोषित

बरेली कार्यालय

- खुसरो कॉलेज में फर्जीवाड़े का मामला, आरोपी ने अवैध कमाई से बरेली से बदायूं तक बनाई करोड़ों की संपत्ति

**अमृत विचार :** डी फार्मा की फर्जी डिग्री देकर 379 छात्रों से 3.69 करोड़ की ठगी करने वाले खुसरो कॉलेज के चेयरमैन शेर अली जाफरी के मुख्य सहयोगी आरोपी डॉ. विजय शर्मा पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने अनुराग आर्य ने 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया है। वह लंबे समय से फरार चल रहा है। जांच में सामने आया कि विजय ने अवैध कमाई से बरेली से लेकर बदायूं तक करोड़ों रुपये की कीमत की जमीनें खरीद रखी हैं।

एसआईटी टीम की जांच में अब तक आरोपी डॉ. विजय शर्मा की काफी संपत्ति निकल कर आई है। विजय ने शांति विहार में जमीन खरीदकर नरेश जावेश्वरी के नाम से शानदार भवन बनाया, जिसमें उसने अस्पताल शुरू किया। यहां से कुछ ही दूरी पर उसने आलीशान कोठी बनवाई। उसने सेटेलाइट बस स्टैंड के पास होटल बनाया। होटल न चलने पर उसे गर्ल्स पीजी बना दिया। जेल रोड पर काफी जमीनें खरीदी हैं। बदायूं में सिविल लाइंस के गांव में भी जमीनें खरीदी हैं, उसके पास न्यू बोलेरो, थार समेत अन्य गाड़ियां भी हैं। वहीं, आरोपी का भाई अजय शर्मा वार्ड-13 शांति विहार से सपा से पार्षद का चुनाव लड़ चुका है। वहीं उसकी काली कमाई को ब्याज पर बांटता है। इस बाबत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने बताया कि फरार इनामी आरोपी को पकड़ने को दबिश दी जा रही है।

### फ्लैट में हुई थी युवती की मौत, साठगांठ से किया खत्म

आरोपी का साउथ सिटी के पास ड्रीम होम अपार्टमेंट में एक फ्लैट है। यहां काम करने वाली एक युवती की संदिग्ध हालात में मौत हो गई थी। आरोपी ने सेटिंग कर मामला खत्म करवा दिया था।

# पीडब्ल्यूडी के चार इंजीनियरों पर हो सकती है निलंबन की कार्रवाई

संवाददाता बरेली

**अमृत विचारः** बरेली-सितारगंज हाईवे को फोरलेन बनाने के लिए भूमि अधिग्रहण के खेल में पीडब्ल्यूडी (लोक निर्माण विभाग) के प्रांतीय खंड के चार इंजीनियरों पर निलंबन की कार्रवाई हो सकती है। मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ के पास विभाग होने की वजह से इंजीनियरों में डर है और वह अवकाश लेकर लखनऊ में जमे हुए हैं और इस फिराक में हैं कि किसी तरह कार्रवाई से बच जाएं।

भूमि अधिग्रहण के खेल में पीडब्ल्यूडी के प्रांतीय खंड की भूमिका संदिग्ध मानी जा रही है। मुआवजे के लिए तैयार के किए गए कागजात और भौतिक सत्यापन में एक सेवानिवृत्त अधिशासी अभियंता, तीन अवर अभियंता और एक सहायक अभियंता के हस्ताक्षर हुए हैं। विभागीय सूत्रों के मुताबिक मुख्यालय से इनकी रिपोर्ट मांगी गई है। जांच के बाद इनके खिलाफ कार्रवाई हो सकती है। यही वजह है कि सभी इंजीनियर बचाव के लिए लखनऊ में डेरा जमाए हुए हैं।

## हाथ पर चढ़ा सांप, बाइक से गिरकर युवक घायल

**संभल :** थाना क्षेत्र के गांव सैंडोरा निवासी हरकेश बाइक से जा रहा था। अचानक एक सांप बाइक से निकलकर हाथ पर चढ़ गया। हरकेश घबराकर बाइक से कूद गया और सड़क पर गिरकर घायल हो गया। सांप फिर से बाइक में घुस गया। एक घंटे में सांप निकाला जा सका।


## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, लघु सिंचाई खण्ड, बरेली

पत्रांक 750/ल0सिं0/तालाब/ई-टेन्डर/2024-25 दिनांकः 07.09.2024

अल्पकालीन ई-निविदा सूचना संख्या 11/ई0ई0/2024-25

महामहिम राज्यपाल महोदय, उत्तर प्रदेश की ओर से अधिशासी अभियन्ता,लघु सिंचाई खण्ड,बरेली द्वारा ई-टेन्डर पर पंजीकृत निविदाताओं से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से शासन स्तर से बजट स्वीकृति की प्रत्याशा में दर प्रतिशत दर पर निम्न कार्यों हेतु ई-निविदा आमन्त्रित की जाती है।

कार्य का विवरण

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | विकास खण्ड का नाम | जनपद का नाम | अनुमानित लागत (लाख रू0में) | धरोहर राशि (लाख रू0में) | कार्य पूर्ण होने की अवधि | थनविदा प्रपत्र का मूल्य + स्टेशनरी + जी0एस0टी0 सहित (रू0 में) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | ग्राम अंगथरा विकास खण्ड,बिसौली में करवला के पास जोल वाला तालाब का निर्माण कार्य | बिसौली | बदांयू | 32.35 | 3.24 | 90 दिवस | 300+500+144 =944.00 |
| 2. | ग्राम सैडोली विकास खण्ड,बिसौली में बेर वाला तालाब का निर्माण कार्य | बिसौली | बदांयू | 30.30 | 3.03 | 90 दिवस | 300+500+144 =944.00 |

बिड डाक्यूमेट http://etender.up.nic.in पर दिनांक 17.09.2024 से दिनांक 02.10.2024 तक उपलब्ध रहेंगे जो कि दिनांक 17.09.2024 को प्रातः 10:00 बजे से दिनांक 02.10.2024 के अपरान्ह 05:00 बजे तक अपलोड किये जा सकते हैं। इसकी तकनीकी बिड दिनांक 03.10.2024 को पूर्वान्ह 11:00 बजे से तथा पात्र निविदादाताओं की फाईनेशियल बिड अपरान्ह 3:00 बजे से अधीक्षण अभियन्ता,लघु सिंचाई वृत्त,बी0डी0ए0 कॉम्पलेस,तृतीय तल,प्रियदर्शनी नगर,बरेली के कार्यालय मे निविदा समिति द्वारा उपस्थित निविदादाताओं अथवा उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष ऑनलाइन खोली जायेगी। उक्त तिथि में अवकाश घोषित होने पर कार्यवाही अगले कार्य दिवस मे तत्समय की जायेगी।

निविदा से सम्बन्धित अधिक जानकारी वेबसाइट http://etender.up.nic.in तथा अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

अधिशासी अभियन्ता,
लघु सिंचाई खण्ड,
बरेली।

UP-219313 दिनांक 10.09.2024 विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।



## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
## निर्माण खण्ड-1, लो0नि0वि0, शाहजहाँपुर

पत्रांक : 2266/ई0-टेण्डर/4ए दिनांकः 09.09.2024

ऑन-लाइन निविदा आमंत्रण सूचना

1- महामहिम राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड-1, लो0नि0वि0, शाहजहॉपुरके अंतर्गत निम्न तालिका में अंकित विवरण के अनुसार ऑन लाइन ई-निविदा दिनांक 17.09.2024 से दिनांक 24.09.2024 की मध्यान्ह 12:00 बजे तक आमंत्रित कर दिनांक 24.09.2024 को ही अपरान्ह 12:30 बजे खोला जाना प्रस्तावित किया गया हैः-

| क्रम सं0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रू0 लाख में) | निविदा की जमानत धनराशि (रू0 लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (टेण्डर फीस + स्टेशनरी चार्ज+जी0एस0टी0) | कार्य पूर्ण करने का समय | फर्म/ठेकेदारों का आवश्यक पंजीकरण |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| स्वीकृति की प्रत्याशा में। | | | | | | |
| 1 | हैदलपुर घाट पर रामगंगा नदी पर पान्टून पुल को जोड़ने एवं खुलाई का कार्य। | 22.00 | 2.20 | 944.00 | 240 दिन | ए, बी, सी, एवं डी, (सेतु कार्य हेतु) |
| 2 | बोझीघाट के रामगंगा नदी पर पान्टून पुल को जोड़ने एवं खुलाई का कार्य। | 27.00 | 2.70 | 944.00 | 240 दिन | ए, बी, सी, एवं डी, (सेतु कार्य हेतु) |

2- निविदा दस्तावेज एवं निविदा हेतु आमंत्रण के विस्तृत नियम एवं शर्तों हेतु वेबसाइट http://etender.up.nic.inपर लॉग ऑन किया जा सकता है।

अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड-1, लो0नि0वि0
शाहजहॉपुर

UP-219408 दिनांक 11.09.2024 विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।



## महत्वपूर्ण सूचना

रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु रेलवे द्वारा निम्नलिखित त्यौहार विशेष रेलगाड़ियों के फेरों में वृद्धि/संचालन अवधि में बढ़ोतरी करने का निर्णय लिया गया हैः-

| रेलगाड़ी संख्या | स्टेशन से | स्टेशन तक | चलने के दिन | पूर्व अधिसूचित तिथि | विस्तार की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 09061 | उधना जं. | गाजीपुर सिटी | बुधवार | 28.08.24 | 18.09.24 से 06.11.24 |
| 09062 | गाजीपुर सिटी | उधना जं. | शुक्रवार | 30.08.24 | 20.09.24 से 08.11.24 |
| 04829 | जोधपुर जं. | गोरखपुर जं. | वीरवार | 26.09.24 | 03.10.24 से 28.11.24 |
| 04830 | गोरखपुर जं. | जोधपुर जं. | शुक्रवार | 27.09.24 | 04.10.24 से 29.11.24 |

नोटः गाड़ी सं. 04830 गोरखपुर जं.-जोधपुर जं. विशेष की समय-सारणी में निम्नानुसार परिवर्तन किया जायेगाः-

| स्टेशन | वर्तमान | | परिवर्तित | |
|---|---|---|---|---|
| | आगमन | प्रस्थान | आगमन | प्रस्थान |
| गोरखपुर जं. | ---- | 23:25 | ---- | 23:25 |
| | गोरखपुर जं.-रेवाड़ी जं. के बीच समय-सारणी यथावत रहेगी | | | |
| रेवाड़ी जं. | 16:30 | 16:35 | 16:40 | 16:45 |
| महेन्द्र गढ़ | 17:16 | 17:18 | 17:21 | 17:23 |
| | महेन्द्र गढ़-जोधपुर जं. के बीच समय-सारणी यथावत रहेगी | | | |
| जोधपुर जं. | 04:00 | ---- | 04:00 | ---- |

शेष पूर्ववत् है

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि उपरोक्त रेलगाड़ियों के मार्ग में पड़ने वाले अन्य स्टेशनों की विस्तृत समय-सारणी और श्रेणियों की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in देखें अथवा NTES App देखें।

पर हमें फॉलो करें

रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139

रेलमदद वेबसाइट देखें :- www.railmadad.indianrailways.gov.in रेलमदद ऐप डाउनलोड करें

उत्तर रेलवे
आपकी सुविधा - हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
2867/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



## किसान सहकारी चीनी मिल्स लि. सेमीखेड़ा (बरेली)

पत्रांक : 727/ची.बि./2024-25 दिनांक : 13.09.2024

जेम/ई-निविदा सूचना

इस चीनी मिल समिति में निम्नलिखित कार्यो हेतु जेम बिड/ई-टेण्डर के माध्यम से निविदायें आमन्त्रित की जाती है।

| क्र.सं. | कार्य का विवरण | वेबसाइट नं. | धरोहर धनराशि | बिड प्रारम्भ होने की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | सत्र 2024-25 में उत्पादित प्रेसमड बिक्री हेतु निविदा | etender.up.nic.in | 2,00,000.00 (रू. दो लाख मात्र) | 12.09.2024 |
| 2. | सत्र 2024-25 में मिल में मेन पावर की आपूर्ति हेतु जेम पोर्टल की सूचना | gem.gov.in | 17,00,000.00 (रू. सत्रह लाख मात्र) | 11.09.2024 |

उक्त का विस्तृत विवरण सम्बन्धित वेबसाईट से देखी जा सकती है।

(शादाब असलम)
पी.सी.एस.
प्रधान प्रबन्धक



## पूर्वोत्तर रेलवे

खुली ई-निविदा सूचना सं. SRDEE-TRD-IZN-2024-25-T13 दिनांक 12.09.2024

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/टीआरडी, पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु "खुली" ई-निविदा आमंत्रित करते हैं। **कार्य का नामः** पूर्वोत्तर रेलवे के इज्जतनगर मण्डल में बितरोई स्टेशन पर गुड्स शेड के विकास/विस्तार के लिए ओएचई सें संबंधित कार्य।; **टेंडर रिफरेंश नं.:** SRDEE-TRD-IZN-2024-25-T13; **कार्य का अनुमानित लागत (₹ में):** ₹49,88,659.54; **अमानत राशि/बिड सिक्योरिटी (₹ में):** ₹99,800/-; **निविदा प्रपत्र का मूल्य (₹ में):** शून्य; **निविदा बन्द होने की तिथि एवं समयः** 07.10.2024 को 11:00 बजे; **कार्य पूरा करने की अवधिः** 12 माह; • खुली ई-निविदा दिनांक 07.10.2024 को 11:00 बजे तक जमा कर सकेंगे। • पूर्ण विवरण जानने हेतु एवं निविदा की प्रस्तुति करने के लिए कृपया भारतीय रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखें।

वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/टीआरडी
मुजाधि/विद्युत-130 इज्जतनगर

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें



## पूर्वोत्तर रेलवे

खुली ई-निविदा सूचना संख्या : SRDEE-TRD-IZN-2024-25-T11 दि. 11.09.2024

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/टीआरडी, पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु "खुली" ई-निविदा आमंत्रित करते हैं :

**क्र. सं. :** 1, **कार्य का नाम :** रामनगर स्टेशन पर 600 मीटर लंबे कैमटेक डिजाइन वाशिंग पिट के प्रावधान और सेवा भवन के विस्तार के लिए ओएचई से संबंधित कार्य, **टेंडर रिफरेंश नं. :** SRDEE-TRD-IZN-2024-25-T11, **कार्य का अनुमानित लागत रुपया में :** 53,35,079.59, **अमानत राशि/बिड सिक्यूरिटी रुपया में :** 1,06,700/-, **निविदा प्रपत्र का मूल्य रुपया में :** 00, **निविदा बन्द होने की तिथि एवं समय :** 04.10.2024 11:00, **कार्य पूरा करने की अवधि :** 12 माह।

• खुली ई-निविदा दिनांक 04.10.2024 को 11:00 बजे तक जमा कर सकेंगे। • पूर्ण विवरण जानने हेतु एवं निविदा की प्रस्तुति करने के लिए कृपया भारतीय रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/टीआरडी
मुजाधि/विद्युत-129 पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर

ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें



## कार्यालय ग्राम पंचायत किशुनपुर विकासखंड बेहजम खीरी

पत्रांकः- मेमो/निविदा/मनरेगा/2024-25 दिनांक 13/09/2024

### अति अल्पकालीन निविदा

जनपद के समस्त पंजीकृत सामग्री आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि विकासखंड बेहजम वर्ष 2024-25 के मनरेगा योजना के अंतर्गत निम्नलिखित सामग्री की दरों की आवश्यकता है। आपूर्ति ग्राम पंचायत मद में कराए गए कार्यो के कार्यस्थल पर सामग्री आपूर्ति की अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। रजिस्टर्ड इच्छुक फार्म आपूर्तिकर्ता जिनका रजिस्ट्रेशन जीएसटी/इनकम टैक्स में पंजीकृत हो उन्हीं के द्वारा निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न कर निविदा आमंत्रित की जानी है जिनकी निविदा बिक्री 14/09/24 से 17/09/24 तक ग्राम पंचायत कार्यालय में कि जायेगी। जो 20 सितम्बर तक ग्राम पंचायत कार्यालय पर निविदा टेंडर बॉक्स में आमंत्रित की जाएंगी। जिन्हें 21/09/24 को अपराहन 3:00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय पर निविदा दाता व उनके प्रतिनिधि के समक्ष खोली जाएंगी निविदा स्वीकृत होने के पश्चात समय-समय पर धनराशि की उपलब्धता के आधार पर आपूर्ति आदेश प्रथक से जारी किए जाएंगे।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | ब्रिक्स | दूरी | कुल लागत |
|---|---|---|---|---|
| 01. | किशुनपुर डामर रोड से राजेंद्र के मकान तक मिट्टी खड़ंजा निर्माण कार्य। | 42570 nos | 190 मीटर | 414121.00 |

अमीर चंद राना
ग्राम पंचायत अधिकारी
ग्राम पंचायत किशुनपुर
ब्लॉक बेहजम खीरी

रामबेटी
प्रधान
ग्राम पंचायत किशुनपुर
ब्लॉक बेहजम खीरी

सरस्वती प्रसाद वर्मा
तकनीकी सहायक



## कार्यालय ग्रा.पं. सन्तोषपुर वि.ख. नवाबगंज, बरेली

समस्त पंजीकृत फर्मो एवं विक्रेताओं को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत सन्तोषपुर विकास खण्ड नवाबगंज जनपद बरेली में वित्तीय वर्ष 2024-25 में SLWM पंचम वित्त पन्द्रहवां वित्त व मनरेगा योजना के अन्तर्गत सोकपिट कम्पोस्ट पिट वर्मी कम्पोस्ट एवं अन्य स्वीकृत निर्माण कार्य पर निर्माण सामग्री जैसे ईट, रोड़ा, सीमेंट, मोरंग, बजरी, सरिया, महीन रेता, पुट्टी, पेन्ट, लोहा, टीन, विद्युत सामग्री व जल अर्पित सामग्री आदि जिसका विवरण व मात्रा ग्राम पंचायत पर उपलब्ध है। गुणवत्ता उच्च कोटि की सामग्री निर्माण स्थल पर आपूर्ति करने हेतु मोहरपबन्द निविदा से दिनांक 11.9.2024 को प्रातः 10:00 बजे से 14.9.2024 सायं 05:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। जिसकी दिनांक 15.9.2024 को सायं 04:00 बजे ग्राम पंचातय कार्यालय पर खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र निविदा खोले जाने से पूर्व कार्य दिवस में निर्धारित शुल्क जमा कर ग्राम पंचायत से प्राप्त किये जा सकते है।

नोट : निविदा प्राप्त न होने की दशा में ग्राम पंचायत कुटेशन के आधार पर कर्या कराने को स्वतंत्र होगी।

| कार्य का नाम | योजना | अनु. लागत |
|---|---|---|
| हर से आबिद के घर तक सी.सी. और नाली निर्माण कार्य | मनरेगा | 484049.00 |

प्रधान-अहबुद्दीन ग्रा.पं.अ.-काजल गुप्ता



IIFL FINANCE

CIN: L67100MH1995PLC093797
Regd. Office: IIFL House, Sun Infotech Park, Road No. 16V, Plot No.B-23, Thane Industrial Area, Wagle Estate, Thane - 400604
Tel: (91-22) 41035000 • Fax: (91-22) 25806654
E-mail: reach@iifl.com • Website: www.iifl.com

## सोने के गहनों की ई-नीलामी के लिए सार्वजनिक सूचना

एतद द्वारा सभी संबंधित उधारकर्ताओं को विशेषतया, और आम जनता को सामान्य रूप से सूचित किया जाता है कि हम, आईआईएफएल फाइनेंस लिमिटेड (''आईआईएफएल'') उन डिफ़ॉल्ट ग्राहकों के सोने के गहनों की नीलामी कर रहे हैं, जिन्होंने पंजीकृत नीलामी सूचनाओं और बार-बार याद दिलाए जाने के बाद भी न तो अपने ऋण का भुगतान नियमित किया और न ही बकाया राशि का भुगतान किया । निम्नलिखित लोन खातों में गिरवी रखे गये सोने के गहनों की सार्वजनिक नीलामी **ई-प्रोक्योरमेंट टेक्नोलॉजीज लिमिटेड** द्वारा ऑनलाइन उनके ऑनलाइन नीलामी के प्लैटफॉर्म **https://egold.auctiontiger.net** पर **18.09.2024 को दोपहर 1:30 बजे से शाम 4:00 बजे के बीच** संचालित की जायेगी। स्थान या तिथि में कोई भी बदलाव (यदि कोई हो), नीलामी केंद्र में प्रदर्शित किया जायेगा। अगर किसी कारण से ई-नीलामी यहाँ दी गयी तारीख़ पर संचालित न की जा सके या नीलामी उसी दिन पूरी न हो पाये, तो आईआईएफएल को आगे की किसी भी तारीख़ पर समान नियमों व शर्तों के साथ नीलामी के फ्लैटफॉर्म और/या नीलामी केंद्र पर कथित नीलामी संचालित या संपन्न करने का अधिकार है। नीलाम नहीं किये जाने वाले सोने के गहनों को नीलामी के फ्लैटफॉर्म और/या नीलामी केंद्र पर विवरण प्रदर्शित करके आगे के कार्य दिवसों पर नीलाम किया जायेगा। अगर शाखा स्तर पर आयोजित नीलामी विफल हो जाती है, तो उसे विशिष्ट ज़िला केंद्र पर **28.09.2024** को फिर से नीलाम किया जायेगा। अगर किसी कारण से ज़िला-स्तरीय नीलामी यहाँ दी गयी तारीख पर आयोजित न की जा सके या नीलामी उसी दिन पूरी न हो पाये, तो आईआईएफएल को आगे की किसी भी तारीख़ पर ज़िला-स्तरीय नीलामी समान नियमों व शर्तों के साथ संचालित या संपन्न करने का अधिकार है। इस स्थिति में कि ग्राहक की मृत्यु हो गई है, नामांकित व्यक्ति या कानूनी उत्तराधिकारी सभी नीलामी शर्तों के अधीन होगा।

ज़िला केंद्रः **बरेली-सिविल लाइंस जीएल - 116-ए, पहली मंजिल, आईसीआईसीआई बैंक के ऊपर, सिविल लाइंस, बरेली-243001**

**शाखा का नामः बरेली-सिविल लाइंस जीएल, तालुका - बरेली**
**गोल्ड लोन खाता. सं.:** GL23361287, GL24664008, GL24671149, GL24836439, GL26261842, GL26280730, GL26670129, GL27799255, GL27799909, GL27845446, GL27859039, GL27867596, GL27870042, GL27976474, GL27994312, GL28112744, GL28120091, GL28136938, GL28172653, GL28180007, GL28191128, GL28210299, GL28281847, GL28296529, GL28301793, GL28303620, GL28397407, GL28522854, GL28591333, GL28612227, GL28707732, GL28723121, GL28808442, GL28996639, GL29000029, GL29158375, GL29176630, GL29188884, GL29601262, GL29611119, GL29626289, GL29635249, GL29644110, GL29659250, GL29940302, GL29956919, GL30040391, GL30062863, GL30065714, GL30100897, GL30110951, GL30292782, GL30445739, GL30446505, GL30477491, GL30564606, GL30577080, GL30581898, GL30594216, GL30598259, GL30647922, GL30727273, GL30810517, GL30822283, GL31293426, GL31732789, GL32058345, GL32062719, GL32201494, GL32604714, GL33435903, GL34203269.

ई-नीलामी ''जैसा है, जहां है'', ''जैसा है जो है'' और ''जो कुछ भी है'' के आधार पर आयोजित की जाएगी और आईआईएफएल उक्त सोने के गहनों की गुणवत्ता, शुद्धता, कैरेट, वजन या मूल्यांकन के मामले में ना तो कोई प्रतिनिधित्व करता है, और ना ही कोई वॉरंटी देता है। इस ई-नीलामी के अनुसार ई-नीलामी की प्रक्रिया और बिक्री (यदि कोई हो), उन नियमों व शर्तों के अधीन होगी, जो आईआईएफएल द्वारा अपने विवेक से लागू करना उचित समझा जाएगा। आईआईएफएल, अपने पूर्ण विवेक से, किसी भी खाते को नीलामी सूची से और किसी भी कार्यवाही को बिना किसी पूर्व सूचना के और बगैर कोई कारण बताए या तो स्थगित कर सकता है या हटा सकता है, और बिना कोई कारण बताए किसी भी या सभी बोलियों या प्रस्तावों को अस्वीकार कर सकता है। डिफॉल्ट करने वाले उधारकर्ताओं गिरवी रखे गए गहनों का विवरण एवं अन्य विवरणों को संबंधित शाखा में प्रदर्शित किया गया है। इस नोटिस को प्रकाशित करने के बाद भी, डिफाल्टर उधारकर्ता के पास ब्याज और किसी भी लागू शुल्क सहित बकाया पूरी राशि चुकाने और अपने ऋण खाते को बंद करने या नियमित करने का विकल्प है। हालाँकि, यदि वे ऐसा नहीं करते हैं, तो उनके पास नीलामी की तारीख तक का समय है, जिस समय गिरवी रखे गए सोने के गहने बेचे जाएंगे और किसी भी बकाया राशि (यदि कोई हो) को ब्याज और लागत के साथ वापस कर दिया जाएगा। हालाँकि, डिफॉल्टर ऋण, जो इस प्रकाशन के समय या उसके बाद बंद या नियमित किए जाएंगे, उन्हें आनुपातिक रूप में प्रकाशन शुल्क का वहन करना होगा। उधारकर्ताओं से अनुरोध है कि वे अपने नवीनतम बैंक खाते का विवरण दर्ज/अपडेट कराएं, ताकि उन्हें नीलामी से प्राप्त होने वाली अतिरिक्त आय, यदि कोई हो, की वापसी की जा सके।

**विस्तृत जानकारी, नियम व शर्तों के लिए आईआईएफएल फाइनेंस लिमिटेड के संबंधित शाखा कार्यालय से संपर्क करें।**

दिनांकः **14.09.2024**
स्थानः बरेली

Sd/
अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता
आईआईएफएल फाइनेंस लिमिटेड

# 5 वर्षों में खत्म होगी चिकित्सकों की कमी: योगी

## डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान के चौथे स्थापना दिवस के अवसर पर बोले मुख्यमंत्री

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



माइक्रोबायोलॉजी विभाग की प्रो. ज्योत्सना अग्रवाल को एक्सीलेंस अवार्ड देते मुख्यमंत्री।

- कहा, एक जिला एक मेडिकल की कॉलेज की दिशा में तेजी के साथ बढ़ रहा प्रदेश

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि एक जिला एक मेडिकल की कॉलेज की दिशा में तेजी से काम हो रहा है। पहली बार केंद्र और राज्य सरकार पीपीपी मोड पर भी मेडिकल कॉलेज बनाने जा रही है। इससे अगले 5 से 7 वर्ष में डॉक्टरों की कमी नहीं रहेगी। सभी पीएचसी, सीएचसी को डॉक्टर मिलेंगे। इसके साथ ही आरएमएल, एसजीपीजीआई, केजीएमयू समेत अन्य संस्थानों को अच्छे विशेषज्ञ चिकित्सक मिलेंगे।

मुख्यमंत्री योगी शुक्रवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित डॉ. राममनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान के चतुर्थ स्थापना दिवस समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। योगी ने वार्षिक रिपोर्ट का विमोचन और नवनिर्मित भवन का लोकार्पण भी किया। साथ ही कई प्रोफेसर, असिस्टेंट प्रोफेसर और प्रोफेसर जेआर को मेडल व सर्टिफिकेट प्रदान कर सम्मानित किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आरएमएल उत्तर भारत का गेटवे है। यह उपब्लधि ऐसे ही नहीं मिली है। इसके पीछे सकारात्मक सोच और टीमवर्क है। कहा कि पूर्वी उत्तर प्रदेश में इंसेफेलाइटिस को लेकर इस बार भी दो बार सर्वे कराया गया, जिसमें सामने आया कि एक भी बच्चे की मौत नहीं हुई है। यह सब बेहतर समन्वय और संवाद से हो पाया। आज इंसेफेलाइटिस को पूरी तरह से समाप्त कर दिया गया है, लेकिन अफसोस है कि अब तक इस पर कोई स्टडी पेपर नहीं लिखा गया, जबकि यह सफलता का मॉडल है। वहीं वर्ष 2020 में कोविड-19 महामारी आई तो टीम 11 का गठन कर काबू पाया गया। यह हमें इंसेफेलाइटिस के सफलतापूर्वक समाधान के बाद प्राप्त हुए अनुभव से संभव हुआ। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, राज्यमंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह, मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह, प्रमुख सचिव चिकित्सा स्वास्थ्य, परिवार कल्याण और चिकित्सा शिक्षा पार्थ सारथी सेन शर्मा, संस्थान के निदेशक डॉ. सीएम सिंह, प्रो. अजय कुमार सिंह आदि उपस्थित थे।

### दृढ़ इच्छाशक्ति से महज दो वर्ष में इंसेफेलाइटिस पर पाया काबू

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री ने दावा किया कि दृढ़ इच्छाशक्ति, आपसी समन्वय और संवाद से महज दो वर्ष में 'इंसेफेलाइटिस' पर काबू पाया गया है। योगी ने कहा कि पांच वर्ष पहले पूर्वी उत्तर प्रदेश इंसेफेलाइटिस से ग्रस्त था। वहां 15 जुलाई से 15 नवंबर के बीच 1200 से 1500 मौतें हुईं थीं। अकेले गोरखपुर के बीआरडी मेडिकल कॉलेज में 500 से 700 मौतें हुई थीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह क्रम पिछले 40 वर्ष से चल रहा था। इस दौरान 50 हजार बच्चों की मौतें हुईं, लेकिन पिछली सरकारों का इससे कोई लेना-देना नहीं था। जब इसे रोकने के लिए सुविधा देनी होती थी तो वह भ्रष्टाचार में लिप्त हो जाते थे। उन्होंने कहा, यह तंत्र की नाकामी थी। मैंने सांसद रहते हुए सड़क से लेकर सदन तक मुद्दा उठाया।

# फर्जी प्रमाण पत्र से एमबीबीएस सीट पाने वालों के प्रवेश निरस्त, होगी कार्रवाई

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

- आगरा, मुरादाबाद और लखनऊ के मेडिकल कॉलेज शामिल
- फर्जी अल्पसंख्यक प्रमाण पत्रों का खुलासा, जांच के निर्देश

**अमृत विचारः** नीट यूजी काउंसिलिंग के दौरान एमबीबीएस में दाखिला लेने के लिए फर्जी व कूटरचित अल्पसंख्यक प्रमाण पत्रों का खुलासा हुआ है। इन प्रमाण पत्रों के द्वारा अल्पसंख्यक मेडिकल कॉलेजों में कई अभ्यर्थियों को सीट भी आंवटित हो गई।

चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा इन प्रमाण पत्रों की जांच के लिए संबन्धित जिलाधिकारियों को पत्र लिखा गया है। साथ ही दाखिला निरस्त कर संबन्धित अभ्यर्थी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने के चेतावनी भी दी गई है।

नीट यूजी की प्रथम चरण की काउंसिलिंग में कई अभ्यर्थियों ने नोडल सेंटर पर अपने प्रपत्रों के साथ फर्जी अल्पसंख्यक प्रमाण पत्र लगाकर सीट प्राप्त कर लिया। कॉलेजों में दाखिले के दौरान कई अभ्यर्थियों के प्रमाणपत्र प्रथम दृष्टया अवैध पाए गए।

मामले की शिकायत चिकित्सा शिक्षा विभाग में पहुंची,जांच के निर्देश दे दिये गये हैं। मालूम हो कि प्रदेश में निजी क्षेत्र के पांच मुस्लिम अल्पसंख्यक मेडिकल कॉलेजों में एफएच मेडिकल कॉलेज आगरा, तीर्थंकर महावीर मेडिकल एवं रेस मुरादाबाद के अलावा राजधानी में एरा मेडिकल कॉलेज, इंटीग्रल इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस रिसर्च सेंटर और कैरियर इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज में आवंटित सीटों पर दाखिले की प्रक्रिया चल रही है।

### दूसरे चरण की काउंसिलिंग में नए सरकारी मेडिकल कॉलेजों में 600 एमबीबीएस सीटों का मिलेगा तोहफा

**अमृत विचार।** आधा दर्जन नए सरकारी मेडिकल कॉलेजों में एमबीबीएस की 600 सीटों की मान्यता मिलने से नीट यूजी में दूसरे चरण की काउंसिलिंग में अभ्यर्थियों को सरकारी कॉलेज में प्रवेश पाने का मौका मिलेगा। पंजीकरण एवं धरोहर राशि जमा करने वाले अभ्यर्थियों के प्रपत्रों की जांच के बाद मेरिट सूची शनिवार को जारी होगी। जिसके बाद दाखिले के लिए अभ्यर्थियों को मनपसंद कॉलेज की प्राथमिकताएं देनी होगी। प्राथमिकताएं देने के बाद 19 सितंबर को सीट आवंटन परिणाम घोषित कर दिए जाएंगे।

# डीएम के अधिकृत हैंडल से टिप्पणी पर बवाल

**लखनऊ, अमृत विचारः** डीएम गौतमबुद्धनगर मनीष वर्मा एक्स पर एक पोस्ट के कारण विवादों में घिर गए हैं। शुक्रवार की शाम कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने एक पोस्ट किया था, जिस पर डीएम के अधिकारिक एक्स हैंडल से शुप्रिया के पोस्ट पर अशोभनीय टिप्पणी की गई, जिसके बाद बवाल मच गया। दरअसल सुप्रिया श्रीनेत्र ने एक पोस्ट पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर आलोचना करते हुए पोस्ट किया था। डीएम के अधिकृत हैंडल से हुई टिप्पणी का स्क्रीनशाट लेते हुए शुप्रिया श्रीनेत ने जिलाधिकारी को घेरा। हालांकि बाद में जिलाधिकारी द्वारा इसे किसी की कारस्तानी बताते हुए अज्ञात के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई।

# विवाह भंग करने का अधिकार हाईकोर्ट के पास नहीं

विधि संवाददाता,प्रयागराज :



- अपर जिला जज, बदायूं के आदेश को चुनौती देने का मामला

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने तलाक के एक मामले में माना कि परिवार न्यायालय अधिनियम, 1984 की धारा 19 के अनुसार हाईकोर्ट केवल अपीलीय न्यायालय है। उसके पास विवाह को समाप्त करने के लिए अनुच्छेद 142 के तहत सुप्रीम कोर्ट के समान शक्ति नहीं है। अधिनियम, 1984 की धारा 19 में परिवार न्यायालय के आदेश के विरुद्ध हाईकोर्ट में अपील करने का प्रावधान है। बशर्ते कि आदेश अंतर्वर्ती आदेश न हो। सुप्रीम कोर्ट संविधान के अनुच्छेद 142 के अनुसार किसी भी लंबित मामले में पूर्ण न्याय करने के लिए कोई भी डिक्री/आदेश पारित करने का अधिकार रखता है, जबकि परिवार न्यायालय अधिनियम, 1984 की धारा 19 के तहत अपीलीय न्यायालय के रूप में अपने अधिकार क्षेत्र में हाईकोर्ट के पास ऐसी कोई शक्ति नहीं है, जिसके आधार पर वह पक्षकारों के बीच विवाह को भंग कर सकने का आदेश दे सके।

उक्त आदेश न्यायमूर्ति सौमित्र दयाल सिंह और न्यायमूर्ति डोनाडी रमेश की खंडपीठ ने अपर जिला जज, बदायूं के आदेश को चुनौती देने वाली सर्वेश कुमार शर्मा की प्रथम अपील खारिज करते हुए पारित किया। इसके अलावा कोर्ट ने यह भी कहा कि पत्नी को परित्याग के लिए जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता है, जब उसने वैवाहिक रिश्ते को पुनर्जीवित करने के वादे पर आपराधिक मामले वापस ले लिए थे, लेकिन उसे वैवाहिक घर से दूर कर दिया गया था।

### साक्ष्य के स्तर पर पत्नी के मानसिक स्वास्थ्य पर चिकित्सीय राय लेना उचित

विधि संवाददाता,प्रयागराज : इलाहाबाद हाईकोर्ट ने तलाक के कार्यवाही में साक्ष्य के स्तर पर पत्नी के मानसिक स्वास्थ्य पर विशेषज्ञ की राय मांगने वाले ट्रायल कोर्ट के आदेश को बरकरार करते हुए कहा कि पत्नी के मानसिक स्वास्थ्य के बारे में निष्कर्ष पर पहुंचने के लिए साक्ष्य के चरण में चिकित्सीय परीक्षण का निर्देश देने में कोई गलती नहीं की गई है। उक्त आदेश न्यायमूर्ति सौमित्र दयाल सिंह और न्यायमूर्ति डोनाडी रमेश की खंडपीठ ने पूजा गौतम की प्रथम अपील को निस्तारित करते हुए पारित किया, जिसमें प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय, हाथरस के आदेश को चुनौती दी गई थी, जिसके अनुसार तलाक की कार्यवाही में पति द्वारा पत्नी के चिकित्सीय परीक्षण के आवेदन को अनुमति दी गई थी। अपील कर्ता का तर्क था कि तलाक की कार्यवाही में साक्ष्य के चरण में जांच की अनुमति दी गई थी।अपीलकर्ता को यह आशंका थी कि मामले के अंतिम निस्तारण के दौरान प्रतिकूल निष्कर्ष निकाले जा सकते हैं। अपीलकर्ता की ओर से यह भी तर्क दिया गया कि सीएमओ को एक उचित मेडिकल बोर्ड का गठन करना चाहिए था।

# मुजफ्फरनगर में ट्रेस हुआ कालिंदी का संदिग्ध

**कानपुर, अमृत विचार।** फर्रुखाबाद रूट पर कालिंदी एक्सप्रेस को सिलेंडर लगाकर पलटाने और उड़ाने की साजिश के मामले में एनआईए को बड़ी लीड मिली है। भरोसेमंद सूत्र बताते हैं कि शहर के पूर्वी थानाक्षेत्र स्थित एक होटल में रुके संदिग्ध मौलाना को एजेंसी ने मुजफ्फरनगर में ट्रेस किया है। वहां से वह दिल्ली की बस में बैठता दिखा है। पुलिस टीमें दिल्ली रवाना हो गई हैं। ये संदिग्ध वही मौलाना है जो छिबरामऊ के स्वीट हाउस और घटनास्थल के पास टोलप्लाजा पर भी दिखा था। इसके अलावा सुरक्षा एजेंसियों को इससे भी बड़ी वारदात होने का इनपुट भी मिला है। लिहाजा अलर्ट जारी कर दिया गया है।

# मेरठ की इंडस्ट्रियल लैंड बेचने के मामले में ब्यौरा तलब

लखनऊ, विधि संवाददाता

- नई कमेटी गठित कर मंगाई गई है रिपोर्ट: राज्य सरकार

हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने मेरठ की 59.11 एकड़ इंडस्ट्रियल लैंड के विक्रय के कथित मामले में दाखिल सभी जनहित याचिकाओं व याचियों का ब्यौरा देने का आदेश दिया है। न्यायालय ने कहा है कि याचिकाएं दाखिल करने वाले जो भी सोशल एक्टिविस्ट्स या सोशल वर्कर्स हैं, उनसे इस मामले की सुनवाई में जरूरत पड़ने पर सहायता ली जाएगी। अंतिम सुनवाई 3 अक्टूबर की तिथि नियत की है।

यह आदेश न्यायमूर्ति राजन रॉय व न्यायमूर्ति ओम प्रकाश शुक्ला की खंडपीठ ने लोकेश कुमार खुराना की ओर से वर्ष 2022 में दाखिल जनहित याचिका पर पारित किया। याची के अधिवक्ता मोतीलाल यादव ने बताया कि 21 सितम्बर 1972 को 117 एकड़ जमीन मोदी रबर लिमिटेड को इंडस्ट्री लगाने के लिए लीज पर दी गई थी लेकिन बाद में 59.11 एकड़ जमीन बेंच दी गयी जबकि लीज की शर्तों में ही यह स्पष्ट था कि उक्त जमीन बेची नहीं जा सकती है। वहीं याचिका का विरोध करते हुए, कम्पनी की ओर से कहा गया कि याची द्वारा तथ्यों को गलत तरीके से पेश किया जा रहा है, वास्तव में मोदी रबर लि. के विभाजन के फलस्वरूप कुछ जमीन मोदी टायर लि. और मेसर्स कॉंटिनेंटल इंडिया लि. को अनुमति मिली थी।

### देवेंद्र पाल बदायूं के नए सिटी मजिस्ट्रेट बनाए गए

**अमृत विचार, लखनऊ** :शासन ने शुक्रवार को तीन पीसीएस और चार पीपीएस अफसरों के तबादले कर दिए। पीसीएस प्रियंका अपर आयुक्त झांसी, भगवान शरण अपर आयुक्त बांदा मंडल और देवेंद्र पाल सिंह बदायूं के नए सिटी मजिस्ट्रेट बनाए गए हैं। उधर, एसपी ग्रामीण अयोध्या अतुल कुमार सोनकर को गाजीपुर में एसपी ग्रामीण के पद पर भेजा गया है। वहीं गाजीपुर में तैनात एसपी ग्रामीण बलवंत कुमार चौधरी को इसी पद पर अयोध्या में तैनाती दी गई है। पुलिस उपाधीक्षक शिव ठाकुर को कानपुर देहात से बुलंदशहर और डीजीपी मुख्यालय पर तैनात जिलाजीत को सीबीसीआईडी में तैनाती दी गई है।

### शोभायात्रा व ईद-मिलादुन्नबी जुलूस की होगी वीडियोग्राफी

**लखनऊ, अमृत विचार** : ईद-मिलादुन्नबी एवं विश्वकर्मा जयंती के उपलक्ष्य में सुरक्षात्मक तैयारियों के लिए डीजीपी प्रशांत कुमार ने बैठक कर जनपदीय अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विगत वर्षों में जिन-जिन स्थानों पर किसी प्रकार का विवाद परिलक्षित हुआ हो, वहां पुलिस एवं राजस्व विभाग के राजपत्रित अधिकारियों द्वारा स्थिति का अध्ययन कर विवाद को सुलझाने एवं संवेदनशीलता को दूर करने की कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। सामाजिक व्यक्तियों एवं धर्मगुरुओं आदि से संवाद कर व्यवस्था बनाये रखने के लिए सहयोग लिया जाए। शोभायात्रा, जुलूस के दौरान समुचित वीडियोग्राफी कराई जाए।

# मधुमिता हत्याकांड : शूटर प्रकाश की मौत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ।



मधुमिता शुक्ला



प्रकाश पांडेय

- लखनऊ जेल में काट रहा था उम्रकैद की सजा

**अमृत विचारः** चर्चित कवियत्री मधुमिता शुक्ला हत्याकांड के दोषी शूटर प्रकाश पांडेय की गुरुवार देर रात इलाज के दौरान निजी अस्पताल में मौत हो गई। वह लखनऊ जेल में उम्रकैद की सजा काट रहा था। इस दौरान लीवर कैंसर होने पर निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। परिजन ने शुक्रवार सुबह शव का गोरखपुर के राजघाट श्मशान घाट पर अंतिम संस्कार कर दिया।

गोरखपुर के शाहपुर इलाके में रहने वाला प्रकाश पांडेय पूर्व मंत्री व बाहुबली विधायक अमर मणि त्रिपाठी का खास था। अमर मणि के इशारे पर उसने कवियत्री मधुमिता की लखनऊ के महानगर इलाके के पेपर मिल कालोनी स्थित आवास पर गोली मारकर हत्या कर दी थी। वारदात 9 मई 2003 को हुई थी। इस हत्याकांड में पूर्व मंत्री अमर मणि, उनकी पत्नी मधु मणि, शूटर प्रकाश पांडेय और संतोष राय को उम्रकैद की सजा सुनाई गई थी। प्रकाश को 2003 में गिरफ्तार किया गया था। 5 साल जेल में रहने के बाद सेशन कोर्ट ने उसे मधुमिता हत्याकांड से बरी कर दिया था। बाद में हाईकोर्ट ने दोषी ठहराते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई थी। 21 साल की जेल की सजा काटते हुए, पांडे का स्वास्थ्य लगातार गिरता गया। लिवर कैंसर के चलते उसको लखनऊ में भर्ती कराया गया था।

## वर्ग पहेली-191

**बाएं से दाएं**

4. राजा या बड़े आदमी के पास बैठने-उठने वाला व्यक्ति, साथी, मुहबत्ती।
5. हत और आहत, मृत और घायल।
6. 1. मदिरा, मद्य, सुरा, वारुणी, दारू 2. किसी चीज़ का मीठा अर्क या शर्बत।
7. 1. बैलों की वह जोड़ी जो हल या बैलगाड़ी में जोती जाए 2. रुई की पूनी।

**ऊपर से नीचे**

1. नकली दस्तावेज़ या हस्ताक्षर आदि के माध्यम से किसी को ठगने का कार्य, धोखाधड़ी।
2. लेखा, लेन-देन, आय-व्यय का ब्यौरा, बहीखाता, आर्थिक व्यवहार का विवरण।
3. 1. जिसकी जानकारी न हो 2. जिससे परिचय न हो, अजनबी 4. जिसे जानकारी न हो, नावाकिफ़।
5. 1. मनाही, निषिद्ध, अविहित 2. धर्मशास्त्र के अनुसार जो निषिद्ध हो 3. शरीअत के ख़िलाफ़ 4. अग्राह्य 5. अपवित्र 6. मुफ़्त। -करना : किसी काम को कष्टदायक एवं मुश्किल कर देना।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 1 | ■ | 2 | ■ | 3 |
| ■ | | ■ | | ■ | |
| 4 | | | | ■ | |
| ■ | | ■ | | ■ | |
| ■ | ■ | 5 | | | |
| ■ | 6 | | | ■ | ■ |
| ■ | ■ | | ■ | 7 | |

### वर्ग पहेली -190 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| ■ | ■ | ■ | 1 सं | 2 सा | र |
| ■ | 3 खँ | ड़ | वि | ला | ■ |
| 4 नं | ■ | ■ | 5 धा | र | णी |
| दा | ■ | ■ | न | ■ | ■ |
| ■ | 6 उ | पा | स | क | ■ |
| ■ | ठ | ■ | भा | ■ | ■ |
| 7 ख | ना | ई | ■ | 8 गं | ग |

# फरार होकर विदेश पहुंचे अभियुक्त को कैसे तामीला कराया नोटिस

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- रामपुर के पूर्व पुलिस अधीक्षक अशोक शुक्ला पर लग रहे आरोप
- आजम खान और अफ्फाक अहमद को बचाने का आरोप

**अमृत विचारः** रामपुर के पूर्व पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार शुक्ला ने शत्रु संपत्ति की जांच में आजम खान और अफ्फाक अहमद को बचाने के लिए कई कारनामें कराए। कारनामे का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि सीबीआई जांच से जुड़े एक मामले में सीबीआई ने जिन तिथियों में अफ्फाक को फरार घोषित कर विदेश में भाग जाने की बात कही थी, उन्हीं तिथियों में रामपुर पुलिस के विवेचक ने उसे नोटिस तालीमा करा दिया था। प्रश्न यह उठता है कि जब अफ्फाक अहमद विदेश में फरारी काट रहा था तो उस समय रामपुर में नोटिस तामीला कैसे कर लिया।

बता दें कि गृह विभाग ने रामपुर में पूर्व में पुलिस अधीक्षक रहे अशोक कुमार शुक्ला (अब डीआईजी सीबीसीआईडी) की भूमिका पर जांच के आदेश दिए हैं। अशोक कुमार पर आजम खान और उनके विशेष कार्यकारी अधिकारी अधिकारी रहे अफ्फाक अहमद के खिलाफ चल रही शत्रु संपत्ति से जुड़ी जांच में आजम खान का नाम निकालने एवं अफ्फाक अहमद पर हल्के आरोप लगाने के आरोप है। यही नहीं शत्रु संपत्ति की जांच में आजम खान की संलिप्तता से जुड़े साक्ष्य जुटाए जाते, इससे पहले तत्कालीन एसपी रामपुर ने आदेश जारी कर 17 मई 2023 को गजेंद्र त्यागी से विवेचना लेकर अपराध शाखा में हस्तांतरित कर दी गई। श्रीकांत द्विवेदी को विवेचक बना दिया गया। एसपी ने एएसपी से एक सोची समझी रणनीति के तहत 15 मई 2023 को एक आख्या लेकर मो. आजम खान और उसके सहयोगियों को बचाने के लिए श्रीकांत द्विवेदी को विवेचना हस्तगत कराई गई। क्योंकि श्रीकांत ने न तो इस प्रकरण से संबंधित कोई दस्तावेज एकत्र किए और न ही उनके द्वारा दस्तावेजों का परीक्षण किया गया। बल्कि चिक लेखक कांस्टेबल कुलदीप सिंह के बयान मात्र के आधार पर उपरोक्त मुकदमें से धारा 467 एवं 471 का विलोपन कर धाराओं को हल्का कर दिया गया तथा अभियुक्त को लाभ पहुंचाया गया।

## सुडोकू -104

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | 7 | 6 | | | 8 |
| 7 | | 3 | | | | 9 | | |
| | | 4 | | | 5 | 1 | 2 | |
| | | 8 | | | 2 | | | 9 |
| 1 | 3 | | | | | | 5 | 4 |
| 4 | | | 3 | | | 7 | | |
| | 4 | 5 | 8 | | | 6 | | |
| | | 7 | | | | 8 | | 2 |
| 2 | | | 7 | 1 | | | 4 | |

### सुडोकू - 103 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 7 | 1 | 5 | 6 | 2 | 3 | 8 | 9 |
| 6 | 9 | 2 | 8 | 3 | 4 | 5 | 7 | 1 |
| 8 | 3 | 5 | 9 | 1 | 7 | 2 | 4 | 6 |
| 7 | 8 | 4 | 3 | 5 | 9 | 6 | 1 | 2 |
| 2 | 1 | 9 | 7 | 4 | 6 | 8 | 3 | 5 |
| 5 | 6 | 3 | 2 | 8 | 1 | 7 | 9 | 4 |
| 9 | 2 | 6 | 1 | 7 | 3 | 4 | 5 | 8 |
| 3 | 4 | 8 | 6 | 9 | 5 | 1 | 2 | 7 |
| 1 | 5 | 7 | 4 | 2 | 8 | 9 | 6 | 3 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 14 सितंबर शनिवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-भाद्रपद, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-एकादशी 20 .41 तक तत्पश्चात द्वादशी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-पूर्व। ऋतु-शरद।
चन्द्रबल- मेष, कर्क, सिंह, वृश्चिक, मकर, मीन।
ताराबल-भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-उत्तराषाढ़ा 20 .32 तक तत्पश्चात श्रवण।

**मेष** आज अपनी प्रतिभा और क्षमता को व्यर्थ न जानें दें, बल्कि उसका सार्थक उपयोग करें। लोग आपकी भावनाओं को कुछ महत्वहीन कर सकते हैं। वैवाहिक जीवन में प्रेम भाव बढ़ेगा। आप किसी विचार में खोए हो सकते हैं।

**वृष** आज आपको कुछ समय आत्मचिंतन में लगाना चाहिए। अपनी कार्यक्षमता को बढ़ाने का काम करें। अध्यात्म चिंतन में व्यस्त रहेंगे। आपके अपने सम्मान की चिंता रहेगी। इसके कारण आप लोगों से झगड़ भी सकते हैं।

**मिथुन** आज जल्दबाजी में आप कुछ गलत निर्णय ले सकते हैं। वैवाहिक जीवन में थोड़ा तनाव रहेगा। अपने बजट को ध्यान में रखते हुए ही खर्च करें। आपको अतिआत्मविश्वास से बचना चाहिए। घुटनों और कूल्हों में दर्द हो सकता है।

**कर्क** आज किसी महंगे उत्पाद की खरीदारी कर सकते हैं। दांपत्य संबंधों का तनाव दूर होगा। संतान के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें। अपने कार्य के प्रति समर्पित रहेंगे। रुके हुए कार्यों में अचानक गति आ सकती है।

**सिंह** आज पुराने लेन-देन की समस्या का समाधान होगा। स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याओं को लेकर सावधान रहें। विरोधियों से औपचारिक भेंट हो सकती है। आपको सैद्धांतिक होने के बजाय व्यवहारिक होना चाहिये। प्रेम संबंधों के कारण घर में तनाव हो सकता है।

**कन्या** आज नजदीकी संबंधियों के साथ रिश्ते तनावपूर्ण रहेंगे। आलस्य और मौजमस्ती में समय बर्बाद न करें। आपको थोड़ी थकावट महसूस होगी। परेशानियों का समाधान मिलेगा। उच्च शिक्षा के मार्ग में बाधा आ सकती है।

**तुला** आज महत्वपूर्ण मीटिंग्स को लेकर लापरवाही न करें। परिजनों की जिद के सामने आपको झुकना पड़ सकता है। लोग आपको नैतिकता का पाठ पढ़ा सकते हैं। व्यापार में आपको बहुत अच्छा लाभ होगा। कठिन विषयों का आप अध्ययन कर सकते हैं।

**वृश्चिक** आज आपकी इच्छा के अनुसार सभी काम समय पर हो जाएंगे। व्यवसाय को लेकर कुछ महत्वपूर्ण निर्णय ले सकते हैं। उच्च अधिकारियों के साथ आपका तालमेल बढ़ेगा। आपका स्वास्थ्य काफी अच्छा रहेगा।

**धनु** आज अपनी वाणी में विनम्रता कभी कम न होने दें। यात्रा के दौरान सामान आदि को लेकर सावधानी रखें। कानूनी मामलों में घिर सकते हैं। अपना काम पूरी निष्ठा के साथ करें। मुंह का स्वाद बिगड़ सकता है। किसी गंभीर विषय को लेकर तनाव हो सकता है।

**मकर** आज मित्रों का साथ और सहयोग आपके मनोबल को बढ़ाने में काफी सहायक सिद्ध होगा। बच्चे आपसे जिद कर सकते हैं, जिसके कारण आप उन पर नाराज भी हो सकते हैं। आपके मन में दान-पुण्य करने का भाव हो सकता है।

**कुंभ** आज बड़ी व्यावसायिक डील करने से बचना चाहिए। आराम भरपूर मात्रा में करें। अपने मित्रों की उन्नति से आप कुछ ईर्ष्यालु हो सकते हैं। कार्यक्षेत्र में अधीनस्थ कर्मचारियों को लेकर कुछ तनाव रहेगा। कुंठित विचारों वाले मित्रों से दूरी बनाकर रखें।

**मीन** आज अचानक धन लाभ होने से उत्साहित रहेंगे। बड़े महत्वपूर्ण लोगों से आपका संपर्क मजबूत होगा। रिश्तेदारों से कोई शुभ सूचना मिल सकती है। आपके सामाजिक संपर्कों में वृद्धि होगी। दोपहर के बाद आपका दिन बहुत ही अच्छा रहने वाला है।

## आज की फिल्में

**B4U Movies**
घातक
सुबह : 09 .00
दिल्लगी
शाम : 06 .00

**Sony Pix**
मैड मैक्स :फरी रोड
दोपहर : 12 .00
स्पाइर मैन
रात : 09 .18

**&pictures**
सिंबा
सुबह : 10 .56
भैरवकोना
रात : 08 .00

**Zee Cinema**
वलाटी
सुबह : 11 .08
गदर 2
रात : 08 .00

**Colors Cineplex**
चार्ली
सुबह : 11 .27
ना सामी रंगा
रात : 08 .00

### आज की सुपरहिट फिल्म




जी सिनेमा पर रात : 08 .00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पिंटू जब भी कपड़े धोता, तभी बारिश हो जाती।
एक दिन धूप निकली तो वो खुश हुआ और दुकान पर सर्फ लेने चला गया।
वो जैसे ही दुकान पर गया, बादल जोर-जोर से गरजने लगे।
पिंटू आसमान की तरफ मुंह करके बोला - क्या? मैं तो बिस्कुट लेने आया हूं।

पति- आज ऐसी चाय बनाओ कि पीते ही तन बदन झूमने लगे और मन नाचना शुरू कर दें।
पत्नी- हमारे यहां भैंस का दूध आता है नागिन का नहीं।

## बरेली मंडी

वनस्पति तेल तिलहन –तुलसी 2340, राज श्री 1590, फॉर्चून कि. 1860, रविन्द्रा 2240, फॉर्चुन ली. 1710, जय जवान 1660, सचिन 1680, सूरज 1685, अवसर 1735, राग गोल्ड 1790, गृहणी ली 1700, क्लासिक (किलो) 1800, मोर 1820, चक्र टिन 2155, ब्लू 1820, आशीर्वाद मस्टर्ड 2130, स्वास्तिक 2310 । किराना–( प्रतिकु.) हल्दी निजामाबाद 17000, जीरा 30000, लाल मिर्च 17000–20000, धनिया 8000–10000, अजवायान 15500–23000, मेथी 7400, सौंफ 9000–13000, सोंठ 41000, (प्रतिकि0) लौंग 800–900, बादाम 580–680, काजू 2 पीस 800, किसमिस पीली 140–180, मखाना 650–900 । चावल –( प्रति कु0 )डबल चाबी सेला 10000, स्पाइस 7600, शरबती कच्ची 4450, शर्बती स्टीम 4600, डायमंड मंसूरी 4700, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 9200, राजभोग 7350, हरी पत्ती ( 1किलो,5किलो ) 10500, हरी पत्ति नेचुरल नया 10100, जेनिथ 10000, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4950, खजाना 4950 दाल दलहन –मूंग दाल इंदौर 10200, मूंग धोवा 10700, राजमा चित्रा 13700–14600, राजमा भूटान नया 12300, मलका काली 7050–7500 मलका दाल 7275–7900, मलका छाँटी 7350, दाल उड़द बिलासपुर 9600–10200, मसूर दाल छोटी 8900–9500, दाल उड़द दिल्ली 11600, उड़द साबुत दिल्ली 11400, उड़द धोवा इंदौर 13900, उड़द धोवा 11900–12900,चना काला 8800, दाल चना 9250, लाल हिंदुस्तान 9350, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 10000, चना अकोला 8900, डबरा 10200–11200, सच्चा हीरा 13300, मोटा हीरा 15300, अरहर गोला मोटा 13700, अरहर पटका मोटा 14000, अरहर कोरा मोटा 14200, अरहर पटका छोटा 15300–15700, अरहर कोरी छोटी 16100 । चीनी– डालमियां 4020, पीलीभीत 4000, नवाबगंज 3990, बहेड़ी 4000 ।

## सर्राफा

बरेली

| | |
|---|---|
| गोल्ड ( पक्के जेवर ) | 74500 |
| गोल्ड ( गिन्नी जेवर ) | 73500 |
| सिल्वर ( पक्की ) | 865 ( अनुमानित ) |

# अडाणी समूह के प्रमुख व्यक्ति से 31 करोड़ डॉलर जब्त : हिंडनबर्ग

## अडाणी समूह ने आरोप को आधारहीन बताते हुए किया खारिज

नई दिल्ली, एजेंसी

- **शोध कंपनी ने स्विट्जरलैंड से जारी स्विस आपराधिक रिकॉर्ड का दिया हवाला**

अमेरीकी शोध कंपनी हिंडनबर्ग ने दावा किया कि स्विट्जरलैंड के अधिकारियों ने अडाणी समूह में धन शोधन के आरोपों के तहत स्विस बैंक खातों में 31 करोड़ डॉलर से अधिक की राशि जब्त कर ली है। हालांकि अडाणी समूह ने आरोप को आधारहीन बताते हुए इसे सिरे से खारिज कर दिया है।

हिंडनबर्ग रिसर्च ने एक्स पर स्विट्जरलैंड की मीडिया कंपनी में जारी स्विस आपराधिक रिकॉर्ड का हवाला देते हुए कहा कि स्विस अधिकारियों ने अडाणी से संबंधित धनशोधन और प्रतिभूतियों में जालसाजी की जांच के तहत स्विस बैंक खातों में रखे 31 करोड़ डॉलर से अधिक की राशि जब्त कर ली है। यह जांच 2021 में हुई थी। हिंडनबर्ग ने कहा कि अभियोजकों ने विस्तार से बताया कि कैसे अडाणी के एक प्रमुख व्यक्ति ने अपारदर्शी बीवीआई/मॉरीशस और बरमूडा कोष में निवेश किया। इसमें ज्यादातर अडाणी के शेयर थे। इस बीच, अडाणी समूह ने इन आरोपों को निराधार बताते हुए कहा कि उसका स्विट्जरलैंड में किसी भी अदालती कार्यवाही से कोई संबंध नहीं है। हम इन निराधार आरोपों को अस्वीकार करते हैं। समूह का किसी भी स्विस अदालती कार्यवाही में कोई संबंध नहीं है, न ही हमारी कंपनी के किसी भी खाते को किसी प्राधिकरण ने जब्त किया है। यहां तक कि कथित आदेश में भी स्विस न्यायालय ने न तो हमारी समूह कंपनियों का उल्लेख किया है, न ही हमें किसी ऐसे प्राधिकरण या नियामक निकाय से स्पष्टीकरण या जानकारी के लिए कोई अनुरोध प्राप्त हुआ है। हमारी विदेशी होल्डिंग संरचना पारदर्शी है ।

समूह ने कहा कि आरोप स्पष्ट रूप से निरर्थक, तर्कहीन हैं। हमें यह कहने में संकोच नहीं है कि यह हमारे समूह की प्रतिष्ठा और बाजार मूल्य को अपूरणीय क्षति पहुंचाने के लिए काम करने वाले उन्हीं लोगों द्वारा किया गया एक और सुनियोजित प्रयास है।

# डिविडेंड यील्ड : शेयर में लाभांश का संकेतक

डिविडेंड यील्ड निवेशकों के लिए कंपनी के शेयर में नियमित लाभांश प्राप्ति का एक महत्वपूर्ण संकेतक है। एक सुरक्षित और स्थिर डिविडेंड यील्ड आमतौर पर 2% से 6% के बीच होती है, और इसका आदर्श स्तर कंपनी की वित्तीय स्थिरता, डिविडेंड का अनुपात और भुगतान इतिहास पर निर्भर करता है। एक संतुलित पेर अनुपात ( 30% से 50% ) और मजबूत नकदी प्रवाह भी डिविडेंड की सुरक्षा को दर्शाते हैं। उच्च यील्ड वाले शेयर, विशेषकर अगर असामान्य रूप से ऊँचे हैं, वे जोखिमपूर्ण हो सकते हैं। सही विश्लेषण से निवेशक बेहतर निर्णय ले सकते हैं। निवेश से पहले इसके बारे में आईए जानते हैं...



**उच्च डिविडेंड यील्ड :** यदि आपका लक्ष्य स्थिर आय प्राप्त करना है, तो उच्च डिविडेंड यील्ड ( 4–6% या उससे अधिक ) वाली कंपनियां आकर्षक हो सकती हैं। बहुत उच्च यील्ड ( 10% या उससे अधिक ) भी जोखिमपूर्ण हो सकती है, क्योंकि यह संकेत कर सकता है कि कंपनी की शेयर की कीमत में गिरावट आई है या कंपनी वित्तीय समस्याओं का सामना कर रही है।

**उचित डिविडेंड यील्ड :** कुछ निवेशक ऐसे कंपनियों में निवेश करना पसंद करते हैं जिनका डिविडेंड यील्ड स्थिर और मध्यम स्तर पर हो, जैसे 2–4% . इससे यह संकेत मिलता है कि कंपनी की वित्तीय स्थिति स्थिर है और वह लगातार डिविडेंड देने में सक्षम है।

**वृद्धि और स्थिरता :** डिविडेंड यील्ड केवल एक कारक है ; इसके साथ–साथ कंपनी की लाभप्रदता, विकास संभावनाएँ, और डिविडेंड का स्थिरता भी महत्वपूर्ण हैं। कुछ कंपनियाँ कम यील्ड प्रदान कर सकती हैं लेकिन विकास के अवसर और भविष्य में डिविडेंड बढ़ाने की संभावना रखती हैं।

**वित्तीय स्थिति और इतिहास :** कंपनी की वित्तीय स्थिति और उसके डिविडेंड भुगतान के इतिहास को देखना महत्वपूर्ण है। एक स्थिर और विश्वसनीय डिविडेंड भुगतान इतिहास वाली कंपनी अधिक भरोसेमंद मानी जाती है।

**संपति मूल्य :** यह आंकड़ा ये दर्शाता है कि कितने मूल्य पर शेयर खरीदे हैं और वर्तमान डिविडेंड यील्ड की तुलना में कितने लाभांश प्राप्त कर रहे हैं। यह निवेश की लाभप्रदता को मापने में मदद करता है।

$$\text{डेविटेंट यील्ड} = \frac{\text{प्रति शेयर डिविडेंड}}{\text{शेयर की वर्तमान कीमत}} \times 100$$

**आदर्श डिविडेंड यील्ड :** 2% से 6% के बीच स्थिर यील्ड सुरक्षित होता है।

**पेर अनुपात :** 30% से 50% का पेर अनुपात स्थिरता को दर्शाता है।

**भुगतान का इतिहास :** लंबे और स्थिर डिविडेंड वाली कंपनियां भरोसेमंद हैं।

**नकदी प्रवाह :** मजबूत वित्तीय और नकदी प्रवाह सुरक्षा सुनिश्चित करते हैं।

**उच्च जोखिम :** बहुत उच्च यील्ड जोखिम और अस्थिरता के संकेत है। आपकी व्यक्तिगत जोखिम सहिष्णुता भी भूमिका निभाती है। कुछ निवेशक उच्च डिविडेंड यील्ड वाले शेयरों को प्राथमिकता दे सकते हैं, जबकि अन्य दीर्घकालिक स्थिरता और मध्यम यील्ड को पसंद कर सकते हैं।

**यील्ड की गणना :** डेविडेंट यील्ड की गणना करने के लिए, आप लाभांश प्रति शेयर को वर्तमान शेयर की कीमत से विभाजित कर सकते हैं।

**उद्योग तुलना :** अपनी तुलना करने के लिए समान उद्योगों में अन्य कंपनियों के डेविडेंट यील्ड की तुलना करें।

**अन्य मीट्रिक के साथ संयोजित करें :** डेविडेंट यील्ड को अन्य मीट्रिक जैसे कि मूल्य–से–आय अनुपात और मूल्य–से–पुस्तक अनुपात के साथ संयोजित करें ताकि निवेश के निर्णय लेने में मदद मिल सके।

**विकास की क्षमता :** एक कम डेविडेंट यील्ड वाली कंपनी विकास की क्षमता को दर्शा सकती है, क्योंकि यह अतिरिक्त आय को व्यवसाय में पुनर्निवेश करने के बजाय लाभांश के रूप में वितरित करने के बजाय विकास के अवसरों पर खर्च करने की क्षमता को दर्शाती है।

डेविटेंट यील्ड निवेशकों को यह जानकारी देता है कि वे अपनी निवेश की गई राशि पर कितना लाभांश प्राप्त कर सकते हैं। उच्च डिविडेंड यील्ड वाले शेयर निवेशकों के लिए आकर्षक हो सकते हैं, लेकिन इसे केवल एक संकेतक के रूप में देखा जाना चाहिए और अन्य वित्तीय पहलुओं के साथ मिलाकर विश्लेषण किया जाना चाहिए।

## सरकार ने बासमती चावल पर न्यूनतम निर्यात मूल्य हटाया

**नई दिल्ली।** सरकार ने बासमती चावल पर 950 डॉलर प्रति टन का न्यूनतम निर्यात मूल्य (एमईपी) हटा दिया है। वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि इससे निर्यात को बढ़ावा और किसानों की आय बढ़ेगी। बासमती चावल के निर्यात के लिए पंजीकरण-सह-आवंटन प्रमाण पत्र (आरसीएसी) जारी करने के लिए 950 डॉलर टन के मौजूदा एमईपी को हटाने का निर्णय लिया गया है। एपीडा (कृषि व प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण) से इसको लागू करने के लिए तत्काल कदम उठाने का अनुरोध किया गया है।

## भारत की आर्थिक वृद्धि दर 7.5% से अधिक रहने की क्षमता : दास

मुम्बई, एजेंसी



- **सिंगापुर में ब्रेटन वुड्स कमेटी के वार्षिक फ्यूचर ऑफ फाइनेंस फोरम को किया संबोधित**

भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने शुक्रवार को कहा कि भारत की विकास दर 7.5% से भी अधिक होने की क्षमता रखती है। यह अनुमान भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा चालू वित्तीय वर्ष के 7.2% की वृद्धि अनुमान से थोड़ा ज्यादा है। सिंगापुर में स्विस बैंक यूबीएस के सहयोग से आयोजित ब्रेटन वुड्स कमेटी के वार्षिक फ्यूचर ऑफ फाइनेंस फोरम को दास ने संबोधित किया।

दास ने कहा कि विकास के पूर्वानुमानों में जोखिम संतुलित हैं और मजबूत मैक्रोइकनॉमिक (सामान्य आर्थिक) आधारों द्वारा समर्थित हैं, जिनमें निजी खपत और निवेश मुख्य कारक हैं। उन्होंने कहा कि मुद्रास्फीति अप्रैल 2022 में 7.8 प्रतिशत के अपने चरम से कम होकर 4% के आसपास है, लेकिन हमें बहुत काम करना है और इस पर ध्यान केंद्रित करना जरूरी है। सेवाओं का निर्यात बढ़ा है, लेकिन बाहरी मांग कमजोर होने से निर्यात की वृद्धि उम्मीद से कम रही है। उन्होंने वित्तीय समेकन की प्रगति, सार्वजनिक कर्ज में कमी और कॉर्पोरेट प्रदर्शन में सुधार को संतुलित विकास के लिए सकारात्मक कारक बताया।

## विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर 689.24 अरब डॉलर के उच्च स्तर पर

**मुंबई।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार छह सितंबर को समाप्त सप्ताह में 5.25 अरब डॉलर बढ़कर 689.23 अरब डॉलर के नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। इससे पिछले सप्ताह विदेशी मुद्रा भंडार 2.29 अरब डॉलर बढ़कर 683.99 अरब डॉलर हो गया था।

रिजर्व बैंक के अनुसार, छह सितंबर को समाप्त सप्ताह में मुद्रा भंडार का अहम हिस्सा मानी जाने वाली विदेशी मुद्रा आस्तियां 5.11 अरब डॉलर बढ़कर 604.14 अरब डॉलर हो गईं। डॉलर के संदर्भ में उल्लेखित विदेशी मुद्रा आस्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं की घट-बढ़ का प्रभाव शामिल होता है। समीक्षाधीन सप्ताह में स्वर्ण भंडार का मूल्य 12.9 करोड़ डॉलर बढ़कर 61.99 अरब डॉलर हो गया। विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 40 लाख डॉलर बढ़कर 18.47 अरब डॉलर हो गया।

## सेबी प्रमुख बुच, उनके पति ने कांग्रेस के लगाए आरोपों को नकारा

नई दिल्ली, एजेंसी



- **बोलीं- कांग्रेस के आरोप उनके आयकर रिटर्न में दर्ज विवरणों पर आधारित**

पूंजी बाजार नियामक सेबी की चेयरपर्सन माधबी पुरी बुच और उनके पति धवल ने अनियमितता बरतने और हितों के टकराव को लेकर कांग्रेस के लगाए आरोपों से शुक्रवार को इनकार करते हुए कहा कि ये आरोप गलत, प्रेरित और मानहानिकारक हैं। बुच ने कहा कि कांग्रेस के आरोप उनके द्वारा दाखिल आयकर रिटर्न में दर्ज विवरणों पर आधारित हैं।

उन्होंने कहा कि वित्तीय मामलों से जुड़ी सूचनाओं का उनकी तरफ से खुलासा किया गया है और करों का उचित भुगतान किया गया है। सेबी प्रमुख ने कहा कि हमारे रिटर्न से जुड़े विवरण धोखाधड़ी और अवैध ढंग से हासिल किए गए हैं। यह न केवल हमारी गोपनीयता के अधिकार का स्पष्ट उल्लंघन है, बल्कि आयकर अधिनियम का भी उल्लंघन है।

## राष्ट्रीय

## एक नजर

### दिल्ली में जिम मालिक की गोली मारकर हत्या

**नई दिल्ली।** दक्षिण दिल्ली के ग्रेटर कैलाश इलाके में गुरुवार रात को गिरोहों के बीच लड़ाई के संदिग्ध मामले में मोटरसाइकिल सवार दो हमलावरों ने एक जिम मालिक की गोली मारकर हत्या कर दी। दिल्ली पुलिस के विशेष प्रकोष्ठ ने शुक्रवार को मामले के संबंध में छह लोगों को हिरासत में लिया क्योंकि हत्या के इस मामले में जेल में बंद गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के गिरोह के सदस्यों का हाथ होने का संदेह है। सूत्रों ने बताया कि पुलिस को इस घटना में उत्तर पूर्व दिल्ली के गिरोहों के शामिल होने का भी संदेह है। मृतक की पहचान नादिर शाह के रूप में हुई है जिसपर लूटपाट और हत्या के प्रयास समेत कई आपराधिक मामले दर्ज हैं।

### सैन्य अफसरों पर हमले के फरार 3 आरोपी गिरफ्तार

**इंदौर।** मध्यप्रदेश के इंदौर जिले में पिकनिक मनाने आए दो सैन्य अधिकारियों पर हमला करने और उनके साथ दो महिला मित्रों में से युवती से कथित दुष्कर्म के मामले के तीन इनामी आरोपियों को पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि तीनों आरोपी फरार थे और हरेक पर 10,000 का इनाम था। मानपुर के जंगल से गिरफ्तार आरोपियों में रोहित गिरवाल (23), संदीप वारिया (18) और सचिन मकवाना (25) शामिल हैं।

### गुजरात के गांधीनगर में मेश्वो नदी में आठ लोग डूबे

**अहमदाबाद।** गुजरात के गांधीनगर जिले में शुक्रवार शाम मेश्वो नदी में नहाने के दौरान कम से कम आठ लोगों की डूबकर मौत हो गई। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। उप संभागीय मजिस्ट्रेट (एसडीएम) बी. बी. मोडिया ने बताया कि डूबने से मरने वाले लोग देहगाम तालुका के वसना सोगती गांव के रहने वाले थे।

### रिश्वत मामले में प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी को सजा

**पटना।** बिहार में पटना स्थित निगरानी की विशेष अदालत ने रिश्वत के मामले में एक प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी को आज चार वर्षों के सश्रम कारावास के साथ ही 10 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई। निगरानी के विशेष न्यायाधीश मोहम्मद रुस्तम ने मामले में सुनवाई के बाद नालंदा जिले के बिन्द प्रखंड के तत्कालीन शिक्षा पदाधिकारी मनकेश्वर शर्मा को भ्रष्टाचार निरोधक अधिनियम की अलग–अलग धाराओं में दोषी करार देने के बाद यह सजा सुनाई है। जुर्माने की राशि अदा नहीं करने पर दोषी को एक माह के कारावास की सजा अलग से भुगतानी होगी।

# मस्जिद में अवैध निर्माण पर विरोध प्रदर्शन

## हिमाचल के मंडी में सरकारी जमीन पर बने हिस्से को ढहाने की मांग, पुलिस ने की पानी की बौछार

मंडी/शिमला (हिमाचल), एजेंसी

हिमाचल प्रदेश के मंडी शहर में सरकारी जमीन पर अतिक्रमण करके बनाई मस्जिद के एक हिस्से को ढहाने की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे लोगों को तितर-बितर करने के लिए पुलिस ने शुक्रवार को पानी की बौछार की। मंडी नगर निगम ने मस्जिद प्रबंधन समिति को 30 दिनों में अतिक्रमण हटाने का नोटिस दिया है। नोटिस के मुताबिक, मस्जिद 232 वर्ग मीटर जमीन पर बनी है जबकि मंजूरी 45 वर्ग मीटर की दी गई थी।

प्रदर्शनकारियों ने पहले मंडी बाजार इलाके में मार्च निकाला और फिर वे सेरी मंच पर धरने पर बैठ गए। बाद में जब उन्होंने मस्जिद की ओर बढ़ने की कोशिश की तो पुलिस ने उन्हें रोक दिया और स्थिति को काबू में करने के लिए पानी की बौछार की। हिंदू संगठनों की ओर से विरोध मार्च का आह्वान करने के बाद पुलिस ने मंडी में भारी बल तैनात कर सुरक्षा बढ़ा दी है।



मंडी में अतिक्रमण की भूमि पर बनी मस्जिद को गिराने की मांग करते प्रदर्शनकारी।

मुस्लिम समुदाय के लोगों ने गुरुवार को शहर के जेल रोड पर स्थित मस्जिद के अनधिकृत हिस्से को खुद ही ढहा दिया था। यह मस्जिद लोक निर्माण विभाग की जमीन पर बनी है। इस मामले में पीडब्ल्यूडी और नगर निगम दोनों ने मस्जिद प्रबंधन को नोटिस भेजा था। विहिप और बजरंग दल के सदस्यों ने मांग की है कि राज्य में सरकारी भूमि पर अतिक्रमण के साथ मुस्लिम समुदाय के अवैध ढांचों को ध्वस्त किया जाए।

### मुख्यमंत्री ने की शांति बनाए रखने की अपील

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने राज्य के लोगों से शांति और भाईचारा बनाए रखने की अपील की है। शिमला में सुक्खू ने सर्वदलीय बैठक के बाद कहा कि मैंने भड़काऊ बयान नहीं देने की अपील की है। किसी को भी कानून हाथ में लेने की इजाजत नहीं है। हम सभी का सम्मान करते हैं। हिमाचल की भूमि सभी धर्मों का सम्मान करती है।

## कांग्रेस ने वित्त मंत्री पर रेस्तरां कारोबारी के अपमान का लगाया आरोप, माफी की मांग

नई दिल्ली, एजेंसी

- **वीडियो प्रसारण के बाद राहुल ने केंद्र सरकार पर किया प्रहार**

कांग्रेस ने प्रसारित वीडियो का हवाला देते हुए शुक्रवार को आरोप लगाया कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने जीएसटी पर सवाल करने के लिए तमिलनाडु के रेस्तरां मालिक को अपमानित किया जो केंद्र के अहंकार को दर्शाती है। मुख्य विपक्षी दल ने कहा कि वित्त मंत्री और भाजपा को छोटे व्यवसायियों तथा तमिलनाडु का अपमान करने के लिए माफी मांगनी चाहिए।

उधर, भाजपा की तमिलनाडु इकाई के अध्यक्ष के. अन्नामलाई ने सीतारमण और रेस्तरां चेन अन्नपूर्णा के मालिक श्रीनिवासन के बीच हुई निजी बातचीत का वीडियो पार्टी के कुछ पदाधिकारियों द्वारा साझा करने के लिए माफी मांगी है। प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने कहा कि बैठक के दौरान रेस्तरां मालिक श्रीनिवासन ने अलग जीएसटी दरों पर प्रकाश डाला था। श्रीनिवासन ने वित्त मंत्री से कहा था कि इतनी जटिल जीएसटी से कंप्यूटर भी हैंग हो जाता है और कर अधिकारियों को भी यह समझ नहीं आता, इसलिए जीएसटी को सरल बनाने की जरूरत है। उन्होंने दावा किया कि इसके 24 घंटे के अंदर श्रीनिवासन को निर्मला सीतारमण के सामने बुलाया जाता है और उनसे माफी मंगवाई जाती है। इस पूरी घटना का वीडियो बनवाया जाता है, फिर उस वीडियो को भाजपा की तमिलनाडु इकाई शेयर करती है।

### अरबपति मित्रों के लिए लाल-कालीन : राहुल



कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने इस मामले पर केंद्र सरकार पर प्रहार किया और कहा कि छोटे व्यवसायियों की मांगों को खारिज कर दिया जाता है, जबकि अरबपति मित्रों के लिए लाल–कालीन बिछा दी जाती है। उन्होंने एक्स पर कहा कि जब कोयंबटूर में अन्नपूर्णा रेस्तरां जैसे छोटे व्यवसाय के मालिक हमारे लोक सेवकों से सरलीकृत जीएसटी व्यवस्था की मांग करते हैं, तो उनके अनुरोध को अहंकार और घोर अनादर से खारिज किया जाता है।

## बेसमेंट के 4 सहमालिकों को अंतरिम जमानत

**नई दिल्ली।** हाईकोर्ट ने शुक्रवार को ओल्ड राजेंद्रनगर स्थित कोचिंग सेंटर के बेसमेंट के चार सह-मालिकों को अगले साल 30 जनवरी तक अंतरिम जमानत दे दी है। इसी बेसमेंट में जुलाई में सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी कर रहे तीन विद्यार्थियों की डूबने से मौत हो गई थी। न्यायमूर्ति दिनेश शर्मा ने चारों की जमानत याचिका पर फैसला सुनाते हुए कहा कि राहत सह-मालिकों की ओर से रेड क्रॉस के पास पांच करोड़ रुपये जमा करने पर निर्भर करती है। सह-मालिकों का आचरण अक्षम्य और लालच का कृत्य है।

# केजरीवाल को देना चाहिए इस्तीफा : भाजपा

नई दिल्ली, एजेंसी

भाजपा ने शुक्रवार को कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को पद से इस्तीफा दे देना चाहिए, क्योंकि सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें केवल सशर्त जमानत दी है और वह आबकारी नीति घोटाले से जुड़े भ्रष्टाचार के मामले में आरोपी बने रहेंगे। राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने भाजपा मुख्यालय में कहा कि जेल वाला सीएम अब बेल वाला हो गया है, क्योंकि उन्हें सशर्त जमानत मिली है और वह भी 10 लाख का मुचलका भरकर। उन्हें राहत नहीं मिली है, ना ही वह आरोप मुक्त हुए हैं। इसका मतलब है कि मामले में आधार, साक्ष्य और प्रमाण हैं। इसीलिए प्रथम दृष्टया मुकदमा चलना चाहिए।

### केजरीवाल को जमानत से भाजपा का झूठ सामने आया : आप

आप ने शुक्रवार को मांग की कि भाजपा को अरविंद केजरीवाल जैसे ईमानदार नेता को जेल में रखने के लिए माफी मांगनी चाहिए। पार्टी ने सीबीआई और ईडी को तोता–मैना की संज्ञा देते हुए कहा कि आबकारी नीति मामले में सुप्रीम कोर्ट द्वारा केजरीवाल को जमानत देने से भाजपा का झूठ सामने आ गया है। केजरीवाल के जमानत पर आप मुख्यालय पर नेताओं तथा कार्यकर्ताओं ने मिठाई बांटी। केजरीवाल की पत्नी सुनीता ने इस घटनाक्रम पर पार्टी के नेताओं को बधाई दी। मनीष सिसोदिया ने कहा कि जमानत आदेश भाजपा के चेहरे पर बड़ा तमाचा है। हरियाणा विधानसभा चुनाव को लेकर कार्यकर्ताओं के लिए यह बड़ी राहत की बात है।

### विरोधियों के खिलाफ एजेंसियों का दुरुपयोग हुआ : कांग्रेस

कांग्रेस ने केजरीवाल को उच्चतम न्यायालय से जमानत मिलने के बाद शुक्रवार को आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने 10 वर्षों से अपने राजनीतिक विरोधियों के खिलाफ जांच एजेंसियों का दुरुपयोग किया है। पार्टी प्रवक्ता और सोशल मीडिया विभाग की प्रमुख सुप्रिया श्रीनेत ने कहा कि जनता ने हालिया लोकसभा चुनाव में प्रतिशोध की इस राजनीति का जवाब दिया, लेकिन यह सरकार इसे समझ नहीं पा रही है। सुप्रिया ने कहा कि ऐसे तमाम लोग हैं जो बिना सुनवाई के जेलों में हैं क्योंकि नरेन्द्र मोदी और अमित शाह को उनकी शक्ल पसंद नहीं है। जिस तरह से प्रतिशोध की राजनीति हो रही है, उसका जवाब जनता ने लोकसभा चुनाव में दिया है।

## बंगाल में इलाज के अभाव में हुई मौत पर परिजनों को मिलेंगे दो लाख रुपये

- **मुख्यमंत्री ममता ने किया ऐलान, डॉक्टरों की हड़ताल से 29 लोगों की गई थी जान**

कोलकाता, एजेंसी

मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शुक्रवार को घोषणा की कि राज्य सरकार उन 29 लोगों के परिवारों को दो-दो लाख रुपये का मुआवजा देगी, जिनकी आंदोलनकारी चिकित्सकों की हड़ताल से इलाज के अभाव में मौत हो गई।

बनर्जी ने एक्स पर लिखा, यह दुखद और दुर्भाग्यपूर्ण है कि चिकित्सकों के हड़ताल से स्वास्थ्य सेवाओं में व्यवधान पैदा हुआ और हमने 29 जिंदगियां खो दीं। उन्होंने कहा कि शोक संतप्त परिवारों की मदद के लिए राज्य सरकार दो लाख की आर्थिक सहायता देने की घोषणा करती है।

### मुख्य आरोपी के नार्को परीक्षण की याचिका कोर्ट ने ठुकराई

**कोलकाता।** अदालत ने शुक्रवार को सीबीआई की उस याचिका को ठुकरा दिया, जिसमें महिला चिकित्सक से हुई दरिंदगी में गिरफ्तार मुख्य आरोपी संयज रॉय के नार्को परीक्षण की अनुमति का अनुरोध किया गया था। एक अधिकारी ने कहा कि संजय ने नार्को परीक्षण से इनकार किया था। जांच एजेंसी ने सियालदह अदालत से अपील की थी।

## हरियाणा में कांग्रेस के स्टार प्रचारक होंगे खरगे, सोनिया, राहुल और हुड्डा

चंडीगढ़, एजेंसी

हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस के स्टार प्रचारकों में पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी वाद्रा और भूपेंद्र सिंह हुड्डा शामिल हैं। कांग्रेस महासचिव रणदीप सुरजेवाला तथा कुमारी सैलजा को भी स्टार प्रचारक बनाया गया है।

पहलवान विनेश फोगाट और बजरंग पूनिया के नाम भी पार्टी के स्टार प्रचारकों में हैं। इसके अलावा हिमाचल के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू, हरियाणा प्रभारी दीपक बाबरिया, राज्य इकाई प्रमुख उदय भान और अजय माकन, बीरेंद्र सिंह, आनंद शर्मा और सचिन पायलट भी हैं। सूची में अशोक गहलोत, भूपेश बघेल, चरणजीत सिंह चन्नी तथा कई अन्य नेताओं को भी शामिल किया गया है। हरियाणा की 90 सदस्यीय विधानसभा के लिए पांच अक्टूबर को एक चरण में मतदान होगा और मतों की गिनती आठ अक्टूबर को होगी।

## अस्पताल कर्मियों की सुरक्षा पर केंद्र से जवाब तलब

नई दिल्ली, एजेंसी

- **उत्तराखंड में महिला से दुष्कर्म और हत्या को लेकर दायर लड़की की याचिक पर सुनवाई**
- **देशभर के अस्पताल कर्मियों की सुरक्षा को लेकर निर्देश देने का अनुरोध**

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को केंद्र और उत्तराखंड सरकार से उस लड़की की याचिका पर जवाब मांगा, जिसकी मां के साथ कथित दुष्कर्म और हत्या कर दी गई। याचिका में, देशभर में अस्पताल कर्मियों की सुरक्षा पर दिशानिर्देश तैयार करने के लिए निर्देश देने का अनुरोध किया गया है। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला एवं मनोज मिश्रा की पीठ लड़की की याचिका पर सुनवाई कर रही है।

लड़की ने अपने नाना के जरिए न्यायालय का रुख किया था। उसने अपनी मां से दुष्कर्म और उसकी हत्या के सिलसिले में प्राथमिकी दर्ज करने में उत्तराखंड पुलिस की ओर से देरी और अन्य चूक का आरोप लगाया है। उसकी मां राज्य के एक अस्पताल में कार्यरत थी। केंद्र को अस्पताल कर्मियों की मेडिकल योग्यता को ध्यान में रखे बिना उनकी सुरक्षा के लिए दिशानिर्देश तैयार करने का निर्देश देने का अनुरोध किया गया है।

### यौन अपराधों पर जागरूकता के लिए केंद्र को नोटिस में

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने उस जनहित याचिका पर केंद्र और अन्य से जवाब मांगा, जिसमें देश को लड़कियों और महिलाओं के लिए सुरक्षित स्थान बनाने के लिए दुष्कर्म और पॉक्सो अधिनियम के दंडात्मक प्रावधानों के बारे में लोगों को संवेदनशील बनाने के निर्देश देने का अनुरोध किया गया है। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और मनोज मिश्रा की पीठ ने केंद्र, केंद्रीय शिक्षा और सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय तथा केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड ( सीबीएफसी ) को नोटिस जारी किये। पीठ वरिष्ठ अधिवक्ता आबाद हर्षद पोंडा की दलीलों से प्रभावित हुई।

## राशन घोटाला: ईडी ने पश्चिम बंगाल के विभिन्न हिस्सों में की छापेमारी

**राशन घोटाला**

**कोलकाता।** ईडी ने कथित राशन घोटाले के मामले में शुक्रवार को पश्चिम बंगाल के कई स्थानों में छापेमारी की। संघीय जांच एजेंसी के विभिन्न दलों ने यह छापेमारी की। अधिकारियों के अनुसार, ईडी ने राशन दुकान, व्यापारियों के घरों और गोदामों, एक खाद्य निरीक्षक के आवास और एक सहकारी बैंक की जयनगर, देगांगा, कल्याणी और बसंती स्थित शाखा जैसे स्थानों पर भी तलाशी ली। कोलकाता में भी छापेमारी हुई। अधिकारियों ने बताया कि करोड़ों के राशन घोटाले में शामिल अन्य लोगों का पर्दाफाश करने के उद्देश्य से बंगाल के कई स्थानों पर छापेमारी की गई है। राज्य के पूर्व खाद्य मंत्री ज्योतिप्रिय मलिक को कथित राशन घोटाला मामले में पिछले साल अक्टूबर में गिरफ्तार किया गया था।

# बारिश ने धो दिया अफगानिस्तान-न्यूजीलैंड टेस्ट

ग्रेटर नोएडा, एजेंसी

● टेस्ट के इतिहास में आठवीं बार हुआ ऐसा बिना एक भी गेंद फेंके मैच रद

लगातार हो रही बारिश के कारण अफगानिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच होने वाला एकमात्र टेस्ट को शुक्रवार को रद्द घोषित कर दिया गया। आज मैच के पांचवें दिन अधिकारियों ने सुबह आठ बजे मैदान के हालात जायजा लेने के बाद मैच को रद घोषित कर दिया।

टेस्ट इतिहास में यह आठवां ऐसा मामला है। जिसमें बिना टॉस हुए, बिना कोई गेंद फेंके मैच को रद्द किया गया है। इससे पहले 1998 में भी इसी तरह मैच को कर रद्द किया गया था। अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड (एसीबी) ने जारी औपचारिक बयान में कहा ग्रेटर नोएडा में अभी भी बारिश हो रही है और पांचवें दिन के खेल को मैच अधिकारियों ने रद घोषित कर दिया है। न्यूजीलैंड के खिलाड़ियों को दूसरे दिन दोपहर में पिच के बगल में नेट पर कुछ घंटों का अभ्यास करने के अलावा, पांच दिनों में किसी भी तरह की क्रिकेट गतिविधि नहीं हुई। हालांकि पहले दो दिनों तक मैदान ना सुखाए जाने, पानी निकासी की खराब व्यवस्था की बात भी सामने आई। एसीबी ने इसके लिए बेमौसम बारिश को जिम्मेदार ठहराया है।

### एशियाई दौरे की तैयारियों के लिए एक बढ़िया अवसर खो दिया : स्टीड

**ग्रेटर नोएडा।** न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के कोच गैरी स्टीड ने कहा कि अफगानिस्तान के साथ टेस्ट मैच बिना कोई गेंद फेंके रद हो जाने से हमने एशियाई दौरे की तैयारियों के लिए एक बढ़िया अवसर खो दिया है और इससे खिलाड़ी तथा पूरा कोचिंग स्टाफ में निराशा है। स्टीड ने कहा हमें अभी श्रीलंका के खिलाफ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के दो मैच खेलने हैं, जिसकी तैयारियों के लिए यह अच्छा मैच हो सकता था। हमारे लिए सबसे निराशाजनक बात यह है कि हमने उस तैयारी का अवसर गवां दिया। हमारे खिलाड़ियों के हाथ से पांच दिन टेस्ट क्रिकेट खेलने का अवसर चला गया। अगर यह मैच होता तो हमें बेहतरीन क्रिकेट देखने को मिल सकता था। यह अफगानिस्तान के साथ हमारा पहला टेस्ट मैच था और हम निश्चित रूप से उत्साहित थे। पिछले कुछ विश्व कपों के दौरान उन्होंने हमें अच्छी टक्कर दी है और हम उनके साथ टेस्ट मैच भी खेलना चाहते थे। उनके पास कुछ अच्छे तथा अनूठे गेंदबाज हैं उनका सामना करना हमारे लिए फायदेमंद साबित हो सकता था।

# संन्यास ले चुके दिग्गज रीसेट में आवेदन करें : खेल मंत्री

**नई दिल्ली।** खेल मंत्री मनसुख मंडाविया ने शुक्रवार को देश भर के संन्यास ले चुके खिलाड़ियों से हाल में शुरू किए गए सेवानिवृत्त खिलाड़ी सशक्तिकरण प्रशिक्षण (रीसेट) कार्यक्रम के लिए आवेदन करने और भारतीय खेल पारिस्थितिकी तंत्र में सक्रिय रूप से योगदान देने की अपील की।

इस पहल की शुरुआत मंडाविया ने 29 अगस्त को राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर की थी। पीआईबी के अनुसार मंत्री ने कहा रीसेट कार्यक्रम संन्यास ले चुके हमारे उन खिलाड़ियों को पहचान दिलाने और उन्हें सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। हम संन्यास ले चुके खिलाड़ियों से आग्रह करते हैं कि वे नए कौशल विकसित करने के लिए इस अवसर का लाभ उठाएं, खेल समुदाय से जुड़े रहें और देश की खेल विरासत में योगदान देना जारी रखें।

# एसीटी हॉकी : पाकिस्तान पर दबदबा कायम रखने उतरेगी भारतीय टीम

**हुलुनबुइर (चीन)।** सेमीफाइनल में जगह बना चुकी अपराजेय भारतीय टीम चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ शनिवार को हीरो एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी के बहुप्रतीक्षित आखिरी राउंड रॉबिन मैच में अपना दबदबा कायम रखने उतरेगी। चार मैचों में चार जीत दर्ज करके गत विजेता भारत अंकतालिका में शीर्ष पर है जबकि पाकिस्तान दूसरे स्थान पर है।

पेरिस ओलंपिक कांस्य पदक विजेता भारत ने चीन को 3-0 से, जापान को 5-1, मलेशिया को 8-1 और कोरिया को 3-1 से हराया। दूसरी ओर महान फॉरवर्ड ताहिर जमां के मार्गदर्शन में खेल रही पाकिस्तानी टीम ने मलेशिया और कोरिया से 2-2 से ड्रॉ खेला। इसके अलावा जापान को 2-1

● एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी के आखिरी लीग मुकाबले में लगातार पांचवीं जीत चाहेगी टीम इंडिया



और चीन को 5-1 से हराया। मौजूदा फॉर्म की बात करें तो भारत का पलड़ा भारी है। हांग्झोऊ एशियाई खेलों में पिछले साल भारत ने पाकिस्तान को 10-2 से हराया था। उससे पहले चेन्नई में एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में पाकिस्तान पर 4-0 से जीत दर्ज की थी। जकार्ता में 2022 एशिया कप में युवा भारतीय टीम ने पाकिस्तान को 1-1 से ड्रॉ पर रोका था।

## खेल डायरी

### मंगोलिया में स्नूकर विश्व कप में अगुवाई करेंगे कोठारी

**कोलकाता।** मौजूदा राष्ट्रीय चैंपियन और दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी सौरव कोठारी मंगोलिया के उलानबाटेर में शुक्रवार से होने वाले स्नूकर विश्व कप में भारतीय चुनौती की अगुवाई करेंगे। कोठारी को वहीं पर 21 से 25 सितंबर तक होने वाली आईबीएसएफ विश्व 6 रेड स्नूकर चैंपियनशिप के लिए भी वाइल्ड कार्ड मिला है। भारत के पारस गुप्ता और कमल चावला भी इसमें भाग ले रहे हैं। विश्व स्नूकर कैलेंडर की इन अहम चैंपियनशिप में 20 से अधिक देशों के भाग लेने की संभावना है। पिछले साल



दिसंबर में राष्ट्रीय चैम्पियन बनने के बाद से कोठारी की यह पहली अंतर्राष्ट्रीय व्यक्तिगत स्नूकर चैम्पियनशिप है। भारत की छह सदस्यीय महिला टीम भी इसमें भाग लेगी।

### स्टेडियमों पर 12.8 अरब रुपये खर्च करेगा पीसीबी

**कराची।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने अगले साल होने वाली आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी से पहले लाहौर, कराची और रावलपिंडी में स्टेडियमों के नवीनीकरण के लिए 12.8 अरब (पाकिस्तानी) रुपये आवंटित किए हैं। पीसीबी अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने यह जानकारी दी। फैसलाबाद में 'बोर्ड ऑफ गवर्नर्स' की बैठक में नकवी ने आश्वासन दिया कि तीनों स्थान चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी के लिए समय पर तैयार हो जाएंगे। नकवी ने राशि के वितरण का विवरण देते हुए बताया कि 12.8 अरब में से 7.7 अरब रुपये लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम के नवीनीकरण पर खर्च किए जा रहे हैं। नकवी के मुताबिक गद्दाफी स्टेडियम में फ्लड लाइट्स को बदलने के लिए 523 मिलियन रुपये खर्च किये जा रहे हैं जबकि दर्शकों के सीटों के लिए 375 मिलियन रुपये और बाहरी विकास कार्यों के लिए 93 मिलियन रुपये आवंटित किए गए हैं। पीसीबी इसके साथ ही कराची स्थित नेशनल स्टेडियम पर 3.5 अरब रुपये और रावलपिंडी स्टेडियम के नवीनीकरण पर 1.5 अरब रुपये खर्च कर रहा है।



### क्रैस्टो-कपिला वियतनाम ओपन के सेमीफाइनल में

**हो ची मिन्ह सिटी।** भारत की तनीषा क्रैस्टो और ध्रुव कपिला की मिश्रित युगल जोड़ी ने शुक्रवार को यहां पहला गेम गंवाने के बाद शानदार वापसी करके वियतनाम ओपन सुपर 100 बैडमिंटन टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। ध्रुव और तनीषा की छठी वरीयता प्राप्त जोड़ी ने 44 मिनट तक चले क्वार्टर फाइनल मैच में सतीश कुमार करुणाकरण और आद्या वरियाथ की हमवतन शीर्ष वरीयता प्राप्त जोड़ी को 14-21, 21-10, 21-14 से हराया। थारुन मन्नेपल्ली का शानदार अभियान हालांकि अंतिम आठ के मुकाबले में समाप्त हो गया। वह पुरुष एकल क्वार्टर फाइनल में जापान के शोगो ओगावा से 13-21, 13-21 से हार गए। क्रैस्टो और कपिला को लय में आने में समय लगा। शुरुआती गेम में सतीश और आद्या हावी रहे। इसके बाद क्रैस्टो और कपिला ने अच्छा खेल दिखाया और दूसरे गेम में आसानी से जीत दर्ज की। तीसरे और निर्णायक गेम में दोनों जोड़ियों ने एक दूसरे के सामने कड़ी चुनौती पेश की लेकिन क्रैस्टो और कपिला ने एक बार बढ़त हासिल करने के बाद उसे बनाए रखा और सेमीफाइनल में जगह बनाई।

# डब्ल्यूटीसी के लिए पसीने का 'टेस्ट'

## बांग्लादेश के खिलाफ श्रृंखला के लिए भारतीय टीम ने किया अभ्यास, बनाई रणनीति



अभ्यास सत्र के दौरान भारतीय टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर और नए गेंदबाजी कोच मोर्नी मोर्कल, सहायक कोच अभिषेक नायर से बातचीत करते खिलाड़ी। ● एजेंसी

● डब्ल्यूटीसी में 68.52% अंक के साथ शीर्ष पर है भारत, 45.83% अंक लेकर चौथे स्थान पर बांग्लादेश

चेन्नई, एजेंसी

एक महीने के ब्रेक के बाद भारतीय टीम ने बांग्लादेश के खिलाफ आगामी दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला के लिए अभ्यास शुरू कर दिया है और पहले अभ्यास सत्र में चैंपियन बल्लेबाज विराट कोहली ने नेट पर 45 मिनट बिताए जबकि तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने भी जमकर अभ्यास किया। भारतीय टीम ने डब्ल्यूटीसी में अपना दबदबा कायम रखने के लिए पसीना बहाना शुरू कर दिया है। बांग्लादेश के खिलाफ पहला टेस्ट 19 सितंबर से खेला जाएगा।

कप्तान रोहित शर्मा, कोहली समेत पूरी टीम यहां एम ए चिदंबरम स्टेडियम पर एकत्र हुई। नए गेंदबाजी कोच मोर्नी मोर्कल और सहायक कोच अभिषेक नायर भी मौजूद थे। बीसीसीआई ने पहले दिन के अभ्यास की तस्वीरें साझा करके लिखा उलटी गिनती शुरू। खिलाड़ी एक महीने से अधिक के ब्रेक के बाद मैदान पर लौटेंगे। अगस्त में श्रीलंका के खिलाफ वनडे श्रृंखला में भारत को पराजय का सामना करना पड़ा था। नए कोच गौतम गंभीर के साथ यह पहली टेस्ट श्रृंखला है। बांग्लादेश ने हाल ही में पाकिस्तान को टेस्ट श्रृंखला में 2-0 से हराया है। यह श्रृंखला विश्व टेस्ट चैंपियनशिप चक्र का हिस्सा है। भारत को इसके बाद न्यूजीलैंड से तीन टेस्ट मैचों की श्रृंखला और ऑस्ट्रेलिया में पांच मैचों की बॉर्डर-गावस्कर श्रृंखला खेलनी है। भारत डब्ल्यूटीसी में 68.52 प्रतिशत अंक लेकर शीर्ष पर है जबकि ऑस्ट्रेलिया 62.52 प्रतिशत अंक के साथ दूसरे स्थान पर है। बांग्लादेश 45.83 प्रतिशत अंक लेकर चौथे स्थान पर है। दूसरा टेस्ट 27 सितंबर से कानपुर में खेला जाएगा।

### विराट ने की जमकर बल्लेबाजी, बुमराह ने फेंकी गेंद

टीम इंडिया ने रोमांचक घरेलू सत्र के लिए तैयारी शुरू कर दी। तस्वीरों में दिखाया गया है कि पूरी टीम गंभीर, सहयोगी स्टाफ और कप्तान रोहित की बात ध्यान से सुन रही है। सूत्र ने बताया विराट करीब 45 मिनट वहां था और बुमराह ने भी लगातार गेंदबाजी की। इससे पहले पीली जर्सी पहने रोहित सुरक्षाकर्मियों के घेरे में हवाई अड्डे से बाहर निकले जबकि विराट लंदन से सीधे तड़के यहां पहुंचे हैं। तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह, बल्लेबाज केएल राहुल, विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत गुरुवार को ही यहां पहुंच गए थे।

## बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी

# कोहली और स्मिथ के मुकाबले को लेकर उत्साहित हैं मैक्सवेल

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलियाई हरफनमौला ग्लेन मैक्सवेल भारत के खिलाफ इस साल के आखिर में होने वाली बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के दौरान आधुनिक दौर के दो महान बल्लेबाजों विराट कोहली और स्टीव स्मिथ के मुकाबले को लेकर रोमांचित हैं। कोहली और स्मिथ मौजूदा दौर के फैब फोर बल्लेबाजों में शामिल है जिसमें इंग्लैंड के कप्तान जो रूट और न्यूजीलैंड के केन विलियमसन भी हैं।



● ऑस्ट्रेलियाई हरफनमौला ग्लेन ने कहा- दोनों में एक तो पक्का काफी रन बनाएंगे

मैक्सवेल ने कहा जिस तरह से ये दोनों सुपरस्टार बल्लेबाज स्मिथ और कोहली खेल रहे हैं, मुझे लगता है कि बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के नतीजे पर इनकी बल्लेबाजी का काफी असर पड़ेगा। ये दोनों या दोनों में से एक काफी रन बनाने वाला है। हमारे दौर के इन दोनों बेहतरीन खिलाड़ियों को आमने सामने खेलते देखने में मजा आएगा। कोहली और स्मिथ दोनों पूर्व कप्तान हैं और मैदान पर दोनों के बीच कई बार तीखी बहस हो चुकी है। पिछले कुछ समय में हालांकि इनके रिश्तों में सुधार आया है। स्मिथ ने कहा था कि तेवरों की बात करें तो कोहली भारतीय खिलाड़ियों में ऑस्ट्रेलियाई हैं।

# सबके लिए आप पीएम, हमारे लिए परम मित्र : कथुनिया

नई दिल्ली, एजेंसी

● पैरालंपिक के चक्का फेंक में रजत विजेता योगेश ने साझा किए अपने विचार

बाकी लोगों के लिए आप पीएम मतलब प्रधानमंत्री हैं लेकिन हम सभी पैरा एथलीटों के लिए आप पीएम यानी परम मित्र हैं। दो बार के पैरालंपिक रजत पदक विजेता चक्का फेंक खिलाड़ी योगेश कथुनिया ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात के दौरान यह बात कही।

भारतीय पैरा एथलीटों ने पेरिस पैरालंपिक में रिकॉर्ड 29 पदक जीते जिसमें सात स्वर्ण, नौ रजत और 13 कांस्य शामिल हैं। भारतीय दल मंगलवार को लौटा और प्रधानमंत्री मोदी ने उनका यहां अपने आवास पर अभिनंदन किया। पुरूषों की चक्का फेंक एफ56 स्पर्धा में रजत पदक जीतने वाले कथुनिया ने कहा प्रदर्शन में निरंतरता आपकी वजह से आई है। आपके द्वारा शुरू की गई योजनाओं की वजह से यह संभव हुआ। हर किसी के लिए पीएम का मतलब प्रधानमंत्री लेकिन हमारे लिए आप परम मित्र हैं। इस पर प्रधानमंत्री ने कहा मैं इस पर गर्व महसूस करता हूं। मैं भी आप सभी के साथ मित्र की तरह काम करना चाहता हूं।

# नडाल ने लावेर कप से वापस लिया नाम

बर्लिन, एजेंसी



राफेल नडाल ने अगले सप्ताह बर्लिन में होने वाले लावेर कप से नाम वापिस ले लिया जिससे यह अस्पष्ट हो गया है कि स्पेन का यह महान टेनिस खिलाड़ी आगे कब खेलेगा।

लावेर कप से ही रोजर फेडरर ने 2022 में टेनिस को अलविदा कहा था जिन्होंने युगल में नडाल के साथ खेला था। नडाल ने पेरिस ओलंपिक के बाद से नहीं खेला है। उन्होंने कहा मुझे यह बताते हुए निराशा हो रही है कि मैं लावेर कप नहीं खेल सकूंगा। यह टीम स्पर्धा है और मैं टीम यूरोप का समर्थक हूं। मुझे वही करना है जो टीम के लिये सर्वश्रेष्ठ है और दूसरे खिलाड़ी हैं जो जिता सकते हैं।

### अमेरिका डेविस कप के अंतिम आठ में पहुंचा

**जुहाई (चीन)।** अमेरिका ने स्लोवाकिया के खिलाफ अपने दोनों एकल मैच जीतकर शुक्रवार को डेविस कप फाइनल्स के अंतिम आठ में अपनी जगह पक्की कर ली। ग्रुप-सी में अमेरिका की इस जीत के साथ ही जर्मनी में अंतिम आठ में पहुंचने में सफल रहा। मैकेंजी मैक्डोनाल्ड ने लुकास क्लेन के खिलाफ 6-4, 6-3 से जीत दर्ज कर अमेरिका को शानदार शुरुआत दिलाई तो वहीं डेविस कप में पदार्पण करने वाले ब्रैंडन नकाशिमा को भी जोजेफ कोवालिक के खिलाफ परेशानी का सामना नहीं करना पडा। नकाशिमा ने 6-3, 6-3 से आसान जीत दर्ज की। इंडोर कोर्ट पर खेले गये मैचों में 2-0 की अजेय बढ़त बनाने के बाद ग्रुप-सी के इस मैच में युगल मुकाबलों की जरूरत नहीं पड़ी।

### कनाडा, ऑस्ट्रेलिया और जर्मनी जीते

**मैनचेस्टर।** कनाडा, आस्ट्रेलिया और जर्मनी डेविस कप फाइनल्स में लगातार दूसरी जीत के साथ ग्रुप चरण में अपराजेय रहे हैं जबकि चेक गणराज्य के थॉमस घायल हो गए। कनाडा ने फिनलैंड को 3-0 से हराया जबकि ऑस्ट्रेलिया ने चेक गणराज्य को इसी अंतर से मात दी। जर्मनी ने चिली को 3-0 से हराया। चेक गणराज्य के थॉमस ने स्पेन के कार्लोस अल्काराज के खिलाफ भी चोटिल होकर कोर्ट छोड़ दिया था। चार ग्रुप की टीमें चार अलग-अलग शहरों में खेल रही हैं।

## बॉलीवुड हलचल

# नवंबर में आएगी कार्तिक की फिल्म भूल भुलैया 3



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता कार्तिक आर्यन की आने वाली फिल्म भूल भुलैया 3, 1 नवंबर 2024 को रिलीज होगी। भूल भुलैया फ्रेंचाइजी की दो फिल्में रिलीज हो चुकी हैं। वर्ष 2007 में प्रदर्शित प्रियदर्शन निर्देशित फिल्म भूल भुलैया में अक्षय कुमार, विद्या बालन, शाइनी आहूजा, राजपाल यादव और परेश रावल जैसे कलाकार नजर आए थे। इसके बाद भूल भुलैया 2 वर्ष 2022 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में अक्षय कुमार को कार्तिक आर्यन ने रिप्लेस कर दिया था। वहीं इसका निर्देशन अनीस बज्मी ने किया था। इस फिल्म में कार्तिक आर्यन के अलावा, कियारा आडवाणी ने अहम भूमिका निभायी। अब भूल भुलैया 3 बनायी जा रही है। इस फिल्म में कार्तिक आर्यन, तृप्ती डिमरी, माधुरी दीक्षित और विद्या बालन लीड रोल में हैं। निर्माता भूषण कुमार ने अनाउंसमेंट की है कि फिल्म भूल भुलैया 3 इसी साल दीवाली पर 1 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। भूषण कुमार ने बताया, फिल्म भूल भुलैया 3, 1 नवंबर 2024 को ही रिलीज होगी। कुछ समय पहले ही कार्तिक ने रिलीज डेट का हिंट दिया था।

# जिगरा के लिए फिर साथ आए आलिया-दिलजीत

**मुंबई।** फिल्म उड़ता पंजाब के लाजवाब ट्रैक इक्क कुड़ी के साथ दर्शकों को मंत्रमुग्ध करने के बाद बॉलीवुड अभिनेत्री आलिया भट्ट और पंजाबी फिल्मों के सुपरस्टार दिलजीत दोसांझ आगामी फिल्म 'जिगरा' में साथ नजर आने वाले हैं। आलिया भट्ट और दिलजीत दोसांझ ने आखिरी बार अभिषेक चौबे द्वारा निर्देशित फिल्म उड़ता पंजाब में एक साथ काम किया था। आलिया भट्ट ने अपनी आगामी फिल्म जिगरा के लिए दिलजीत दोसांझ के साथ फिर से काम करने की घोषणा करते हुए फिल्म जिगरा के सेट से एक झलक साझा की। तस्वीर में आलिया और दिलजीत कुर्सियों पर बैठे नजर आ रहे हैं, जिस पर एक मजेदार कैप्शन लिखा हुआ है। दिलजीत की कुर्सी पर लिखा है एक कुड़ी का गाना, जबकि आलिया की कुर्सी पर लिखा है, गाने की कुड़ी। पोस्ट शेयर करते हुए आलिया भट्ट ने कैप्शन में लिखा, कुर्सियां सब कुछ कह रही हैं। गौरतलब है कि फिल्म जिगरा का निर्देशन वसन बाला ने किया है। इस फिल्म को वायकॉम 18 स्टूडियोज, धर्मा प्रोडक्शन और एटरनल सनशाइन प्रोडक्शंस ने मिलकर पेश किया है। इस फिल्म के निर्माता करण जौहर, अपूर्व मेहता, आलिया भट्ट, शाहीन भट्ट और सोमेन मिश्रा हैं। फिल्म जिगरा में आलिया भट्ट के साथ वेदांग रैना की भी अहम भूमिका है। फिल्म जिगरा 11 अक्टूबर को रिलीज होगी।



### काजल अग्रवाल ने शुरू की फिल्म सिकंदर की शूटिंग

**मुंबई।** दक्षिण भारतीय फिल्मों की जानी-मानी अभिनेत्री काजल अग्रवाल ने अपनी आने वाली फिल्म सिकंदर की शूटिंग शुरू कर दी है। नाडियाडवाला ग्रैंडसन एंटरटेनमेंट के बैनर तले साजिद नाडियाडवाला द्वारा फिल्म सिकंदर बना रहे हैं। इस फिल्म का निर्देशन गजनी फेम निर्देशक ए.आर. मुरुगादॉस कर रहे हैं। फिल्म सिकंदर में सलमान खान, रश्मिका मंदाना और काजल अग्रवाल की मुख्य भूमिका है। काजल अग्रवाल ने फिल्म सिकंदर की शूटिंग शुरू कर दी है। काजल अग्रवाल ने सिकंदर के सेट से एक तस्वीर सोशल मीडिया पर शेयर की है। काजल अग्रवाल ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरीज सेक्शन में एक तस्वीर पोस्ट की। तस्वीर में काजल अपने नाम का एक खास कार्ड पकड़े हुए दिख रही हैं, जिसके साथ सूरजमुखी का एक खूबसूरत गुलदस्ता जुड़ा हुआ है। कैप्शन में उन्होंने लिखा, सिकंदर डे 1।

# इंडिया डी ने मैच पर बनाई पकड़

## दलीप ट्रॉफी

अनंतपुर, एजेंसी



विकेट लेने के बाद जश्न मनाते इंडिया डी के खिलाड़ी। ● एजेंसी

खलील अहमद और आकिब खान की बेहरीन गेंदबाजी के बाद प्रथम सिंह (नाबाद 59) तथा कप्तान मयंक अग्रवाल (56) की शानदार बल्लेबाजी के दम पर इंडिया ए ने शुक्रवार को दलीप ट्रॉफी के तीसरे मुकाबले की दूसरी पारी में एक विकेट पर 115 रन बना लिए है और उसकी बढ़त 222 रनों हो गई है।

इससे पहले दिन में इंडिया ए टीम ने इंडिया डी की टीम को 183 के स्कोर पर समेट दिया था और इंडिया ए को पहली पारी में 290 के स्कोर के आधार पर 107 रनों की बढ़त मिल गई थी। इंडिया ए ने कल के 288 के स्कोर में दो रन के इजाफे के साथ अपने दो विकेट गवां दिए। शम्स मुलानी (89) और आकिब खान (शून्य) को हर्षित राणा ने आउट कर इंडिया ए की पारी को 290 के स्कोर पर रोक दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने उतरी इंडिया ए की शुरुआत अच्छी नहीं रही और एक समय में उसने छह रन पर अपने दो विकेट गवां दिये थे और उसने 96 के स्कोर तक अपने पांच विकेट खो दिये। अथर्व तायडे (चार), यश दुबे (14), कप्तान श्रेयस अय्यर (शून्य), संजू सैमसन (पांच) और रिंकू सिंह (23) रन पर आउट हुए। हर्षित राणा ने गेंदबाजी के बाद बल्लेबाजी में अपने हाथ दिखाते हुए (31) रनों की पारी खेली। देवदत्त पड़िक्कल (92) एक मात्र ऐसे बल्लेबाज रहे जो कि टीम को सम्मानजनक स्कोर तक लेकर गए। इंडिया डी की टीम 52.1 ओवर में 183 के स्कोर पर सिमट गई। दिन का खेल समाप्त होने के समय इंडिया ए ने दूसरी पारी में एक विकेट पर 115 रन बना लिए है और उसकी बढ़त 222 रन हो गई है।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, कार्यकारी संपादक- नवीन गुप्ता* 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

## एक नजर

### आईएस हमले में दो सैन्य अधिकारियों की मौत

**बगदाद।** इराक के उत्तरी इलाके में स्थित किरकुक प्रांत में चरमपंथी इस्लामिक स्टेट के आतंकवादियों द्वारा किए गए हमले में शुक्रवार को दो सैन्य अधिकारी मारे गए और अन्य तीन घायल हो गए। किरकुक पुलिस के सलाम अल-ओबैदी ने शिन्हुआ को बताया कि यह हमला सुबह हुआ जब आईएस आतंकवादियों ने डिबिस शहर के पास एक सैन्य गश्ती दल पर गोलीबारी की।

### भारतीय मूल के पूर्व मंत्री प्रवीण गोरधन का निधन

**जोहानिसबर्ग।** भारतीय मूल के दक्षिण अफ्रीकी नेता और रंगभेद-विरोधी कार्यकर्ता प्रवीण गोरधन का शुक्रवार को यहां एक अस्पताल में निधन हो गया। गोरधन (75) कैंसर से पीड़ित थे। दक्षिण अफ्रीका 1994 में जब लोकतंत्र की ओर अग्रसर था, गोरधन तब से राजनीति में थे। उन्होंने अपने परिवार के साथ ज्यादा समय व्यतीत करने के लिए चार महीने पहले ही सक्रिय राजनीति से संन्यास लेने की घोषणा की थी।

### जापानी इंसेफलाइटिस से नेपाल में 12 की मौत

**काठमांडू।** नेपाल में जून में मानसून आने के बाद से जापानी इंसेफलाइटिस (जेई) वायरस से बच्चों सहित 12 लोगों की मौत हो गई और 59 लोग संक्रमित हुए हैं। काठमांडू पोस्ट के अनुसार, काठमांडू घाटी सहित 29 जिलों में खतरनाक वायरस से संक्रमण की सूचना मिली है, जिनमें से आठ जिलों कैलाली, कपिलवस्तु, पाल्पा, चितवन, रौतहट, सरलाही, सिराहा और सुनसारी में संक्रमण से 12 लोगों की मौतों की पुष्टि हुई है।

### मणिपुर: पांच जिलों में ब्रॉडबैंड इंटरनेट से प्रतिबंध हटा

**इंफाल।** मणिपुर सरकार ने इंफाल घाटी के पांच जिलों में सभी प्रकार की इंटरनेट सेवाओं पर अस्थायी प्रतिबंध लगाने के तीन दिन बाद ब्रॉडबैंड सेवाओं पर से पाबंदी हटा दी है। आयुक्त (गृह) एन. अशोक कुमार ने बताया कि राज्य सरकार ने ब्रॉडबैंड सेवा पर लगी रोक को हटाने का निर्णय लिया है, बशर्ते कि नियम व शर्तें पूरी की जाएं।

### अफगानिस्तान में गोली मारकर 14 लोगों की हत्या

**इस्लामाबाद।** मध्य अफगानिस्तान के शिया बहुल क्षेत्र में बंदूकधारियों ने 14 लोगों की हत्या कर दी। तालिबान ने शुक्रवार को बताया कि हमले में छह अन्य लोग घायल हो गए। इस्लामिक स्टेट (आईएस) ने इसकी जिम्मेदारी ली। यह हमला गुरुवार को हुआ और इसमें शिया बहुल घोर और दाईकुंडी प्रांतों के बीच यात्रा कर रहे लोगों को निशाना बनाया गया। इस्लामिक स्टेट ने कहा कि हमले में मशीन गन का इस्तेमाल किया गया।

### कांगो में 37 लोगों को मौत की सजा सुनाई

**किंशासा।** कांगो की एक सैन्य अदालत ने तख्तापलट के प्रयास के मामले में दोषी ठहराए गए तीन अमेरिकी नागरिक सहित 37 लोगों को शुक्रवार को मौत की सजा सुनाई। जिन लोगों को सजा सुनाई गई उनमें ब्रिटेन, बेल्जियम और कनाडा के एक-एक नागरिक भी शामिल है। कई कांगोवासियों को भी सजा सुनाई गयी है।

# 1984 में अपहृत विमान में मेरे पिता भी थे सवार: जयशंकर

जिनेवा, एजेंसी



- विदेश मंत्री ने बताया- युवा अफसर के तौर पर कैसे संभाली स्थिति

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने शुक्रवार को खुलासा किया कि उनके पिता 1984 में अपहृत विमान में सवार थे। उन्होंने कहा कि ऐसी परिस्थितियों में उनके पास दोनों पक्षों परिवार के सदस्यों और सरकार में बैठे लोगों के दृष्टिकोण को लेकर एक अनोखा नजरिया था। जयशंकर यहां एक कार्यक्रम के दौरान आईसी814 के अपहरण पर हाल में जारी टेलीविजन सीरीज के बारे में पूछे गए एक सवाल का जवाब दे रहे थे।

जयशंकर ने कहा कि कैसे एक युवा अधिकारी के रूप में मैं उस टीम का हिस्सा था, जो अपहरण के मामले से निपट रही थी। जयशंकर ने कहा कि 1984 में एक विमान का अपहरण हुआ था। मैं एक बहुत ही युवा अधिकारी था। मैंने अपनी मां को फोन करके बताया कि मैं नहीं आ सकता, अपहरण हो गया है। मुझे पता चला कि मेरे पिता उस विमान में थे। विमान दुबई में जाकर रुका। सौभाग्य से किसी की जान नहीं गई।

### भारत की टिप्पणी सुनने के लिए भी रहें तैयार

**जिनेवा।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शुक्रवार को कहा कि उन्हें अन्य देशों द्वारा भारतीय राजनीति पर टिप्पणी करने से कोई समस्या नहीं है, लेकिन उन्हें अपनी राजनीति पर टिप्पणी सुनने के लिए भी तैयार रहना चाहिए।

# अल्ट्रावायलेट विकिरण से रक्षा कवच है ओजोन परत

पृथ्वी की ऊपरी वायुमंडल में स्थित ओजोन परत सूर्य की हानिकारक अल्ट्रावायलेट विकिरण से हमारे लिए रक्षा कवच का काम करती है। यह परत मुख्य रूप से ओजोन गैस से बनी होती है और यह लगभग 10 से 30 किलोमीटर की ऊंचाई पर स्थित होती है। ओजोन परत की सुरक्षा हमारे लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि इसका नुकसान सीधे तौर पर हमारे स्वास्थ्य और पर्यावरण को प्रभावित करता है। हर वर्ष 16 सितंबर को विश्व ओजोन दिवस मनाया जाता है। आइए ओजोन परत से होने वाले प्रभाव और संरक्षण पर एक नजर डालते हैं।

### ओजोन परत के महत्व के बिंदु

**अल्ट्रावायलेट विकिरण से सुरक्षा :** ओजोन परत सूर्य से आने वाली हानिकारक अल्ट्रावायलेट विकिरण को अवशोषित कर लेती है, जिससे यह विकिरण पृथ्वी की सतह तक नहीं पहुंचती पाती है। इसके बिना त्वचा कैंसर, मोतियाबिंद और अन्य स्वास्थ्य समस्याओं का जोखिम बढ़ सकता है।

**जलवायु पर प्रभाव :** ओजोन परत जलवायु में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। यह तापमान के वितरण को प्रभावित करती है, जो मौसम और जलवायु के पैटर्न को नियंत्रित करने में सहायक होती है।

### ओजोन परत को नष्ट करने के कारक

- क्लोरोफ्लोरोकार्बन आमतौर पर रेफ्रिजरेटर्स, एयर कंडीशनर्स और स्प्रे किट्स में उपयोग होते हैं। वहीं हलोन्स जैसे रसायन अग्निशामक यंत्रों में उपयोग होते हैं। ये रसायन वायुमंडल में पहुंचकर ओजोन के अणुओं को तोड़ते हैं, जिससे ओजोन परत कमजोर होती है।
- उद्योग और वाहनों से निकलने वाले वायुमंडलीय प्रदूषक भी ओजोन परत को नुकसान पहुंचा सकते हैं।



### उपाय और संरक्षण

**मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल :** 1987 में अपनाया गया यह अंतर्राष्ट्रीय समझौता ओजोन-हानिकारक पदार्थों के उपयोग को सीमित करता है। इसके प्रभावी कार्यान्वयन से ओजोन परत की स्थिति में सुधार हुआ है।

**हरित प्रौद्योगिकियों को अपनाना :** ऐसे उत्पाद और प्रौद्योगिकियां अपनाना जो ओजोन परत को नुकसान नहीं पहुंचाते, जैसे कि ओजोन-फ्रेंडली कूलेंट्स और सॉल्वेंट्स।

**शिक्षा और जागरूकता :** लोगों को ओजोन परत के महत्व और उसके संरक्षण के तरीकों के बारे में जागरूक करना।

# छह ब्रिटिश राजनयिक होंगे निष्कासित

## गोपनीय जानकारी जुटाने और विंध्वसक गतिविधियों में लिप्त होने पर रूस की कार्रवाई

मॉस्को, एजेंसी

रूस के अधिकारियों ने छह ब्रिटिश राजनयिकों पर जासूसी का आरोप लगाते हुए कहा है कि उन्हें निष्कासित कर दिया जाएगा। यह स्थिति ऐसे समय में है जब यूक्रेन द्वारा रूस पर हमला करने के लिए अमेरिका और ब्रिटेन की ओर से उपलब्ध कराए गए हथियारों के इस्तेमाल पर प्रतिबंधों में ढील देने की कोशिश की जा रही है जिसकी वजह से रूस एवं पश्चिमी देशों में तनाव बढ़ गया है।

रूस की संघीय सुरक्षा सेवा ने शुक्रवार को एक ऑनलाइन बयान में कहा कि इन राजनयिकों की मान्यता वापस लेने का निर्णय लिया गया है। रूस के सरकारी टीवी चैनल ने एफएसबी नामक सुरक्षा सेवा के एक अधिकारी के हवाले से जानकारी दी कि इन राजनयिकों को निष्कासित कर दिया जाएगा। यह निष्कासन ऐसे वक्त हो रहा है जब ब्रिटेन के प्रधानमंत्री केअर स्टॉर्मर अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन से बातचीत के लिए वाशिंगटन की यात्रा कर रहे हैं। इस बातचीत के दौरान, रूस के अंदरूनी भागों को निशाना बनाने के लिए पश्चिमी देशों से मिले हथियारों के इस्तेमाल की अनुमति को लेकर यूक्रेन के अनुरोध पर भी चर्चा की जाएगी। स्टॉर्मर ने अमेरिका यात्रा से पहले कहा था कि रूस के साथ ब्रिटेन कोई टकराव नहीं चाहता। उन्होंने पत्रकारों से कहा कि रूस ने यह संघर्ष शुरू किया। रूस ने अवैध तरीके से यूक्रेन पर आक्रमण किया। रूस इस संघर्ष को खत्म कर सकता था। उन्होंने कहा कि यूक्रेन के पास आत्मरक्षा का अधिकार है।

### बाइडन-स्टॉर्मर हथियारों पर पाबंदी में ढील पर करेंगे चर्चा

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका और ब्रिटेन से मिले हथियारों के उपयोग पर प्रतिबंधों में ढील देने की यूक्रेन की मांग पर व्हाइट हाउस में शुक्रवार को अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन और ब्रिटेन के प्रधानमंत्री केअर स्टॉर्मर के बीच वार्ता में चर्चा की जाएगी। यूक्रेन रूस में और अधिक गहराई तक हमला करने के लिए कुछ हथियारों का उपयोग करने की मंजूरी चाहता है और ऐसे संकेत हैं कि इसके जवाब में बाइडन अमेरिका की नीति में बदलाव कर सकते हैं। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने चेतावनी दी कि यूक्रेन द्वारा लंबी दूरी के हथियारों का इस्तेमाल उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) को मास्को के साथ युद्ध में धकेल देगा। बैठक के एजेंडे में यह मुद्दा शीर्ष पर रहने की उम्मीद है। लेकिन वार्ता की योजना से परिचित दो अमेरिकी अधिकारियों के अनुसार, ऐसा प्रतीत नहीं होता है कि बाइडन और स्टॉर्मर इस समय किसी नीतिगत बदलाव की घोषणा करेंगे। इस सप्ताह अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन और ब्रिटेन के

- लंबी दूरी के हथियारों के इस्तेमाल पर पुतिन की चेतावनी, कहा-नाटो को मॉस्को के साथ युद्ध में धकेलेगा यह कृत्य



विदेश मंत्री डेविड लैमी की कीव यात्रा के दौरान, यूक्रेन के अधिकारियों ने पश्चिमी देशों द्वारा प्रदान की गई लंबी दूरी की मारक क्षमता वाली मिसाइलों का उपयोग रूस के अंदर गहरे लक्ष्यों के खिलाफ करने के लिए अपनी दलीलें दोहराई थीं।

### ब्रिटेन ने आरोपों को बताया निराधार

**लंदन।** ब्रिटेन ने रूस द्वारा उसके राजनयिकों के जासूसी में संलिप्त होने के आरोपों को शुक्रवार को पूरी तरह से निराधार करार दिया। विदेश, राष्ट्रमंडल और विकास कार्यालय (एफसीडीओ) ने कहा कि ब्रिटेन अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा को लेकर कोई कोई खेद नहीं है। उसने रूस की एफएसबी सुरक्षा सेवा द्वारा लगाए गए आरोपों को भी खारिज कर दिया। एफसीडीओ ने कहा कि एफएसबी द्वारा हमारे कर्मचारियों के खिलाफ आज लगाए गए आरोप पूरी तरह से निराधार हैं। इसमें कहा गया है कि रूस के अधिकारियों ने पिछले महीने रूस में छह ब्रिटिश राजनयिकों की राजनयिक मान्यता रद कर दी थी।

# हल्के टैंक जोरावर का सफल फील्ड फायरिंग परीक्षण

**नई दिल्ली।** रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) ने शुक्रवार को भारतीय लाइट टैंक जोरावर का सफल प्रारंभिक ऑटोमोटिव परीक्षण किया। रक्षा मंत्रालय के अनुसार रेगिस्तानी इलाके में किए गए फील्ड परीक्षणों के दौरान लाइट टैंक ने सभी इच्छित उद्देश्यों को कुशलतापूर्वक पूरा करते हुए असाधारण प्रदर्शन किया।

प्रारंभिक चरण में टैंक के फायरिंग प्रदर्शन का कठोरता से मूल्यांकन किया गया और इसने निर्धारित लक्ष्यों पर आवश्यक सटीकता हासिल की। जोरावर को लार्सन एंड टुब्रो लिमिटेड के सहयोग से डीआरडीओ की एक इकाई, लड़ाकू वाहन अनुसंधान और विकास प्रतिष्ठान (सीवीआरडीई) द्वारा सफलतापूर्वक विकसित किया गया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भारतीय लाइट टैंक के सफल परीक्षणों के लिए डीआरडीओ, भारतीय सेना और सभी संबद्ध उद्योग भागीदारों की सराहना की। रक्षा अनुसंधान एवं विकास विभाग के सचिव एवं डीआरडीओ के अध्यक्ष डॉ. समीर वी कामत ने भी परियोजना में शामिल पूरी टीम को बधाई दी।

# पूर्वी लद्दाख के चार बिंदुओं से पीछे हटे चीनी सैनिक

बीजिंग, एजेंसी

- वांग और डोभाल की वार्ता के बाद चीनी विदेश मंत्रालय ने दी जानकारी

चीन के विदेश मंत्रालय ने पूर्वी लद्दाख में गलवान समेत चार बिंदुओं से सैनिकों के पीछे हटने का उल्लेख करते हुए शुक्रवार को कहा कि भारत और चीन ने रूस में अपनी बैठक के दौरान द्विपक्षीय संबंधों में सुधार के वास्ते माहौल बनाने के लिए मिलकर काम करने पर सहमति व्यक्त की है। चीन के विदेश मंत्रालय द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के मुताबिक राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल और चीनी विदेश मंत्री वांग यी ने गुरुवार को रूस के सेंट पीटर्सबर्ग में ब्रिक्स सदस्य देशों में सुरक्षा मामलों के लिए जिम्मेदार उच्च-स्तरीय अधिकारियों की बैठक से इतर बातचीत की। इस दौरान दोनों पक्षों ने सीमा मुद्दों पर हाल के विचार-विमर्श में हुई प्रगति पर चर्चा की।

चीन के विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग से शुक्रवार को प्रेस वार्ता के दौरान पूछा गया कि क्या दोनों देश पूर्वी लद्दाख में सैन्य गतिरोध के कारण चार साल से अधिक समय से द्विपक्षीय संबंधों पर जमी बर्फ को हटाने के करीब हैं? इस पर माओ ने कहा कि दोनों सेनाओं ने चार क्षेत्रों से वापसी की है



और सीमा पर स्थिति स्थिर है।

प्रवक्ता ने कहा कि हाल के वर्षों में, दोनों देशों की अग्रिम मोर्चे पर तैनात सेनाओं ने चीन-भारत सीमा के पश्चिमी क्षेत्र में चार बिंदुओ से पीछे हटने का काम पूरा कर लिया है, जिसमें गलवान घाटी भी शामिल है। चीन-भारत सीमा पर स्थिति आम तौर पर स्थिर और नियंत्रण में है। उनकी यह टिप्पणी विदेश मंत्री एस जयशंकर द्वारा जिनेवा में दिए गए बयान के एक दिन बाद आई है। जयशंकर ने कहा था कि चीन के साथ सैनिकों की वापसी से जुड़ी समस्याओं का लगभग 75 प्रतिशत समाधान हो गया है, लेकिन बड़ा मुद्दा सीमा पर बढ़ता सैन्यीकरण है। डोभाल और वांग भारत-चीन सीमा वार्ता तंत्र के लिए विशेष प्रतिनिधि हैं।

# ऑपरेशन ब्लू स्टार के लिए भाजपा ने बनाया था दबाव

नई दिल्ली, एजेंसी

- कांग्रेस नेता और पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री चन्नी ने लगाया आरोप

कांग्रेस सांसद और पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी ने शुक्रवार को कहा कि वर्ष 1984 में स्वर्ण मंदिर में की गई सैन्य कार्रवाई 'गलत' थी और इसके लिए उनकी पार्टी माफी भी मांग चुकी है। उन्होंने यह दावा भी किया कि उस समय भाजपा ने हरमिंदर साहब पर हमले के लिए फौज भेजने की खातिर दबाव बनाया था जिसके लिए उसे माफी मांगनी चाहिए।

चन्नी ने कांग्रेस नेता जगदीश टाइटलर के मामले से जुड़े सवाल के जवाब में यह टिप्पणी की। दिल्ली की एक अदालत ने 1984 के सिख विरोधी दंगों के एक मामले में शुक्रवार को कांग्रेस नेता जगदीश टाइटलर के खिलाफ हत्या तथा अन्य अपराधों में



आरोप तय किए। यह पूछे जाने पर कांग्रेस ने जगदीश टाइटलर को अभी तक क्यों नहीं निकाला तो चन्नी ने कहा कि जो दंगे हुए और जो हरमिंदर साहब पर अटैक हुआ, उसके लिए कांग्रेस बहुत बार माफी मांग चुकी है। उन्होंने दावा किया कि पूर्व उप प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी ने अपनी पुस्तक माई कंट्री, माई लाईफ में कहा है कि उन्होंने सैन्य कार्रवाई के लिए आंदोलन चलाया था।

# चंडीगढ़ ग्रेनेड विस्फोट मामले का मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**चंडीगढ़।** चंडीगढ़ के सेक्टर-10 स्थित एक मकान में विस्फोट करने वाले मुख्य आरोपी को अमृतसर से गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने बताया कि मुख्य आरोपी रोहन मसीह को अमृतसर से गिरफ्तार कर लिया गया है। चंडीगढ़ के सेक्टर-10 स्थित मकान में बुधवार शाम को कम तीव्रता का विस्फोट हुआ था। मकान मालिक ने दावा किया था कि ऑटो में सवार दो लोगों ने घर पर ग्रेनेड फेंका था। यादव ने 'एक्स' पर बताया कि अमृतसर ग्रामीण के थाना रामदास के अंतर्गत पासिया गांव निवासी रोहन मसीह को गिरफ्तार करने तथा अन्य आरोपियों की पहचान करने के साथ ही यह मामला सुलझ गया है। आरोपी के पास से एक 9 एमएम ग्लॉक पिस्तौल और गोला-बारूद बरामद किया गया है।

# हैरिस के साथ डिबेट से ट्रंप का इनकार

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका में राष्ट्रपति पद के चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप ने अपनी प्रतिद्वंद्वी डेमोक्रेटिक पार्टी की राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार कमला हैरिस के साथ फिर किसी प्रेसिडेंशियल डिबेट की संभावना से इनकार किया है। वहीं हैरिस के चुनाव प्रचार अभियान टीम की प्रमुख ने दोनों उम्मीदवारों की मंच पर बहस के बाद काफी अधिक धन जुटने की जानकारी दी है।

ट्रंप ने हैरिस के साथ मंगलवार को बहस के बाद सोशल मीडिया मंच ट्रूथ सोशल पर पोस्ट किया कि कोई तीसरी बहस नहीं होगी। उन्होंने कहा कि जब कोई मुक्केबाज प्रतियोगिता हार जाता है तो वही एक और प्रतियोगिता की चुनौती देता है। एक और बहस के बारे में पूछे जाने पर कहा था कि इस बारे में मैं अभी कुछ नहीं कह सकता।



### लूमर ने हैरिस की भारतीय विरासत का उड़ाया मजाक

**वाशिंगटन।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की एक सहयोगी लॉरा लूमर ने कमला हैरिस की भारतीय विरासत का मजाक उड़ाते हुए कहा कि यदि हैरिस राष्ट्रपति बन गईं तो व्हाइट हाउस में तरकारी की गंध आएगी। हालांकि उन्हें काफी आलोचना सहनी पड़ी। जॉर्जिया के प्रतिनिधि मार्जोरी टेलर ग्रीन ने कहा कि इस से ट्रंप का कोई लेना-देना नहीं है।



### मतदाता एक और डिबेट के हैं हकदार : हैरिस

अमेरिकी राष्ट्रपति पद के लिए डेमोक्रेटिक पार्टी की उम्मीदवार एवं उपराष्ट्रपति कमला हैरिस का मानना है कि मतदाता उनके और रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप के बीच एक और बहस (डिबेट) के हकदार हैं। हैरिस ने गुरुवार को चार्लोट में एक अभियान रैली के दौरान कहा कि हमारी जिम्मेदारी है कि एक और डिबेट में शामिल हों।

# उत्तर कोरिया ने पहली बार दुनिया को दिखाया यूरेनियम भंडार

**सियोल।** उत्तर कोरिया ने पहली बार दुनिया को अपने यूरेनियम भंडार की झलक दिखाई है। सरकारी मीडिया ने एक गोपनीय केंद्र की कुछ तस्वीरें जारी की हैं जहां परमाणु हथियारों के निर्माण में इस्तेमाल होने वाले यूरेनियम का संवर्धन किया जाता है। देश के नेता किम जोंग उन ने इस केन्द्र का दौरा किया और परमाणु हथियारों की संख्या को तेजी से बढ़ाने का आह्वान किया। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं है कि यह केन्द्र उत्तर कोरिया के योंगब्योन परमाणु कॉम्पलेक्स में है या नहीं, लेकिन यह पहली बार है जब उत्तर कोरिया ने देश में यूरेनियम संवर्धन केन्द्र होने के संबंध में खुलासा किया है। इससे पहले उत्तर कोरिया ने 2010 में योंगब्योन परमाणु कॉम्पलेक्स के बारे में जानकारी दी थी।

# भगत सिंह चौक : याचिका पर जवाब देने को अंतिम मौका

लाहौर, एजेंसी

- लाहौर उच्च न्यायालय ने पंजाब सरकार को जारी की नोटिस

पाकिस्तान की एक अदालत ने शुक्रवार को पंजाब सरकार को लाहौर के एक चौराहे का नाम स्वतंत्रता संग्राम के नायक शहीद-ए-आजम शहीद भगत सिंह के नाम पर रखने के संबंध में अदालती आदेश का अनुपालन नहीं करने पर शुक्रवार को नोटिस जारी कर जवाब देने के लिए अंतिम मौका दिया। लाहौर में शादमान चौक का नाम भगत सिंह के नाम पर रखने के अदालत के आदेश पर पंजाब सरकार द्वारा अमल न किए जाने पर उसके खिलाफ अवमानना कार्यवाही के अनुरोध संबंधी याचिका पर सुनवाई कर रही थी।

लाहौर उच्च न्यायालय के न्यायाधीश शम्स महमूद मिर्जा ने भगत सिंह मेमोरियल फाउंडेशन पाकिस्तान द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए पंजाब सरकार को इस मामले पर जवाब देने का अंतिम मौका दिया। पंजाब के सहायक महाधिवक्ता साद बिन गाजी अदालत में पेश हुए और जवाब देने के लिए और समय मांगा।

न्यायमूर्ति ने अपने आदेश में कहा कि पंजाब के सहायक महाधिवक्ता के अनुरोध पर (पंजाब) सरकार को इस मामले पर जवाब देने का आखिरी मौका दिया जाता है। याचिकाकर्ता के वकील खालिद जमान खान काकर ने अदालत को बताया कि इस मामले में पहले ही काफी देरी हो चुकी है और इस पर तुरंत फैसला किया जाना चाहिए। अदालत ने मामले की अगली सुनवाई की तिथि आठ नवंबर तय की।

# चांद के साथ मिनी मून भी होगा पृथ्वी का हमसफर

संवाददाता, नैनीताल

### 2 महीने के लिए क्षुद्रग्रह पीटी5 मिनी मून के रूप में रहेगा धरती के आकर्षण में

**अमृत विचार :** खगोलीय दृष्टि से दो महीने बेहद रोमांचक रहने वाले हैं। दो महीने के लिए एक क्षुद्रग्रह मिनी-मून के रूप में पृथ्वी के गुरुत्वाकर्षण से करीब रहने जा रहा है। इस क्षुद्रग्रह का नाम 2024 पीटी5 है।

हाल ही में इस क्षुद्रग्रह की खोज हुई है। गणना के बाद चौकाने वाली जानकारी सामने आई है कि यह पृथ्वी के गुरुत्वाकर्षण में बंधने जा रहा है और दो महीने लघु चंद्रमा बनकर पृथ्वी के नजदीक रहेगा। खगोलविद कार्लोस डे ला फुएंते मार्कोस व राउल डे ला फुएंते मार्कोस के अनुसार यह क्षुद्रग्रह 29 सितंबर से 25 नवंबर तक पृथ्वी के चारों ओर परिभ्रमण में रहेगा। मगर पृथ्वी का पूरा चक्कर नहीं लगा पाएगा।

दक्षिण अफ्रीका के एटलस सर्वेक्षण द्वारा 7 अगस्त को इस क्षुद्रग्रह की खोज हुई और अध्ययन के बाद आज इसका खुलासा किया है। पृथ्वी का लघु चंद्रमा बनने जा रहा यह क्षुद्र ग्रह लगभग 33 फीट आकार का है। यह संभवतः पृथ्वी के निकट क्षुद्रग्रहों की आबादी का हिस्सा है। इन पिंडों की कक्षाए भी पृथ्वी के समान होती हैं। क्षुद्र ग्रह पीटी5 को पृथ्वी का गुरुत्वाकर्षण अस्थायी रूप से मार्ग बदलने के प्रभावित करेगा। खास बात यह है कि वह 56.6 दिनों तक सूर्य की परिक्रमा करने की बजाय पृथ्वी की परिक्रमा करने लगेगा। इसके बाद सूर्य केन्द्रित कक्षा में वापस चला जायेगा। इसके बाद यह क्षुद्रग्रह 9 जनवरी 2025 को पुनः पृथ्वी के कुछ करीब से गुजरेगा। यह 2055 में पृथ्वी के पड़ोस से मुक्त हो जाएगा।




इस तरह होगी मून व मिनी मून की ऑर्बिट।

### आसान नहीं होगा मिनी मून को देख पाना

क्षुद्रग्रह 2024 पीटी 5 पृथ्वी के करीब आने के बावजूद देख पाना आसान नहीं होगा। यह बेहद धुंधला नजर आएगा। जिसे देखने के लिए दूरबीन की मदद लेनी होगी। इस मिनी-मून का परिमाण यानी चमक 22 से अधिक नही होगी। 2051 में फिर से एक अस्थायी मिनी-मून के रूप में वापस आएगा।

# पाकिस्तान मिसाइल कार्यक्रम की मददगार चीनी कंपनियों पर प्रतिबंध

वाशिंगटन, एजेंसी

- अमेरिका ने चार चीनी संस्थाओं एक पाकिस्तानी कंपनी और एक चीनी व्यक्ति पर कार्रवाई की

अमेरिका ने मिसाइल प्रतिबंध कानूनों के तहत पाकिस्तान के बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम की मदद करने वाली चीन की चार संस्थाओं, एक पाकिस्तानी कंपनी और एक चीनी व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई की है।

अमेरिकी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने गुरुवार को कहा कि अमेरिका ने मिसाइल प्रतिबंध कानूनों (शस्त्र निर्यात नियंत्रण अधिनियम (एईसीए) और निर्यात नियंत्रण सुधार अधिनियम के तहत बीजिंग रिसर्च इंस्टीट्यूट ऑफ ऑटोमेशन फॉर मशीन बिल्डिंग इंडस्ट्री पर प्रतिबंध लगाए हैं, जिसने पाकिस्तान के राष्ट्रीय विकास परिसर के साथ मिलकर काम किया। बयान के मुताबिक बीजिंग रिसर्च इंस्टीट्यूट ने एनडीसी का पाकिस्तान की लंबी दूरी की बैलिस्टिक मिसाइलों का विकास और उत्पादन करने में सहयोग किया ताकि शाहीन-3 और अबाबील सहित बड़े व्यास वाले रॉकेट मोटर्स के परीक्षण के लिए उपकरण खरीदे जा सकें। चीन से संचालित कंपनी हुबेई हुआचांगदा इंटेलिजेंट इक्विपमेंट कंपनी, यूनिवर्सल एंटरप्राइज लिमिटेड और शीआन लोंगडे टेक्नोलॉजी डेवलपमेंट कंपनी लिमिटेड और चीनी नागरिक लुओ डोंगमेई (उर्फ स्टीड लुओ) ने जानबूझकर एमटीसीआर श्रेणी I मिसाइल कार्यक्रमों के लिए मिसाइल प्रौद्योगिकी नियंत्रण व्यवस्था अनुबंध के तहत नियंत्रित उपकरण और प्रौद्योगिकी को गैर-एमटीसीआर देश को हस्तांतरित किए।